वाराणसी, बुधवार 22 जनवरी, 2025

माघ, कृष्ण पक्ष 8, वर्ष 13, अंक 345, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

परख सच की

जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : सूर्य कुमार की कप्तानी में आज टी-20 सीरीज में जीत से शुरूआत करने उतरेगी टीम

अन्दर : शिक्षा का प्रसार : दावे और हकीकत

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

छात्राओं की बस ट्रक से टकराई एक मृत, 40 से अधिक घायल

फतेहपुर। फतेहपुर में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिंदकी की छात्राओं को लेकर जा रही स्कूल बस हादसे का शिकार हो गई है। कानपुर-प्रयागराज मार्ग पर बस ने छिवली नदी पुल पर खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई है। 40 से ज्यादा छात्राएं और टीचर घायल हैं। इनमें कई की हालत नाजुक है। बस में 80 छात्राएं और टीचर थे। ज्यादातर छात्राएं कक्षा 9 और 11 की हैं। यह सभी कानपुर आईटीआई के टूर पर निकली थीं। योगी आदित्यनाथ ने हादसें में मृत छात्रा के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। घायल छात्राओं के समुचित एवं निःशुल्क इलाज का निर्देश जिला प्रशासन को दिया है। इसके साथ ही मृतक छात्रा के परिजनों को

तत्काल दो लाख रुपये आर्थिक सहायता दिए जाने के निर्देश दिए हैं। बताया जाता है कि तीन बसों में लगभग 240 छात्रों को आईआईटी लेकर जाया जा रहा था। एक बस में लगभग 80 छात्र थे। हादसा औंग थाना क्षेत्र के छिवली नदी पुल के पास उस समय हुआ जब बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चीख-पुकार मच गई। महाकुंभ की ड्यूटी में तैनात आईटीबीपी के जवान पुलिस के साथ बचाव कार्य के लिए घटनास्थल पर पहुंचे।घायल छात्रों को बस से बाहर निकाला गया और एम्बुलेंस और अन्य वाहनों से कानपुर के एलएलआर अस्पताल पहुंचाया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कॉल करने के बाद भी एंबुलेंस नहीं आने पर कई छात्राओं को पिकअप वाहन से अस्पताल ले जाया गया। घायलों में 10 छात्रों और तीन शिक्षकों समेत 13 लोगों को एलएलआर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से एक छात्रा 15 वर्षीय नासिर फातिमा को मृत घोषित कर दिया गया। एक शिक्षक के भी आईसीयू में होने की खबर है।

अवैध प्रवासियों पर रोक, थर्ड जेंडर की मान्यता खत्म

अमेरिकी राष्ट्रपति के 15 ऐलान, 150 साल पुराना जन्मजात नागरिकता कानून खत्म करेंगे

वॉशिंगटन। डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने के बाद देश से लेकर विदेश तक अमेरिकी नीतियों में कई बड़े बदलाव लाने की बात कही है। उन्होंने शपथ लेने के सिर्फ 6 घंटे के अंदर ही बाइडेन के 78 फैसलों को पलट दिया है। इसमें अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने, बच्चों की नागरिकता खत्म करने, डब्ल्यूएचओ और पेरिस जलवायु समझौता से अमेरिका को बाहर निकालने जैसे फैसले हैं। ट्रम्प ने जन्मजात नागरिकता को खत्म करने का फैसला किया है। उन्होंने उन माता-पिता के बच्चों को जन्मजात नागरिकता देने से इनकार करने का आदेश दिया है जो अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं या फिर अस्थायी वीजा लेकर रह रहे हैं। ट्रम्प ने इस आदेश को लागू करने के लिए 30 दिन का समय दिया है। ट्रम्प का ये आदेश अमेरिकी बच्चों को मिलने वाले जन्मजात नागरिकता के अधिकार को चुनौती देता है। अमेरिकी संविधान का 14वां संशोधन बच्चों को जन्मजात नागरिकता की गारंटी देता है। अमेरिका में यह कानून 150 साल से लागू है।

दुनिया में दो तरह से बच्चों को नागरिकता मिलती है। पहला- राइट ऑफ सॉइल यानी कि बच्चे का जहां जन्म हुआ हो, वह अपने आप वहां का नागरिक बन जाता है। दूसरा राइट ऑफ ब्लड यानी कि बच्चे के मां-बाप जहां के नागरिक हों, बच्चे वहीं के नागरिक माने जाएंगे। ये इसलिए किया गया क्योंकि बहुत से गरीब देश या वे जगहें जहां लगातार युद्ध चल रहा हो, वहां के लोग अपने लिए ऐसी जगहें खोजने लगे, जहां राइट ऑफ सॉइल का नियम हो। अमेरिका पर इनकी तलाश पूरी हुई। ये बर्थ राइट सिटिजनशिप भी देता था। गरीब और

अब ट्रंप सरकार

युद्धग्रस्त देशों से आए लोग अमेरिका आकर और बच्चों को जन्म देते हैं। ये लोग पढ़ाई, रिसर्च, नौकरी के आधार पर अमेरिका में रुकते हैं। बच्चे का जन्म होते ही उन्हें अमेरिकी नागरिकता मिल जाती है। नागरिकता के बहाने माता-पिता को अमेरिका में रहने की कानूनी वजह भी मिल जाती है। ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनते ही 6 जनवरी 2021 को हुई कैपिटल हिल हिंसा के आरोप में गिरफ्तार हुए अपने करीब 1600 समर्थकों की सजा माफ कर दी है। जिन लोगों की सजा माफ हुई है उनमें कई देशद्रोह की साजिश जैसे मामलों के दोषी करार दिए जा चुके हैं। ट्रम्प ने देश में अवैध प्रवासियों की एंट्री बैन करने और अवैध प्रवासियों को पकड़ कर बॉर्डर पर छोड़ने की पॉलिसी का ऐलान किया। उन्होंने कहा- बाइडेन प्रशासन ने हमारे देश में अवैध रूप से एंट्री करने वाले खतरनाक अपराधियों को शरण दी है और उनकी हिफाजत की है।

एसटीएफ ने एक लाख के इनामी समेत चार बदमाशों को किया ढेर

गोली लगने से ठोकिया को मारने वाला इंस्पेक्टर घायल

एनकाउंटर

बदमाशों के पास से भारी मात्रा में असलहा बरामद

शामली। एसटीएफ की मेरठ टीम ने शामली के झिंझाना क्षेत्र में सोमवार की रात करीब 2:30 बजे के आसपास मुस्तफा कग्गा गैंग के बदमाशों की घेराबंदी की। इस दौरान आमने-सामने की फायरिंग में चार बदमाश मुठभेड़ में ढेर हो गए, जबकि ठोकिया को मारने वाले एसटीएफ के इंस्पेक्टर सुनील कुमार को कई गोलियां लगीं। सुनील कुमार को फिलहाल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के पास से भारी मात्रा में असलहा बरामद किया गया है। मरने वाले बदमाशों की पहचान एक लाख का इनामी अरशद और उसके 3 साथी मंजीत, सतीश और एक अज्ञात के रूप

मुठभेड़ में ढेर किए गए बदमाश और उनके कब्जे से बरामद असलहे

में हुई। अरशद के खिलाफ लूट, डकैती व हत्या के एक दर्जन मामले दर्ज हैं। इंस्पेक्टर सुनील को पहले करनाल के अमृतधारा अस्पताल में ले जाया गया, जहां से उन्हें डाक्टरों ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल रेफर कर दिया। बड़ी मुठभेड़ की सूचना के बाद आला अफसर मौके पर पहुंच गए। बदमाशों के पास से देसी कार्बाइन समेत काफी मात्रा में हथियार बरामद किये गए हैं। एसटीएफ मेरठ की टीम ने शामली के झिंझाना क्षेत्र में मुस्तफा कग्गा गैंग के सदस्य अरशद निवासी थाना गंगोह जिला सहारनपुर व उसके तीन साथियों मंजीत, सतीश व एक अन्य को घेर लिया था।

सभी बदमाश कार में सवार थे। इस दौरान अरशद व उसके साथियों ने फायरिंग शुरू कर दी। एसटीएफ की टीम ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। एएसपी ब्रिजेश कुमार ने बताया कि गोलीबारी में चार बदमाशों को गोली लगी, जबकि एसटीएफ के इंस्पेक्टर सुनील कुमार भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां चारों बदमाशों को डॉक्टर ने मृत घोषित किया।

भड़काऊ गीत वीडियो मामले में इमरान प्रतापगढ़ी को राहत

नई दिल्ली। गुजरात के जामनगर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह की पृष्ठभूमि में भड़काऊ गीत के साथ संपादित वीडियो पोस्ट करने के मामले में कांग्रेस सांसद और कवि इमरान प्रतापगढ़ी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि प्रतापगढ़ी के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने प्रतापगढ़ी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द न करने गुजरात हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने प्रतापगढ़ी द्वारा दायर अपील पर गुजरात सरकार और शिकायतकर्ता किशनभाई दीपकभाई नंदा को नोटिस जारी किया। गुजरात हाईकोर्ट ने पिछले दिनों एक फैसले में कहा था कि कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर रद्द नहीं होगी। ये है पूरा मामलाः जामनगर के निवासी किशन नंदा की शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि इमरान प्रतापगढ़ी ने 29 दिसंबर को सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के तीन दिन बाद 2 जनवरी को सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में इमरान प्रतापगढ़ी को फूलों की बारिश के बीच लोगों का अभिवादन करते दिखाया गया है।

छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर मुठभेड़, 27 नक्सली मारे गये

एक करोड़ के इनामी समेत कई कमांडर ढेर, 16 के शव बरामद

कार्रवाई

1000 जवानों ने 60 नक्सलियों को घेरा

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों ने लंबे चले एनकाउंटर में 27 नक्सलियों को मार गिराया। 16 के शव और हथियार भी बरामद कर लिए गए हैं। इनमें 1 करोड़ का इनामी जयराम उर्फ चलपति समेत कई कमांडर भी मारे गए हैं। रविवार रात को छत्तीसगढ़ और ओडिशा की ओर से जॉइंट ऑपरेशन चलाया गया था। सोमवार को भालू डिग्गी जंगल में दिनभर रुक-रुककर फायरिंग हुई जो मंगलवार को भी जारी है। करीब 1000 जवानों ने 60 नक्सलियों को घेर रखा है। ड्रोन से भी निगरानी रखी जा रही है। मुठभेड़ के बीच बैकअप पार्टी भी भेजी गई है। बताया जा रहा है कि, पहले फोर्स का 15-20 किमी का घेरा था, अब नक्सली 3 किमी में सिमट गए हैं। घेरे गए सभी 60 नक्सलियों को मारने की भी संभावना है। वहीं, एक जवान

घायल हुआ है, जिसे एयरलिफ्ट करके रायपुर लाया गया। एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) जवान के पैर में गोली लगी है। गरियाबंद के एसपी निखिल राखेचा, ओडिशा के नुआपाड़ा एसपी राघवेंद्र गूंडाला, ओडिशा डीआईजी नक्सल ऑपरेशन अखिलेश्वर सिंह और कोबरा कमांडेंट डीएस कथैत ऑपरेशन की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। गरियबांद के भालू डिग्गी में मुठभेड़ के दौरान एक वदीर्धारी महिला नक्सली भी ढेर हुई है। शव और हथियार बरामद किया गया है। जवानों की कामयाबी पर केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि, देश में नक्सलवाद अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है। छत्तीसगढ़ और ओडिशा की ओर से जॉइंट ऑपरेशन चलाया गया था। इसमें 10 टीमें एक साथ निकली थीं। 3 टीम ओडिशा से, 2 टीम छत्तीसगढ़ पुलिस से और 5 सीआरपीएफ टीम इस ऑपरेशन में शामिल थी।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
ठठेरी बाजार : 8318650589
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा•अर्दली बाजार•चौक(ठठेरी बाजार) वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

उत्तर-पश्चिम भारत में फिर होगी बारिश

नई दिल्ली। मौसम पूवार्नुमान एजेंसी स्काईमेट के अनुसार, उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान बढ़ सकता है। वहीं, हिमालय के ऊपरी क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। तमिलनाडु में भी हल्की बारिश के आसार हैं। इसी बीच कल 22 जनवरी से एक नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय पहुंचेगा, जिससे पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। बारिश का असर 23 जनवरी को बढ़ने के आसार हैं। इसके तहत दिल्ली, पश्चिमी हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश की संभावना व्यक्त की गई है।

बुलंदशहर की कंपनी में गैस रिसाव से 2 की मौत

बुलंदशहर। मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। एक इंजीनियरिंग कंपनी में ओपनिंग से पहले हुए ट्रायल के दौरान गैस रिसाव हो गया। इससे 2 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल कर्मचारियों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। हादसा सिकंदराबाद औद्योगिक क्षेत्र स्थित बैट एक्स इंजीनियरिंग कंपनी में हुआ।

योगी कैबिनेट की बैठक आज

तैयारी

संगम में डुबकी लगाएंगे मुख्यमंत्री और मंत्री

महाकुंभ में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री भी लगाएंगे डुबकी

नई दिल्ली। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस बार महाकुंभ में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पवित्र संगम में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। महाकुंभ में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 फरवरी को संगम में स्नान करेंगी, जबकि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 1 फरवरी को महाकुंभ में डुबकी लगाने पहुंचेंगे। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 फरवरी को प्रयागराज पहुंचेंगे और महाकुंभ में स्नान करेंगे। प्रयागराज महाकुंभ में इन विशिष्ट हस्तियों की यात्रा को देखते हुए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं, और इन दिनों श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

प्रयागराज। महाकुंभ में बुधवार को योगी सरकार अपनी कैबिनेट की बैठक कर एक इतिहास रचने जैसा कार्य करने जा रही है। यह बैठक त्रिवेणी संगम के निकट अरैल स्थित त्रिवेणी संकुल में आयोजित की गई है, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कुल 54 मंत्री शामिल होंगे। इस कैबिनेट में हिस्सा लेने वाले मुख्यमंत्री समेत अन्य मंत्री संगम में डुबकी लगाकर पुण्य हासिल करेंगे। योगी सरकार की इस कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा के साथ ही मंजूरी दी जाने की उम्मीद है। कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने मंत्रिमंडल के साथ संगम की पवित्र धारा में डुबकी लगाएंगे। इस दौरान विधिवत पूजन-अर्चन भी किया जाएगा। 2019 के कुंभ मेले में भी योगी सरकार ने इसी प्रकार संगम में स्नान किया था, जो परंपरा का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसलिए बैठक स्थल को मेला प्राधिकरण सभागार से बदलकर अरैल स्थित त्रिवेणी संकुल में स्थानांतरित किया गया है। मंत्रियों की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को लेकर मेला प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं। बैठक के बाद मंत्रीगण वीआईपी घाट से मोटर बोट के माध्यम से संगम पहुंचेंगे।

सैफ अली लीलावती अस्पताल से डिस्चार्ज

मुंबई। अभिनेता सैफ अली खान को 5 दिन बाद मंगलवार को लीलावती अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। 15 जनवरी की रात करीब ढाई बजे उन पर चाकू से हमला किया गया था। सैफ के गले और रीढ़ में गंभीर चोटें आई थीं। इसके बाद सैफ ऑटो से लीलावती अस्पताल पहुंचे थे, जहां उनकी सर्जरी हुई और इलाज चला। उनके घर के बाहर भारी सुरक्षा व्यवस्था है। बैरिकैडिंग की गई है। उनके साथ बेटी सारा अली खान और मां शर्मिला टैगोर सैफ के साथ मौजूद हैं। करीना भी कुछ देर पहले अस्पताल पहुंचीं थीं, वह मुलाकात के बाद सतगुरु शरण अपार्टमेंट स्थित घर रवाना हो गईं। सूत्रों ने बताया कि सैफ सतगुरु शरण अपार्टमेंट में नहीं रहेंगे, जहां उन पर हमला किया गया। पास ही फॉर्च्यून हाइट्स इमारत में उनका सामान शिफ्ट किया गया है।

सपा नेता की दो करोड़ की संपत्ति जब्त

शिकंजा कसा

24 मुकदमों के आरोपी हाजी रजा की जमीन और बैंक खाते सीज

फतेहपुर। जिले में प्रशासन ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर और समाजवादी पार्टी के नेता हाजी रजा मोहम्मद की दो करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त कर ली है। जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीएम और सीओ ने पुलिस बल तथा राजस्व टीम के साथ थरियांव कस्बे के पास स्थित छह बीघा जमीन को जब्त किया और बैंक खाते को सीज कर दिया।

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के अनुसार हाजी रजा मोहम्मद के खिलाफ 24 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के

तहत उनकी 2 करोड़ 1 लाख 16 हजार 565 रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। वह एक शातिर अपराधी है जो गैंग बनाकर अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त था। हाजी रजा का राजनीतिक प्रभाव भी काफी रहा है। वह लगातार 6 बार सभासद रहे और उनकी माँ नजाकत खातून भाजपा सरकार के दौरान भाजपा प्रत्याशी को हराकर सदर नगर पालिका की अध्यक्ष बनी थीं। हाल ही में लोकसभा चुनाव में सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल की जीत में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। 6 माह पूर्व खागा तहसील क्षेत्र के एक गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई अभद्र टिप्पणी के बाद से प्रशासन की कार्रवाई तेज हुई। इससे पहले प्रशासन ने शहर के बाकरगंज में उनकी निर्माणाधीन 5 मंजिला इमारत को भी ध्वस्त कर दिया था। मंगलवार को की गई यह कार्रवाई उसी अभियान का हिस्सा मानी जा रही है।

शिकायतें थीं वक्फ संपत्तियों का सही उपयोग नहीं हो रहा

वक्फ संशोधन

वक्फ को लेकर जेपीसी की बैठक

लखनऊ । राजधानी में मंगलवार को वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 को लेकर जेपीसी की बैठक हुई। जेपीसी बिल पर मुस्लिम धर्मगुरुओं और संगठनों से सुझाव और आपत्तियां ली गईं। बैठक में जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल, जेपीसी के सदस्य असदुद्दीन ओवैसी समेत 11 सदस्य शामिल हुए। इसमें खासतौर पर शिया सुन्नी सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड के चैयरमैन अली जैदी, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, मौलाना सुफियान निजामी, जमाते इस्लामी, मिली काउंसिल सहित अन्य संगठन के पदाधिकारी जेपीसी से मुलाकात करने पहुंचे। बैठक के बाद जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा यह कानून बेहतरी के लिए आ रहा है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में आज हमारी आखिरी बैठक है। इससे पहले वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर विभिन्न राज्यों में बैठक कर चुके हैं। बैठक में मंत्री दानिश आजाद अंसारी, मंत्री ओपी राजभर सहित विभिन्न लोगों से बातचीत हुई। शिया सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की बात सुनी गई। बैठक में यूपी सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि हमने बड़े व्यापक ढंग से अपना सर्वे किया है। अभी तक यूपी में वक्फ की संपत्तियों का कोई डाटा नहीं था। कोई आंकड़े नहीं थे। कितनी पंजीकृत है, कितनी गैर पंजीकृत है? यूपी की कितनी संपत्ति इंमोज कर रखी है। कितनी औसा

संपत्ति है, जो सरकारी है और उसे वक्फ की संपत्ति होने का क्लेम किया जा रहा है। यूपी सरकार ने कहा कि जो सच्चर कमेटी ने कहा था कि 60 संपत्तियां सरकार की हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में शहर के अल्पसंख्यकों का नेतृत्व करने वाले सभी लोगों के साथ अच्छे माहौल में चर्चा हुई। कहा कि 24-25 के बाद हम अपनी रिपोर्ट सौपेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसी रिपोर्टर देंगे, जिसमें वक्फ का जो मुख्य उद्देश्य होता था कि महिलाओं की मदद हो सके, चैरिटेबल उद्देश्य हो। कहा कि कोई व्यक्ति जब अपनी संपत्ति को वक्फ करता हा तो उसका उद्देश्य होता है कि महिलाओं को, खवातीन को, बच्चों को, विधवाओं को मदद मिल सके। शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य तरीके से मदद की जा सके।

जेपीसी अध्यक्ष कहा कि आज के दौर में लगभग हर रोज शिकायतें आती हैं कि वक्फ संपत्तियों का सही उपयोग नहीं हो रहा है। कहा कि कई संपत्तियों का वक्फ होना था। लेकिन बाद में कुछ दूसरा हो जाता है। पीलीभीत में पांच हजार एकड़ जमीन है। कहीं एक जमीन 70 हजार एकड़ की है। इस पर सरकार ने कहा है कि हम कमेटी बनाकर इसे कस्टीट्यूड करते हैं।

फिल्म प्रोड्यूसर के 8 ठिकानों पर छापे

हैदराबाद। आयकर विभाग ने हैदराबाद में फिल्म प्रोड्यूसर दिल राजू के ऑफिस और घरों समेत उनकी संपत्तियों पर छापेमारी की है। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी उनके रिश्तेदारों के घरों समेत आठ अलग-अलग जगहों पर की गई है। दिल राजू, जिनका असली नाम वेलमकुचा वेंकट रमना रेड्डी है।

दिल राजू एक तेलुगु फिल्म डिस्ट्रब्यूटर और प्रोड्यूसर हैं। वह श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स नामक एक प्रोडक्शन कंपनी के मालिक हैं। बता दें कि हाल ही में उन्हें राज्य सरकार द्वारा तेलंगाना फिल्म विकास निगम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। दिल राजू के सभी परिसरों की तलाशी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक आयकर विभाग की 65 टीमें छापे मार रही हैं।

पर्सनल लोन नहीं चुकाने वालों की संख्या 44% बढ़ी

नई दिल्ली। बैंकों से लोन लेकर नहीं चुकाने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। इसमें सबसे ज्यादा ऐसे लोग शामिल हैं जिन्होंने 10 हजार रुपए से कम का पर्सनल लोन लिया है। आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर 2023 से जून 2024 के बीच लोन नहीं चुकाने वालों की संख्या में ज्यादा तेजी से बढ़ी है। सीआरआईएफ हाई मार्क और डिजिटल लेंडर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा फिनटेक बैरोमीटर ने बताया कि दिसंबर 2023 और जून 2024 के बीच पर्सनल लोन नहीं चुकाने वालों में 44 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

छोटे लोन देने में एनबीएफसी सबसे आगे हैं। इन्होंने ऐसे शहरों के लोगों को भी आसानी से लोन दिया है, जिन्हें बैंक से लोन मिलने में काफी परेशानी होती थी। एनबीएफसी ने मूल्य (वैल्यू) और मात्रा (वॉल्यूम) दोनों के हिसाब से पर्सनल लोन में अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाई है। छोटे-टिकट वाले लोन में वृद्धि का सबसे बड़ा कारण घर बैठे मोबाइल ऐप के जरिए लोन लेना है। इससे लोन लेने की प्रक्रिया काफी आसान हुई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अनसिक्योर्ड बिजनेस लोन और लोन अगेंस्ट प्रॉपर्टी सेगमेंट में 10 लाख रुपए से कम के लोन की मांग स्थिर रही। टॉप 100 से बाहर के शहरों ने लोन में 42 फीसदी वैल्यू और 44 फीसदी वॉल्यूम का योगदान दिया। इसमें छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की बड़ी हिस्सेदारी रही।

वाराणसी-गाजीपुर हाइवे पर चलती कार में लगी आग

हादसा

45 मिनट की मशक्कत के बाद बुझी आग चालक ने कूदकर बचाई जान

जनसंदेश न्यूज



चौबेपुर। चौबेपुर थाना क्षेत्र के गाजीपुर-वाराणसी हाइवे स्थित कैथी टोल प्लाजा पर मंगलवार को एक कार में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना के दौरान कार चालक दिनेश्वर सिंह ने समय रहते गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। मौके पर पहुंची चौबेपुर पुलिस और टोल कर्मियों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और आग पर काबू पा लिया। गाजीपुर के दिलदारनगर निवासी दिनेश्वर सिंह अपनी कार यूपी 32 एनजे 0662 से वाराणसी से गाजीपुर जा रहे थे। टोल प्लाजा पर गाड़ी रुकते ही उन्होंने कार से धुआं निकलते देखा। जब तक वे स्थिति समझ पाते, कार के बोनट से आग की लपटें उठने लगीं।

आग लगने के बाद टोल कर्मियों ने तत्काल सभी गाड़ियों को हटाया और आग बुझाने में जुट गए। चेतगंज फायर स्टेशन से पहुंची दमकल की टीम ने 45 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले दिनेश्वर सिंह ने बताया कि आग लगने के समय कार में वह अकेले थे।

उन्होंने समय रहते कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। चौबेपुर थाना प्रभारी ने बताया कि घटना में किसी को चोट नहीं आई और स्थिति अब पूरी तरह से नियंत्रण में है। फिलहाल कार में आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। आशंका जताई जा रही है कि तकनीकी खराबी के चलते यह हादसा हुआ। घटना के बाद टोल प्लाजा पर यातायात कुछ समय के लिए रोक दिया गया था, लेकिन अब स्थिति सामान्य हो गई है।

कार चालक को नशीली चाय पिलाकर नकदी, अंगूठी ले भागे

जनसंदेश न्यूज

चौबेपुर। दिल्ली कमाने जा रहे एक युवक को कार चालक अपने झांसे में लेकर नशीली चाय पिलाने के बाद 33 हजार नकद ले कर बनकट गांव के पास छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने बेहोशी की हालत में दस जनवरी को नरपतपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था।भुक्तभोगी की राजीव कुमार पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

मऊ जिले के थाना रानीपुर पलिया गांव निवासी राजीव कुमार पांडेय दस जनवरी को अपने घर से वाराणसी फिर ट्रेन से दिल्ली के लिए निकले थे। दस जनवरी को लगभग दस बजे गाजीपुर के जंगीपुर मोड़ पर एक कार चालक ने वाराणसी चलने को कह कर बैठा लिया। फिर गाजीपुर सीमा पार कर टोल बचाने के लिए हवाई पट्टी से होकर कैथी के आगे वाराणसी गाजीपुर हाइवे पकड़ लिया। हाइवे पर गुटका खाने ड्राइवर चला गया। गुटका खाकर हाथ मे दो ग्लास चाय लेकर आया बोला यहा बहुत अच्छी चाय मिलती है। एक कप ड्राइवर के साथ आगे बैठे व्यक्ति को दिया दूसरा राजीव पांडेय को चाय पीने के बाद राजीव पांडेय होश खो बैठे।

कार चालक ने चौबेपुर के बनकट गांव के पास सड़क किनारे उतार कर भाग निकले। पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। परिजन आये घर लेकर चले गए। होश आने पर देखा कि हाथ की सोने की अंगूठी,पाकेट में रखा पांच हजार रुपये व झोले में मोड़कर रखा 28 हजार गायब है। फिर 20 जनवरी को शाम चौबेपुर आकर कार न यूपी 81 बीसी 8129 के चालक व उसमे बैठा ब्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जाच प्रारंभ कर दी है।

संक्षेप

सामाजिक विज्ञान कक्षा नौ व 10 टेस्ट की बुक का विमोचन

वाराणसी। श्री कमलाकर चौबे आदर्श सेवा विद्यालय इंटर कॉलेज ईश्वर गंगी के सहायक अध्यापक सुभाष चंद्र पांडेय द्वारा यूपी बोर्ड के छात्रों के लिए लिखित सामाजिक विज्ञान टेस्ट बुक का विमोचन मंगलवार को विद्यालय परिसर में पूर्व एमएलसी एवं शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री डा. प्रमोद कुमार मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि यह सामाजिक विज्ञान टेस्ट बुक यूपी बोर्ड के कक्षा 9 व 10 के छात्र-छात्राओं के लिए कारगर साबित होगा और बच्चे इसे तैयार कर यूपी बोर्ड में अच्छे नंबर ला सकते हैं। मुख्य अतिथि का स्वागत लेखक सुभाष चंद्र पांडेय ने माल्यार्पण एवं बुके देखकर किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. रमाकांत मिश्रा, आनंद शंकर पांडेय, अनिल कुमार पाठक, रविकांत मिश्रा, प्रशांत कुमार तिवारी, गौरव दुबे, राकेश गोस्वामी, शिव आधार, डा. अकेतन विश्वनाथ पाठक, योगेंद्र दीक्षित आदि मौजूद रहे।

चिरईगांव सीएससी पर फिजियोथेरेपी की सुविधा शुरू

चिरईगांव। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरपतपुर-चिरईगांव पर मंगलवार को फिजियोथेरेपी सुविधा की शुरूआत हो गयी। ऐसे में स्थानीय विकास खंड के मरीजों को फिजियोथेरेपी सुविधा के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजनाथ ने बताया कि यहां पर फिजियोथेरेपिस्ट पद पर रवि चौहान की तैनाती की गयी है। मरीजों को फिजियोथेरेपी की सुविधा सुबह आठ बजे से अपराह्न दो बजे तक उपलब्ध रहेगी। फिजियोथेरेपी की सुविधा मिलने पर भाजपा नेता गौरव सिंह, श्याम कार्तिक आदि ने प्रसन्नता जाहिर किया।

सूर्य घर योजना के लगाए जाएं कैंप

वाराणसी। जिले में सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के आवासों पर सोलर रूफ टॉप लगाने के लिए जिलाधिकारी ने सभी विभागीय प्रमुखों को इसमें विशेष रूचि लेने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को पीएम सूर्य घर योजना का लाभ दिलाने के लिए कैंप लगाकर आवेदन कराने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने इस काम में लापरवाही न बरतने की हिदायत दी है। जिले में 86 विभागों से मिली सूचना के अनुसार यहां 33937 कर्मचारी कार्यरत है, इसमें 23336 कार्मिक जनपद के निवासी है। इन कार्मिकों के आवासों पर सोलर रूफटाप लगाने के लिए बैंक ऋण के बारे में बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबन्धक ने बताया कि जिन कर्मचारियों ने सोलर रूफ टॉप लगाने के लिए जन समर्थ पोर्टल पर ऋण आवेदन करने वालों को 48 घण्टे में ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। जिले के सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों, संविदाकर्मियों, सेवानिवृत्त कर्मियों के आवास पर सोलर रूफ टॉप लगाने को जन समर्थ पोर्टल पर आवेदन करने के 48 घंटे के अंदर बैंक लोन मिल जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी ब्लाक, जोनल आफिस में सोलर रूफ टॉप के पंजीकरण व जन समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऋण आवेदन के लिए कैम्प लगवाने का निर्देश दिया। उन्होंने सीडीओ को इसकी नियमित समीक्षा का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने इस काम में हीलाहवाली करने वालों को चिह्नित करने का भी निर्देश दिया है।

पहड़िया में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व मूर्ति नगर भ्रमण संपन्न

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। पहड़िया पोखरा, वाराणसी में मूर्ति नगर भ्रमण पहाड़िया पोखरा से प्रारंभ होकर सारंग तालाब चौराहा अशोक विहार कॉलोनी फेस 1 फेस 2 पहाड़िया चौराहा श्रीनगर कॉलोनी श्री कृष्णा नगर कॉलोनी गणपत नगर पहड़िया गांव होते हुए श्री त्रिदेव मंदिर पर आकर समापन हुआ।

कार्यक्रम में नगर भरवाड़ में प्रमुख रूप से कैलाश यादव जियालाल राजभर राजेश यादव गणेश श्रीवास्तव रवि शंकर गुप्ता चेतन राजभर अशोक यादव सत्यनारायण यादव हरिश्चंद्र मौर्य अजीत सिंह संजय पांडेय, जितेंद्र सेठ जी एवं भारी मात्रा में माताएं बहने शामिल रहीं।

स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग

वाराणसी। सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने नगर आयुक्त अक्षत वर्मा से मंगलवार को मुलाकात कर उन्हें छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में शामिल संघ के पूर्वांचल अध्यक्ष गोपाल प्रसाद ने कहा कि नगर निगम के छूतहा हास्पिटल कज्जाकपुरा परिसर में सफाई कर्मियों का मकान तोड़कर उन्हें बेघर कर दिया गया। सफाईकर्मियों के हित में उन्हें तत्काल आवास मुहैया कराया जाए। उन्होंने नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में अनियमितता व भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इस पर अंकुश लगाने तथा आउटसोर्सिंग पर तैनात सफाई कर्मचारियों से उनके मूल पद पर सफाई कराने तथा प्राथमिकता पर स्थाई सफाई कर्मचारियों से सफाई मेठ व सुपरवाइजर का काम कराने की मांग की। इसके साथ ही आउटसोर्सिंग पर तैनात सफाईकर्मियों को नियुक्ति पत्र, परिचय पत्र, ईपीएफ, ईएसआईसी, यूनीफार्म, सुरक्षा उपकरण मुहैया कराने की भी मांग की। नगर आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में गोपाल प्रसाद, मनोज कुमार पाल, रामचंद्र आदि शामिल रहे।

सैनिक का पार्थिव शरीर पहुंचा उसके गांव

लंबी बीमारी के कारण इलाज के दौरान हुई मौत

जनसंदेश न्यूज

चोलापुर। थाना क्षेत्र के बनियापुर गांव में मंगलवार को फौजी की लंबी बीमारी के कारण इलाज के दौरान मौत हो गई। सैनिक की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार सहित क्षेत्र गमगीन रहा। जानकारी के अनुसार बनियापुर गांव निवासी विनोद यादव उम्र 45 वर्ष फौजी बीएसएफ का जवान दिल्ली में तैनात लंबी बीमारी के कारण इलाज के दौरान हुई मौत वही पिता गामा यादव के चार पुत्र है।

तीन फौज में है। सबसे छोटा बेटा घर पर ही कार्य करता है। बड़ा बेटा विनोद कुमार यादव था। मृतक विनोद कुमार यादव लगभग 20 वर्षो से फौज में था। मृतक सेना का जवान विनोद कुमार यादव (45 वर्ष) का पार्थिव शरीर मंगलवार को उसके गांव पहुंचा। सभी ने नम आंखों से सैनिक को श्रद्धांजलि दी।

इसकी शादी लगभग 20 वर्ष पहले मोंहाव स्थित राजापुर गांव में हुई थी। इनके दो पुत्र है बड़ा पुत्र दिव्य यादव उम्र 16 छोटा पुत्र दिव्यराज यादव उम्र 10 है। क्षेत्र के विशिष्ट व सोलापुर इंस्पेक्टर राकेश कुमार गौतम ने कंधा देते हुए सलामी दी सैकड़ों लोग अमर रहे का नारा लगाते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किये।

यूपी दिवस पर जिले के 20 लाभार्थी जाएंगे लखनऊ

तैयारी

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के पांच लाभार्थियों को प्रभारी मंत्री देंगे चेक

वाराणसी। जिले में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लिए सभी संबंधित विभागों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष आवेदन कराने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। सीडीओ ने उच्च शिक्षा, पॉलिटेक्निक व हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग के अधिकारियों को कैंप आयोजित कर अधिक से अधिक संख्या में अभियान के तहत आवेदन कराने का निर्देश दिया। सीडीओ ने मंगलवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत सभी संबंधित विभागों व बैंक अधिकारियों के साथ बैठक की।

सीडीओ हिमांशु नागपाल ने कहा कि पूरे प्रदेश में योजना के लिए सर्वाधिक आवेदन प्राप्त करने वाला जिला होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने पोर्टल पर प्रोत्साहित करते हुए और आवेदन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 21 से 40 वर्ष, 8वीं उत्तीर्ण कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को स्वरोजगार के लिए अधिकतम पांच लाख की परियोजना पर ब्याजमुक्त एवं गारंटी मुक्त ऋण बैंकों के माध्यम से प्रदान किया जाना है। योजना के तहत ऋण स्वीकृत/वितरण की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि पोर्टल पर सभी बैंकों से 58 आवेदन स्वीकृत और नौ वितरित किए गए हैं। बैंकवार समीक्षा करते हुए आगामी उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर बैंक वार लक्ष्य निर्धारित कर अधिकाधिक ऋण स्वीकृत / वितरण करने के लिए सभी बैंक समन्वयकों को निर्देश दिया। सीडीओ ने बैंकों से निरस्त आवेदनों की पुनः समीक्षा करने के लिए सभी बैंक समन्वयक व अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस पर जनपद के पांच लाभार्थियों को जिले के प्रभारी मंत्री चेक देंगे तथा 20 लाभार्थी प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने लखनऊ जाएंगे। बैठक में उपायुक्त स्वतः रोजगार, उपायुक्त उद्योग, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, निदेशक आरसेटी, प्रधानाचार्य खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र, सहायक आयुक्त उद्योग, जिला सेवायोजन अधिकारी, सहायक महाप्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सहायक महाप्रबंधक आईडीबीआई, अग्रणी जिला प्रबंधक, सभी बैंक जनपद समन्वयक आदि उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स वर्गीकृत

सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2006 अनुक्रमांक 2689537 का मूल प्रमाणपत्र खो गया है। राजबहादुर सिंह पुत्र संतोष कुमार सिंह फ्लैट नं0 2920 टावर N. H. 24, गाजियाबाद।

मेरा पूर्व मध्यमा द्वितीय खण्ड वर्ष 1980 अनुक्रमांक 13232 का मूल प्रमाण पत्र खो गया है। मनोहर लाल गंगवार पुत्र मंगन लाल, कनकपुर, तह0-बिलासपुर, जिला-रामपुर।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1232223322 का प्रमाणपत्र व अंकपत्र खो गया है। सत्यम जायसवाल पुत्र राजन कुमार जायसवाल, ग्राम-टंडवा, पोस्ट-एकइल, बलिया, उ.प्र.।

सूचित किया जाता है कि अर्चना पटेल पुत्री जवाहर सिंह ग्राम-डोहरी, चुनार, मिजार्पुर का निवासी हूँ। मेरा पॉलिसी संख्या 2839 21684 है। जिसमें शिवानी सिंह पटेल लिखा है। जो दोनों व्यक्ति एक ही है दोनों नाम से जानी पहचानी जाती हैं।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 3565165 एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2015 अनुक्रमांक 2597349 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। अभिषेक कुमार पटेल पुत्र नन्दलाल पटेल, ककरमत्ता, वाराणसी।

मेरी पुत्री आपके विद्यालय में कक्षा 6 ए की छात्रा है अभिलेख में नाम Dinisha Dubey दर्ज है। पुत्री का नाम बदलकर Bhuvika Dubey किया जाना आवश्यक है। शैलेन्द्र कुमार दुबे पुत्र राजेन्द्र प्रसाद दुबे, ग्राम-सिगाड़ी, पोस्ट -कोलौरा, मऊ,/कमलापति त्रिपाठी नगर कालोनी, औरंगाबाद, वाराणसी।

आवश्यकता

आवश्यकता है

महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय आजमगढ़ से सम्बद्ध रामधन दामोदर महाविद्यालय, कसारा-मऊ में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में हिन्दी-2, समाजशास्त्र-2, भूगोल-3, शिक्षाशास्त्र-3 एवं गृहविज्ञान-3 पदों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यूजीसी / उ0 प्र0 शासन/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक व अर्ह अभ्यर्थी आधार कार्ड के साथ अपना फोटो लगा आवेदन पत्र सम्पूर्ण शैक्षिक एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति के साथ 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर प्रेषित करें। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष / पंजीकरण डाक द्वारा दी जायेगी।

प्रबन्धक
मो0-9415884513

उत्पीड़न के विरोध में व्यापारियों ने दुकान बंद कर किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। नदेसर क्षेत्र के व्यापारियों ने उत्पीड़न के विरोध में मंगलवार को करीब चार घंटे दुकानें बंद रखा और पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। व्यापारियों का कहना था कि अतिक्रमण के नाम पर हम लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। दुकान के चबूतरे पर रखे सामानों को जब्त करने की कार्यवाही की जा रही है, जो न्याय संगत नहीं है।

व्यापारियों ने जिला प्रशासन का ध्यान इस तरफ आकृष्ट कराते हुए मांग किया है कि सड़कों के किनारे पूर्व की भांति व्हाइट पट्टी बनायी जाए। सामान लेने वाले ग्राहक यदि व्हाइट पट्टी के अंदर वाहन खड़ा करता है तो चालान आदि न किया जाए। जो चौराहे बैरिकेडिंग कर बंद किये गये हैं, उसे खोला जाए, क्योंकि उससे अनावश्यक यातायात बाधित होता है। दुकानों के चबुतरों पर रखे गये सामानों को जब्त न किया जाए। जिन व्यापारियों को जिला प्रशासन ने नोटिस जारी किया है, उसे तत्काल निरस्त किया जाए। प्रदर्शन में विनय गुप्ता, लियाकत अली, राजू कालरा, जावेद, लखन, दीपक, संजय जायसवाल, गोल्डी सरदार, मोसिन खान, शमशेर खान, दीपक सेठ, गोलू विश्वकर्मा आदि शामिल थे।

महाकुंभ क्षेत्र में बीएचयू लगाएगा महामना शिविर

नेक कार्य

आयुर्वेद, ज्योतिष, योग व वेद के विशेषज्ञ देंगे सेवा, निःशुल्क औषधि का किया जाएगा वितरण

वाराणसी। तीर्थराज प्रयागराज की धरा पर महाकुंभ-2025 में बीएचयू ने महामना शिविर लगाया है। शिविर निमित्त कुलपति के आदेशानुसार इसके संचालन के लिए एक कमेटी गठित की गयी है, जिसमें अध्यक्ष- डा. श्रीकृष्ण त्रिपाठी, संयोजक डा. शत्रुघ्न त्रिपाठी एवं सदस्य डा. आशुतोष पाठक हैं। विश्वविद्यालय ने इस कार्यक्रम के कुशल संचालन का दायित्व डा. शत्रुघ्न त्रिपाठी को दिया है।

भारतरत्न महामना पं. मदनमोहन मालवीय जी सनातन धर्म के पोषक थे। इसी को ध्यान में रखकर विश्वविद्यालय ने महामना के शिविर में आमजन के लिए ज्योतिष परामर्श केंद्र खोला है, जिसमें आमजन अपनी कुण्डली पर विचार-विमर्श करा सकेंगे। इस शिविर में हस्तरेखा विशेषज्ञ भी ज्योतिष विभाग द्वारा मौजूद रहेंगे। महामना जी विश्वविद्यालय के छात्रों को स्वस्थ रहने के लिए योग शिक्षा पर जोर देते थे। इसी निमित्त शिविर में प्रशिक्षु योग शिक्षक मौजूद रहेंगे, जो आमजन को शरीर के स्वस्थ रहने के लिए योगासन का प्रशिक्षण देंगे। सनातन संस्कृति का मूल वेद है इसलिए शिविर में वैदिक विद्वान पारायण भी करेंगे।

शिविर में स्वास्थ्य लाभ के लिए आयुर्वेद संकाय के वैद्य भी उपलब्ध रहेंगे, जिससे आमजन अपने स्वास्थ्य के प्रति वैद्यों से विचार-विमर्श कर सकेंगे। शिविर में आमजनों के लिए निःशुल्क औषधि का वितरण भी किया जायेगा।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु, डा. संजय कुमार एवं कुलसचिव डा. अरुण कुमार सिंह, चिकित्सा विज्ञान संस्थान के निदेशक डा. एसएन संखवार, संकायप्रमुख डा. राजाराम शुक्ल एवं चिकित्साधीक्षक, प्रो. केके गुप्ता ने शिविर के आयोजन के लिए समिति को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, वाराणसी

निविदा नीलामी/निविदा आमंत्रण सूचना

इस कार्यालय के पत्र संख्या-590 वारा0/क्षे0प्र0/जन-ठेका/नीलामी दिनांक 20.01.2025 के माध्यम से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम वाराणसी क्षेत्र के अन्तर्गत औराई बस स्टेशन स्थित सुलभ शौचालय की नीलामी 02 बीड प्रणाली के अन्तर्गत निविदा दिनांक 31.01.2025 को आमंत्रित की गयी है। निविदा विषयक जानकारी परिवहन निगम की वेबसाईट www.upsrtc.com पर उपलब्ध है, तथा जानकारी क्षेत्रीय प्रबन्धक, कार्यालय उ0 प्र0 परिवहन निगम वाराणसी के कार्यालय दिवस में भी ली जा सकती है।

क्षेत्रीय प्रबन्धक
वाराणसी

पत्रांक: 591/वारा0/क्षे0प्र0/जन-ठेका/निविदा/शौचालय/2025, दिनांक: 20.01.2025

परिषदीय विद्यालयों की तीन साल की बनेगी कार्ययोजना

पहल

विद्यालयों में इसी कार्ययोजना के मुताबिक विकास कार्य के साथ होगी पढ़ाई

प्रति वर्ष कार्ययोजना की समीक्षा कर इसे किया जाएगा अपडेट, तैयारी शुरू

वाराणसी। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों की अब कार्ययोजना बनाकर उनके विकास कार्य व पठन-पाठन कराए जाएंगे। इसके लिए परिषदीय विद्यालयों की तीन वर्षीय विद्यालय विकास योजना तैयार की जाएगी। इसके अनुरूप जहां आगे के काम होंगे और पढ़ाई होगी। हर साल समीक्षा कर इसे अपडेट भी किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

परिषदीय विद्यालयों में अभी साल दर साल कार्ययोजना बनाकर काम किया जा रहा है, जबकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में व्यापक कार्ययोजना बनाकर काम करने का लक्ष्य विद्यालयों को दिया गया है। इसी के तहत बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी परिषदीय विद्यालयों में तीन वर्षीय विद्यालय विकास योजना तैयार कर निर्धारित लक्ष्यों को पाने के लिए काम करने का निर्देश दिया है। यह कार्ययोजना क्रमशः 2025- 26, 2026-27 व 2027-28 के लिए बनाई जाएगी। इस कार्ययोजना को तैयार करने के लिए अलग-अलग स्तर भी तय किए गए हैं। राज्य स्तर से विद्यालय विकास योजना का प्रारूप तैयार करके इसे सभी को भेजा जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी इसे सभी प्रधानाध्यापकों को उपलब्ध कराएंगे। जिला समन्वयक, सामुदायिक सहभागिता इसके लिए सभी बीईओ के साथ बैठक कर उनका क्षमता विकास करेंगे। साथ ही आगे वह प्रधानाध्यापक के साथ बैठक कर इसके बारे में जानकारी देंगे।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा के मुताबिक प्रधानाध्यापक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के साथ बैठक कर इसके प्रारूप पर चर्चा करेंगे और विकास योजना बनाकर 25 जनवरी तक बीईओ को देंगे। बीईओ इसे अनुमोदित कराकर ब्लॉक स्तर से डाटा एंट्री पोर्टल पर 30 जनवरी तक अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे। पांच फरवरी तक इसकी प्रतियां विद्यालयों में बांटी जाएंगी। उन्होंने सभी बीएसए से इसे 31 जनवरी तक बनवाने के निर्देश दिए हैं।

मंडल स्तर पर पहलवानों का किया गया चयन

गोरखपुर में 27 से 29 जनवरी तक आयोजित है प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता

वाराणसी। खेल विभाग उत्तर प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के समन्वय से 27 से 29 जनवरी 2025 तक प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन गोरखपुर में किया जा रहा है। इसके लिए मंडल स्तर पर पहलवानों के चयन के लिए सोमवार को सिगरा स्थित डा. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में चयन ट्रायल कुश्ती का आयोजन किया गया। इस दौरान फ्रीस्टाइल में 57 किलो में संतोष यादव गाजीपुर, 61 किलो में नितिश गुप्ता वाराणसी, 65 किलो में शिवपाल यादव वाराणसी, 70 किलो में आकाश कुमार यादव चंदौली, 74 किलो में वीरेंद्र यादव गाजीपुर, 79 किलो में रौनक यादव वाराणसी, 86 किलो में आदेश यादव वाराणसी, 92 किलो में अजय कुमार यादव चंदौली, 97 किलो में अभिषेक यादव वाराणसी, 125 किलो में आदित्य सिंह वाराणसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रीको रोमन में 55 किलो में आकाश यादव वाराणसी, 60 किलो में यशपाल वाराणसी, 63 किलो में आदित्य यादव वाराणसी, 67 किलो में दीपक यादव वाराणसी, 72 किलो में राकेश यादव वाराणसी, 77 किलो में प्रियांशु यादव वाराणसी, 82 किलो में विष्णु गुप्ता वाराणसी, 87 किलो में नीतीश यादव चंदौली, 97 किलो में मनीष कुमार यादव वाराणसी,130 किलो में अमन यादव वाराणसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी खिलाड़ी 27 से 29 जनवरी 2025 तक गोरखपुर में आयोजित प्रतियोगिता में बनारस मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। निर्णायक की भूमिका में अशोक यादव, उमेश कुमार, सुरेंद्र यादव व विशाल यादव आदि ने निभाई।

कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, वाराणसी

निविदा नीलामी/निविदा आमंत्रण सूचना

इस कार्यालय के पत्र संख्या-588/वारा0/क्षे0 प्र0/जन-ठेका/नीलामी दिनांक 20.01.2025 के माध्यम से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम वाराणसी क्षेत्र अन्तर्गत निम्नलिखित बस स्टेशनों स्थित रिक्त ठेकों की नीलामी 02 बीड प्रणाली के अन्तर्गत निविदा दिनांक 31.01.2025 को आमंत्रित की गयी है। निविदा विषयक जानकारी परिवहन निगम की वेबसाईट पर उपलब्ध है, तथा जानकारी कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0 प्र0 परिवहन निगम वाराणसी कैण्ट से कार्यालय दिवस में भी ली जा सकती है।

क्षेत्रीय प्रबन्धक
वाराणसी

पत्रांक: 589/वारा0/क्षे0प्र0/जन-ठेका/नीलामी/2025, दिनांक: 20.01.2025

वाराणसी सर्राफा भाव

सोना (RTGS 999.0)
81950/inc.GST

चांदी (99.50)
92350/- प्रति किलो

चांदी सिक्का
110000/- प्रति सैकड़ा

वाराणसी मंडल

आगे और बढ़ेगा क्राउड हाई अलर्ट पर प्रशासन

डीएम ने पलट प्रवाह को लेकर विभागीय अधिकारियों को किया आगाह

तैयारी

श्रद्धालुओं की सुविधा में किसी प्रकार की कमी न होने देने की दी हिदायत

वाराणसी। काशी में प्रयागराज से श्रद्धालुओं का पलट प्रवाह आने वाले दिनों में बढ़ने की संभावना पर प्रशासन हाई अलर्ट हो गया है। आगामी दिनों में शहर के प्रमुख इलाकों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने विभागीय अधिकारियों को आगाह किया है। जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम में मिलने वाली सभी शिकायतों के निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था कराने में जुटे विभागों को भी मुस्तैद रहने की हिदायत दी।

जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने नगर निगम, जल कल व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को प्लानिंग के अनुसार अपनी जिम्मेदारियों को निवर्हन करने का निर्देश दिया। ठंड को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने तथा गंगा घाटों और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के आसपास मेडिकल टीम को तैनात करने का निर्देश दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के सहूलियत के लिए सभी समुचित इंतजाम करने और इसमें कोई कोर- कसर न छोड़ने की हिदायत दी। जिलाधिकारी ने प्रशासनिक अफसरों को भी क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्था की निगरानी करने और इंतजामों में किसी प्रकार की कमी न होने देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने शहर में साफ- सफाई, प्रकाश व्यवस्था के लिए नगर निगम के अधिकारियों को हिदायत दी है। उन्होंने अधिकारियों को राउंड द क्लाक सफाई व्यवस्था की निगरानी करने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को व्यवस्था को चुस्त- दुरूस्त रखने के लिए आगाह किया है। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को यहां सुविधाओं में कोई कमी नहीं दिखना चाहिए। सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें।

गंगा स्नान के लिए काशी के 11 घाट खतरनाक

महाकुंभ प्रयागराज के बाद काशी में श्रद्धालुओं का प्रलट प्रवाह शुरू

घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा का हाल बदतर

वाराणसी। बनारस में महाकुंभ का पलट प्रवाह शुरू हो गया है, लेकिन घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा का हाल बद से बदतर है। काशी के 11 घाट गंगा स्नान के लिए खतरनाक हैं। ये वो घाट हैं जो गड्ढे, बोल्डर, कंकड़ के चलते स्नान के लिए सुरक्षित नहीं हैं। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज के बाद काशी में श्रद्धालुओं का प्रलट प्रवाह शुरू हो गया है। इसके बावजूद गंगा किनारे कई घाट स्नान के लिए सुरक्षित नहीं रह गये हैं। इन घाटों के नीचे गड्ढे, बोल्डर और कंकड़ होने से यहां डूबने का खतरा अन्य घाटों की अपेक्षा अधिक है। गंगा के 88 घाटों में से 10 से 12 घाटों पर ही अधिक भीड़ होती है। इन घाटों पर लोगों के डूबने की घटनाएं भी बढ़ी हैं। इसके बाद भी व्यवस्थाएं नहीं हो पाई हैं। जानकारी के अभाव में हादसे भी हो रहे हैं। जिन घाटों पर अधिक भीड़ होती है, वहां जेटी पर स्नान की व्यवस्था कराने पर प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है। जेटी में ही कुंड बनाकर अलग से गंगा में उतरने की अनुमति न दें। नाविकों को प्रशिक्षण देकर सभी नावों का पंजीकरण, क्षमता का निर्धारण करें।



स्नान के लिए ये हैं खतरनाक घाट

तुलसीघाट, केदारघाट, अहिल्याबाई, मानमंदिर, मीरघाट, ललिता घाट, सिंधिया, प्रह्लादघाट, राजघाट, नमो घाट, सिंधिया घाट

स्नान के लिए सुरक्षित घाट

दशाश्वमेध, शीतला घाट, पंचगंगा, रानी घाट, सक्का घाट, हरिश्चंद्र, मणिकर्णिका, भोंसले, रामघाट, आदि केशव, रामघाट।

इन घाटों पर भीड़भाड़ अधिक होती है। यहां पर डूबने की घटनाएं यदा-कदा होती हैं। घाटों की सीढ़ियां चौड़ी हैं। यहां कई जगहों पर रस्सी बांधी गई है। इसे पकड़कर श्रद्धालु स्नान करते हैं इन घाटों के नीचे बालू और मिट्टी समतल है। इससे गंगा स्नान करने वालों के लिए सुरक्षित माना जाता है। कुछ घाटों की सीढ़ियां खड़ी और ऊंची हैं। यहां दशाश्वमेध और अस्सी घाट की अपेक्षा कम भीड़ होती है। कुछ घाटों में पानी के अंदर गड्ढे और बोल्डर हैं। इसमें फंसने से लोग डूब जाते हैं। कुछ घाटों पर पानी टकराता है। इससे यहां भंवर बनने का खतरा होता है। गंगा घाट पर स्नान या पानी में उतरने वालों के लिए चेतावनी के लिए बेहतर उपाय नहीं हैं। घाट की दीवारों पर लगे चेतावनी बोर्ड लगे हैं दिखते ही नहीं है। पानी में उतरने और गहराई तक जाने वालों को रोकने की व्यवस्था नहीं। सभी घाटों पर सतर्कता के बोर्ड नहीं लगाए गए।

खचाखच भरा रहा काशी विश्वनाथ धाम

सड़कों पर चलता रहा श्रद्धालुओं का रेला, कोई पैदल तो कोई टोटो से निकला

आस्था का सैलाब

भीषण जाम के चलते सड़क पर चलना मुश्किल

टोटो व आटो वालों को जाम से कोई फर्क नहीं

जनसंदेश न्यूज

स्टेशन पर महाकुंभ से स्नान के बाद बैठे हुए यात्री

वाराणसी। काशी विश्वनाथ धाम इन दिनों खचाखच भरा हुआ चल रहा है। वजह महाकुंभ का रेला इन दिनों बनारस की सड़कों पर है। यात्रियों के चलते बनारस की सड़कें खूब जाम में फंसी हुई हैं। चारों तरफ टोटो, टेम्पो, बड़े वाहनों की भरमार है। टोटो वाले हों या फिर टेम्पो वाले यात्रियों को लेकर इधर-उधर भाग रहे हैं। चाहे सड़क पर जाम लग जाये कोई फर्क नहीं पड़ता। चाहे काशी विश्वनाथ धाम हो, मां अन्नपूर्णा मंदिर हो या फिर काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव हों सभी जगहों पर बाहर से आये हुए श्रद्धालुओं की लाइन लगी हुई है। हर कोई बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने को व्याकुल है। मैदागिन से लेकर बुलानाला, ज्ञानवापी, चौक, बांसफाटक, गोदौलिया, चितरंजन पार्क, दशाश्वमेधघाट तक लोगों की भारी भीड़ उमड़ी हुई है। हर कोई पहले गंगा में डुबकी लगा कर हाथों में जल लेकर बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन करता है। इसके बाद मां अन्नपूर्णा का दर्शन-पूजन होता है। दशाश्वमेधघाट पर तो बाहर से आये श्रद्धालुओं की काफी भीड़ जमा हो रही है। दशाश्वमेधघाट पर मंगलवार को भारी भीड़ रही। सुबह तो सुबह शाम के वक्त गंगा आरती में बाहर से आये लोगों की भारी भीड़ आरती देखने को मौजूद थी। शाम के समय गंगा आरती में घाट पर हजारों की भीड़ उमड़ी थी। इसके अलावा संकटमोचन मंदिर, दुर्गा मंदिर, त्रिदेव मंदिर आदि कई जगहों पर लोगों की भीड़ जमा थी। वाराणसी से प्रयागराज जाने के लिए कैंट स्टेशन पर हजारों की भीड़ ट्रेनों के इंतजार में बैठी है।

हेलमेट नहीं तो तेल नहीं का दिलाया गया संकल्प

आयोजन

वाराणसी पेट्रोलियम डीलर्स एसो. ने चालकों को किया जागरूक

वाराणसी। वाराणसी पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने मंगलवार को वाहन चालकों को 'हेलमेट नहीं तो तेल नहीं' का संकल्प दिलाया। मकबूल आलम रोड क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वाहन चालकों एवं सह यात्रियों को इस बाबत जागरूक किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि हेलमेट लगाने के कई फायदे है। अव्वल तो सड़क दुर्घटनाओं के दौरान हेलमेट से सर पर चोट लगने का खतरा नहीं के बराबर होता है। ऐसे में हेलमेट के बिना वाहन चलाना ही नहीं चाहिए। परिवार की खुशी और अपने जान की सुरक्षा की खातिर हेलमेट लगाना ही चाहिए। इस दौरान हेलमेट न लाने वाले कुछ लोगों को शपथ दिलायी गयी कि भविष्य में वे बिना हेलमेट के बाइक या स्कूटी नहीं चलायेंगे। इस दौरान कुछ लोगों को हेलमेट भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनोद सिंह, महामंत्री महेंद्र सिंह, रणविजय सिंह, विश्वनाथ शाह के अलावा विभिन्न विभागों के लोग भी उपस्थित थे।

खिली धूप, गलन व ठंड से मिली राहत

मौसम

धूप निकलने से हर कोई अपने छत पर धूप सेंकता नजर आया

वाराणसी। मौसम साफ और तेज धूप रहने से लोगों को राहत मिली। मंगलवार को मौसम में हुए इस बदलाव के कारण 24 घंटे में अधिकतम तापमान में 6.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। मौसम विभाग ने इस सप्ताह ऐसा ही मौसम रहने की संभावना जताई है।

पिछले दो-तीन दिन से मौसम में तेजी से उलटफेर हुआ है। रविवार को सुबह कोहरा छाया रहा और हवा में नमी के साथ शाम को भी गलन रही। सोमवार को अचानक मौसम बदल गया। अन्य दिनों की तुलना में अधिक धूप रहने से हर कोई अपने छत पर धूप सेंकता नजर आया। साथ ही शाम को भी ठंड का अहसास नहीं हुआ। पिछले रविवार को अधिकतम तापमान 20.3 डिग्री सेल्सियस था जो कि मंगलवार को बढ़कर 26.8 हो गया। न्यूनतम तापमान 8.5 से बढ़कर 9.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि इस सप्ताह ऐसे ही मौसम के साफ रहने और ठंड से राहत मिलने के आसार हैं।

काली पट्टी बांध विद्युतकर्मियों ने प्रबंधन को कोसा

निजीकरण का विरोध

भिखारीपुर स्थित हनुमानजी मंदिर पर दिखायी एकजुटता

कहा-लिखित समझौते के उल्लंघन से कर्मचारियों में गुस्सा

वाराणसी। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बिजलीकर्मियों ने प्रस्तावित निजीकरण के विरोध में बांह पर काली पट्टी बांधी और सभा कर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन को जमकर कोसा। भिखारीपुर स्थित हनुमानजी मंदिर पर काफी संख्या में जुटे विद्युतकर्मियों ने अपनी एकजुटता का प्रदर्शन भी किया। कहा कि 23 जनवरी को निजीकरण की खातिर की जा रही प्री बिडिंग कॉन्फ्रेंस का विरोध करने को व्यापक प्रदर्शन की तैयारी की गई है।

सभा में वक्ताओं ने कहा कि बिजली के निजीकरण की कार्यवाही पांच अप्रैल 2018 और छह अक्टूबर 2020 को उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रियों के साथ हुए लिखित समझौते का घोर उल्लंघन है, जिससे बिजली कर्मचारियों में लगातार गुस्सा बढ़ रहा है। पांच अप्रैल 2018 को तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा और छह अक्टूबर 2020 को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना एवं तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा के साथ लिखित समझौता हुआ था। इस समझौते में स्पष्ट लिखा गया है कि उत्तर प्रदेश में विद्युत वितरण की मौजूदा व्यवस्था को बनाए रखते हुए बिजली व्यवस्था में सुधार कर्मचारियों को विश्वास में लेकर किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में किसी भी प्रकार का बिजली का निजीकरण बिजली कर्मियों को विश्वास में लिए बिना नहीं किया जाएगा।

वक्ताओं ने कहा कि बिजलीकर्मी उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की तकलीफ नहीं होने देना चाहते। खास करके तब जब प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन चल रहा है, जिसकी लाइफ लाइन बिजली है। पॉवर कॉरपोरेशन प्रबंधन इस भावना को कर्मचारियों की कमजोरी समझने की गलती न करे। प्रबंधन लगातार बिजली कर्मचारियों को भड़काने वाली कार्यवाही कर रहा है। अध्यक्षता मायाशंकर तिवारी ने की। संचालन राजेन्द्र सिंह ने किया। सभा को नरेंद्र वर्मा, शशि, संतोष वर्मा, अंकुर पांडेय, उदयभान दुबे, विजय सिंह, जियुत लाल, छविनाथ यादव, राजू राय, राजेन्द्र प्रसाद, अजित वर्मा, रेखा पटेल, संदीप कुमार, रविन्द्र, राजेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, जमुना पाल, मदन लाल श्रीवास्तव, रमाशंकर पाल, अभिषेक राय, संजय तिवारी, अनिल कुमार, बलराम, भइया लाल, मोहम्मद आसिफ, शरद कुमार, ध्यानचंद पटेल, लक्ष्मी नारायण, रामानन्द, मनोज सोनकर, विजय वर्मा, शरद श्रीवास्तव, अजय कुमार तकनीकी आदि ने संबोधित किया।

अब ट्रैक्टर ट्रॉली व ट्रेलर पर होगा चेसिस नंबर भी

नियमों में बदलाव

सड़कों पर अवैध रूप से दौड़ रहे ऐसे वाहनों पर कसा शिकंजा

प्रदेश सरकार ने सड़क सुरक्षा के मानकों पर नयी प्रक्रिया की जारी

वाराणसी। बिना मानकों और अवैध रूप से सड़कों पर दौड़ रहीं ट्रैक्टर ट्राली व ट्रेलर से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। शासन ने ट्रैक्टर ट्रॉली व ट्रेलर के पंजीयन और निर्माण में सड़क सुरक्षा के मानकों को शामिल करते हुए नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कर दी है। ट्रैक्टर ही नहीं अब उसकी ट्रॉली व ट्रेलर का पंजीकरण भी कराना जरूरी होगा। दरअसल, हर ट्रॉली व ट्रेलर पर उसका चार अंकों का अपना पंजीयन नंबर दर्ज होगा। यही नहीं, उन पर 17 अंकों का चेसिस नंबर भी दर्ज किया जाएगा। इससे ट्रॉली व टेलर मालिकों का पता लगाना आसान हो जाएगा।

दरअसल, एआईएस 112 के मानकों के तहत कृषि कार्य के लिए ट्रेलर के चार मानक तय हैं। इसमें आर-1, आर-2, आर-3 और आर-4 शामिल हैं। आर-2, आर-3 और आर-4 मॉडल का पंजीयन एग्रीकल्चर ट्रेलर के रूप में किया जाएगा। अब किसी भी मॉडल की ट्रॉली में एक एक्सल नहीं होंगी। उनमें दो एक्सल होंगे। आर-2 और आर-3 मॉडल में टायरों की संख्या चार होगी, आर-4 मॉडल आठ टायर होंगे। इसमें हर एक्सल में चार टायर लगाए जाएंगे। आर-2 मॉडल ट्राली की अधिकतम चौड़ाई दो मीटर होगी, शेष आर-3 और आर-4 मॉडल की अधिकतम चौड़ाई 2.5 मीटर होगी। तीनों ही मॉडल के ट्रेलर की ऊंचाई जमीन से अधिकतम 2.2 मीटर होगी।

इतना ही नहीं, बॉडी की हुक को छोड़कर आर-2 मॉडल की ट्रॉली की अधिकतम लंबाई चार मीटर, आर-3 मॉडल की अधिकतम लंबाई पांच मीटर और आर-4 मॉडल की अधिकतम लंबाई 6.7 मीटर होगी। आर-2 मॉडल की ट्राली का सकल वाहन भार (जीवीडब्ल्यू) छह टन तक, आर-3 मॉडल का 6 से 9.3 टन तक और आर-4 मॉडल का 10 से 12.56 टन तक होगा। जीवीडब्ल्यू की गणना का मानक 750 किलोग्राम प्रति वर्ग मीटर होगी। इस समय तीन प्रकार की बॉडी के ट्रेलर दौड़ रहे हैं। पहला खुली बॉडी वाले ट्रेलर, दूसरा जल टैंकर वाले ट्रेलर और तीसरा प्लेटफॉर्म टाइप के ट्रेलर। सुरक्षा मानकों को देखते हुए स्थानीय निर्मित ट्रेलर में रियर व साइड अंडर प्रोटेक्शन डिवाइस, बैक लाइट फीटिंग, रिफ्लेक्टिव टेप व कंटूर मार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।

सभी प्राविधानों को पूरा करने वाले विनिर्माता को परिवहन विभाग से आवंटित चार अंकों का निर्माता कोड दर्ज कराना होगा। इसका पहला अक्षर अल्फाबेट होगा, शेष तीन अंक होंगे। चार अंक के कोड में अंतिम संख्या 999 होगी। यह संख्या पूरी होने के बाद अगला अल्फाबेट अंकित किया जाएगा।

ट्रेलर विनिर्माता ट्रेलर पर 17 अंकों/शब्दों का चेसिस संख्या अंकित करेगा। चेसिस संख्या में पहले दो अक्षर राज्य का कोड होगा। उत्तर प्रदेश के लिए यूपी पहला दो अक्षर होगा। पहले दो अक्षर के बाद परिवहन आयुक्त कार्यालय आवंटित चार अंक का विनिर्माता कोड, इसके पश्चात दो अक्षर में ट्रेलर का मॉडल, अगले दो अक्षर में एक्सल में टायरों की संख्या दर्ज होगी। बाएं से 11वां अक्षर निर्माण वर्ष और फिर माह दर्ज किया जाएगा। सड़क सुरक्षा को देखते हुए स्थानीय निर्मित ट्रेलर की अधिकतम आयु सीमा 15 वर्ष होगी। स्थानीय निर्मित ट्रेलर विनिर्माता व डीलर को ट्रेलर के विक्रय के लिए संबंधित पंजीयन अधिकारी से व्यवसाय प्रमाण-पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा। ट्रेलर विनिर्माता को प्रत्येक तीन वर्ष में अपने मॉडल के उत्पादन का कंफरमिटी आफ प्रोडक्शन (सीओपी) परिवहन आयुक्त कार्यालय से प्राप्त करना होगा।

कर्मचारी संगठनों की समस्याओं के निस्तारण को बैठक करने का निर्देश

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने कर्मचारियों एवं कर्मचारी संगठनों की शिकायतों और समस्याओं के निस्तारण की खातिर 15 दिन में एक बार बैठक करने का निर्देश समस्त डिस्कॉम के एमडी को दिया है। उन्होंने मंगलवार को पूर्वांचल, पश्चिमांचल, मध्यांचल, दक्षिणांचल-डिस्कॉम एवं केस्को के एमडी को जारी आदेश में कहा है कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने कर्मचारियों एवं कर्मचारी संगठनों की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए व्यवस्था बनाये जाने का आदेश दिया है। इसके तहत मुख्य सचिव ने 15 दिन में एक बार बैठक कर समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। ऐसे में सभी एमडी को निर्देशित किया जाता है कि वे शासनादेश का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए पंजीकृत कर्मचारी संगठनों की समस्याओं, मांगों तथा कर्मचारियों की व्यक्तिगत समस्याओं के निस्तारण के लिए डिस्कॉम, क्षेत्र एवं मंडल स्तर पर 15 दिनम ें एक बार बैठक आयोजित किया जाए।

बिजली जैसी आवश्यक सेवा निजी हाथों में न सौंपा जाए

वाराणसी। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने प्रदेश की बिजली व्यवस्था का निजीकरण न करने का अनुरोध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से किया है। पीएम मोदी को लिखे गये पत्र में उन्होंने कहा है कि विधानसभा सत्र के दौरान प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बिजली व्यवस्था पीपीपी मॉडल का नाम देकर प्राइवेट करने की बात कही थी। इसके बाद निजीकरण की साजिश बहुत तेजी से चल रही है। जबकि महाकुंभ में सभी का ख्याल करते हुए मुख्यमंत्री पूरे मन से लगे हुए हैं। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि नोएडा में बिजली का निजीकरण होने के बाद से लेकर आज तक किसानों को फ्री बिजली नहीं मिली, जबकि बाकी जिलों में किसानों को सिंचाई के लिए फ्री बिजली मिल रहा है। ऐसे में बिजली जैसी आवश्यक सेवा को निजी हाथों में न सौंपा जाए।

नया उपकरण बहु-कार्यात्मक अणुओं की पहचान में सक्षम

शोध

आईआईटी के शोधकर्ताओं ने विकसित किया संवेदनशील लेजर-निर्देशित इलेक्ट्रोकेमिकल पेपर उपकरण

रोहिनी कुमारी

सुप्रतीम महापात्रा

प्रो. प्रांजल चंद्रा

वाराणसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू) के शोधकर्ताओं ने एक अत्याधुनिक और संवेदनशील लेजर-निर्देशित इलेक्ट्रोकेमिकल पेपर विश्लेषणात्मक उपकरण (एलडी-ई पीएडी) डिजाइन किया है, जो बहु-कार्यात्मक सेंसिंग अनुप्रयोगों के लिए उपयुक्त है। इस शोध टीम का नेतृत्व प्रो. प्रांजल चंद्रा ने किया है, जिसमें शोध छात्रों सुप्रतिम महापात्रा और रोहिणी कुमारी ने भी योगदान दिया है। यह पेपरट्रोनिक उपकरण, जो व्यावसायिक रूप से उपलब्ध इलेक्ट्रोड-आधारित उपकरणों के प्रदर्शन के समान है तथा पर्यावरण के अनुकूल, सस्ता और जैव-नष्ट होने योग्य है।

यह जानकारी देते हुए प्रो. प्रांजल चंद्रा ने बताया कि आईआईटी (बीएचयू) के बायो-फिज़ियोसेंसर और नैनो बायो इंजीनियरिंग प्रयोगशाला में किए गए इस अभूतपूर्व अध्ययन में यह उपकरण चिकित्सा नमूनों में हानिकारक फ्री रैडिकल्स, नदी के पानी में विषाक्त धातुएं, रोगजनक बायोमार्कर्स (जैसेः अल्कलाइन फॉस्फेटेज), खाद्य मिलावटों आदि की अत्यधिक संवेदनशीलता और पुनरावृत्ति के साथ पहचानने की क्षमता रखता है। यह शोध क्लिनिकल डायग्नोस्टिक्स और पर्यावरणीय निगरानी में महत्वपूर्ण कदम है, जो विभिन्न विश्लेषणों की पहचान के लिए एक मंच प्रदान करता है।

प्रो. प्रांजल चंद्रा ने बताया कि इस उपकरण का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह सिस्टम बहुत छोटा और जनता द्वारा संचालित करने योग्य है, जिसे सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों या प्वाइंट-ऑफ-केयर सेटिंग्स में आसानी से लागू किया जा सकता है, जहां उन्नत डायग्नोस्टिक्स की पहुंच सीमित है। बताया कि पहले की तकनीक में एकल प्रकार के अणु की पहचान पर जोर दिया जाता था, लेकिन यह नया उपकरण बहु-कार्यात्मक अणुओं की पहचान में सक्षम है। वर्तमान में उपयोग किए जा रहे सिस्टम में विभिन्न एंजाइमों का उपयोग करके विश्लेषणात्मक संकेत उत्पन्न किए जाते हैं, जबकि हमारे पेपर-आधारित प्लेटफार्म में तीन इलेक्ट्रोड प्रणाली का उपयोग किया गया है, जिससे अधिक सटीक और पुनरावृत्त परिणाम प्राप्त होते हैं।

इस उपलब्धि को 18-19 जनवरी को आईआईटी जम्मू में आयोजित 'माइक्रोफैब्रिकेशन और बायोसेंसरः एडवांसेज इन डायग्नोस्टिक्स' कार्यशाला में प्रस्तुत किया गया, जिसमें शोधार्थियों को माइक्रोफ्लूडिक चिप निर्माण, बायोसेंसर एकीकरण और ममलियन सेल कल्चर तथा विश्लेषण पर हाथों-हाथ अनुभव प्रदान किया गया। इस कार्यशाला में सुप्रतिम महापात्रा ने इस तकनीकी को प्रस्तुत किया और 'बेस्ट इनोवेशन अवार्ड' प्राप्त किया। प्रो. चंद्रा और उनकी टीम ने इस नवीन, पर्यावरण अनुकूल, नष्ट होने योग्य, लेजर-एंग्रेव्ड, नैनोइंजीनियरड पेपरट्रोनिक उपकरण का विकास किया है, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य मौजूदा उपकरणों से कई गुना कम है। यह तकनीक न केवल एकल प्रकार के बायोमार्कर की पहचान करने में सक्षम है, बल्कि यह बिना एंजाइमों के भी काम करती है।

आईआईटी (बीएचयू) ने इस तकनीकी का पेटेंट कराया है और यह शोध 'केमिकल इंजीनियरिंग जर्नल' जैसी प्रतिष्ठित अकादमिक पत्रिका में प्रकाशित भी हुआ है। इस तकनीक को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, खासकर जापान के कोबे में आयोजित 'ऑर्गेनिक मोलिक्यूलर इलेक्ट्रॉनिक्स' पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में सराहना मिली है। आईआईटी (बीएचयू) के निदेशक प्रोफेसर अमित पात्रा ने टीम को बधाई दी और कहा कि यह नवाचार 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो समाज के लिए सीधे तौर पर लाभकारी है।

अब छात्रावास आवंटन के लिए 27 तक करें आवेदन

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में सत्र 2024-25 में छात्रावास में प्रवेश आवंटन के लिए आवेदन करने की तिथि विस्तारित हो गई है। अब छात्र समर्थ पोर्टल के माध्यम से 27 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। मुख्य गृहपति प्रो. तेज बहादुर सिंह ने बताया कि छात्रावास प्रवेश आवंटन के लिए छात्र अपना आवेदन पत्र 27 जनवरी तक आचार्य नरेन्द्र देव छात्रावास (स्नातक के छात्र), लाल बहादुर शास्त्री छात्रावास (शोध, स्नातकोत्तर के छात्र) एवं जेके महिला छात्रावास (स्नातक, स्नातकोत्तर तथा शोध की छात्राएं) के गृहपति/गृहस्वामिनी कार्यालय में जमा कर दें। उन्होंने कहा कि छात्रावास के लिए केवल मुख्य परिसर के छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। छात्रावास प्रवेश आवेदन पत्र समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध है। विस्तृत जानकारी काशी विद्यापीठ की वेबसाइट पर अपलोड है।

एमए समाजशास्त्र तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 11 फरवरी से

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के समाजशास्त्र विभाग में एमए तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 11 फरवरी से शुरू होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. रेखा ने बताया कि परीक्षा दोपहर 12 से दो बजे तक समाज विज्ञान संकाय में होगी। परीक्षा की विस्तृत समय सारिणी काशी विद्यापीठ की वेबसाइट पर अपलोड है।

संक्षेप

26 जनवरी को सुबह नौ बजे कुलपति करेंगे ध्वजोत्तोलन

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में गणतंत्र दिवस केअवसर पर 26 जनवरी को सुबह नौ बजे पंत प्रशासनिक भवन के सामने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी द्वारा ध्वजोत्तोलन किया जायेगा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अपेक्षित है। समारोह के आयोजन को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

नर्मदेश्वर प्रसाद सिंह अभियंत्रण विभाग के बने अधीक्षक

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अभियंत्रण विभाग में मंगलवार को नर्मदेश्वर प्रसाद सिंह (बब्बू सिंह) ने बतौर अधीक्षक कार्यभार ग्रहण किया। बता दें कि बब्बू सिंह वित्त विभाग के भी अधीक्षक हैं। उनको वित्त विभाग के साथ अभियंत्रण विभाग से संबद्ध किया गया है।

विद्यापीठ में राजनीतिक कार्यक्रम पूर्णतः प्रतिबंधित

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ परिसर में किसी भी छात्र, छात्रनेता अथवा व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार का राजनीतिक कार्यक्रम कराना या राजनीतिक पार्टी से संबंधित झण्डे का प्रयोग करना पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। कुलानुशासक प्रो. केके सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में किसी भी प्रकार का धरना-प्रदर्शन, जुलूस अथवा नारेबाजी करना पूर्व से ही वर्जित एवं प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि किसी कार्यक्रम एवं प्रदर्शन में उपद्रव/अनुशासनहीनता जैसे कार्य में लिप्त पाए जाने पर संबंधित छात्र, छात्रनेता अथवा व्यक्ति के खिलाफ विधिक व अनुशासनात्मक कार्यवाही के साथ ही निलंबन अथवा निष्कासन भी किया जा सकता है।

ग्राम प्रधानों को दी गयी जानकारी

रोहनिया। आराजी लाइन ब्लॉक सभागार में मंगलवार को हुई बैठक में ग्राम प्रधान को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गयी। उत्तर प्रदेश राज्य अधिनियम 1947 की धारा 15 के तहत उनके कार्यों, उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम के तहत ग्राम प्रधान को हटाए जाने तथा ग्राम प्रधान को स्वयं के आयकर रिटर्न दाखिल करने का तौर- तरीका बताया गया। बैठक में बीडीओ सुरेन्द्र सिंह यादव, मुकेश पटेल, संजय यादव, मनोज कुमार वर्मा, संतोष कुमार यादव, अजय कुमार सिंह, श्री प्रकाश यादव, विजय गुप्ता, चंद्रजीत यादव, संजीव कुमार कश्यप, डॉ राजेश पटेल, उर्मिला देवी उपस्थित रहे।

स्वयंसेवक पर्वों को लेकर रहें अलर्ट

वाराणसी। नागरिक सुरक्षा प्रखंड चेतगंज की बैठक में उप नियंत्रक जितेंद्र देव सिंह में स्वयंसेवकों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। उन्होंने आगामी पर्वों को देखते हुए पूरी तैयारियां करने और प्रशासन की ओर से सौंपी गयी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी स्वयंसेवक अपने- अपने क्षेत्र पर नजर रखें और अफसरों को गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान एडीसी इरफानुल होदा, डिविजनल वार्डेन मंगला प्रसाद गुप्त, विक्रम प्रताप, श्रीप्रकाश, अशरफ अली, राजेश यादव आदि थे।

ध्वनि प्रदूषण पर कार्यशाला आज

वाराणसी। ध्वनि प्रदूषण को लेकर जागरूकता के लिए सत्या फाउंडेशन की ओर से बुधवार को बीएचयू महिला महाविद्यालय में ध्वनि प्रदूषणः चुनौतियां एवं समाधान विषयक कार्यशाला आयोजित की गयी है। संस्था के सचिव चेतन उपाध्याय ने बताया कि कार्यशाला में विस्तार से ध्वनि प्रदूषण से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी।

टमाटर, बैंगन की नवीन किस्मों का प्रदर्शन

प्रचार दिवस

भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान में किसान उत्पादन संगठनों को दी गयी जानकारी

वाराणसी। भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान में बुधवार कोएग्री बिजनेस इनक्यूबेटर (एबीआई) व जोनल तकनीकी प्रबंधन इकाई (जेडटीएमयू) ने तकनीकी प्रचार दिवस पर टमाटर, बैंगन व मिर्च की फसलों की विकसित नवीन किस्मों व तकनीकों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में 25 बीज कम्पनियों, किसान उत्पादक संगठनों के 50 प्रतिनिधियों को विकसित सब्जी फसलों की किस्मों से अवगत कराया गया। संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. अरविन्द नाथ सिंह ने बीज कंपनियों के प्रतिनिधियों से सब्जी फसलों की उन्नत किस्मों के बीज की गुणवत्ता के मानकों व विपणन के लिए सुझावों व प्रतिक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की। परियोजना समन्वयक डॉ राजेश कुमार ने कहा कि संस्थान सब्जी फसलों की उन्नत किस्मों को किसानों तक पहुंचाने के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को बढ़ावा दे रहा है। प्रतिभागियों ने प्रक्षेत्र भ्रमण कर निर्यातक, वाणिज्यिक, व्यापारिक लक्षणों, रोग व कीटरोधिता पर चर्चा की। इस दौरान संस्थान के निदेशक नागेन्द्र राय, वैज्ञानिक डॉ नीरज सिंह, डॉ डीआर भारद्वाज, डॉ एसके सिंह, डॉ जगेश तिवारी, डॉ शैलेश तिवारी, डॉ वाईएस रेड्डी, डॉ भुवनेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

उत्पीड़न के खिलाफ 30 को सर्वदलीय प्रतिकार दिवस

कार्यक्रम

अभिव्यक्ति की आजादी नागरिक अधिकार, छात्र, किसान, व्यापारी और मजदूर के हक पर हमले का विरोध

लहुराबीर स्थित कांग्रेस कार्यालय पर सर्वदलीय बैठक में भाजपा की डबल इंजन की सरकार पर प्रहार

वाराणसी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव की नैतिक हार को भाजपा की डबल इंजन की सरकार पचा नहीं पा रही है। इसी को लेकर लेकर बनारस के छात्र, मजदूर, किसान, व्यापारी समाज को प्रताड़ित किया जा रहा है। इस भाजपा सरकार के खिलाफ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शहादत दिवस के दिन 30 जनवरी को प्रतिकार करेंगे।

लहुराबीर स्थित कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को हुई सर्वदलीय बैठक में श्रीराय ने कहा कि पिछले कुछ वर्ष से बीएचयू के छात्र-छात्राओं को चाहे आईआईटी की छात्रा के गैंगरेप पर,बाबा साहब आंबेडकर के अपमान और मनुस्मृति के सवाल को उठाया तो छात्र-छात्राओ का निष्कासन और गलत मुकदमा लिखकर जेल भेज दिया गया। दलित मजदूरों की कज्जाकपुरा की वाल्मीकि बस्ती पर प्रशासन जबरन कब्जा कर रहा है,जहां आज सैकड़ों महिलाएं,बच्चे ठंड की रात में खुले असमान के नीचे सोने को विवश हैं। रामनगर के ऐतिहासिक स्वरूप को ध्वस्त किया जा रहा है। किसानों की खेतीयुक्त भूमि को जबरन विकास माडल के नाम पर हड़पने का कार्य हो, शहर में कथित विकास के नाम व्यापारिक क्षेत्र को ध्वस्त करने की बात सहित अन्य मुद्दों को लेकर यह विरोध किया जाएगा। बैठक में कांग्रेस, सपा, सीपीआई, आप, किसान, मजदूर, व्यापारी, सामाजिक, नागरिक संगठन के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहकर एक स्वर में विरोध किया। श्री राय ने कहा कि भारतीय संविधान की धारा 19-क अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सभी को अधिकार देता है कि देश व समाजहित में सरकारी प्रतिबंधों से मुक्त होकर अपनी बात रख सकता है। लोकतंत्र लोकलाज के संस्कार से चलता है। मजबूत लोकतंत्र का श्रृंगार उसके नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और अधिकार है। यदि समाज को पुलिसिया आतंक का पर्याय बना दिया जायेगा तो लोकतंत्र मर जाएगा।

जिला सपा अध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ पहलवान ने कहा कि हम लोग मुट्ठी बांधकर बनारस की तहजीब और सभ्य समाज के लिए तानाशाही सरकार के खिलाफ समाजवादी पार्टी साथ लड़ेगी। बैठक की अध्यक्षता प्रवाल सिंह ने, विषय प्रस्तावना संजीव सिंह ने व संचालन महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे व मनीष शर्मा ने किया। बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल, संजीव सिंह, मनीष शर्मा, अनिल श्रीवास्तव ,प्रजानाथ शर्मा, फसाहत हुसैन बाबू, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, गुलशन अली, विजय नाथ शर्मा, राजेंद्र चौधरी, एसपी राय, वकील अंसारी, डॉ निराला, रामजनम आदि शामिल रहे।

रामानंदाचार्य की जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई

धर्म कर्म

रामानंदाचार्य ने हिंदू धर्म को संगठित और व्यवस्थित किया

वाराणसी। आद्य जगद्गुरु स्वामी रामानंदाचार्य जी के 725वीं जयंती पर काशी के संत समाज व वैष्णव विरक्त संत समाज, काशी एवं श्री रामानन्द विश्वहितकारिणी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को आद्य जगतगुरु स्वामी रामानंदाचार्य की जयन्ती धूमधाम से मनायी गई। इस अवसर पर प्रातः सर्वप्रथम अस्सी घाट पर संत समाज ने पादुका पूजन किया। उसके उपरांत अस्सी घाट से ही भव्य शोभायात्रा व विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जो अस्सी से होते हुए राघव मंदिर, रविदास गेट, संकटमोचन, दुर्गाकुंड, कबीरनगर, गांधीनगर, खोजवां, दाहाचौक, चेतमणि चौराहा होते हुए काश्मीरीगंज, खोजवां स्थित श्रीरामजानकी मन्दिर पहुंचा। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु बग्घी, घोड़े, बैंडबाजे के साथ प्रमुख रूप से डॉ रामकमल दास वेदान्ती महाराज सहित काशी के सभी प्रमुख धमार्चार्यों के साथ शामिल हो चल रहे थे। शोभायात्रा के पहुंचने पर वहां संत समागम हुआ। जिसमें डॉ रामकमल दास वेदांती महाराज, काशी विश्वनाथ मंदिर के अर्चक श्रीकांत मिश्र, पातालपुरी के बालक दास, कबीर कीर्ति मंदिर के महंत ज्ञान प्रकाश, श्रवण दास, मोहन दास जालौन के संत उद्धव दास गुदड अखाड़ा के सियाराम दास दामोह के श्रीभगवान वेदान्ताचार्य सहित अनेकों वक्ताओं ने स्वामी रामानंदाचार्य के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। कहा कि रामानंदाचार्य हिंदू धर्म को संगठित और व्यवस्थित करने का अथक प्रयास किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से गूदड़ अखाड़ा (राघव मंदिर) के महंत सियाराम दास जी, श्रवण दास, मोहनदास,शीतलदास अखाड़ा के रामशरण दास, महंत डॉक्टर श्रवण दास, महंत मोहन दास सहित अन्य संत प्रवर शामिल रहे

प्रतियोगिता के जरिए ग्रामीणों को किया गया जागरूक

जागरूकता

सड़क सुरक्षा नियमों की ग्रामीणों को दी गयी जानकारी

प्रतियोगिता में युवाओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

वाराणसी। नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय, भारत सरकार व माए भारत के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को चिरईगांव विकास खंड के कमौली गांव में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें 15-29 आयु वर्ग के युवाओं के लिए कबड्डी, भाषण, निबंध 200 मीटर रेस, लंबीकूद प्रतियोगिता आयोजित की गयी। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से ग्रामीणों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया गया। ग्रामीणों को युवाओं ने बताया कि यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं नियम कि अनदेखी से होती है। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं। जिला युवा कल्याण अधिकारी नेहरू युवा केंद्र प्रतीक साहू ने भी यातायात नियमों को लेकर ग्रामीणों को जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में नेहा यादव प्रथम, अंजली यादव को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। निबंध प्रतियोगिता में नेहा यादव प्रथम, अनुप्रिया द्वितीय व अंबिका गुप्त को तृतीय स्थान हासिल हुआ।

विवेकानंद ने वेदांत दर्शन व योग को अमेरिका में परिचित कराया

आयोजन

स्वामी विवेकानन्द आविर्भाव तिथि मनायी गई

वाराणसी। लक्सा स्थित रामकृष्ण अद्वैत आश्रम में मंगलवार को युगाचार्य स्वामी विवेकानन्द की 163वीं शुभाविर्भाव तिथि धूमधाम से मनाई गयी। प्रातः 4 बजे मंगलाआरती के पश्चात वेद पाठ व उषा कीर्तन किया गया। 7 बजे स्वामी अलोकानन्द ने विशेष पूजा व हवन किया। प्रातः डॉ स्वामी दयापूर्णानन्द का कठोपनीषद् पर प्रवचन तथा स्वामी शास्त्रविदानन्द द्वारा लीला-गीति की प्रस्तुति हुई। संध्या 4 बजे धर्म सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामी धरणीधरानन्द द्वारा स्वागत भाषण हुआ। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के शोधार्थी निर्मल भुवाल ने संस्कृत भाषा में व्याख्यान दिया। मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रामकृष्ण संघ के वरिष्ठ संन्यासी स्वामी अलोकानन्द ने स्वामीजी को वेदान्त केसरी बताते हुए उनके द्वारा प्रवर्तित प्रायोगिक वेदान्त की चर्चा करते हुए उपनिषदों की मनोहारिता का चित्रण किया। सभा की अध्यक्षता करते हुए स्वामी विश्वात्मानन्द ने कहा कि स्वामी जी ऐसे प्रथम व्यक्ति थे, जिन्होंने सनातन धर्म के वेदान्त दर्शन और योग को यूरोप व अमेरिका में परिचित कराया। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्वामी ईशानन्द ने काशी व स्वामी जी का अन्योनाश्रय संबंध बताया । धर्मसभा का कुशल संचालन उत्कर्ष चौबे ने किया। संध्या आरती के पश्चात सामूहिक कीर्तन हुआ। मध्याह्न 12 बजे से खिचड़ी-भंडारा की व्यवस्था की गई थी जिसमें लगभग 1200 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

सर्द मौसम में काफी बढ़ी 'सेक्सवर्द्धक' दवाओं की चाहत

देवकुमार केसरी

एक्स्ट्रा पॉवर का सपना

चिकित्सकों से सलाह लेने के बजाय सोशल मीडिया खंगाल रहा युवा मन

जोशे-जवानी का दिवा स्वप्न दिखा कर युवाओं को कमजोर कर रही दवाएं

वाराणसी। सर्द मौसम में 'सेक्सवर्द्धक' दवाओं की खपत में जबर्दस्त इजाफा हुआ है। दवा की दुकानों पर आने वाला हर दूसरा-तीसरा-चौथा ग्राहक युवा होता है। बेझिझक वह 'सेक्सवर्द्धक' दवा खरीदता है और चला जाता है। रत्ती भर भी संकोच नहीं। यदि कोई दुकानदार टोक देता है कि चिकित्सक के सलाह के बगैर इसका सेवन सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है तो तपाक से जवाब मिलता है कि आपको सामान बेचने से मतलब है या किसी के सेहत से।

दरअसल, युवाओं को स्मार्ट फोन का ऐसा चस्का लगा है कि पूछिए मत। यह स्मार्ट फोन जहां पढ़ाई-लिखाई के लिए फायदेमंद है तो अन्य चस्कों के चलते नुकसानदायक भी। इसम-नुकसान में शामिल है 'पोर्न' की लत। पोर्न की लत के चलते खुद की क्षमता बढ़ाने के लिए बाजार में मिल रही सेक्स पॉवर बूस्टर दवाओं का सेवन तमाम युवा कर रहे हैं। इन दवाओं की लत कई तरह की समस्याओं को बढ़ाने का काम कर रही है। इन समस्याओं का शिकार होने के बाद युवा डॉक्टर के पास जाते हैं, जहां साइकियाट्रिस्ट उनका ट्रीटमेंट करते हैं। डॉक्टर्स का कहना है कि इस तरह की दवाएं मानसिक रूप से अधिक नुकसान पहुंचाती हैं।

दवा बाजार सूत्रों की माने तो परफार्मेंस बढ़ाने के लिए शिलाजीत, गोल्ड भस्म, अश्वगंधा के नाम पर आयुर्वेदिक दवाएं धड़ल्ले से बिक रही हैं। इसके अलावा, एलोपैथ में डेपोक्सीटाइन एंड सिल्डेनाफिल, वर्डेनफिल, टाडालफिल, अवनाफिल आदि नाम से भी टैब्लेट्स आती हैं। यह दवाएं ओवर द काउंटर भी मिल जाती हैं। खतरनाक बात यह है कि ये दवाएं इक्का दुकानों पर भी बिकती होगी। लेकिन ऑनलाइन बाजार में आसानी से मिल रही हैं। वहीं इस तरह की दवाओं के नाम पर कई नकली दवाएं भी बाजार में खपाई जा रही हैं। चिकित्सकों की माने तो इन दवाओं के सेवन से काफी नुकसान भी हो जाता है। जोशे-जवानी का दिवा स्वप्न दिखाकर ये दवाएं युवाओं को कमजोर कर रही है। युवा मन भी चिकित्सकों से सलाह लेने के बजाय सोशल मीडिया पर अपनी जवानी का राज खंगाल रहा है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक साबित होता है।

चिकित्सकों की माने तो 'सेक्सवर्द्धक' दवाएं नसों और मांसपेशियों में कमजोरी को दूर कर ताकत लाने का काम करती है। लेकिन अत्यधिक मात्रा में सेवन से हार्ट अटैक तक के खतरे को बढ़ा देता है। सेक्स पॉवर बढ़ाने की दवा का ओवरडोज मौत का कारण भी बन सकता है। इस तरह की दवाओं के चक्कर में नहीं युवाओं को कदापित नहीं पड़ना चाहिए। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एसजे वर्मा कहते हैं कि विदेशों में सेक्स एजुकेशन पर काफी जोर दिया जाता है। जबकि, भारत देश में ऐसा कुछ नहीं होता है। यहां बहुत से चिकित्सक भी इस चीज को ठीक से नहीं समझा पाते हैं। जिसका पूरा फायदा सेक्स की दवाएं बेचने वाले और सेक्सोलॉजिस्ट उठाते हैं। भारत में कई नीम-हकीम लोगों की इस कमजोरी का फायदा उठाते हुए अपनी दुकान-दौरी चला रहे हैं। वरिष्ठ होम्योपैथ चिकित्सक डॉ. विजय नारायण सिंह का कहना है कि तमाम युवा शर्म और झिझक के चलते सोशल मीडिया के जाल में फंस जा रहे हैं। इससे वे टेंशन और एंग्जायटी का शिकार हो जाते हैं। उनका कहना है कि युवा जब सेक्स रोग से संबंधित विज्ञापनों को देखते हैं तो उन्हें खुद में कई तरह की समस्याएं दिखने लगती हैं। शर्म व झिझक के चक्कर में वे डॉक्टर के पास नहीं जाते हैं। जबकि विज्ञापनों में अधिकतर जानकारियां गलत होती हैं। वैसे भी, किसी भी दवा का ओवरडोज सेहत के लिए हानिकारक होता है। डॉक्टर से पूछकर ही दवा का सेवन करना चाहिए।

नरगिस बानों डॉक्टरेट की उपाधि से अलंकृत

जंसा। आराजी लाइन ब्लॉक के सजोई ग्राम सभा की रहने वाली नरगिस बानो को गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा 15 जनवरी 2025 को आयोजित 11वें दीक्षांत समारोह में डॉक्टरेट की उपाधि से अलंकृत किया गया। उन्हें यह उपाधि भारत के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा प्रदान की गई। नरगिस गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता व जनसंचार विभाग में सत्र 2023 की शोधार्थी रही हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा वाराणसी तथा उच्च शिक्षा एमएससी और एम.फिल. महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा, महाराष्ट्र एवं पीएचडी गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय से पूर्ण हुई है। अभी वर्तमान में ये दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में कार्यरत हैं।

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर अखंड रामायण पाठ

वाराणसी। रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरा होने पर धर्म नगरी काशी के लोगों में काफी उत्साह है। गिलट बाजार स्थित पत्रकारपुरम कॉलोनी में भी अयोध्या मंदिर के तर्ज पर मंदिर बनाकर मंगलवार को अखंड रामायण पाठ की शुरूआत हुई। बुधवार को अखंड रामायण पाठ की पूणार्हुति, दर्शन पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

आस्था

पत्रकारपुरम कॉलोनी में अयोध्या के तर्ज पर बनाया गया मंदिर

मीडिया रिसर्च एंड वेलफेयर सोसाइटी, क्षत्रिय धर्म संसद, ऑक्सीजन क्लब और मां काली धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से रामचरितमानस और भगवान राम की मूर्ति पूजन के साथ हुई। आयोजक डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि भगवान राम हमारे लिए राष्ट्र के गौरव के रूप में हैं। ऐसे में पिछले वर्ष जब भव्य कार्यक्रम के माध्यम से अयोध्या में उनकी प्राण-प्रतिष्ठा हुई थी तो यह समूचे राष्ट्र के लिए ऐसा गौरव था, जो लगभग 500 वर्षों के पश्चात आया था। यह हमारे सनातन की जीत थी। 22 जनवरी को राष्ट्र गौरव दिवस के अवसर पर ऐसे पल को याद रखने के लिए ही यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। राम मंदिर का प्रतीक बनाकर उसमें मूर्ति की स्थापना करके अखंड रामायण पाठ हो रहा है। कार्यक्रम में काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आधुनिक मशीनों से लैस होगा सौ शैय्यायुक्त सोनबरसा अस्पताल

स्वास्थ्य

मरीजों के बेड के पास लगेगा नर्स कालिंग सिस्टम

बैरिया (बलिया)। निमार्णाधीन सौ शैय्यायुक्त राजकीय संयुक्त चिकित्सालय सोनबरसा चाक चौबन्द के साथ आधुनिक मशीनों से लैस होगा। गम्भीर रोगियों के शैय्या के पास नर्स कालिंग सिस्टम लगा होगा। कालिंग की आवाज सुनते ही नर्स उक्त रोगी के पास पहुचकर रोगियों के समस्याओं का समाधान करेगी। वहीं अब चेम्बर में बैठे चिकित्सकों के पास भीड़ नही होगा। चेम्बर में बैठे चिकित्सकों के पास पेशेंट ओपीडी कालिंग सिस्टम लगा होगा। एक रोगी का चिकित्सा परीक्षण के बाद दूसरे नम्बर की रोगी को बुलाने के लिए चेम्बर के बाहर डिस्प्ले पर नाम व नम्बर शो करने लगेगा। वहीं सभी सौ शैय्या के पास मल्टीपैरा मानीटर लगा होगा। भर्ती रोगियों का दिन में दो बार ब्लडप्रेशर, वीपी, ऑक्सीजन, पल्सरेट, ईसीजी का परीक्षण कर रिपोर्ट देगा। बता दें कि सोनबरसा स्थित निमार्णाधीन सौ शैय्या अस्पताल पर रोगियों के विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण के लिए दो वर्ष पूर्व से करीब 11 करोड़ से अधिक रुपयों का आधुनिक मशीनों को स्टोर रूम में रखा गया है। इसी बीच मौजूदा समय मे शासन स्तर से निमार्णाधीन सौ शैय्या अस्पताल को आधुनिक मशीनों से लैस करने के लिए 2 करोड़ 10 लाख 39 हजार 660 रुपये अवमुक्त किया गया है। इस धनराशि से सौ शैय्या के सापेक्ष चालिस शैय्या पर ऑक्सीजन गैस पाइप लाइन सिस्टम लगाया जाएगा। जिससे ऑक्सीजन की कमी होने पर रोगियों को ऑक्सीजन दिया जा सकेगा।जबकि पचास शैय्या को सेक्शन गैस पाइपलाइन से जोड़ा जाएगा। जिन रोगियों को कफ जकड़ रखा है। उसे सेक्शन गैस पाइपलाइन से सेक्शन किया जाएगा। साथ ही ऑपरेशन से पहले बेहोशी वाले रूम में लगे शैय्या के अलावे डिलेवरी रूम में भी सेक्शन गैस पाइपलाइन लगाया जाएगा। हड्डियों टूटने पर भर्ती मरीजों के शैय्या के बीच मे वेड सेपरेटेड पॉलिस्टर बेस्ड कॉटनविद चैनल के लगाया जाएगा। जिससे कि दो रोगियों के बीच पर्दा रहे। जबकि हड्डियों के ऑपरेशन के लिए आधुनिक मशीनें लगाया जाएगा।

> अस्पताल हैंडओवर मिलने के बाद सभी आधुनिक मशीनों को लगाने के लिए इंजीनियर लखनऊ से आएंगे। मौजूदा समय मे गैस पाइपलाइन का कार्य चल रहा है। कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम अस्पताल को दो माह में हैंडओवर देने के लिए कहा था लेकिन छह माह हो गए हैंडओवर नही मिला।
>
> **डॉ. विमल कुमार अधीक्षक राजकीय संयुक्त चिकित्सालय सोनबरसा**

> जब तक हमे अस्पताल हैंडओवर होगा। तब तक हम कुछ काम नही कर पा रहे है, अभी तक हमे ए ब्लाक मिला है।बी ब्लाक का अभी काम चल रहा है। अस्पताल हमे हैंडओवर मिलने के बाद सभी आधुनिक मशीनों को लगाया जाएगा। यह बात सही है कि जिस दिन पूर्णरूप से अस्पताल अस्तित्व में आ जायेगा, और सभी चिकित्सक कार्य करने लगेंगे तो जिला अस्पताल से बेहतर इलाज व जांच सौ शैय्यायुक्त अस्पताल सोनबरसा में मिलेगा।
>
> **राजकुमार सिंह सीएमएस राजकीय चिकित्सालय सोनबरसा**

7 जून 2018 को इस अस्पताल का हुआ था शिलान्यास

बैरिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनबरसा के प्रांगण में निमार्णाधीन सौ शैय्या राजकीय संयुक्त चिकित्सालय का निर्माण के लिए 7 जून 2018 को शिलान्यास हुआ था। इसके बाद 29 करोड़ 27 लाख 25 हजार रुपये की लागत से राजकीय निर्माण निगम ने निर्माण कार्य शुरू किया। तब निर्माण कार्य पूरा करने के लिए 18 माह का समय निर्धारित किया गया था। उस समय निर्माण में बिलम्ब होने का कारण के लिए कार्यदायी संस्था ने धनाभाव का हवाला दिया था। लेकिन अब शासन स्तर से निर्माण कार्य के लिए निर्धारित धनराशि का सभी धनराशि अवमुक्त कर दिया गया है। बावजूद अभी तक निर्माण कार्य पूरा नही होना निर्माण निगम का लापरवाही को उजागर कर रहा है। इस बाबत निर्माण निगम के अवर अभियंता गोविंद कुमार ने बताया कि बी ब्लाक में हल्का काम रह गया है।अस्पताल को कल्ड हैंडओवर किया जाएगा।

घर में घुसे चोर की पिटाई के बाद पुलिस को सौंपा

बलिया। चोरी की नियति से घर में घुसे चोर की पिटाई करने के बाद उसे नरहीं पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। गांव के दो लोगों की नामजद शिकायत की गई है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के करंजा बाबातर निवासी रिंकी पटेल पत्नी अखिलेश ने अपने शिकायत में बताया है 18 जनवरी की रात में मेरे पड़ोसी पवन राम पेड़ के सहारे घर के छत पर चढ़ गया और छत से कूदने के बाद पैर में चोट लग जाने के कारण उसे पकड़ लिया गया तथा घर में ही उसकी पिटाई कर पुलिस को सूचना देकर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। इसके अलावा इस घटना में अमर राम, रजनीश गुप्ता का नाम दिया गया है। इस घटना के बाद से गांव में चचाओं का बाजार गर्म है।

संक्षेप

अभिनेता अमन जायसवाल को दी गयी श्रद्धांजलि

बेल्थरा रोड (बलिया)। बीते दिनों मुम्बई में सड़क दुघर्टना में मृत फिल्म अभिनेता अमन जायसवाल को लेकर नियोजित कार्यक्रम के अनुसार नगर के यूनाइटेड क्लब के प्रांगड़ के परिसर में एक शोक श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया। बेल्थरा रोड के नगर पंचायत वार्ड नम्बर 5 का निवासी अमन जायसवाल के निधन को लेकर बेल्थरा रोड के अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं यूनाईटेड क्लब के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार भावपूर्ण शोक श्रद्धांजलि का आयोजन किया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष एवं मृतक अमन जायसवाल के चाचा प्रशांत जयसवाल मंटू ने रुंधे गले से सुसज्जित अमन जायसवाल के चित्र पर सबसे पहले फूल माला चढ़ा कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। फिर क्रम से ब्लाक प्रमुख सीयर आलोक सिंह, सुनील कुमार टिंकू, धर्मेंद्र सोनी, उपेन्द्र गुप्ता मिन्टू, वीरेंद्र यादव उर्फ पिन्टू सर, आनन्द यादव, विनोद सेहरा, फरहान, शनि जयसवाल, गुलाब चन्द जयसवाल भोलू, दुर्गा प्रसाद मधु लाला, विनोद कुमार पप्पू, आलोक जायसवाल, सुबाश चन्द्र जायसवाल, जितेन्द्र जयसवाल, बैजनाथ प्रसाद साहू, संदीप जायसवाल, रामबदन यादव, रूद्रप्रताप यादव, जहीर भाई, सभासद सद्दाम भाई, विनय सिंह, संजय कुमार श्रीवास्तव उर्फ पप्पू, राघवेंद्र आजाद, मोनू, सुबेदार भाई, किशन जायसवाल, गनेश वर्मा, मनोहर जायसवाल, कृष्ण मद्वेशिया, के एल जायसवाल, ईश्वर चन्द जायसवाल, बलिराम, सुनील कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, दुर्गेश अंबेडकर, प्रवीण नारायण गुप्ता, मृत्यंजय जायसवाल, सत्य प्रकाश उपाध्याय एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

बच्चों में वितरण किया गया स्वेटर

बेल्थरा रोड (बलिया)। स्थानीय ब्लाक सीयर के ग्राम बांसपार बहोरवा में समान शिक्षा संघर्ष मोर्चा के सदस्य एवं समाजसेवी कवि अरशद हिन्दुस्तानी के नेतृत्व मे उनके दरवाजे पर तेजी से बढ़ती ठंड को देखते हुए दर्जनों स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। संदेश में बच्चों से कहा गया कि ठंड से बचाव करते हुए मेहनत तथा लगन के साथ मन लगाकर पढ़े जीवन में आगे बढ़े। शिक्षा के महत्त्व तथा उसकी उपलब्धि पर चर्चा की गई। मो. नासिर सर ने कहा कि शिक्षा से ही हमारा भारत और शक्तिशाली बनेगा। ग्राम प्रधान राम भवन यादव ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। बच्चे स्वेटर पाकर खुशी से काफी खुश एवं उत्साहित दिखे। इस अवसर प्रधान राम यादव, नासिर खान सर (यूपीएससी मेंटर) ह्रदयानंद सिंह, विनोद यादव मानव, हमीदुल्लाह, जमशेद, राहुल भारती, मुन्ना राजभर, सुभाष गुप्ता, सरफराज आदि उपस्थित रहे।

ओलंपियाड साइंस परीक्षा में मदर टेरेसा के बच्चों ने लहराया परचम

मझौंवा (बलिया)। मदर टेरेसा कान्वेंट स्कूल पचरुखिया के बच्चों ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड साइंस परीक्षा में परचम लहराते हुए गोल्ड मेडल, सिल्वर और ब्रोंज मेडल जीता। इसके साथ ही कक्षा दसवीं से श्वेता शाह उत्तर प्रदेश में 211रैंक, कक्षा सातवीं से आशीष कुमार प्रजापति 424 रैंक, कक्षा आठवीं से अश्वनी कुमार 715 रैंक, कक्षा दसवीं से सिमी कुमारी उत्तर प्रदेश में 480 रैंक रहा। इस परीक्षा में आशिष कुमार प्रजापति को, साक्षी कुमारी, अश्वनी प्रजापति, खुशी मिश्रा, आरूसी ओझा, अनुष्का सिंह, श्वेता शाह और सिम्मी कुमारी को गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त हुआ। इसके अलावा कक्षा चौथी से निहारिका सिंह, कक्षा आठवीं से बबली गुप्ता, कक्षा सातवीं से श्वेता शाह अपने कक्षा में प्रथम, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रिंसिपल कुसुम लता सिंह ने कहा कि यह स्कूल और पढ़ रहे छात्रों के लिए बहुत ही गौरव की बात है कि हमारे छोटे कस्बों के बच्चे इंटरनेशनल लेवल पर जितना उम्दा प्रदर्शन कर रहे हैं। मेडल पाने वाले बच्चों को स्कूल के डायरेक्टर स्वामी रविशंकर ने बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर सूरज, दिनेश, अभिजीत किशोर, अंशुमान, आलोक, प्रदीप, अरविंद, रवि केसरी आदि मौजूद रहे। प्रबंधक प्रेम किशोर ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

पेट्रोल पंप मालिक सहित दो अन्य के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा

चितबड़ागांव (बलिया)। नगर पंचायत निवासी एवं श्रीनाथ बाबा पेट्रोल पंप गोविंदपुर, भरौली के मालिक राजीव गुप्ता पुत्र श्रीपति नारायण गुप्त के साथ आलोक कुमार सिंह व सुनील कुमार तिवारी के विरुद्ध धोखाधड़ी एवं जान से मारने की धमकी से संबंधित मुकदमा चितबड़ागांव पुलिस ने दर्ज किया है। विस्तृत जानकारी के अनुसार लखनऊ के गोमती नगर निवासी संतोष कुमार सिंह पुत्र राम बालेश्वर सिंह ने क्षेत्राधिकार सदर को दिये गये आवेदन पत्र में कहा है कि राजीव कुमार गुप्त ने अपने साथ दो साथियों आलोक कुमार सिंह एवं सुनील कुमार तिवारी के साथ मिलकर पेट्रोल पंप हेतु जमीन लीज पर दिलवाने के लिए फर्जी कागजात तैयार कराकर 1 करोड़ 52 लाख रुपए ले लिया और फर्जी लीज पेपर दे कर आज तक टाल मटोल करता रहा। लगभग एक वर्ष पूर्व जमीन के नाम पर दिया गया पैसा बार-बार मांगने पर मेरा पैसा वापस नहीं कर रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस संबंध में थाना चितबड़ागांव के प्रभारी प्रशांत चौधरी का कहना है कि क्षेत्राधिकार सदर के निर्देश पर राजीव कुमार सहित दो अन्य के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की पुरानी धारा 419, 420, 467, 468, 471, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर कर मामले की तफ्तीश की जा रही है।

बोर्ड परीक्षा पर रहेगी एसटीएफ की निगहबानी

बलिया। माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से प्रारंभ होगी। पिछली बार की तरह यूपी बोर्ड परीक्षा पर इस बार भी एसटीएफ की नजर रहेगी। जनपद में 613 माध्यमिक स्कूल संचालित हैं, जिनमें पढ़ने वाले 126757 विद्यार्थी बोर्ड की परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। 59665 परीक्षार्थी 10वीं में, 12वीं में 67092 परीक्षार्थी हैं। परीक्षा के लिए 163 परीक्षा केंद्र घोषित हैं। जिनमें संसाधनों की दोबारा जांच कराकर इन्हें बोर्ड की नजर में ऑनलाइन कराया जा रहा है। जिससे बोर्ड और एजेंसियों की नजर में सभी केंद्र आ सकें। पिछली बार की तरह एसटीएफ इस बार भी अपने नेटवर्क से परीक्षा की निगरानी में मुस्तैद रहेगी। परीक्षा केंद्र व उत्तर पुस्तिका संकलन केंद्र पर सीसीटीवी व पुलिस की तैनाती रहेगी। डीआईओएस दवेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के लिए निर्धारित 163 केंद्रों का निरीक्षण कर संसाधन जांच व एचडी सीसीटीवी के जरिए केंद्र ऑनलाइन कराए जा रहे हैं। नकल विहीन परीक्षा के लिए पुलिस, आईटी टीम व अन्य सुरक्षा एजेंसी भी सक्रिय रहेंगी। यूपी बोर्ड की परीक्षा में परीक्षार्थी का जूता निकलवाकर कक्ष में नहीं भेजे जाएंगे। जूते में नकल सामग्री का अंदेशा होगा तो जांच के बाद पुनः जूता पहनाकर ही भेजने के निर्देश हैं। इसके अलावा छात्राओं की तलाशी सिर्फ महिला अध्यापक ही लेंगी, पुरुष शिक्षक नहीं ले सकेंगे। जिस केंद्र पर छात्राएं शामिल होंगी वहां जांच के लिए दो महिला अध्यापक की तैनाती बोर्ड रखेगा।

बिजली विभाग का कार्य निराला बिजली बिल में गड़बड़झाला

लापरवाही

एक पंखा और दो बल्ब का दो महीने में आठ हजार बिल

बैरिया (बलिया)। बिजली विभाग का कार्य निराला है। जितना मर्जी मे आया उतना बिल उपभोक्ताओं को भेजना बिजली विभाग ने अधिकार समझ लिया है। ऐसे में क्षेत्र के धतूरी टोला निवासी विनय शंकर सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह का एक पंखा और दो बल्ब जलाने का बिजली विभाग ने दो महीने का आठ हजार बिल भेजा है। रजनीश गुप्त निवासी कोटवा का दो किलो वाट का कनेक्शन है।

उनका दो महीने का लाइट फैन चलाने का बारह हजार रुपये बिल भेजा गया है। बैरिया निवासी अजय सिंह का दो महीने का एक किलो वाट के कनेक्शन का तीस हजार रुपये बिल भेजा गया है। मधुबनी निवासी विजय सिंह का दो महीने का एक किलो वाट के कनेक्शन का तीस हजार रुपये बिल भेजा गया है। यह तो एक बानगी है। इसी तरह बिजली विभाग द्वारा मनमानी मीटर रीडिंग करके मनमाना बिल उपभोक्ताओं को भेज दिया गया है। बिल सुधार ना होने के कारण वह पैसा नहीं जमा कर रहे हैं, और बिल सुधार करने के जिम्मेदार लोग बिल ठीक करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

बता दे कि अकेले बैरिया क्षेत्र के विद्युत उप केन्द्रो के लगभग 1400 उपभोक्ता अपना बिल सुधार कराने के लिए पिछले छः महीने में विद्युत वितरण खंड चार के बलिया कार्यालय व विद्युत उपकेंद्र बैरिया कार्यालय मे आवेदन पत्र दे चुके हैं। किन्तु किसी का भी विद्युत बिल सुधार नहीं किया गया है। उल्टे जाने पर उपभोक्ताओं के साथ संबंधित लिपिक अनुचित व्यवहार करते हैं,और खुलेआम सुविधा शुल्क की मांग करते हैं। ऐसे में घर बैठे विद्युत बिल की रीडिंग करने वाले मीटर रीडरों के खिलाफ बार-बार के शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर उपभोक्ता इसमें अधिकारियों की संलिप्त का आरोप लगा रहे हैं। विद्युत बिल सुधार नहीं हो पाने के कारण उपभोक्ता पैसे नहीं जमा कर रहे हैं। उनका कहना है कि अंदाज से कितना पैसा जमा किया जाए। मनमाना बिल भेज दिया गया है।

इस संदर्भ में उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता का ध्यान अपेक्षित करते हुए मीटर रीडरों की कार्यपद्धति की समीक्षा करने और उनके द्वारा दिए गए बिल के किए गए रीडिंग की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से करने की मांग की है। ताकि बिल का सुधार हो सके, और उपभोक्ता सुगमता से अपनी बकाया बिल जमा कर सके।

> इस संदर्भ में पूछने पर उपखंड अधिकारी बैरिया अंबुज तिवारी ने बताया कि जो शिकायत बिल संबंधित मिला है। उसका निदान किया जा रहा है। जिसका बिल गलत आया है। वह मुझसे संपर्क करें। उनका विद्युत बिल सुधार दिया जाएगा।

ई-रिक्शा पलटने से चालक सहित सात घायल

बलिया। नगरा थाना क्षेत्र के ई-रिक्शा के अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट जाने से इसमें सवार चालक सहित पांच महिलाएं एवं युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को बाजार के लोगों ने ई-रिक्शा को खड़ा करके घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं निजी अस्पताल में पहुंचाया। जहां उनका उपचार जारी है। वहीं पुलिस ने ई-रिक्शा को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया। घायलो के अनुसार चालक नशे में था। चंदाडीह ग्राम पंचायत के महेंदुवा निवासी 10 महिलाएं एवं युवती ई-रिक्शा पर सवार होकर नगरा थाना क्षेत्र के निकासी गांव में शिव चर्चा करने गई थी। ई रिक्शा से वापस घर जा रही थी, इसी बीच ई-रिक्शा नगरा बाजार में पहुंचा ही था कि बीच सड़क पर अचानक पलट गया। ई रिक्शा पलटने से उसमें सवार रीमा, शांति देवी, विमला, कलावती, देवंती, शालिनी सहित चालक हरिंदर आदि घायल हो गए। रीमा और युवती शालिनी को सिर में गंभीर चोटे आई हैं। बाजार वासी तुरंत ई रिक्शा को खड़ा करके सवार घायलों को निकाला तथा एंबुलेंस बुलाकर उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं निजी चिकित्सक के यहां भेज दिया। बताया जाता है कि अत्यधिक नशा होने के वजह से चालक संतुलन खो बैठा और ई-रिक्शा पलट गया।

वॉलीबॉल के फाइनल में बालेपुर ने देवरिया हॉस्टल को हराकर खिताब पर जमाया कब्जा

बेल्थरारोड (बलिया)। जीएमएएम इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर चल रहे राज्यस्तरीय वॉलीबाल टूनार्मेंट के फाइनल में बालेपुर ने संघर्ष पूर्ण मुकाबले में देवरिया हॉस्टल को 2-0 से शिकस्त दे खिताब पर कब्जा जमाया। इसके पूर्व सेमीफाइनल में देवरिया हॉस्टल ने प्रयागराज को 2-0 तथा बालेपुर में मऊ को 2-0 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। पांच चक्र के फाइनल मैच में बालेपुर और देवरिया हॉस्टल के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। दोनों टीमों ने मैच जीतने के लिए पूरा प्रयास किया, लेकिन रोमांचक मैच में बालेपुर में मैच जीत कर श्रेष्ठता सिद्ध की। राष्ट्रीय प्रशिक्षक के रामजीत की अगुवाई में शिवाजी सिंह, रफीक अहमद, मलिक इरफान रेफरी रहे, जबकि सुशील तिवारी अरशद हिंदुस्तानी ने कमेंटेटर की भूमिका निभाई।

चिकित्सक डॉ. फैजुर्रहमान ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर शुभकामनाएं दीं। मौके पर खालिद जहीर, नन्हे भाई, महबूब आलम, गुड्डू, शहाब अहमद, परमहंस आदि मौजूद रहे।

निर्माण कार्यों में छोटी कमियों को तत्काल करें दुरुस्तः डीएम

बलिया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के साथ डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार ने विश्वविद्यालय के प्रथम चरण में हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। डीएम ने विश्वविद्यालय परिसर में निमार्णाधीन भवनों, पुस्तकालय व नवीन अकादमिक भवन के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। डीएम ने स्वयं इन भवनों का भ्रमण किया और निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन किया। डीएम ने अधिशासी अभियंता, लोनिवि खण्ड-5, आजमगढ़ को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में पाई गई छोटी-छोटी कमियों को आगामी 20 दिनों में दुरुस्त करा दें। इसके साथ ही उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कहा कि जरूरी सुधार कार्यों को अपने विभाग के किसी जिम्मेदार अधिकारी की देखरेख में संपन्न करायें। इस्टीमेट के अनुसार कार्यों को कराया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा इस्टीमेट में छूटे हुए कार्यों का आगणन बनाकर शासन को प्रेषित किया जाये। इस दौरान सीडीओ ओजस्वी राज, विवि के कुलसचिव एसएल पाल, वित्त अधिकारी आनंद दूबे के साथ जनपद के विभिन्न अधिकारी गण भी उपस्थित रहे।

बिजली कटते ही स्टेशन पर हो जाता है अंधेरे का साम्राज्य

बैरिया (बलिया)। रात में बिजली कटने के साथ ही रात में सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर अंधेरा का साम्राज्य आए दिन कायम हो जा रहा है। जिससे यात्रियों में भय का वातावरण पैदा हो जा रहा है। विशेषकर बिजली जाने के बाद स्टेशन पर महिलाएं व बच्चे अपने को असुरक्षित समझने लगते हैं। बता दे कि औड़िहार छपरा के बीच पूर्वोत्तर रेलवे का सबसे अधिक आय देने वाला सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन ग्रामीण रेलवे स्टेशन है। जहां मेल एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों को लेकर दो दर्जन से अधिक गाड़ियां रूकती है आती जाती है। हजारों पैसेंजर प्रतिदिन इस स्टेशन से ट्रेनों में चढ़ते उतरते हैं। ऐसे में स्टेशन पर जनरेटर उपलब्ध रहने के बावजूद रेल कर्मी केवल सिग्नल की लाइट व टिकट खिड़की के कंप्यूटर के परिचालन के लिए ही जनरेटर चलते हैं। उक्त जनरेटर से प्लेटफॉर्म या प्रतीक्षालय में लाइट का कनेक्शन नहीं दिया गया है। जिससे यहां रोशनी की व्यवस्था हो सके फल स्वरुप जब भी रात में बिजली जाती है यहां अंधेरा कायम हो जाता है। इस संदर्भ में रेल कर्मियों से जब पूछा गया की जेनरेटर चलाकर स्टेशन पर लाइट क्यों नहीं जलाई जाती है तो उनका उत्तर था इतना बड़ा जनरेटर नहीं है जो प्लेटफॉर्म व बुकिंग दोनों का लोड उठा सके नहीं इसके लिए ऊपर से आदेश प्राप्त है। इसलिए प्लेटफार्म पर जनरेटर जलाकर रोशनी नहीं दी जाती है और रोशनी नहीं रहने पर यात्रियों की परेशानी स्वाभाविक है।

> सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर बैरिया विद्युत उपकेंद्र के नगरीय व्यवस्था से बिजली आपूर्ति की जाती है। जहां चौबीसो घंटा बिजली रहे इसके लिए यहां एटी कनेक्शन होना चाहिए जैसा की बलिया छपरा सहित अन्य बड़े स्टेशनों पर है। तब बिजली नहीं कटेगी जहां तक जनरेटर की बात है अमृत भारत स्टेशन के रूप में यह स्टेशन चयनित है। संभव है यहां सोलर लाइट से रोशनी की व्यवस्था रेलवे करें।
>
> **प्रेम रंजन पटेल स्टेशन अधीक्षक सुरेमनपुर**

नगर पालिका ने अतिक्रमण के विरुद्ध चलाया अभियान

बलिया। नगर पालिका द्वारा पुलिस बल और जिला प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। मुख्य सड़क के किनारे बनी नाले नालियों पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया। साथ ही सड़क पर एडवरटाइजमेंट बोर्ड को जब्त कर जुमार्ना वसूला गया। सब्जी मंडी में अवैध रूप से अतिक्रमण करके सब्जी बेच रहे व्यक्तियों को चेतावनी देकर पुलिस बल के सहयोग से हटाया गया। अतिक्रमण अभियान में 27800 रुपए का जुमार्ना भी वसूला गया। उक्त अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान में डिप्टी कलेक्टर अभिनेद्र, अधिशासी अधिकारी सुभाष कुमार, नायब तहसीलदार विशाल सहित नगर पालिका के कर निर्धारण अधिकारी, सहायक अभियंता, सफाई एवं खाद निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक एवं नगर पालिका के अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे। अन्य कर्मचारी गणों के साथ पर्याप्त पुलिस बल भी उपस्थित रहा।

पहले होगा चौराहों का चौड़ीकरण, उसके बाद लगेगा ट्रैफिक सिग्नल

तैयारी

शहर को जाम से निजात दिलाने के लिये हटाया जा रहा अतिक्रमण

रोशन जायसवाल

बलिया। जिला प्रशासन मुख्य रूप से चार बिंदुओं पर अधिक फोकस कर रहा है। पहला बिंदु शहर के प्रमुख चौराहों को अतिक्रमण मुक्त कर चौड़ीकरण, उसके बाद ट्रैफिक सिग्नल लगाएगा। इसको लेकर धन भी स्वीकृत हो चुकी है। शहर के किनारे व फुटपाथों पर किये गये अतिक्रमण को नगरपालिका ने हटा दिया है। पुनः अतिक्रमण करने वालों से जुमार्ना भी वसूल रही है। नगरपालिका का यह मानना है कि जिन मार्गों से अतिक्रमण हटा दिया गया है यदि उन मार्गों पर पुनः अतिक्रमण यदि कोई करता है तो उससे जुमार्ना वसूल किया जाएगा। तीसरा फोकस यह है कि ओवरब्रिज के नीचे सुंदरीकरण होगा और स्टील की रेलिंग लगायी जाएगी। फूल पौधे आदि लगाये जाएंगे। वैसे जानकारी यह भी मिल रही है कि मालगोदाम एलआइसी रोड से लेकर बिचलाघाट तक सड़क के बीचोंबीच डिवाइडर बनाकर लाइट लगाया जाएगा, ऐसा इसलिये ि इस मार्ग पर प्रमुख मंदिरें है। अक्सर यहां पर जाम लगता है। इस दृष्टि से इस जगह को अतिक्रमण मुक्त कराकर मार्ग का चौड़ीकरण कराया जाएगा। इसके अलावा ओवरब्रिज से हटाये गये सब्जी व्यापारियों को नगरपालिका के 15 गलियों में बाजार स्थापित किया जाएगा। जो गली पूरी तरह से सेनेटरी गली व अतिक्रमण से ग्रसित है। इसके अलावा शहर को और भी बेहतर कैसे बनाया जाए, उसको लेकर जिला प्रशासन अपनी योजना बना रहा है।

ओवरब्रिज के पिलरों पर महापुरुषों का चित्र बनाता कारीगर।

ओवरब्रिज के नीचे हुआ चौड़ीकरण।

ओवरब्रिज के नीचे से हटाया गया सब्जी मार्केट।

ओवरब्रिज के खंभों पर बन रहा महापुरुषों का चित्र

बलिया। शहर को सुंदर बनाने के क्रम में ओवरब्रिज के खंभों पर महापुरूषों का चित्र बनाया जा रहा है जो आकर्षक का केंद्र होगा। इसको लेकर बाहर से कारीगर आये हुए है जो देर रात तक चित्र बनाने में लगे हुए है।

शहर को जाममुक्त करने की है सोच

बलिया। निकाय प्रभारी/सीआरओ त्रिभुवन ने बताया कि जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की यह सोच है कि बलिया शहर को सुदृढ़ किया जाए। अतिक्रमण से मुक्त कर शहर को जाम से निजात दिलायी जाए। वैसे शहर को सुंदर बनाने के लिये परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की भी सोच है। उम्मीद है कि बहुत जल्द बलिया शहर सुंदर लगेगा।

50 लाख रुपये से नपा मेले के लिये खरीदेगी जमीन

बलिया। नगपालिका परिषद बलिया द्वारा ददरी मेला के आयोजन के लिये 50 लाख रुपए की कीमत से जमीन खरीदेगी और भी धन की व्यवस्था होने के बाद शेष जमीनों को खरीदा जाएगा। ऐसा इसलिये रहा है कि मेले के नाम से जमीन हो ताकि ददरी मेला को मान्यता मिल सके।

शीशमहल बट बाजार को भी विकसित करने की हुई थी बात

बलिया। तत्कालीन जिलाधिकारी महमूद बट के नाम से प्रसिद्ध बट बाजार जो शीशमहल और रामलीला मार्ग पर स्थित है। यहां नगरपालिका की कीमती जमीन है। यहां मार्केट, काम्पलेक्स और पार्किंग के निर्माण की चर्चा हुई थी। लेकिन इस पर भी काम अभी शुरू नहीं हो सका। इन कीमती जमीनों पर सरकारी और गैर सरकारी गोदाम बनाये गये है। जबकि सरकारी गोदामों को खाली कराने का निर्देश हो चुका हैं। गैर सरकारी गोदामों का आवंटन भी रद हो चुका है।

चौक शहीद पार्क सुंदरीकरण के लिये भी है योजना

बलिया। पिछले कई माह पहले तत्कालीन जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह नगरपालिका अध्यक्ष संत कुमार मिठाई लाल ने शहीद पार्क चौक का स्थलीय निरीक्षण किया था। यहां चर्चा यह रही थी कि शहीद पार्क चौक को विकसित किया जाए। जहां भूमिगत पार्किंग की भी बात हो रही थी। साथ ही पार्क के चारों तरफ गुदरी बाजार रोड, लोहापट्टी रोड, अग्रसेन मार्ग (सिनेमा रोड), आर्यसमाज रोड, कासिम बाजार रोड, चौक-स्टेशन रोड इन मार्गों पर भव्य द्वार महापुरूषों और सेनानियों के नाम से बनाने की बात हो रही थी। इसके अलावा महावीर घाट काली मंदिर के पास गंगा मार्ग द्वार की भी बात हुई थी। अब देखना यह होगा कि इन विकास कार्यों में शासन और प्रशासन कितनी तत्परता दिखाती है।

सीएम सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 103 जोड़ों की हुई शादी

मऊ। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विभूति नारायण इण्टर कालेज, सूरजपुर, विकास खण्ड फतहपुर मण्डाव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विकास खण्ड दोहरीघाट के 26 जोड़े, विकास खण्ड-फतहपुर मण्डाव के 21 जोड़े, विकास खण्ड-बड़रांव के 18 जोड़े, विकास खण्ड मु०बाद गोहना के 12 जोड़े, विकास खण्ड घोसी के 11 जोड़े, विकास खण्ड कोपागंज के 08 जोड़े, विकास खण्ड-रानीपुर के 07 जोड़े सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामविलास चैहान, विधायक विधान सभा क्षेत्र मधुबन, विशिष्ट अतिथि मनोज राय, अध्यक्ष जिला पंचायत, सर्वेश राय, खण्ड विकास अधिकारी फतहपुर मण्डाव, खण्ड विकास अधिकारी दोहरीघाट तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी मऊ उपस्थित होते हुए जोड़ों को आशीर्वाद दिये। आज के कार्यक्रम में कुल 103 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। मुख्य अतिथि रामविलास चैहान विधायक द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में बताया गया कि इस योजना के अन्तर्गत विवाहित जोड़ों को उपहार सामग्री स्वरूप साड़ी सेट, दुल्हा हेतु पैण्ट शर्ट का कपड़ा, चांदी की बिछया 01 जोड़ी व पायल 01 जोड़ी, स्टील डिनर सेट, प्रेशर कुकर, ट्राली बैग, वैनिटी किट, दीवार घड़ी आदि प्रदान करते हुए विवाह के पश्चात रू० 35 हजार की धनराशि लाभार्थी के खाते में भेजी जाती है। उन्होंने बताया कि जनपद मऊ का कुल लक्ष्य 1051 है और अब तक कुल 454 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया जा चुका है तथा उनके खातों में रू0 35 हजार की धनराशि भेजी जा चुकी है। मा० विधायक जी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन को भी धन्यवाद दिया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित नागरिकों को अवगत कराया गया कि यह योजना मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है इस योजना का लाभ पाने हेतु अधिक से अधिक आवेदन करें।

एसपी ने पुलिस चौकी न्यायालय परिसर का किया उद्घाटन

मऊ। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी द्वारा मंगलवार को जिर्णोद्धार किये गये पुलिस चैकी न्यायालय परिसर थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ का उदघाटन किया गया। जिसमें लगाये गये सीसीटीवी कैमरों की जांच की गयी तथा परिसर में साफ सफाई बनाये रखने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्रि, क्षेत्राधिकारी मधुबन अभय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अंजनी कुमार पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर व अन्य पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

लंबे समय से थानों में रखे वाहनों की होगी नीलामी

दोहरीघाट, मऊ। थाना परिसर में काफी संख्या में लंबे समय से रखी लावारिस दो पहिया वाहनों की नीलामी होगी। यह नीलामी 27 जनवरी को थाना परिसर में 12 बजे से होगी। नीलामी से प्राप्त होने वाले धनराशि को राजकीय कोष में जमा कराया जाएगा। थानाध्यक्ष पमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि परिसर में काफी संख्या में लावारिस दो पहिया वाहन हैं, जिससे थाने की अधिक भूमि अच्छादित है। इसे देखते हुए वाहनों को ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत निलामी की जाएगी। यह नीलामी 27 जनवरी को दिन में 12 बजे से होगी। इससे प्राप्त धनराशि को राजकीय कोष में जमा कराया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि को नीलामी में शामिल हो सकता है।

जिला जज ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष का किया उद्घाटन

बलिया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित पाल सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की उपस्थिति में एसपी कार्यालय परिसर में वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने बताया कि पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को न्यायालय में बयान दर्ज कराने हेतु सम्मन साक्षी प्राप्त होने पर अन्य जनपदों में परमिशन लेकर जाना पड़ता था जिससे न्यायालय में सभी पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज करने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। साथ ही ड्यूटी में व्यस्तता के कारण कई बार पुलिस कर्मी अपना बयान दर्ज नहीं करा पाते थे जिससे मुकदमों का निस्तारण करने में काफी समय लग जाता था तथा पुलिसकर्मियों को भी पूर्व में नियुक्त रहे जनपदों में करीब 200-500 किमी0 की दूरी तय करके साक्ष्य देने हेतु जाना पड़ता था। इस सभी समस्याओं का निराकरण करते हुए मुख्यालय द्वारा जारी ई-साक्ष्य कराने के निर्देश के क्रम में वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष बनने से अब सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी का साक्ष्य किसी भी जनपद के किसी भी न्यायालय में हो तो वह आसानी से वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में उपस्थित होकर ई-साक्ष्य के माध्यम से अपना बयान दे सकेंगे। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अनिल कुमार झा, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपा शंकर, क्षेत्राधिकारी नगर गौरव कुमार शर्मा, सुभाष चन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी हेतु मिलेगा 20 हजार का अनुदान

मऊ। जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान योजना में पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी है। योजना के अन्तर्गत लाभार्थी को एकमुश्त रू0 20 हजार की धनराशि प्रेषित की जाती है। जनपद के समस्त सम्मानित अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों से अनुरोध है कि कृपया अपनी पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान योजना का लाभ पाये जाने हेतु वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन करने के उपरान्त समस्त संलग्नकों सहित ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत व्यक्ति अपने विकास खण्ड तथा शहरी क्षेत्र में निवासरत व्यक्ति अपने तहसील कार्यालय में जमा कर दें, ताकि योजना का लाभ दिया जा सके।

जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

निरीक्षण

निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

मऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के क्रम में मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी प्रवीण मिश्र ने ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वाह्य निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरो की सक्रियता, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायो सहित अन्य बिंदुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से वाह्य सुरक्षा व्यवस्था की अनवरत निगरानी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ही उन्होंने सुरक्षा गाड्र्स की शिफ्ट वार तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिला अधिकारी सत्यप्रिय सिंह, रामकरन यादव जिला महामंत्री भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, रामधनी चैहान समाजवादी पार्टी, राहुल निषाद, उमेश चंद्र, वीरेंद्र कुमार कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

सिविल बार एसो. के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण संपन्न

बलिया। वादकारियों को सुलभ एवं सस्ता न्याय दिलाने के लिए कटिबद्ध हूं। जब से आया हूं तब से ही देख रहा हूं, हालांकि उसका रिस्पांस भी मिल रहा है। वादकारियों के हित व अधिवक्ताओं के सम्मान को बचाना भी मेरी नैतिक जिम्मेदारी है हमेशा प्रयास करूंगा कि किसी को कोई परेशानी खड़ा न हो। अध्यक्षता कर रहे उक्त उदगार जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित पाल सिंह ने नवनिर्वाचित शपथ ग्रहण समारोह में व्यक्त किया। इससे पूर्व जिला जज ने न्यायिक अधिकारी गण, अधिवक्ता गण एवं गैर जनपद से पधारे बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन, अरुण त्रिपाठी, सदस्य जे एन पांडे एवं पदाधिकारियों संग मिलकर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर शपथ समारोह का शुभारंभ किया। इसी क्रम में पूर्व अध्यक्ष क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन देवेंद्रनाथ मिश्रा एवं वयोवृद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता रामाशंकर पांडे व सांसद सनातन पांडे, यशवीर सिंह ने नवनिर्मित न्यायालय का विरोध किया और जिला जज से वापस लाने का आग्रह किए। साथ ही वहां के परेशानियों को वखूबी बताया। शपथ ग्रहण अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दूबे, महासचिव अजय कुमार पांडेय, तथा अन्य निर्विरोध पदाधिकारियों का शपथ सम्पन्न हुआ। इस शपथ कार्यक्रम में प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश एन के सिंह, द्वितीय अपर जिला जज पुनीत कुमार गुप्ता, अपर जिला जज तृतीय नीलम ढाका, अपर जिला जज चतुर्थ रविकरन सिंह, अपर जिला जज फास्ट ट्रैक प्रथम ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, अपर जिला जज फास्ट ट्रैक द्वितीय राम कृपाल जी, अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या (03) हरिश्चंद्र, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट प्रथमकांत, अपर जिला जज (विशेष न्यायाधीश) ई सी एक्ट महेश चंद्र वर्मा, सी जे एम पराग यादव, सिविल जज(सीनियर डिवीजन) गार्गी शर्मा,सिविल जज (सी डी)एफ टी सी विराटमणि त्रिपाठी, उर्फी आजमी, क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार के अध्यक्ष रणजीत सिंह (साधु जी), सुरेंद्र कुमार तिवारी के अलावा अधिवक्ता एवं वादकारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन रविंद्र नाथ ओझा ने किया। जहां चुनाव अधिकारी गण द्वय विद्यासागर मिश्रा एवं पी एन वरिष्ठ अधिवक्ता भी उपस्थित रहे।

केंद्रीय मूल्यांकन का कुलपति ने किया निरीक्षण

बलिया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में विगत 25 दिसंबर से केंद्रीय मूल्यांकन का कार्य नियमित रूप से संचालित हो रहा है। जिसमें राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, इतिहास, भूगोल, भौतिक विज्ञान और शिक्षाशास्त्र के अलाका अन्य विषयों का मूल्यांकन पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा हिन्दी, कृषि विज्ञान, अंग्रेजी और रसायन विज्ञान सहित अन्य पाठ्यक्रमो का मूल्यांकन कार्य चल रहा है।

अभी तक लगभग 1 लाख 85 हजार स्नातक की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो चुका है। मूल्यांकन केंद्र पर बलिया सहित अन्य जनपदों के योग्य प्राध्यापकणों द्वारा मूल्यांकन कार्य संचालित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजीत कुमार गुप्ता ने मूल्यांकन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। कुलपति ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए, कुलपति के साथ नव नियुक्त सहायक कुल सचिव ने भी मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया। केन्द्रीय मूल्यांकन हेतु विश्वविद्यालय ने तीन सदस्यों की मूल्यांकन समिति का गठन किया है जो सम्पूर्ण मूल्यांकन का कार्य करा रही है। इस समिति के समन्वयक प्रो. अनुराग भटनागर, डां. छबिलाल, डा. सौम्या, डॉ पुष्पा मिश्रा, डॉ प्रियंका सिंह आदि मौजूद रहे।

बांसडीह में नीरज को मिला सनातन, रिजवी और सुधाकर का आशीर्वाद

जनसंदेश न्यूज

बलिया। राजनीति में कब क्या हो जाये कुछ कहा नहीं जा सकता। एक वक्त था जब पूर्व मंत्री रामगोविन्द चौधरी व नीरज सिंह गुड्डू की जोड़ी चचाओं में होती थी।

आज हालात यह है कि रामगोविन्द चौधरी व नीरज सिंह गुड्डू भले ही एक ही दल हो लेकिन राजनीति में आमने-सामने है। एक वक्त ऐसा भी आया जब 2017 के विधानसभा चुनाव में नीरज सिंह गुड्डू बांसडीह से शिवपाल सिंह यादव के पार्टी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़े थे और समाजवादी पार्टी से रामगोविन्द चौधरी चुनाव लड़े। जीत तो रामगोविन्द चौधरी को ही मिली। लेकिन नीरज सिंह गुड्डू अपने कदमो को बढ़ाते हुए बांसडीह की राजनीति में सक्रिय होते जा रहे है। 2022 के विधानसभा चुनाव में नीरज सिंह गुड्डू चुनाव नहीं लड़े और सपा से रामगोविन्द चौधरी चुनाव तो लड़े लेकिन जीत हासिल नहीं कर सके। सहतावार में आयोजित स्व. बद्रीनाथ सिंह की 23वीं पुण्यतिथि समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद सनातन पाण्डेय ने नीरज सिंह गुड्डू को आशीर्वाद दिया और हर सम्भव मदद की बात कही।

वहीं सिकन्दरपुर के विधायक मोहम्मद रिजवीं ने दहाड़ते हुए यह कहा कि नीरज सिंह गुड्डू अपने कदमों को पीछे मत हटाना, कोई कितना भी पैर खींचे घबराना मत आने वाले बांसडीह विधानसभा क्षेत्र के नेता के रूप में जनता का आशीर्वाद जरूर मिलेगा।

घोसी के विधायक सुधाकर सिंह ने कहा कि नीरज सिंह गुड्डू के पिता स्व. बद्रीनाथ सिंह से हमारे अच्छे रिश्ते रहे है मेरा आशीर्वाद सदैव नीरज सिंह गुड्डू के साथ है।

पुलिस के जवानों के लिये ऐसा कमरा, डीआईजी नाराज

बैरिया (बलिया)। समय के साथ सब कुछ आधुनिक करने का दौर चल रहा है। डिजिटल के व्यवस्था के साथ नये नये भवन भी इसमे शामिल है। इसी क्रम में बैरिया थाना परिसर में पुलिस कर्मियो के लिए बने चार मंजिला आवास की स्थिति देखकर पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ सुनील कुमार सिंह काफी नाराज हुए, और किसने बनाया है, इसके संदर्भ में जानकारी प्राप्त की। डीआईजी सोमवार की देर शाम बैरिया थाने का निरीक्षण कर रहे थे। तभी उन्होंने आवास की स्थिति देख नाराजगी जताई। बता दे कि बैरिया थाना परिसर में नवनिर्मित चार मंजिला भवन में कुल 32 पुलिस कर्मियों के लिए कमरे बने हुए हैं। जो काफी छोटा है। वही पाइप से पानी लीक कर रहा है। डीआईजी ने संकेत दिए की संबंधित कार्यदायी संस्था व ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिख सकते हैं। वही कोतवाल बैरिया रामायण सिंह इस संदर्भ में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। हालांकि देखने से ऐसा लग रहा है कि उक्त भवन के निर्माण में मानक का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन किया गया है।

कमरे ऐसे बने हुए हैं कि एक चारपाई डाल देने के बाद उसमें खड़ा रहने का भी जगह नहीं है। शायद ही ऐसा कैमरा किसी विभाग द्वारा बनाया जाता है। डीआईजी कार्यवायी के लिए लिखें या ना लिखे पुलिस अधीक्षक को इसकी जांच जरूर करनी चाहिए।

भवन निर्माण में काम कर रहे एक मजदूर मौके पर डीआईजी सुनील कुमार सिंह को मिला। जिससे उन्होंने भवन निर्माण के विषय में जानकारी मांगी, किंतु वह कुछ भी नहीं बता सका।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. स्वामीनाथ सिंह की मनायी गयी 48वीं पुण्यतिथि

सिकंदरपुर (बलिया)। श्री स्वामीनाथ सिंह सुरेंद्र महाविद्यालय धर्मपुर काजीपुर के परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं महाविद्यालय संस्थापक द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सेनानी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना कुमारी प्रगति एवं कुमारी प्रतीक्षा उपाध्याय व स्वागत गीत कुमारी सानिया खातून एवं गोल्डी यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजधारी ने कहा की शिक्षा के प्रति, समाज के प्रति एवं देश के प्रति अमर सेनानियों के प्रति स्व. स्वामीनाथ सिंह का काफी रुझान था। आदर्श इंटर कॉलेज सिवान कला के स्थापना में उनका प्रमुख योगदान रहा। आजीवन इस कॉलेज के वे अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने जीवन में अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया और शिक्षा के प्रति उनके विचारों को सम्मान भी है। नतीजा उनके परिवार के लोगों ने आज उनके नाम पर महाविद्यालय की स्थापना की है, निश्चित रूप से उनके प्रति उनकी सच्ची श्रद्धांजलि है। आजादी के लड़ाई में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए नतीजा तीन बार जेल भी जा चुके थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक भगवान पाठक ने उन्हें वंचित गरीबों का सच्चा हितैषी बताया। उन्होंने कहा कि वे आजीवन गरीबों के लिए लड़ते रहे और उनके प्रति गांव में इतनी श्रद्धा थी कि वे आजीवन अपने गांव के प्रधान भी रहे। प्रखर शिक्षा विद डॉक्टर विद्यासागर उपाध्याय ने अपने विचारों को साझा किया उन्होंने बताया की आजादी की लड़ाई लड़ने वाले सेनानियों को उसे समय भारत सरकार द्वारा उत्तराखंड में जमीन दी जा रही थी जिनको स्व. स्वामीनाथ सिंह जी द्वारा स्वीकार नहीं किया गया। उन्होंने पूरा जीवन बिना किसी लालच के देश की लड़ाई में अपनी अहम भूमिका निभाई और केवल प्रशस्ति पत्र ही प्राप्त की उनके द्वारा बताए गए सिद्धांतों पर आज के युवाओ को चलने की आवश्यकता है। और उन्हीं सिद्धांतों पर चलकर आज का युवा वर्ग देश का नव निर्माण कर सकता है। जिसका नतीजा है कि 48 वर्षों के बाद भी हम ऐसे महापुरुष को याद कर रहे हैं। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के संस्कृतिक कार्यक्रमों का छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजन किया गया जिसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। श्रद्धांजलि गीत के रूप में कुमारी सोनाली राज के द्वारा धन जन भरल बा कोठा अटरिया स्वामीनाथ सिंह कहां पे बाबा दोनों रति कीर्ति गवा ई गीत को भाव विभोर होकर भी हुआ अंदाज में प्रस्तुति दी, जिससे समस्त उपस्थित जनमानस के आंखों में आंसू आ गए। वही विश्वविद्यालय स्तर पर श्रेष्ठता सूची में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आये हुए अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंग वस्त्रम द्वारा महाविद्यालय परिवार के तरफ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजदेव सिंह, सुरेश सिंह, स्वामीनाथ राजभर, राम प्रसाद लेखपाल, धनंजय राय, राजकुमार मल्ल, सुरेंद्रनाथ पांडेय, सुनील कुमार राय, अजीत तिवारी, जितेंद्र पाल, चित्रलेखा तिवारी, अश्विनी सिंह, कामेश्वर प्रसाद आदि लोगों ने संबोधित किया। श्रद्धांजलि सभा में आए हुए अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्रबंधक दिनेश सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामाशंकर दूबे एवं संचालन बृजेंद्र श्रीवास्तव ने किया।

संक्षेप

पेटीएम के माध्यम से फ्रॉड किये गये 28 हजार रुपये खाते में कराये गये वापस

मऊ। साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना दक्षिणटोला साइबर पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए पेटीएम के माध्यम से पीडित शमीम अहमद नि0 डोमनपुरा गोलवा थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ के कुल धनराशि 28 हजार रुपये की सम्पूर्ण धनराशि अथक परिश्रम कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना दक्षिणटोला के अधिकारी/कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। साइबर अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है। बस जागरुक रहकर ही साइबर से बचा जा सकता है। बरामदकर्ता पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह, निरीक्षक अपराध राजीव कुमार, क0ऑ0 रविकांत सौंधिया, म0का0 प्रीति सिंह, का0 मुकेश भारती थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ षामिल रहे। साथ ही साथ थाना घोसी साइबर पुलिस टीम द्वारा अन्जान व्यक्ति द्वारा वादी के खाते से निकाले 38752 रुपये पीडित नरेन्द्र चैरसिया पुत्र मदन चैरसिया निवासी कस्बा खास थाना घोसी जनपद मऊ के कुल धनराशि 38752 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि वापस कराया गया।

डॉ. अभ्युदय सूर्यवंशी ने किया नेक कार्य, दो हजार जरूरतमंदों में वितरित किये कम्बल

मऊ। नगर के जीवनराम छात्रावास के मैदान में मंगलवार को कड़ाके की ठंड को देखते हुए स्वर्गीय रामचंद्र सिंह की स्मृति में उनके पौत्र डॉ अभ्युदय सूर्यवंशी ने 2000 से ज्यादा गरीबों में कंबल वितरित किया। वही रोटरी क्लब के डॉ अभ्युदय सूर्यवंशी तथा रोटरी अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने दिव्यांगों को कंबल वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। इस दौरान द्वारा डॉ अभ्युदय सूर्यवंशी गरीबों और असहायों में कंबल वितरित किया गया। भीषण सर्दियों में कंबल पाकर गरीबों के चेहरे मारे खुशी से खिल उठे। वहीं डॉ अभ्युदय सूर्यवंशी के इस कार्य की सराहना करते हुए रोटरी अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि ठंड में गरीबों में कंबल वितरित करके डॉ अभ्युदय सूर्यवंशी ने बेहद पुनीत कार्य किया है। इस कार्य में समाज के हर सक्षम व्यक्ति को आगे आना चाहिए। वहीं पूरे शहर भर से गरीबों को छात्रावास के मैदान में कंबल वितरित किया गया है। बताया जा रहा है कि कड़ाके की ठंड में स्वर्गीय रामचंद्र सिंह के पौत्र डॉ अभ्युदय सूर्यवंशी ने मसीहा बनकर गरीबो को कम्बल वितरित किया है। इस दौरान पुनीत श्रीवास्तव, प्रतीक जायसवाल, नीलेश, आयुष सिंह, रुद्र सिंह, रुस्तम, आशु सहित तमाम लोग मौजूद रहे है।

गुणवत्ता के संबंध में जन सुविधा के सवाल पर समझौता संभव नहीं: हंसूराम

बेल्थरारोड (बलिया)। 357 विधानसभा क्षेत्र बेल्थरारोड के विधायक हंसूराम ने मंगलवार को सीयर-सोनाडीह 8 किमी लंबे निर्माण में एफडीआर तकनीक गुणवत्ता की जांच कराई गई। तीन स्थानों से खोद कर मटेरियल के नमूने सील किए गए। विधायक राम ने कहा कि गुणवत्ता के संबंध में जन सुविधा के सवाल पर समझौता कत्तई संभव नहीं है। सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच हेतु प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के स्टेट क्वालिटी मॉनिटर लखनऊ एवं स्टेट ऑफिसर गोविंद चंद, ग्रामीण अभियंत्रण के सहायक अभियन्ता अभिषेक राय, एवं एवं अवर अभियंता शैलेन्द्र की उपस्थिति में निर्माण मटेरियल के नामुनेबलिए गए।जिला के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावे विधायक संग अरबाज खान, राजबहादुर यादव, उमेश अम्बेडकर, मनीष जयसवाल, राजेश राम आदि मौजूद रहे।

सनबीम स्कूल में खिचड़ी सहभोज में उमड़ा समरसता का भाव

बलिया। सामाजिक ताने-बाने को गुड़ रुपी सौहार्द व समरसता का मिठास अगरसंडा स्थित स्कूल में खिचड़ी सहभोज के आयोजन ने और प्रगाढ़ कर दिया। विद्यालय के शिक्षक नवचंद्र तिवारी ने बताया कि विद्यालय के नमन हाल में संपूर्ण शिक्षण स्टॉफ व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने एक साथ बैठकर खिचड़ी, दही संग विविध व्यंजनों का जमकर स्वाद लिया। सनबीम के सद्भाव ने इस पर्व की सार्थकता को समग्र रूप से अपनत्व के कागज पर हर्ष व उल्लास रूपी लेखनी से उकेरा। विद्यालय के निदेशक डॉ कुंवर अरुण सिंह ने कहा कि समरसता उत्पन्न करने वाले पर्वों पर ऐसे आयोजन सदैव होते रहने चाहिए। इससे जहां सहयोग और प्रेम की भावना उभरती है वहीं विसंगति दूर होकर आपसी भाईचारे में वृद्धि होती है। यह सहभोज मानस पटेल पर सदैव अंकित रहेगा। प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह ने कहा कि यह पर्व विविधता में एकता का संदेश देता है। आपसी विषमता को दूर कर समता का सामंजस्य प्रतिष्ठापित करता है। इस अवसर पर प्रशासक संतोष कुमार चतुवेर्दी, ग्लोबल कोऑर्डिनेटर सहर बानो, हेडमिस्ट्रेस नीतू पांडेय व कोऑर्डिनेटर्स जयप्रकाश यादव, रेनू दुबे, निधि सिंह, टीआई शिव सर्जन सिंह, पवन गुप्ता, नीतीश गुप्ता, शमीम खान आदि की भूमिका सराहनीय रही।

58 मोबाइल को सर्विलांस टीम ने सौंपा वापस

बलिया। सर्विलांस टीम बलिया के अथक प्रयास से जनपद के विभिन्न थाना अंतर्गत गुमशुदा 58 मोबाइल रिकवरी किया। जिसकी कीमत 12 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में मोबाइल स्वामियों को बुलाकर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने मोबाइल सुपुर्द कर दिया। जिस प्रकार मोबाइल स्वामियों के चेहरे प्रफुल्लित हो गए। मोबाइल बरामद करने वाली टीम में विश्वनाथ यादव प्रभारी सर्विलांस सेल बलिया, मुख्य आरक्षी रोहित कुमार, आरक्षी विकास सिंह, आरक्षी विनोद रघुवंशी, आरक्षी अर्जुन यादव रहे।

पेंशनर्स को कोषाधिकारी ने किया सम्मानित

बलिया। गर्वमेंट पेंसनर्स वेल्फेयर बलिया में स्थित पेंशनर भवन में रामजी सिंह पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित मीटिंग में पारसनाथ श्रीवास्तव, जिला स्वास्थ्य शिक्षक एवं बलभद्र प्रसाद श्रीवास्तव के प्रकरण पर विचार विस्तार से चर्चा हुई। फतेह चंद्र गुप्त बेचैन को वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद दुबे द्वारा नए वर्ष की डायरी कलम देकर सम्मानित किया गया। राम सिंह, केके शर्मा, सुरेंद्रनाथ दुबे, भृगुनाथ यति, लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता, कामता प्रसाद, अरुण कुमार, रामजन्म यादव, राधा कृष्ण, बलभद्र प्रसाद, शिव शंकर पांडेय, रमाशंकर श्रीवास्तव, सत्यनारायण यादव, दशरथ यादव, मोहनलाल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। संचालन कृष्ण कुमार शर्मा ने किया।

राजू दास सनातन का सबसे बड़ा दुश्मन: रौशन सिंह

बलिया। सनातन धर्म व गौरक्षा के प्रदेश प्रचारक रौशन सिंह चंदन ने भगवान श्रीराम की जन्मस्थली पर स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर के तथाकथित महंत राजू दास को इस कलयुग के सनातन धर्म का सबसे बड़ा दुश्मन कहा है। रौशन सिंह ने कहा कि राजू दास न संत है, न महात्मा है और न महंत है। वह शुद्ध रूप से उल्टा बयान किसी पर भी देकर चर्चा में रहना चाहता है, वह हमेशा राजनीती में रहकर पैसा कमाना चाहता है। जब जब चुनाव आता है वह अयोध्या में बैनर पोस्टर लगाता है और फिर धनबल प्रत्याशी देखकर अपने आपको सौदा कर लेता है ऐसे मनुष्य को कोई कैसे संत या महंत कह सकता है। सनातन धर्म के प्रदेश संयोजक रौशन सिंह ने अयोध्या जिलाधिकारी व हनुमानगढ़ी मंदिर के पीठधिश्वर तथा स्थानीय संत महात्माओं से अपील किया है कि राजू दास जैसे व्यक्ति को अयोध्या से आजीवन निष्कासित किया जाए।

जालसाज कोचिंग संचालक गिरफ्तार, तीन माह से था फरार

सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर की लाखों अवैध वसूली, दिया फर्जी ज्वाइन लेटर

रेवतीपुर पुलिस की गिरफ्त में नौकरी के बदले रुपए लेने का मास्टर माइंड विनोद गुप्ता, सहयोगी युवती कृष्णा उपाध्याय

जनसंदेश न्यूज

रेवतीपुर। सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं से अवैध धन वसूली करने वाला जालसाज कोचिंग संचालक विनोद गुप्ता आखिर गिरफ्तार हो गया है। आरोपी करीब तीन माह से फरार चल रहा था। इस दौरान इसके ऊपर सात मुकदमें दर्ज हो चुके है। पुलिस को यह कामयाबी बीते सोमवार को वाहन चेकिंग के समय में मिली। पुलिस के मुताबिक जालसाज नगदीलपुर गाँव के बक्सू बाबा कोचिंग एकेडमी के संचालक विनोद गुप्ता और उसके एक अन्य सहयोगी युवती कृष्णा उपाध्याय को तिलवां मोड़ से गिरफ्तार किया । दोनों आरोपी बिहार जाने की फिराक में हाईवे किनारे वाहन का इंतजार कर रहे थे। इनके पास से तीन मोबाइल बरामद किया। पूछताछ के बाद मंगलवार को दोनों आरोपियों को सम्बन्धित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक इस हाइप्रोफाइल मामलें में यह पहली गिरफ्तारी है। इस गैंग में कुल 13 सदस्य है। जिसमें से 11 अभी फरार चल रहे। जिन्हें पुलिस और एसओजी की टीमें दबोचने में लगी है। उनके सम्भावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

बतादें, नौकरी के बदले लाखों रूपए वसूलने में आरोपितों पर अब तक धोखाधड़ी आदि के कुल सात मुकदमें पीड़ितों के तहरीर के आधार पर दर्ज हो चुके है।

कोचिंग एकेडमी संचालक और उनके लोगों पर पहला मुकदमा नगदीलपुर गाँव निवासी विदेशी चौधरी के तहरीर पर हुआ था। विदेशी चौधरी ने एक अक्टूबर 2024 को तहरीर देकर बताया था कि नौकरी के बदले करीब दस लाख रुपए ले लिया, मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है।

> मामले में दो आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है शेष की तलाश में छापेमारी जारी है।
>
> **प्रभारी निरीक्षक पवन उपाध्याय**

बिहार और झारखंड के युवकों को बनाया निशाना

कोचिंग संचालक ने सरकारी नौकरी के नाम पर यूपी से लेकर बिहार और झारखंड के युवकों को निशाना बनाया था। शिकायतकताओं में मीना कुमारी निवासी चित्तरकोटा, बडका टोली थाना रातू झारखंड, जूली कुमारी खेलड़िया थाना विक्रमगंज रोहतास बिहार और गुलाम कादिर निवासी महदहा थाना रूद्रपुर जनपद देवरिया के निवासी है। इसके अलावा कोचिंग संचालक और उनके लोगों पर नौकरी के बदले धोखाधड़ी के जरिए नगदी और खाते में तीस लाख से अधिक रुपए लेने का आरोप लगाया है। इसके अलावा जालसाजों ने फर्जी ज्वाइन लेटर तक बिहार के सचिवालय में नौकरी दिलाने के लिए दिया था।

पशुओं से भरी स्कॉर्पियो पलटी, तस्कर फरार

जमानियां। कोतवाली क्षेत्र के चक्काबांध पंप कैनाल मार्ग पर स्थित नहर पुलिया के पास मंगलवार की सुबह करीब 5:45 बजे पीछा कर रही डायल 112 पीआरवी से बचने के चक्कर में गोवंशो से भरा स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया तथा अंधेरे का लाभ उठाकर दो पशु तस्कर भाग निकले। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से स्कॉर्पियो वाहन में लदे पांच गोवंश को बाहर निकलवाकर चार गोवंश को कान्हा गौशाला भेजवाया तथा क्रेन से क्षतिग्रस्त वाहन को निकलवाकर कोतवाली ले गई। जानकारी के अनुसार तहसील की तरफ से स्टेशन बाजार की ओर आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियों को देख शंकावश डायल 112 पुलिस बड़ेसर गॉव के पास से पीछा करने लगी। पुलिस को पीछे आता देख स्कार्पियों चालक चक्काबांध पंप कैनाल मार्ग की तरफ भागने लगा। सामने से आ रहे ट्रैक्टर के देख स्कार्पियों चालक अपना नियंत्रण खो दिया तथा पुलिया के पास बिजली के खंभे को तोड़ते हुए सड़क किनारे खेत में पलट गया। अंधेरे का लाभ उठाकर पशु तस्कर मौके से फरार हो गये। घटना को देख ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से स्कॉर्पियो वाहन में क्रुरता से बंधे तीन गाय और दो गोवंश को बाहर निकलवाया। जिसमें एक गाय की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने नपा अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार को मौके पर बुलाकर 4 गोवंशो को सुपुर्द किया। सभी पशुओं को कान्हा गौशाला में भेजा गया। घायल पशुओं के इलाज हेतु पशु चिकित्साधिकारी श्रवेश कुमार भी मौके पर पहुंच गये। पुलिस क्रेन से क्षतिग्रस्त वाहन को निकलवाकर कोतवाली ले गई। स्टेशन चौकी प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि क्षतिग्रस्त स्कार्पियों वाहन को कब्जे में लेकर बरामद पशुओं को कान्हा गौशाला में सुपुर्द कर दिया गया है तथा फरार पशु तस्करों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है।

राममुनि यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर गरीबों में बांटे एक सौ पचास कंबल

भांवरकोल। स्थानीय विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बढनपुरा के पूर्व प्रधान एवं सामाजिक कार्यकर्ता राज सिंहासन यादव ने अपने पिता स्व. राममूनि यादव की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। एक सौ पंचास से अधिक सुरिया,रामपति,रुदल, सच्चिदानंद राम,सुरजी,बच्चन राम,सीता राम,चतुरी साह, गायत्री देवी,बचनू जग्गनाथ आदि मे कंबल वितरित किया। अपने पूजनीय स्वर्गीय पिता को याद करते भावुक स्वर में कहा कि पिताजी ने जिस अथक परिश्रम मेहनत मजदूरी और अपना पेट काट कर हमलोगों का पालन-पोषण करते हुए एक सम्मान स्तिथि में खडा किया। इसके लिए हमलोगों आजीवन उनका ऋणी रहेंगे। इस अवसर पर उनके याद में हर साल गरीबों को सहयोग देने के संकल्प को दोहराते हुए मिल्कियाना पशु एजेंसी का उद्घाटन गणमान्य लोगों शिवबली यादव, अभय नारायण यादव,सरजू भैया, अरविंद यादव, तरका प्रधान बंगाली यादव, पूर्व प्रधान श्रीराम राय, प्रधानाचार्य अच्युतानंद राय,चंदन रायआदि उपस्थिति में किया गया।

अब सदस्यों ने ठाना, बजट में नहीं होगा मनमाना

बैठक

जिला पंचायत सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने अपर मुख्य अधिकारी से मिलकर की वार्ता

अपर मुख्य अधिकारी से वार्ता करते जिला पंचायत सदस्य।

गाजीपुर। जिला पंचायत अध्यक्ष और सदस्यों के बीच आपस में खीचतान जारी है। अध्यक्ष के लाख प्रयास के बाद भी सदस्य अपनी मांग पर कायम है। विकास कार्यो के भारी भरकम बजट में भेदभाव को लेकर आक्रोशित है। वहीं, पुनरीक्षित बजट और अनुपूरक कार्ययोजना को लेकर विरोध जता चुके है।

हालांकि, अध्यक्ष और सदस्यों के बीच बैठक हो चुकी है, लेकिन कोई सकारात्मक हल नहीं निकला है। जिससे क्षेत्र में विकास कार्यो में अवरोध पैदा हो रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष और सदस्यों के बीच लड़ाई से जिले का सियासी पारा चढ़ गया है। सत्ता पक्ष और विपक्षी दल कोई खुलकर सामने नहीं आ रहा है। जबकि लामबंद सदस्य अपनी लड़ाई को गति देने में लगे हुए है। वहीं, अध्यक्ष अपने पाले में अधिक से अधिक सदस्यों को लाने के लिए कोशिश में जुट गए हैं। देखना है कि किसकी संख्या अधिक होती है। जिसके बाद कोई फैसला हो सकता है। बतादें, जिले में 67 जिला पंचायत सदस्य है। जिसमें 50 से अधिक सदस्य अध्यक्ष के विरोध में लामबंद है। जो जिला पंचायत की बैठक का बहिष्कार भी कर चुके है।

जिला पंचायत सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल में अजय यादव, भरत राय, अनिल राय, नरेंद्र, मटरू पहलवान, नरेंद्र राव, रूदल गौतम, टिंकू, शिवपूजन, अनुराग, महेश, नितेश, रणजीत, लालजी, गोविंद आलोक, सुखारी आदि लोग शामिल रहे।

बैठक हो जल्द, विकास कार्य प्रभावित

इधर, मंगलवार को जिला पंचायत सदस्यों का एक प्रतिनिधि मंडल अपर मुख्य अधिकारी अरविंद आनंद से मिलकर विभिन्न मुद्दों पर वार्ता किया। सदस्यों ने मांग किया कि जो कार्य विवाद में 2020-21 से अब तक फसा है। उसका जल्द से जल्द परिवर्तन हो। प्रस्तावित कार्य का वर्क आईडी जल्द से जल्द बनाया जाए। पिछली बैठक के सवालों का जवाब देते हुए जल्द से जल्द जिला पंचायत की बैठक बुलाया जाए। जिससे जिले का विकास प्रगति पर हो।

छात्र की जान बचाने में मुड़ियार के नीरज ने कुर्बान की जान

दुःखद

15 फरवरी को बिहार प्रांत में इंटर कॉलेज में प्रवक्ता पद पर करना था ज्वाइन

जनसंदेश न्यूज

सैदपुर। रामपुर मांझा थाना क्षेत्र के चकेरी स्थित एक स्कूल के पास कार सवार शिक्षक व उसके छात्रों पर हौसला बुलंद बदमाशों द्वारा तीन दिनों पूर्व किए गए जानलेवा हमले के बाद आखिरकार शिक्षक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं छात्र का इलाज चल रहा है। वाराणसी के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जिसके बाद मंगलवार की शाम 5 बजे शव को घर लाया गया। इधर इस मामले में नामजद तहरीर दिए जाने के बावजूद अब तक पुलिस ने हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया है।

मुड़ियार गांव निवासी 30 वर्षीय नीरज पाण्डेय पुत्र संजय पांडेय शिक्षण कार्य करने के साथ ही खुद भी तैयारी करते थे। तैयारी के दौरान ही उसने अभी कुछ ही समय पूर्व नेट की परीक्षा पास करने के साथ ही जेआरएफ भी हासिल की थी। होनहार नीरज ने बिहार में इंटर कॉलेज में प्रवक्ता पद पर नौकरी मिली थी। उक्त पद पर उन्हें आगामी 15 फरवरी को ही ज्वाइन करना था। जिसके चलते घर में खुशी का माहौल था। इस बीच 18 जनवरी की रात में रामपुर मांझा के बाबा कीनाराम मंदिर पर किसी की शादी थी। जिसमें शामिल होकर देर रात करीब 11 बजे नीरज अपनी कार से घर जाने के लिए निकले। उनकी कार में उनके 4 छात्र भी थे और गाड़ी के आगे बाइक से उनके दो छात्र चकेरी निवासी रूद्रप्रताप सिंह पुत्र अमरनाथ सिंह व देवचंदपुर निवासी श्वेतांक शर्मा पुत्र रविंद्र नाथ शर्मा चल रहे थे।

> नामजद तहरीर देते हुए मृतक के चाचा सुनील कुमार पुत्र स्व. शिवशंकर ने बताया कि अभी वो चकेरी स्थित हरिजन कल्याण विद्यालय के पूर्व तिराहे पर पहुंचे ही थे कि उसी समय चकेरी निवासी गौरव कुमार सिंह, यशवंत सिंह उर्फ चिट्टू निवासी देवचंदपुर व अभिषेक सिंह निवासी मलिकशाहपुर वहां मौजूद थे। बताया कि रूद्रप्रताप सिंह को छोड़कर आने के दौरान उक्त लोगों ने बाइक सवार श्वेतांक को गालियां देते हुए रोक लिया और उसकी बाइक की चाबी निकाल लिए। इसके बाद कुछ कही सुनी बातों को लेकर श्वेतांक को मारने पीटने लगे।

मृतक का एक साल का था बच्चा

वहीं, मृतक की पत्नी पूजा समेत मां बीना देवी का रो-रोकर बुरा हाल था। पत्नी रोते-रोते अपने एक साल के एकलौते बच्चे को गोद में लिए अचेत हो जा रही थी। उसकी चीख पुकार सुनकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गई थीं। मंगलवार की शाम 5 बजे पोस्टमार्टम के बाद शव मुड़ियार स्थित घर पर पहुंची। घटना के बाबत कोतवाल योगेंद्र सिंह व खानपुर एसओ प्रवीण यादव मय फोर्स तैनात थे। रामपुर मांझा थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज है, उसमें हत्या की धारा बढ़ाकर जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

चौबीस घंटों में दो मौत, हड़कंप

बता दें कि 24 घंटों के अंदर थानाक्षेत्र में दो ऐसी मौतें हुई हैं, जिनमें दोनों पर एक ही गांव क्षेत्र में हमला किया गया था। पहली घटना चकेरी में ही खेत में सिंचाई कर रहे एक किसान के साथ हुई थी, जिसे अज्ञात बदमाशों ने मारपीट कर लहूलुहान कर दिया था और उसकी भी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। अब उसी गांव में एक और हमले में एक होनहार की मौत हो गई है।

लाठी डंडे से वार कर किया घायल

अपने छात्र को पिटता हुआ देखकर पीछे मौजूद कार में सवार नीरज निकला और उसने बीच बचाव किया। जिस पर उक्त बदमाशों ने डंडे से नीरज के सिर पर वार कर लहूलुहान कर दिया और गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। इधर नीरज वहीं अचेत होकर गिर गया। जिसके बाद उसे व श्वेतांक को फौरन सैदपुर सीएचसी ले जाया गया। जहां से उन्हें वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान आखिरकार नीरज की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

संक्षेप

यूपी दिवस की तैयारियों को लेकर वर्चुअल बैठक

गाजीपुर। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में वचुर्वल मीटिंग जूम के माध्यम से 23-26 जनवरी, तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय यूपी दिवस की तैयारियों के संबंध में वचुर्वल मीटिंग का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आडिटोरियम हाल निकट विकास भवन में आयोजित किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त तहसीलो/ब्लाक स्तर/ग्राम पंचायत/नगर पंचायतों में 23 जनवरी, 2024 को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती हर्षोउल्लास के साथ मनाये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश दिवस 24 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाना है। प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार इस वर्ष यूपी दिवस निवेश-रोजगार की थीम पर आयोजित होगा। यूपी दिवस में जनपद के गौरवशाली इतिहास एवं स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन से जुड़े शहीद स्मारको एवं स्थलों पर आधारित अभिलेख एवं चित्रों के प्रदर्शन के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जनपद की महान विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा। यूपी दिवस के आयोजन में ओडीओपी, खादी ग्रामोद्योग कृषि विभाग, उद्योग विभाग, पर्यटन विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा, ग्राम्य विकास, नेहरू युवा केन्द्र, मनरेगा, समाज कल्याण सहित अन्य विकास परक विभागों द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन कर योजनाओं के बारे में लोगो को जन जागरूक किया जाएगा।

गांजा तस्कर गिरफ्तार

जमानियाँ। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चक्काबांध के पास मंगलवार की सुबह करीब 7.30 बजे 550 ग्राम नाजायज गांजा के साथ पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी अशेषनाथ सिंह ने बताया कि अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस चक्काबांध के पास संदिग्ध व्यक्तियों व वाहन की चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान मुखबीर की सूचना पर एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी लिया गया तो उसके पास से 550 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम राम बिन्द बताया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि अजय कुमार, प्रदीप पाण्डेय मौजूद रहे।

स्नेह-प्यार रहेगा हमेशा याद : संजय

सेवराई। स्थानीय तहसील के उपजिलाधिकारी संजय यादव के स्थानांतरण के बाद तहसील सभागार कक्ष में किसान नेता भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उपजिलाधिकारी संजय यादव को फूल मालाओं अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर ससम्मान विदाई दिया गया। वहीं नवागत उपजिलाधिकारी लोकेश कुमार को फूल ,माला ,अंगवस्त्रम व फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। उपजिलाधिकारी संजय यादव ने कहा कि मेरे पूरे कार्यकाल में क्षेत्र के समस्त जनता राजस्व कर्मियों व पत्रकार साथियों का भरपूर सहयोग मिला। आम जनता की समस्याओं को पत्रकार साथियों द्वारा अवगत कराकर जहां मुझे लोगों की समस्याओं के समाधान में सहयोग मिला। वही सभी राजस्व कर्मी भी भरपूर सहयोग किये। नवागत उप जिलाधिकारी लोकेश कुमार ने लोगों का सहयोग का अपेक्षा करते हुए शासन के दिशा निर्देशों के तहत न्याय का भरोसा दिलाया। इस मौके पर किसान नेता भानु प्रताप सिंह ,अवधेश सिंह, बलवंत सिंह, जैनुल वशर, जामा खान,गुदरी यादव, राम इकबाल यादव ,शिवाजी यादव ,उपेंद्र राम राकेश राय जनक यादव आदि लोग मौजूद रहे।

ढाई माह में शेष बजट खपाने की तैयारी

गाजीपुर। वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति होने में अब सिर्फ ढ़ाई माह शेष रह गए हैं, ऐसे में चालू वित्तीय वर्ष में स्वीकृत बजट में से शेष बजट खपाने की पूरी तैयारी कर ली गई। बजट खर्च की गत 31 दिसंबर तक की रिपोर्ट बता रही है कि मूल बजट के मुकाबले जिले में कई विभागों में 70 फीसदी से अधिक की धनराशि खर्च नहीं हो पाई है। विकास भवन में संचालित कई विभाग बजट के मद में प्राप्त धनराशि को खर्च करने के लिए विकास कार्यों का खाका भी तैयार कर लिया है। इस समय सभी सरकारी विभागों में नए वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट बनाने की तैयारी चल रही है। यह बजट फरवरी के दूसरे सप्ताह में विधानसभा में पेश होने की उम्मीद है। एक अप्रैल से नए बजट से प्रदेश सरकार कामकाज शुरू करेगी। ऐसे में विभागों द्वारा चालू वित्तीय वर्ष का बजट खपाने की पूरी तैयारी कर ली गई है। उधर विकास भवन में संचालित कई विभागों के अलावा लोनिवि, सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग बजट संबंधित डाटा देने में आनाकानी कर रहे हैं। विभागीय सूत्रों ने बताया कि कई विभाग अभी तक 50 से 60 फीसदी की ही धनराशि खर्च कर पाई है, जिस वजह से डाटा देने में आनाकानी कर रहे हैं।

कुत्ते को बचाने में टेपो पलटा,पांच घायल

दुल्लहपुर। स्थानीय मुख्य बाजार में एक टेंपो दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें पांच यात्री घायल हो गए। चिरैयाकोट से दुल्लहपुर रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे टेंपो के सामने अचानक एक आवारा कुत्ता आ गया। इससे घबराकर एक यात्री अनिल यादव का पैर ड्राइवर के हैंडल से टकरा गया, जिससे टेंपो का संतुलन बिगड़ गया और वह एक बंद दुकान से जा टकराया।हादसे में टेंपो चालक पीयूष यादव (सरसेना, मऊ) के चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। यात्री अनिल प्रसाद यादव, उस्मानी,बृजेश यादव का बायां कान कट गया। जिसका स्थानीय स्तर पर इलाज किया गया। चिरैयाकोट निवासी मनोज वर्मा की स्थिति गंभीर बनी हुई है। 60 वर्षीय फूलचंद को गंभीर चोटों के कारण बिरनो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से वाराणसी रेफर कर दिया गया है। दुल्लहपुर थानाध्यक्ष केपी सिंह ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए भेज दिया गया है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

एमक्यूएस के लिए वर्चुअल एक्सटर्नल असेसमेंट

मरदह। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुनील कुमार पाण्डेय के निर्देशन व प्रोत्साहन से मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेंद्र घरिहाँ का एमक्यूएस हेतु वर्चुअल एक्सटर्नल असेसमेंट राष्ट्रीय असेसर डा. सुभांगी पटेल और डा. आर.डी. अकिल के द्वारा प्रातः 10 बजे से 5:00 बजे तक किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रविरंजन सी.एच.ओ.स्नेहलता व ए.एन.एम. प्रियंका सिंह व शीला सिंह का मण्डलीय डिवीजनल कंसल्टेंट एमक्यूएस आर.पी.के.सोलंकी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रभुनाथ, जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर अनील वर्मा, जिला कंसल्टेंट अनील शर्मा का योगदान महत्वपूर्ण रहा। मौके पर प्रधान आशा, सवार्नंद, बी.पी.एम.प्रेमप्रकाश, बी.सी.पी.एम.रेयाज सुल्तान, बी.ए.एम.आदिल अख्तर, डाटा आपरेटर राकेश सागर, प्रियंका, प्रमिला, नीलम, कुमारी नीलम, पूनम, नीलम, कविता, शिखा के साथ ही सभी आशाओं के साथ आशा संगिनी भी उपस्थित रहे।

धू-धू कर चली कार

दिलदारनगर। स्थानीय निवासी दिनेश्वर सिंह वाराणसी से लौटते समय कैथी टोल प्लाजा पर कार में आग लगने से बाल-बाल बच गए। जबकि वाहन जलकर खाक हो गया। दिलदारनगर निवासी दिनेश्वर सिंह अपनी कार से वाराणसी से गाजीपुर जा रहे थे। टोल प्लाजा पर गाड़ी रुकते ही उन्होंने कार से धुआं निकलते देखा। जब तक वे स्थिति समझ पाते, कार के बोनट से आग की लपटें उठने लगीं।

शान से लहराएगा तिरंगा, पुलिस कर्मियों व विद्यार्थियों ने किया रिहर्सल

गणतंत्र दिवस समारोह के लिए पुलिस लाइन में पुलिस के जवानों ने किया अभ्यास, रंगारंग कार्यक्रमों के लिए छात्र-छात्राएं भी कर रहे तैयारी

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। जिले में गणतंत्र दिवस पर तिरंगा आन-बान-शान से रविवार को सरकारी-गैर सरकारी और विभिन्न संस्थानों में फहरेगा।

गणतंत्र दिवस से पूर्व हर कोई तैयारियों में जुटा दिखा। बाजार में लोग झंडे लेते दिखे। वहीं स्कूलों में छात्र-छात्राओं की ओर से गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। उधर, पुलिस लाइन में पुलिस के जवानों ने परेड की रिहर्सल की।

गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन में परेड, सलामी, जवानों की ओर से हैरतअंगेज कारनामों सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की ओर से रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी।

सुबह से लेकर दोपहर बाद तक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए पिछले कई दिनों से पुलिस लाइन परिसर में जवान परेड आदि की रिहर्सल कर रहे हैं। विभिन्न स्कूलों की छात्र-छात्राओं की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर पूर्वाभ्यास किया जा रहा है।

कलेक्ट्रेट सभागार में गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक करती डीएम

गणतंत्र दिवस पर मलिन बस्तियों में लगेगा कैंप

गणतंत्र दिवस पर समस्त टाउन एरिया के सटे ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई, अभियान चलाया जायेगा तथा सभी मलिन बस्ती की सफाई, अभियान चलाकर समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत द्वारा किया जायेगा तथा मलिन बस्ती तुलसी सागर एवं महाजन टोली में स्वास्थ कैम्प लगाकर/निःशुल्क दवा वितरण का आयोजन किया जायेगा। प्रातः 09 बजे सभी आगनबाड़ी केन्द्रों पर सरकारी योजनाओं क बारे में संगोष्ठी आयोजित कर उपस्थित सभी बच्चों को पंजरी हल्वा एवं लड्डू का वितरित किया जायेगा। जिनके नोडल अधिकारी कार्यक्रम अधिकारी होंगे।

नेहरू स्टेडियम से साइकिल दौड़

नेहरू स्टेडियम से साइकिल दौड़ 10 किमी जिला क्रीड़ा अधिकारी द्वारा सम्पन्न कराया जायेगा। प्रातः 09:30 बजे पुलिस लाईन में झण्डा रोहण व परेड का कार्यक्रम किया जायोगा। 09:30 बजे जिला अस्पताल/महिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण का कार्य एवं जिला अस्पताल में स्थित पोषण पुर्नवास केन्द्र के मरीजो को उपरोक्तानुसार फल आदि का वितरण भी किया जायेगा। 10 बजे समस्त सरकारी/गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं में झण्डारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। 11:00 बजे जिला कारागार में कैदियों को फल एवं मिष्ठान वितरण किया जायेगा। महापुरूषों की मूर्तियों एवं परिसर की साफ-सफाई तथा रंग रोगन नगरी क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खण्ड विकास अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। मुख्य चौराहों पर देश-भक्ति के गीत बजवाने की कार्यवाही/व्यवस्था अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत द्वारा किया जायेगा।

डीएम फहरायेंगी तिरंगा

झण्डारोहण के पश्चात 8.40 बजे कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी द्वारा एवं तहसीलों में सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/सैन्य कर्मियों की विधवाओं को सम्मानित किया जायेगा। 9.00 बजे नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्र में एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा महापुरूषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण करेंगे

गतणंत्र दिवस को लेकर डीएम ने मातहतों को दी जिम्मेदारी

गाजीपुर। गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम के तैयारियों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न की। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि 26 जनवरी के दिन स्वतंत्र भारत में संविधान को लागू किया गया एवं देश को धर्म निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया गया। संविधान के माध्यम से भारत के समस्त नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता एवं न्याय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। इसी क्रम में 26 जनवरी को मनाये जाने वाले कार्यक्रम को भव्य मनाने हेतु निम्नलिखित दिशा निर्देश दिये गये है जिसमें 7.30 बजे स्कूली बच्चों द्वारा प्रभातफेरी दो भागो मे आयोजित की जायेगी। टाउनहाल से प्रारम्भ होकर कलेक्ट्रेट त्रिमुहानी पर पहुँचकर समाप्त होगी तथा पी0जी0 कालेज चौराहा से प्रारम्भ होकर कलेक्ट्रेट त्रिमुहानी पर समाप्त होगी। इस अवसर पर समस्त सरकारी भवनों पर प्रातः 8.30 बजे झण्डा अभिवादन एवं राष्ट्रगान होगा तथा संविधान में उल्लिखत संकल्प लिया जायेगा इसके पश्चात कलेक्ट्रेट परिसर में प्रभातफेरी से वापस आये बच्चों, सम्मानित अतिथियों एवं नागरिको को मिष्ठान वितरण किया जायेगा।

तिरंगा, झंडा और बैज की हो रही बिक्री

नगर के बाजार में गणतंत्र दिवस को लेकर तिरंगा झंडा के दुकान सजाए गए थे। लोगों ने तिरंगा झंडा, बैज आदि की खरीदारी की। नगर के मिश्रबाजार, सिंचाई विभाग चौराहा, महुआबाग में खरीदारी के कारण बाजार गुलजार नजर आया। तिरंगा झंडा दस रुपये से लेकर 250 रुपये तक में बिके। बैज की बिक्री पांच रुपये से लेकर 25 रुपये तक में हुई। रबड़ बैंड पांच से 20 रुपये में बिके। तिरंगा टोपी की कीमत 20 रुपये रही। तिरंगा चूड़ी 20 रुपया दर्जन बिकी। रंगोली बनाने की जाली 10 से 20 रुपये में बिकी। तिरंगा रंग पांच रुपये पैकेट बिका।

पेयजल व बिजली की किल्लत से ग्रामीण हलकान

भांवरकोल। क्षेत्र के शेरपुर पंचायत के नई पुरवा पर रह रहे गंगा कटान प्रभावित बस्ती में बिजली एवं पेयजल किल्लत से ग्रामीण काफी हलकान है। ज्ञात हो कि पुरवा पर कटान प्रभावित लगभग 25 परिवार रहते हैं। जहां एक माह पूर्व हुई अगलगी की घटना में घर गृहस्थी का सबकुछ जलकर खाक हो गया था। इस बस्ती के निवासी रामबचन, सोमारू, शिवबचन आदि ग्रामीणों ने बताया कि अगलगी में बस्ती के बीचों बीच 11 हजार का बिजली का तार जलकर टुट गया। लगभग एक माह पूर्व अगलगी की घटना के बाद मौके पर पहुंचे बलियां सांसद सनातन पाण्डेय ने आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह में बिजली की व्यवस्था हो जाएगी। लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं होने से बस्ती के निवासी अंधेरे में रहने को विवश हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पेयजल के लिए पाइप जरूर डाला गया है। लेकिन पानी आपूर्ति नहीं होने से पेयजल का संकट बना हुआ है। ग्रामीणों ने इस समस्या के बावत जिले के अफसरों का ध्यान आकृष्ट करते हुए यहां पेयजल एवं बिजली की व्यवस्था की मांग की है।

जनसंपादकीय

शिक्षा का प्रसार : दावे और हकीकत

तनवीर जाफरी



पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में यू पी ए के शासन के समय देश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 कानून बनाया गया था जिसके तहत, 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को मुफ़्त और अनिवार्य शिक्षा दिये जाने की व्यवस्था है। यह एक मौलिक अधिकार है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 21अ के तहत, 6 से 14 साल के सभी बच्चों को यह अधिकार दिया गया है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत भी इस अधिकार को सुनिश्चित किया गया है। सवाल कि क्या यह कानून धरातल लागू हो भी पा रहा ? क्या देश के अधिकांश गरीब परिवारों को इस कानून की जानकारी भी पहुंचाई जाती है ? क्या देश की सरकारें स्कूल्स को वह बुनियादी ढांचा मुहैय्या करा रही हैं जिसकी उन्हें जरुरत है ? खासकर देश के सरकारी स्कूल्स का क्या हाल है इन को लेकर सरकार की क्या नीयत है ? वर्तमान सत्ताधारी प्रायः यह कहते भी सुनाई देते हैं कि युवा नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि स्वयं नौकरी देने योग्य बनें। यह बात सुनने में तो कानों को भाती जरूर हैं परन्तु यह हकीकत से कोसों दूर है। कोई भी युवा जो खुद नौकरी की तलाश में है उसे पहले तो शिक्षित व आर्थिक रूप से संपन्न होना जरूरी है। परन्तु इस समय देश के अधिकांश उत्तर भारतीय राज्यों से स्कूल्स के संबंध में जो समाचार आते हैं उन्हें देखकर तो सरकार के शिक्षा के प्रसार के दावों पर सवाल उठना लाजमी है।

पिछले दिनों राजस्थान से एक खबर आई जिससे पता चला कि राजस्थान की भजनलाल सरकार द्वारा गत मात्र 10 दिनों के भीतर ही लगभग 500 सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी द्वारा गत 16 जनवरी को ही राज्य में 260 सरकारी स्कूल बंद होने का आदेश जारी किया गया। इसी तरह लगभग 10 दिन पहले भी 190 सरकारी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया गया था। इसी राज्य में कई स्कूल ऐसे हैं, जहां एक भी बच्चे ने एडमिशन नहीं लिया है। वहीं निजी स्कूलों में छात्र-छात्राओं की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है। दूसरी ओर सरकारी स्कूल तमाम कथित प्रयासों के बाद भी लगातार बंद होते जा रहे हैं। इसी तरह यदि मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी वार्षिक आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 5500 सरकारी स्कूल ऐसे हैं, जहां पहली कक्षा में एक भी छात्र भर्ती नहीं हुआ है। यानि इन स्कूलों में अब पहली कक्षा जीरो ईयर घोषित की जाएगी। वहीं करीब 25 हजार स्कूल ऐसे हैं, जहां केवल एक या दो बच्चों के एडमिशन ही हुए हैं। प्रदेश में 11,345 स्कूलों में केवल 10 एडमिशन हुए। इसी तरह करीब 23 हजार स्कूल ऐसे हैं जहां मात्र तीन चार अथवा पांच बच्चों ने ही एडमिशन लिया है । प्राप्त समाचारों के अनुसार अब तक कुल मिलाकर लगभग 500 स्कूल्स में ताला पड़ चुका है। यदि अगले शैक्षणिक सत्र में भी यही हाल रहा तो प्रदेश के हजारों सरकारी स्कूल बंद हो जाएंगे। दरअसल इसे आम धारणा कहें या कड़वी सच्चाई कि केवल निजी स्कूलों में ही अच्छी शिक्षा दी जाती है जिसकी वजह से अधिकतर लोग अपने बच्चों का दाखिला निजी स्कूलों में करवाना ही पसंद करते हैं। यही कारण है कि निजी स्कूल सिस्टम, सरकारी स्कूल सिस्टम पर पूरी तरह हावी हो गया है।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी द्वारा गत 16 जनवरी को ही राज्य में 260 सरकारी स्कूल बंद होने का आदेश जारी किया गया। इसी तरह लगभग 10 दिन पहले भी 190 सरकारी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया गया था। इसी राज्य में कई स्कूल ऐसे हैं, जहां एक भी बच्चे ने एडमिशन नहीं लिया है। वहीं निजी स्कूलों में छात्र-छात्राओं की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है। दूसरी ओर सरकारी स्कूल तमाम कथित प्रयासों के बाद भी लगातार बंद होते जा रहे हैं।

जाहिर है राजस्थान व मध्य प्रदेश जैसे कई राज्यों के स्कूल्स में विद्यार्थियों की घटती संख्या पूरे समाज के लिये चिंता का विषय है। यहाँ प्रथम कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के करीब 23 लाख स्कूली छात्र ऐसे हैं, जो शैक्षणिक सत्र 2023-24 पूरा करने के बाद वापस स्कूल नहीं लौटे। आश्चर्य है कि इन बच्चों ने किसी अन्य विद्यालय में भी दाखिला नहीं लिया है। जाहिर है इतनी बड़ी तादाद में छात्रों का स्कूल छोड़ना अब स्कूल शिक्षा विभाग के लिए परेशानी का सबब बन गया है। अधिकारी इस बात को लेकर मंथन कर रहे हैं कि किस प्रकार छात्रों को वापस स्कूल बुलाया जाए। बताया जाता है कि मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की भी भारी कमी है। यहां 80 हजार से ज्यादा अतिथि शिक्षकों को शिक्षण कार्य हेतु लगाया गया है। परन्तु इन अतिथि शिक्षकों के पास न तो बच्चों को पढ़ाने का पर्याप्त अनुभव है और न ही इन्हें विभागीय प्रशिक्षण हासिल है। मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों की स्थिति प्रायः इतनी बदहाल है कि अनेक स्कूल्स में आज भी पुस्तकालय, पीने का पानी, बिजली और हाथ धोने तक की बुनियादी सुविधाओं की कमी है। विगत पांच वर्षों में शिक्षकों की संख्या में तथा विद्यार्थियों की भर्ती दोनों में भारी कमी आई है और हजारों सरकारी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। इन बातों से स्पष्ट है कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों की स्थिति को सुधारने में भाजपा सरकार बुरी तरह असफल हुई है और भाजपा के शिक्षा प्रसार के दावे भी महज एक जुमला साबित हो रहे हैं। अभिभावक अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम में पढ़ाना चाहते हैं, लेकिन अधिकतर सरकारी स्कूलों में इंग्लिश मीडियम के टीचर ही नहीं हैं। वहीं, सरकारी स्कूल में बच्चों को दिया जाने वाला मध्यान्ह भोजन और निःशुल्क यूनीफॉर्म व किताब वितरण बच्चों को स्कूल तक लाने में कारगर साबित नहीं हो रहे हैं। दूसरी तरफ निजी स्कूलों में प्रायः बच्चों की सभी मूलभूत सुविधाओं का खयाल रखा जाता है।

हाँ, दिल्ली के सरकारी स्कूल्स इस मामले में अपवाद जरूर कहे जा सकते हैं। दिल्ली के सरकारी स्कूल देखने के लिये अनेक विदेशी मंत्री व विशिष्ट व्यक्ति तो आते ही रहते हैं स्वयं अमेरिकी शिक्षक भी दिल्ली का स्कूल मॉडल देखने आते रहे हैं। पिछले दिनों अमेरिका से आए 13 शिक्षकों के एक दल ने दिल्ली के सरकारी स्कूल्स में उपलब्ध सुविधाओं को देखा तथा इनसे बहुत प्रभावित हुये। गौरतलब कि दिल्ली सरकार द्वारा 'स्कूल ऑफ एक्सीलेंस' की शुरूआत की गयी है। जहां पर प्रत्येक प्रतिभावान, हर वर्ग, हर परिवारिक पृष्ठभूमि, हर आर्थिक पृष्ठभूमि का छात्र बेहतर शिक्षा हासिल कर सकने में सक्षम है। सरकारी स्कूल्स में शिक्षा की बात तो दूर यदि आप गौर करें तो धीरे धीरे बस अड्डों, रेलवे स्टेशन व अन्य सार्वजनिक स्थलों से भी आहिस्ता आहिस्ता बुक स्टाल्स समाप्त होते जा रहे हैं। हजारों सरकारी व निजी पुस्तकालय बंद हो चुके हैं तथा उनके भवनों का दूसरा उपयोग किया जा रहा है। इन हालात को देखकर तो यही कहा जा सकता है कि सरकार के शिक्षा का प्रसार के दावे और हकीकत में काफी अंतर है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 9896219228)

(श्री नारायण मूर्ति विशेष रूप से देश के नौजवानों से अनुरोध करते दिखाई देते हैं कि देश का विकास, उनसे कठोर श्रम और समर्पण मांग रहा है और उन्हें देश के विकास के लिए सत्तर घंटे प्रति सप्ताह कार्य करना चाहिए । वे बताते हैं कि भारत भी उन देशों में सम्मिलित है जहां विश्व के अन्य देशों की तुलना में कार्य उत्पादकता सबसे कम है । हम जब तक अपनी कार्य उत्पदाकता में सुधार नहीं करते हैं तब तक हम उन देशों से प्रतियोगिता नहीं कर सकते जो कि पहले से ही प्रगति कर चुके हैं । इसलिए नौजवानों को सोचना होगा कि वे माने की यह देश उनका है और उसके लिए उन्हें सत्तर घंटे कार्य करना होगा । उनकी यह उक्ति विश्व पटल पर आज देश की प्रतियोगिता करने की क्षमता पर न केवल एक प्रश्न चिन्ह खड़ा करती है अपितु मांग करती है, देश के प्रति हमारी श्रद्धा, वचनबद्धता और समर्पण के उद्धघोष की । पुनः उनकी दृष्टि में काम के घंटे में अभूतपूर्व वृद्धि से ही उत्पादकता में आशातीत वृद्धि की जा सकती है जो कि हमारी देश के प्रति भक्ति की कसौटी भी बनती है । उनके इस कथन ने भारत के आर्थिक जगत में एक भूचाल सा उत्पन्न कर दिया है ।)

अथ श्री नारायण उवाच

समय-संदर्भ

डॉ. विमल शंकर सिंह

देश एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जिसमें सामाजिक-आर्थिक दशाओं में विष्मयकारी परिवर्तन दिखाई पड़ रहे हैं ।विकास की चाह ने आज हमें उस चौखट पर खड़ा कर दिया है, जहां अभी हाल तक सरकारें माथा टेकने से बचती थीं । कल तक जो सरकारें, सार्वजनिक और सरकारी क्षेत्र को ही विकास का पायदान और इंजिन मानती रहीं वही आज निजी क्षेत्र की कदम बोसी करती नहीं अघाती हैं । हिन्दुस्तान की आर्थिक विकास यात्रा में बहुत कम अवसर ही ऐसे रहे हैं जब विकास के रथिओं में से एक रथी पूंजीपति, सार्वजनिक मंचों से अपनी बात रखते रहे या नीतियों को प्रभावित करते दिखाई देते रहे, किन्तु हाल के वर्षों में पूंजी हमें निर्देशित करती प्रतीत हो रही है। अम्बानी, अडानी जैसे पूंजीपति महारथिओं की श्रृंखला में अनेक नए नाम रोज ही जुड़ रहे हैं जो विभिन्न मंचों से सरकार और समाज को अपनी आवाज और विचार से राह दिखाते, दिशा निर्देशित करते या कि बजट बनाने की प्रक्रिया में सलाह देते दिखाई देते हैं। इन्ही बहुचर्चित नामों में विश्व विख्यात इनफोसिस कम्पनी के संस्थापकों में से एक श्री नारायण मूर्ति जी भी हैं जिनके हाल के एक बयान ने आर्थिक जगत में तहलका मचा दिया है। वे सांसारिक जीवन में ब्रिटैन के पूर्व प्रधानमंत्री श्री ऋषि सुनक के श्वसुर एवं हिन्दुस्तान के सफलतम उद्योगपतिओं में से एक हैं अतः उनके सन्देश को देश गंभीरता से ले रहा है। सन्देश संक्षिप्त किन्तु गूढ़ और व्यापक असर वाला है और उसने सुन्न कर दिया है उन सभी को भी जो अपने को देश भक्त और कर्मवीर मानते रहे हैं अभी तक ।

श्री नारायण मूर्ति विशेष रूप से देश के नौजवानों से अनुरोध करते दिखाई देते हैं कि देश का विकास, उनसे कठोर श्रम और समर्पण मांग रहा है और उन्हें देश के विकास के लिए सत्तर घंटे प्रति सप्ताह कार्य करना चाहिए । वे बताते हैं कि भारत भी उन देशों में सम्मिलित है जहां विश्व के अन्य देशों की तुलना में कार्य उत्पादकता सबसे कम है । हम जब तक अपनी कार्य उत्पदाकता में सुधार नहीं करते हैं तब तक हम उन देशों से प्रतियोगिता नहीं कर सकते जो कि पहले से ही प्रगति कर चुके हैं । इसलिए नौजवानों को सोचना होगा कि वे माने की यह देश उनका है और उसके लिए उन्हें सत्तर घंटे कार्य करना होगा । उनकी यह उक्ति विश्व पटल पर आज देश की प्रतियोगिता करने की क्षमता पर न केवल एक प्रश्न चिन्ह खड़ा करती है अपितु मांग करती है, देश के प्रति हमारी श्रद्धा, वचनबद्धता और समर्पण के उद्धघोष की । पुनः उनकी दृष्टि में काम के घंटे में अभूतपूर्व वृद्धि से ही उत्पादकता में आशातीत वृद्धि की जा सकती है जो कि हमारी देश के प्रति भक्ति की कसौटी भी बनती है । उनके इस कथन ने भारत के आर्थिक जगत में एक भूचाल सा उत्पन्न कर दिया है । किन्तु पहले समझने की आवश्यकता है कि उत्पादकता क्या होती है जिसे बढ़ाने की वे वकालत कर रहे हैं । श्रम की उत्पादकता प्रायः एक घंटे में उसके द्वारा कितना कार्य किया गया अथवा कितना उत्पादन किया गया से मापते हैं । वैश्विक पटल पर यदि हमारी कार्य उत्पादकता बहुत कम है तो इसका मतलब होगा की हम कम काम कर रहे हैं । हमारे काम के घंटे कम हैं या हम कम उत्पादन कर रहे हैं और हमारी लागत ज्यादा है और श्री मूर्ति इसे काम के घंटे बढ़ा कर उत्पादन बढ़ाना चाहते हैं या लागत घटाना चाहते हैं । व्यक्तिगत रूप से बताते हैं कि श्री मूर्ति ने 70 से 94 घंटे तक प्रति सप्ताह कार्य किया है । देश की प्रसिद्ध समाजसेवी और श्री नारायण मूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति ने भी इसी महीने श्री मूर्ति के कथन का समर्थन करके संवाद को और भी धार दे दिया है । बताती हैं की वे आज भी सत्तर घंटे प्रति सप्ताह काम करती हैं। लेकिन प्रश्न तो यह है कि काम के घंटे बढ़ाने का क्या अर्थ है और उसका हमारी जिंदगी पर कैसा असर होगा ? फिर उत्पादकता क्या काम के घंटे ज्यादा करने से ही बढ़ती है ? अतः प्रश्न ही प्रश्न हैं ।

अभी देश में लम्बे संघर्षों के पश्चात और अन्तराष्ट्रीय श्रम संगठन के निर्देशानुसार काम के घंटे श्रमिकों के लिए 48 घंटे प्रति सप्ताह निर्धारित हैं । प्रबंधन वर्ग तो अभी ही काम के अनियमित घंटे की मार से कराह रहा है । फिर भी कंपनी सेक्टर के मालिकान में से एक नारायण मूर्ति मानते हैं कि काम के घंटे कम हैं हिंदुस्तान में। अतः काम का बोझ बढ़ाना चाहिए और कामगारों को कर्म योगी होने का प्रमाण देना चाहिए । लेकिन प्रश्न तो यह है कि क्या विश्व की तुलना में वास्तव में काम के घंटे कम हैं हिन्दोस्तान में ? अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की एक रिपोर्ट बताती है कि भारतीय, औसतन 47.7 घंटे प्रति सप्ताह काम करते हैं जबकि चीन (46.1), सिंगापुर (42.6), जापान (36.6), अमेरिका (36.4), ब्रिटैन (35.9) और जर्मनी (34.4) के कामगार हिंदुस्तानिओं की तुलना में प्रति सप्ताह कम घंटे काम करते हैं । यह रिपोर्ट भी हिंदुस्तानिओं के मेहनत की पूरी तस्वीर प्रस्तुत नहीं करती है । बताते हैं कि आज अनेक भारतीय 55 से 60 घंटे प्रति सप्ताह काम करते हैं जो कि किसी न किसी वैश्विक कम्पनी से जुड़े हैं ।सन 2019 के टाइम यूज सर्वे के अनुसार 15-29 साल के ग्रामीण नौजवान 7.2 घंटे और शहरी नौजवान 8.5 घंटे प्रति दिन काम कर रहे थे। इस पर भी वे नारायण मूर्ति के 70 घंटे प्रति सप्ताह काम करने की इच्छा का सम्मान कर पाने में असफल रहे। ऐसा क्यों कर हुआ? क्योंकि कार्य दिवस प्रति सप्ताह 6 या 5 दिन निर्धारित होने पर क्रमसः लगभग 12 घंटे या 14 घंटे काम करना होगा। बेगारी ऊपर से । बॉस जब तक ऑफिस में हैं, चाहे वे अपनी पत्नी या बेटी का इंतजार ही क्यों न कर रहे हों साथ घर जाने के लिए, आपको भी डटे रहना होगा ऑफिस में । यदि विदेश में स्थित हेड ऑफिस की मीटिंग हो, चाहे वह भारत में रात्रि का समय ही क्यों न हो, आप को अवश्य ही अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी । ऊपर से महानगरों में दो या तीन घंटे चाहिए आवागमन के लिए भी । सांस लेने की फुर्सत नहीं है आज ही । नारायण मूर्ति की इच्छा का सम्मान करने में तो सांस ही छूट जाने की संभावना बनती है । फिर भी क्या होगा या होता उत्पादकता पर असर यदि हिंदुस्तानी 70 घंटे काम करने लगते प्रति दिन? उत्पादकता बढ़ जाएगी हिंदुस्तान में । भारत और भी प्रतियोगिता कर पाने में सक्षम होगा अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में । कम्पनियों को लाभ ही लाभ होगा और होगा अर्धव्यवस्था का विकास । श्री मूर्ति तो यही मानते हैं । लेकिन कंपनी सेक्टर के कुछ विशेषज्ञ और रिपोर्ट्स नहीं मानती उनके इस तर्क को कि उत्पादकता केवल लम्बी अवधि तक काम करने से ही बढ़ती है । क्या कहते या कहती हैं वे? वे मानते हैं कि उत्पादकता को प्रभावित करने वाले अनेक कारक हैं, यथा उत्पादन करने वालों की कुशलता कितनी है या कार्य स्थल पर उत्पादन करने का कितना सकारात्मक माहौल है या वेतन सम्बन्धी स्थिति कैसी है, वेतन समय पर और पर्याप्त मिलता है या नहीं । फिर वर्क-लाइफ बैलेंस सम्बन्धी प्रश्न भी है । क्या है यह ? जीवन को सुचारु रूप से चलाने के लिए कार्य करना आवश्यक है । किन्तु दैनिक जीवन, तनावरहित और गुणवत्ता पूर्ण भी होना चाहिए अर्थात पारिवारिक उपलब्धिओं से युक्त और आनंद दायक होना चाहिए । इससे काम के प्रति उत्साह और लगाव बढ़ता है और उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है । इसके विपरीत काम के अतिशय दबाव में जीवन ही बिखरने लगे तो वह काम भी किस काम का? ऐसे काम से क्या फायदा जिसको करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ सम्बन्धी समस्याएं ही जन्म लेने लगें। न तो हम सामाजिक हो पाएं, न पारिवारिक और न ही वर्जिस कर पाएं । मनोरंजन की बात तो दूर, चैन के दो पल भी मयस्सर न हो जिस काम में । वस्तुतः शोध बताते हैं कि 50 घंटे कार्य दिवस होने पर ही उत्पादकता घटने लगती है । नींद सम्बन्धी समस्या जन्म लेने लगती है ।नींद की कमी से आप बेहाल होने लगते हैं। मोटापा बढ़ता है। हृदय एवं रक्त वाहिकाओं सम्बन्धी समस्याओं, तनाव, चिंता और अवसाद से घिरने की पूरी संभावना बनने लगती है । तो क्या काम के घंटे बढ़ा कर हम इन आफतों को आमंत्रित नहीं करने जा रहे हैं ? सोचना होगा कि कहीं आप शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक थकान के शिकार तो नहीं होने जा रहे हैं। अपने देश में कहां-कहां, कब-कब समय निकालना पड़ सकता है आपको कार्यालय काम के अतिरिक्त? पत्नी प्रेग्नेंट है तो डॉक्टर को दिखाने आपको ले जाना होगा । आप यदि बच्चे के एडमिशन के समय उसके स्कूल न पहुंचे तो उसका प्रवेश नहीं होगा । अध्यापक-अभिवावक मीटिंग में आपका रहना लगभग अनिवार्य है । जैसे पढाई का जिम्मा स्कूल का नहीं आपका ही है । बुजुर्ग माँ-बाप की सेवा करना आपका धर्म ही नहीं वरन कानून भी बाध्य करता है आपको । आपको अपने को श्रवण कुमार साबित करना ही चाहिए । आपको एक कर्मठ, अनुशासन प्रिय, सफल श्रमिक या प्रबंधक भी बनना है बिना बीमार हुए । सबके लिए समय ही समय चाहिए । ऑफिस पहुंचने के लिए रास्ते की रोज की कम से कम दो घंटे की दुश्वारी तो है ही । फिर भी समय पर ऑफिस पहुंच जाईये । ऊपर से अब सत्तर घंटे काम करके देशभक्त भी साबित करना है आपको ।

इसीलिए श्री मूर्ति की इच्छा के विपरीत, सन 2022 में बेल्जियम ने अपने श्रमिकों के लिए पूरे वेतन पर चार दिन प्रति सप्ताह के कार्य का नियम बना दिया था । इसी भांति, इंग्लैंड में भी अनेक कंपनियों ने छह महीने के ट्रायल के पश्चात चार दिन प्रति सप्ताह कार्य दिवस का अनुमोदन किया बताते हैं। इस व्यवस्था से कर्मचारिओं को भी व्यापक फायदा हुआ था । बताते हैं कि चार दिन प्रति सप्ताह कार्य दिवस प्रयोग में लाने पर न्यूजीलैंड में परपेटुअल गार्डियन कंपनी ने सन 2018 में और माइक्रोसॉफ्ट जापान ने सन 2019 में उत्पादकता में क्रमसः 20 प्रतिशत और 39.9 प्रतिशत की वृद्धि पाई थी । तनाव में भी कमी दिखाई पड़ी। इसीलिए आज अनेक देश चार दिन प्रति सप्ताह कार्य दिवस का प्रयोग कर रहे हैं ।

वस्तुतः उत्पादकता में इजाफा करने के लिए काम के घंटे बढ़ाने की अपेक्षा कार्यक्षमता को बेहतर बनाने की आवश्यकता है जिससे समय की बचत होगी । कैसे होगा यह? प्राथमिकता का बेहतर निर्धारण, समय प्रबंधन और अन्यमनस्कता को कम करके यह कार्य किया जा सकता है। मशीनीकरण और स्वचालन से तो वस्तुतः समय की बचत होनी चाहिए और उसका उपयोग कार्य समय में कमी लाने और आनंद के क्षणों को बढ़ाने में किया जा सकता है । लम्बे समय तक काम करने की अपेक्षा स्मार्ट रूप से काम करने-कराने की आवश्यकता है । तो क्या प्रसिद्ध उद्योगपति नारायण मूर्ति को इन बातों का पता नहीं है? क्या पद्म पुरस्कार विभूषित सुधा मूर्ति भी अनजान हैं इन तथ्यों से? शायद नहीं । तो सत्य क्या हो सकता है? देशभक्त नारायण मूर्ति, एक उद्योगपति भी हैं । बताते हैं कि पूंजीपति के लिए लाभ को अधिकतम करने में खुशी दुगनी होती है । देशभक्ति का दाना बिखेरने से यदि लाभ बढ़ जाय तो इससे बेहतर क्या होगा। यदि ऐसा नहीं है तो 21वी शताब्दी में और एआई के इस युग में कम पूंजी और कम समय में, वैज्ञानिक विधि एवम नवाचार उपयोग से ज्यादा उत्पादन करने में राष्ट्रभक्ति दिखती है । लाभ के बटवारे में इनफोसिस के कामगारों को बेहतर वेतन देने- पाने में देशभक्ति बढ़ती ही है। क्या वे नहीं जानते?

(लेखक डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज,वाराणसी के अर्थशास्त्र विभाग में पूर्व प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष रहे हैं, संपर्क : 9450545510)

अनूप श्रीवास्तव के योगदान को याद किया जायेगा

स्मरण

गिरीश पंकज

'अट्टहास' पत्रिका के यशस्वी संपादक अनूप श्रीवास्तव अब नहीं रहे. यह हम सबके लिए दुखद खबर है। पत्रिका नेअपनी रजत जयंती भी मनाई. अनेक साहित्यिक पत्रिकाएं निकलती तो हैं लेकिन बहुत लंबे अंतराल तक टिक नहीं पातीं। किसी-न-किसी कारण से उसके पैर लड़खड़ा जाते हैं और वह अंततः बंद हो जाती है। लेकिन अट्टहास अपवाद रही । यह पत्रिका पच्चीस साल पहले मासिक रूप में निकली तो लगातार निकलती ही रही. कभी कोई संयुक्त अंक नहीं निकला. इस निरंतरता के लिए अपने जीवन को पत्रकारिता के लिए होम कर देने वाले अनूप श्रीवास्तव जी अब इतिहास पुरुष हो गए हैं । हिंदी पत्रकारिता जगत में एक सम्पादक के रूप में उन्होंने अपनी खास पहचान बनाई. फिर उसके बाद व्यंग्य पत्रकारिता को समृद्ध करने में भिड़ गए. उनके इस अवदान को हमेशा याद किया जाएगा. अनेक विषम परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अट्टहास लगाना (प्रकाशन) नहीं छोड़ा। वे बेहद जीवंत व्यक्ति थे. हँसमुख, यारों के यार. मुझसे पंद्रह साल बड़े थे लेकिन मित्रवत व्यवहार करते थे. शुरूआती दिनों में जरूर पत्रिका को कुछ विज्ञापन मिलते रहे होंगे लेकिन पिछले कुछ वर्षों में पत्रिका में कोई विज्ञापन नहीं होता था। एक पत्रिका के प्रकाशन में कितना खर्च आता है, इसके बारे में आम पाठक को भले न पता हो, मुझे जानकारी है। क्योंकि मैं भी एक त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन कर रहा हूं। और बीच में दो साल तक सद्भावना दर्पण को मासिक पत्रिका के रूप में भी प्रकाशित करने की कोशिश की। तब मुझे यह ज्ञान हुआ कि मासिक पत्रिका चलाना यानी बहुत कठिन है डगर पनघट की। मैं यह नहीं कर सकता इसलिए त्रैमासिक निकालना ही बेहतर समझा। लेकिन धन्य हैं अनूप श्रीवास्तव (और शिल्पा श्रीवास्तव भी) जो विज्ञापनविहीन पत्रिका निकाल कर प्रति मास चुनौतियों के विरुद्ध 'अट्टहास' करते रहे। इस अट्टहास के पीछे छिपी पीड़ा सामान्य पाठक नहीं देख सकता । यह स्थिति ठीक वैसी ही है, जैसे सर्कस में जोकर सबको हँसाता तो है लेकिन उसके अंदर के दर्द को वही जानता है। अट्टहास पत्रिका जिन परेशानियों के बीच निकलती रही ,उन्हें केवल अनूप श्रीवास्तव ही समझ सकते थे । यह घर फूंक तमाशा देखने जैसी स्थिति थी।

देश में समय-समय अनेक हास्य-व्यंग्य पत्रिकाएं निकलती और बंद भी होती रही। मुंबई से चकल्लस (सम्पादक, रामावतार चेतन) शुरू हुई और बाद में बंद हो गई । अभी भी रंग चकल्लस (संपादक, असीम चेतन) नाम से त्रैमासिक रूप में किसी तरह निकल रही है । जौनपुर से ही कुछ वर्षों तक रंग- तरंग (सम्पादक, कृष्कान्त एकलव्य) निकली। लेकिन सम्पादक निधन के बाद वह पत्रिका भी बंद हो गई। नई गुदगुदी, जयपुर (संपादक , विश्वभर मोदी) पहले मासिक थी। बाद में उसे भी त्रैमासिक होना पड़ा। जबलपुर से व्यंग्यम (संपादक, रमेश निशिकर, श्रीराम आयंगर, श्रीराम ठाकुर दादा, रमेश सैनी) निकली। खूब चर्चित हुई, पर वह भी कुछ वर्षों के बाद बंद हो गई । रायपुर से व्यंग्यशती (संपादक, विनोदशंकर शुक्ल, गिरीश पंकज, सुभाष मिश्र) निकली पर वित्तीय संकट के कारण वह भी लंबे समय तक नहीं चल सकी। हालांकि वह अनियतकालीन पत्रिका थी। (वैसे रायपुर से कार्टून वॉच (त्र्यम्बक शर्मा) चौबीस सालों से मासिक रूप से अविराम निकल रही है, लेकिन यह कार्टूनप्रधान है) हिसार से व्यंग्य-विविधा (संपादक, मधुसूदन पाटिल) कुछ वर्षों तक निकल कर धूम मचाती रही, फिर उसका प्रकाशन भी स्थगित हो गया। जमशेदपुर से निकलने वाली पत्रिका विदूषक (संपादक, अरविंद विद्रोही) भी अनियतमित रूप से ही निकल रही है। नई दिल्ली से अनियतकालीन पत्रिका के रूप में शुरू हुई व्यंग्ययात्रा (संपादक, डॉ. प्रेम जनमेजय) अब त्रैमासिक रूप से निरन्तर निकल रही है। कुछ और पत्रिकाएँ भी होंगी, जो मेरे संज्ञान में नहीं हैं। इतने नाम गिनाने का उद्देश्य यही है कि पूरे देश में 'अट्टहास' ही ऐसी इकलौती पत्रिका है, जिसका अब तक कोई संयुक्तांक नहीं निकला। जो अनियमित नहीं हुई। यह हर महीने - वो भी समय पर - निकलने वाली इकलौती पत्रिका रही । इस दृष्टि से इस पत्रिका-परिवार का हम जितना भी अभिनंदन करें,कम है। 'अट्टहास' सिर्फ पत्रिका नहीं है, यह एक परंपरा रही । एक मिशन, जिसके जरिए कुछ महत्वपूर्ण व्यंग्यकार सामने आते रहे । नये और पुराने व्यंग्यकारों का अद्भुत मेल अट्टहास में मुझे नजर आता रहा । ऐसा नहीं है कि अट्टहास कामचलाऊ रूप से प्रकाशित हो रही। हर व्यंग्य रचना के साथ व्यंग्यचित्रकार से चित्र बनवाना और रचना को बेहतर सज्जा के साथ प्रस्तुत करना अट्टहास की अपनी विशिष्ट पहचान रही । गद्य और पद्य व्यंग्य रचनाओं से सुसज्जित अट्टहास का होना बेहद हास्य-व्यंग्य साहित्य के लिए शुभ घटना है । यह पत्रिका 'माध्यम साहित्यिक संस्थान' नामक संस्था के द्वारा पिछले तीन दशकों से 'अट्टहास सम्मान' भी देती रही. वरिष्ठ रचनाकारों को इक्कीस हजार का शिखर सम्मान और युवा व्यंग्यकार को पाँच हजार रुपये की राशि का युवा अट्टहास सम्मान। मेरा सौभाग्य है कि दो दशक पहले मुझे भी युवा अट्टहास सम्मान दिया गया. वह भी अपने समय के महान व्यंग्यकार केपी सक्सेना के हाथों. यह लोकप्रिय सम्मान समारोह भी अनूप श्रीवास्तव के जिम्मे था। इसके लिए प्रायोजक मिले तो ठीक, वरना हर साल सम्मान समारोह तो करना ही था। कभी लखनऊ में तो कभी दिल्ली में. घोर आर्थिक संकटों के बीच वे यह प्रकल्प भी पूरा कर रहे थे । कुल मिला कर कहें, तो एक व्यक्ति की जिजीविषा, इच्छाशक्ति ही 'अट्टहास' को नियमित रूप से प्रकाशित करती रही । अस्सी साल पार कर चुके युवामन के स्वामी अनूप श्रीवास्तव के शतायु होने की कामना हम सब कर रहे थे लेकिन ईश्वर को कुछ और मंजूर था।

अनूपजी खुद एक व्यंग्यकार थे. कवि थे,लेकिन क्या त्रासदी है कि उन्होंने अपनी रचनाओं के प्रकाशन के लिए कोई प्रयास नहीं किया। हम सब बहुत पीछे पड़े तो पिछले साल उनकी एक पुस्तक छप कर आई. उनकी उदारता को देखता तो मुझे एक फिल्मी गीत याद आने लगता, जो कुछ इस तरह है, ₹औरों को पिलाते रहते हैं और खुद प्यार से रह जाते हैं/ ये पीने वाले क्या जाने पैमानों पर क्या गुजरी है₹। अनूप श्रीवास्तव चाहते तो उनके अनेक संग्रह आ सकते थे, लेकिन उन्होंने अपने आपको 'अट्टहास' के लिए समर्पित कर दिया । यही कारण है कि अट्टहास नियमित रूप से प्रकाशित होती रही. आखिरी दिनों में उनका स्वास्थ्य खराब रहता था फिर भी वे अट्टहास समय पर निकल जाए, इसका ध्यान रखते थे. व्यंग्य के क्षेत्र में सक्रिय अनेक लेखकों के विशेषांक प्रकाशित किए. मुझसे भी उन्होंने कहा था कि अतिशीघ्र तुम पर भी विशेषांक की तैयारी कर रहा हूँ. उनकी उदारता अद्भुत थी. अब अट्टहास का क्या होगा, यह बड़ा सवाल है. उनकी होनहार बेटी शिल्पा और दामाद सुधांशु आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे, ऐसी आशा है. फिलहाल तो एक समर्पित संपादक के असामयिक निधन पर उन्हें शत-शत नमन!

(लेखक कवि एवं कथाकार हैं)

राम स्वरूप दीक्षित की काव्यात्मक श्रद्धांजलि

एक बूढ़ा नौजवान/ लगातार करता है/ अट्टहास/जमाने की दोहरी चाल ढाल पर
समय की नब्ज को टटोलता/जिंदगी की उहापोह से गुजरता/पूरे अक्खड़पन के साथ
सबको दिखाता /आईने में उसकी शक्ल/और करता सावधान
'लोग क्या कहेंगे ?' की/ सनातन चिंता से परे/करता हुआ /अपनी पसंद का काम/हंसी दिल्लगी से उड़ाता हुआ/तकलीफों के पंछी
नबाबी ठाठ/ और रईसी ठसक के बाबजूद/सीने में छुपाये /दुनिया भर के लिए /प्रेम और स्नेह का रस
सूखी पपड़ाती /धरती की दरारें देख/समुद्र से लेकर उधार जल/ बरस ही जाता है बादल/ धरती पर अहसान करने नहीं/ अपना फर्ज निभाने
सन्नाटे को चीरती आवाज/ दबाई नहीं जा सकती/ ढोल नगाड़ों के/ कानफाड़ू शोर से

व्यंग्य

पुलिस वाले का पर्चा

अरविंद तिवारी

मेरे दादा जी परीक्षा के प्रश्न पत्र को पर्चा बोलते थे।जब मैं परीक्षा देकर घर लौटता था तो पूछते थे,पर्चा कैसा हुआ।दादाजी अंग्रेजों के जमाने के शिक्षक थे।देश में जिस वर्ष संविधान लागू हुआ, उसी वर्ष हमारे दादा जी प्रधानाध्यापक के पद से रिटायर हो गए।दादा जी के स्वर्गीय हो जाने के बाद घर में कोई पर्चा बोलने वाला नहीं था।बाद में साहित्यिक समारोहों में पर्चा पढ़ने की क्रिया से मेरा परिचय हुआ।मध्य प्रदेश के एक बाबा ने पर्चे का अलग ही परिचय कराया है।उनके डेरे पर भक्त का पर्चा खोला जाता है।अब इस पर्चे को कौन लिखता है,यह रहस्यमय है।इस पर्चे में भक्त की समस्या और उसका समाधान लिखा होता है।भक्त की निजी जानकारी भी लिखी होती है।कुछ भक्त अपनी समस्या बताते भी हैं।समस्या,जैसे भैंस चोरी हो गई या लड़की भाग गई।बाबा जी के पर्चे में निकलता है भैंस पूर्व दिशा में गई है या लड़की उत्तर दिशा में।भक्त हैरान रह जाता,क्या बाबा जी ने भैंस को चोरी होते देखा है?कभी बाबा जी पड़ोसी को दोषी बता देते।ऐसी स्थिति में भक्त चक्कर खा जाता।पड़ोसी ऐसा निकलेगा कोई सोच भी नहीं सकता था।पर लोगों की मान्यता है,बाबा पर ईश्वर की कृपा होती है इसलिए सब बैठे बैठे ही जान लेते हैं,जैसे हमारे नेता भारतवासियों की समृद्धि को आंखें मूंदकर जान लेते हैं।नेताओं के अनुसार जनता सुखी होती चली जा रही है। सूखी इसलिए हो रही है क्योंकि वह योग भी करती है!योग पर हमारी सरकार जोर देती है।

बाबा जी बहुत पहुंचे हुए हैं। ए. आई. भी उनके आगे पानी भरती है।वह जिस इलाके से हैं वहां पानी की समस्या है इसलिए ए. आई. पानी भरने वहां नहीं जाती।कितना भी पानी भरो पूर्ति नहीं होने वाली,इस तथ्य को ए. आई. जानती है।वहां की ए. आई. बाबा जी ही हैं।पुलिस भी उनके डेरे में जाती रही है।वह वहां भजन करने जाती है।भजन करने वालों पर विभाग को भी कई आपत्ति नहीं है।सरकार भजन को कैपिसिटी बिल्डिंग के रूप में देखती है।पर एक दिन जब पुलिसवाला फरार आरोपी का पता पूछने बाबा जी के डेरे पर चला गया तो बाबा जी भी चक्कर खा गए।फरार आरोपी पर दसियों हजार रुपयों का इनाम था।पुलिस वाला यही सोचकर गया था,जब बाबा जी चोरी खोल देते हैं,तंत्र मंत्र करने वाले का नाम खोल देते हैं, तो यह भी खोल देंगे कि फरार आरोपी कहां छुपा है?पुलिस हथकड़ी ले जाकर उसे बाकायदा गिरफ्तार कर लेगी।पर बाबा जी बता नहीं पाए।शायद उन्होंने गवाही आदि से बचने के लिए पर्चा नहीं खोला।वीडियो वायरल होने पर पुलिसवाला संकट में फंस गया।उसे निलंबित कर दिया गया।

मध्य प्रदेश के पर्यटन विभाग की टैग लाइन हुआ करती थी एम. पी. अजब है!एम. पी. गजब है!पुलिस वाले के निलंबित होने से पता चला कि सचमुच एम. पी. अजब है।अगला अपने निजी काम से तो गया नहीं था।वह तो विभाग का ही काम कर रहा था।हो सकता है निलंबन की कार्रवाई इसलिए की हो कि यह काम सिपाही के स्थान पर किसी बड़े पुलिस अधिकारी को करना था।पुलिस का सिपाही अगर पर्चा खुलवाने बाबा के डेरे पर जाएगा तो बाबा के प्रोटोकॉल का उल्लंघन होगा।उनकी गरिमा को ठेस लगेगी क्योंकि जब बड़े बड़े मंत्री और विधायक उनके डेरे में हाथ जोड़े खड़े रहते हैं,तो सिपाही का सरकारी कार्य से जाना गुस्ताखी के अलावा कुछ हो ही नहीं सकता।अगले ने पुलिस पदक और इनाम पाने के लिए प्रोटोकॉल का ध्यान ही नहीं रखा।पर अपने बाबा बहुत समझदार थे।उन्होंने उसका पर्चा खोला ही नहीं।खोलते तो पढ़ना पड़ता।पढ़ते तो अपराध का आरोपी पकड़ा जाता।पकड़ा जाता तो पुलिस वाला इनाम झटक लेता।यह अन्याय होता,क्योंकि बाबा जी किसी इनाम के लिए पर्चा नहीं खोलते।

दरअसल मध्य प्रदेश के पुलिस विभाग ने उस सिपाही को इसलिए भी निलंबित किया क्योंकि वह सिपाही, बाबा जी के पर्चे से ही बाबा जी का इम्तिहान ले रहा था!यह नाजायज है।अगर आप किसी का इम्तिहान लेना चाहते हैं तो अपना पर्चा बनाकर उसे दीजिए। बाबा जी ने जो पर्चा आपके लिए बनाया था,उसे आपने बाबा जी को ही थमा दिया और कहा उत्तर लिखो!आखिर आप क्या साबित करना चाहते थे।यही न, कि पर्चा बनाने वाले परीक्षक को खुद ही पर्चे के प्रश्नों का उत्तर नहीं आता।वह परीक्षार्थियों को बेवकूफ बना रहा था,जैसे कोई निरक्षर व्यक्ति इसरो में बैठकर रॉकेट लॉन्च कर रहा हो!अच्छा किया पुलिस विभाग ने उस सिपाही को निलंबित कर दिया।ज्यादा चालाकी प्रशासन को पसंद नहीं है क्योंकि बाबा के लंबे हाथ हैं,जो सरकार तक पहुंचते हैं।

(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)

मण्डलायुक्त व डीआईजी ने ब्लॉक मुख्यालय स्वास्थ्य केन्द्र, थाने का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

थाना परिसर का निरीक्षण करते मण्डलायुक्त और डीजाईजी।

रानीकीसराय आजमगढ। मंडलायुक्त विवेक और डीजाईजी ने मंगलवार को साय चार बजे व्लाक मुख्यालय और स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही थाने भी का औचक निरीक्षण किया। मंडलायुक्त के अचानक पहुचने से हडकंप मच गया। मंडलायुक्त ने समय तक ड्यूटी पर मौजूद रहने का निर्देश दिया।

मंडलायुक्त विवेक व्लाक परिसर मे मंगलवार को सांय चार बजे अचानक पहुचे। यहा मौजूद कर्मचारियों से बातचीत की और अभिलेख आदि देखा। सभागार मे ही कर्मचारियों के साथ बैठक की और शासन के नीति और निदेशों के पालन हेतु कहा। मौजूद कर्मचारियों से कहा कार्य भले न हो शाम पाच बजे तक मौजूद रहे जिससे आमजनमानस को कार्य से वापस न लौटना पडे। यहा से मंडलायुक्त बगल मे स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुचे। यहा प्रसव केन्द्र के साथ दवा रखरखाव आदि का भी निरीक्षण किया। स्वास्थ्य टीम को निर्देश दिया। स्वास्थ्य केंद्र पर अचानक निरीक्षण से स्वास्थ्य महकमा हाफता नजर आया। इस दौरान एडीओ पंचायत सुभाष चंद शर्मा, पीडी राय, पुनीत सिह, पंचरतन सिह आदि रहे। यहा से मण्डलायुक्त आजमगढ़ विवेक व पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र सुनील कुमार सिंह द्वारा जनपद आजमगढ़ के थाना रानी की सराय व थाना साइबर क्राइम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान सम्पूर्ण थाने के परिसर का भ्रमण कर कार्यालय, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, मेस आदि का निरीक्षण किया गया। कार्यालय के अभिलेखों को बेहतर व अद्यावधिक करते हुए उनके व्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिये गये। साथ ही साथ थाने पर मौजूद पुलिस कर्मियों को अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा थाने पर आने वाले प्रार्थना पत्रों/शिकायतो का शत-प्रतिशत निस्तारण एवं विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने एवं वाहनों की नीलामी, मालों का निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

एनसीसी कैडेट आकांक्षा वर्मा का रिपब्लिक डे परेड के लिए चयन

डीएवी की छात्रा फिर लहरायेगी गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर परचम

जनसंदेश न्यूज

कमान अधिकारी के साथ आकांक्षा वर्मा।

आजमगढ़। नई दिल्ली में कर्तव्यपथ पर गणतन्त्र दिवस परेड में शामिल होना गौरव की बात है, 99 यू पी बटालियन एनसीसी की कैडेट आकांक्षा वर्मा जो नगर के प्रतिष्ठित महाविद्यालय डीएवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा का चयन इस वर्ष के आरडीसी परेड अर्थात गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ है।

लगातार चैथी बार 99 यू पी बटालियन एनसीसी के कैडेट का चयन आरडीसी परेड के लिये हुआ है, यद्यपि पूर्व में भी जनपद के छात्रों ने गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेकर जिले का मान बढ़ाया है। वर्ष 2022 से लगातार 99 यू पी बटालियन के कैडेट्स इसके लिए चयनित हो रहे हैं। 2022 में शिब्ली से सुजीत कुमार, 2023 में डीएवी से सतीश कन्नौजिया, 2024 में चंडेश्वर डिग्री कॉलेज से अनुराग और गरिमा पुनः 2025 में डीएवी से आकांक्षा वर्मा ने 99 यू पी बटालियन से चयनित होकर निरन्तरता का क्रम बनाए रखा है।

जनपद के निजामाबाद तहसील स्थित फरहाबाद ग्राम निवासी व्यवसायी पिता प्रमोद वर्मा और गृहिणी माता उमा वर्मा की पुत्री आकांक्षा शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है, उसके चयन और अब तक के प्रदर्शन से कॉलेज, बटालियन और महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय में हर्ष का माहौल है।

99 यू पी बटालियन के कमान अधिकारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन की प्रक्रिया अत्यन्त कठिन होती है वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के इंटर ग्रुप कम्पटीशन के द्वारा फ्लैग एरिया, ड्रिल, सांग, डांस, वाद्य आदि विधाओं में चयनित छात्रों का पहले ग्रुप स्तर पर पुनः प्रदेश स्तर पर और फिर राष्ट्रीय स्तर पर विविध परीक्षणों और प्रशिक्षण के पश्चात सुयोग्य पाए जाने पर चयन होता है उसमें भी देश के विभिन्न प्रान्तों से चयनित कैडेटों को गणतंत्र दिवस परेड, सांस्कृतिक संध्या, पी एम रैली आदि अलग अलग कैटेगरी में चयन होता है साथ ही राष्ट्रपति भवन में राष्ट्र के विशिष्ट व्यक्तियों के साथ भोज और उनसे मिलने का भी अवसर प्राप्त होता है। आकांक्षा ने अपने प्रदर्शन से परिवार, बटालियन, जनपद और विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है।

डीएवी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रेमचंद्र यादव एवं प्रबन्धक आनंद प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट ने भी पुनः डीएवी के कैडेट के चयन पर हर्ष जताया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना व्यक्त की। बटालियन के सूबेदार मेजर और पीआई स्टाफ ने भी इसे बटालियन के लिए गौरवशाली क्षण बताया।

निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन जारी

जनसंदेश न्यूज

विरोध प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

आजमगढ़। ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बिजली के निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों का आन्दोलन अब जन आन्दोलन का रूप ले रहा है।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आव्हान पर विद्युल क्षेत्र के निजीकरण के खिलाफ प्रदेश व्यापी आन्दोलन के तहत मंगलवार को भी विद्युत कर्मचारियों, विद्युत अभियन्ताओं एवं संविदा कर्मियों ने बांहों पर काली पट्टी बांधकर विभागीय कार्य सम्पादित किया तथा भोजन अवकाश क समय हाइडिल कार्यालय, सिधारी, आजमगढ़ में विरोध सभा कर चेतावनी दी कि निजीकीरण प्रक्रिया प्रारम्भ करने हेतु पावर कारपोरेशन प्रबन्धन कन्सल्टेन्ट की नियुक्ति की प्रक्रिया तत्काल रद्द करें। अन्यथा आन्दोलन लोकतान्त्रिक तरीके से जारी रहेगा।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक प्रभु नारायण पाण्डेय प्रेमी ने कहा कि काली पट्टी बांध कर विरोध सभा लगातार चलती रहेगी तथा 23 जनवरी को लखनऊ में कन्सल्टेन्ट नियुक्त करने हेतु प्रबिडिंग कन्सल्टेन्ट नियुक्त करने हेतु प्री बिडिंग कान्फ्रेन्स हो रही है। इसका तीव्र प्रतिकार किया जायेगा।

सभा को सम्बोधित करते हुए प्रभु नारायण प्रेमी बिजली मजदूर नेता ने कहा कि बिजली कर्मचारियों का यह आन्दोलन अरबों रूपयों की जनता की परिसम्पत्तियों को बचाने निजीकरण के बाद, जनता के निजी क्षेत्र के बेतहाशा टैरिफ बिजली के रेट बढ़ा कर बिजली से जनता को लूटने से बचाने के लिए जन आन्दोलन है तथा निजी घरानों की लूट को रोकने के लिए, बिजली कर्मचारी आन्दोलित हैं।

सभा को मुख्य रूप से से प्रुभ नारायण पाण्डेय प्रेमी, ई. उपेन्द्र नाथ चौरसिया, धर्मू प्रसाद यादव, रवि शंकर गुप्ता, रामअवतार गोंड, अखिल पाण्डेय, रोशन यादव, अभिषेक श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत

घायल को लेकर सौ शैय्या अस्पताल पहुंचे पुलिस व ग्रामीण।

जनसंदेश न्यूज

लालगंज (आजमगढ़)। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के लालगंज लहुआं मार्ग पर नीलगाय को बचाने के प्रयास में पेड़ से टकरा कर घायल युवक की मौत हो गई।

लालगंज के ताहिरपुर निवासी सत्य प्रकाश (32) पुत्र हंसराज लालगंज लहुआं मार्ग से होकर सोमवार की रात अपने घर ताहिरपुर जा रहा था कि अचानक कटौली मोड़ सर्विस स्टेशन से कुछ आगे अचानक सड़क पर एक नीलगाय आ गई। उसको बचाने के प्रयास में वह बाइक से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। स्थानीय लोगों ने आनन फानन में घायल सत्यप्रकाश को संयुक्त शौ शैय्या चिकित्सालय लालगंज पहुंचाया जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। सत्यप्रकाश चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। पूरे परिवार की जिम्मेदारी सत्य प्रकाश पर ही थी। मृतक की पत्नी ममता गर्भवती हैं एवं उनके पास एक पुत्री 4 वर्ष की सृष्टि है। घटना की सूचना परिजनों को मिलते है घर में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे लालगंज चैकी प्रभारी अमित कुमार त्रिपाठी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

संक्षेप

दुर्वासा धाम में गंगा समग्र के कार्यकर्ताओं ने की बैठक

आजमगढ़। दुर्वासा धाम पर गंगा समग्र के कार्यकर्ताओं ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता गंगा समग्र आर्यमगढ़ विभाग के संरक्षक पं. सुभाष चंद्र तिवारी कुन्दन ने की। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने विभिन्न विन्दुओं पर चर्चा की। मुख्य अतिथि अपने संबोधन में गोरक्ष प्रांत के संयोजक राजकिशोर मिश्र ने कहा कि महाकुंभ में गंगा समग्र का विशाल शिविर लगा है, जहाँ 7, 8 और 9 फरवरी को कार्यकर्ता महासंगम में आरएसएस के संघचालक मोहन भागवत सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी आयेंगे, जिसमें गंगा एवं उसके सहायक नदियों के स्वच्छता हेतु रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि गंगा के सहायक नदियों में गोरक्ष प्रांत से तमसा, कुवानो और आमी नदी के स्वच्छता हेतु इस वर्ष विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर रासबिहारी सिंह को गंगा समग्र फूलपुर जिला का संयोजक और रणजीत सिंह को सह संयोजक बनाया गया। मौके पर गंगा समग्र आर्यमगढ़ के जिला संयोजक संजय कुमार पांडेय, भाजपा मिजार्पुर मंडल अध्यक्ष नीरज गिरी, लक्ष्मण दुबे, ओंकार पांडेय, वीरेंद्र कुमार सिंह, पंकज शुक्ला, तीरथ, उदय भान आदि उपस्थित थे।

सैलानी की बैसाखी से दिव्यांगों को मिला सहारा

महराजगंज (आजमगढ़)। हंसना मुझे भी आता था, पर किसी ने रोना सिखा दिया। खुद को सवांरने में हम भी माहिर थे, लोगों के दर्द ने अपना बना लिया। उक्त सैर स्थानीय कस्बा निवासी सैलानी सैनी के लिए सटीक बैठती है, जिन्होंने वकालत की पढ़ाई कर अपने परिवार का भविष्य संवारने का सपना देखा था। किंतु वकालत की पढ़ाई के दौरान ही समाज में दिव्यांगों की उपेक्षा और दुर्दशा ने उनके हृदय को इस तरह प्रभावित किया कि उन्होंने अपना पूरा जीवन ही दिव्यांगों की सेवा में समर्पित कर दिया। उनके इस नेक कार्य में उनकी पत्नी पिंकी सैनी ने भी बराबर की जिम्मेदारियां निभा रही हैं। नगर पंचायत स्थित वकासखंड कार्यालय के सामने संचालित महात्मा ज्योतिवा फूले दिव्यांग विद्यालय के प्रबंधक सैनी वर्ष 2009 में वकालत की पढ़ाई करते समय अपने एक रिश्तेदार के घर गए जहां उन्होंने एक ही परिवार के चार दिव्यांगों की दयनीय दशा तथा अपने ही स्वजनों द्वारा की जा रही उपेक्षा देखकर काफी द्रवित हुए और वापस आकर उन्होंने अपने हृदय की करुणा को पत्नी पिंकी सैनी से बयां करते हुए कहा कि अपने परिवार को संवारने के लिए तो सभी करते हैं किंतु हमें ऐसे लोगों के लिए कुछ करना है जिनकी उपेक्षा अपनों द्वारा ही की जाती है। पत्नी भी पति के विचारों से सहमत होते हुए पति दर्द में सहभागी बन गयी और दोनों ने दिव्यांगों का जीवन संवारने का संकल्प लिया। फिर दोनों ने विशेष बीएड का कोर्स किया। संसाधनों के अभाव में अपनी परिकल्पना को साकार करने के लिए कुछ समाजसेवियों के समक्ष अपना विचार रखा। इसी बीच उनकी मुलाकात आजमगढ़ निवासी संतोष श्रीवास्तव व उनकी पत्नी रूबी श्रीवास्तव से हुई तो वे भी काफी प्रभावित हुए और आजीवन इस नेक कार्य में सहयोग का भरोसा दिया। उन्हीं लोगों के सहयोग से कस्बे के एक किराए के मकान में दिव्यांगों को स्वावलंबी बनाने के लिए एक शिक्षण संस्थान की नींव रखा। वर्तमान में इस संस्थान में लगभग 35 की संख्या में बच्चे आते हैं जिन्हें उनकी क्षमतानुसार शैक्षणिक और व्यावसायिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाता है तथा उनके लिए भोजन वस्त्र व रहने का भी प्रबंध किया जाता है।

डॉ. शमीम को मिर्जा असदुल्लाह खान गालिब पुरस्कार से किया गया सम्मानित

फूलपुर आजमगढ़। राजकीय तकमील अल-तिब्ब कॉलेज के फार्माकोलॉजी विभाग में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शमीम इरशाद आजमी को उर्दू साहित्य के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मिर्जा असदुल्लाह खान गालिब पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय ऑडिटोरियम में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ. शमीम इरशाद आजमी की इस उपलब्धि से उनके महाविद्यालय के शिक्षक और छात्र अत्यंत उत्साहित हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अब्दुल कवी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि डॉ. शमीम इरशाद आजमी की सेवाएं उर्दू साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय हैं। उनकी मेहनत और समर्पण ने महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। डॉ. शमीम इरशाद आजमी का शैक्षणिक और साहित्यिक योगदान अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने अब तक 150 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और 35 से अधिक अध्याय विभिन्न पुस्तकों में शामिल किए गए हैं। हाल ही में उनकी पुस्तक क्रूड ड्रग्स ऑफ यूनानी मेडिसिन दो खंडों में कनाडा के एप्पल एकेडमिक प्रेस द्वारा प्रकाशित की गई है। उन्होंने 50 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेकर यूनानी चिकित्सा और उर्दू साहित्य को एक नई पहचान दिलाई है। डॉ. शमीम इरशाद आजमी आजमगढ़ जिले के फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के मुंडियार गांव के प्रसिद्ध विद्वान प्रो. हकीम इरशाद अहमद के पुत्र हैं। उन्होंने मदरसा-उल-इस्लाह, सरायमीर से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की और अजमल खान मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से बीयूएमएस की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ यूनानी मेडिसिन, बैंगलोर से एमडी की डिग्री हासिल की।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अतरौलिया आजमगढ़। अतरौलिया थाना क्षेत्र निवासी वादी ने थाने पर लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया कि विपक्षी आकाश कन्नौजिया पुत्र गजानन्द कन्नौजिया निवासी कन्तालपुर के द्वारा वादी की पुत्री साथ छेडछाड किया गया इसके संबंध में अतरौलिया थाना पर संबंधित धारा पर मुकदमा दर्ज करके विवेचना की जा रही थी। जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक विनय कुमार यादव द्वारा सम्पादित की जा रही है। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन के आधार पर पाक्सो एक्ट में बढोत्तरी किया गया। मंगलवार की सुबह उपनिरीक्षक विनय कुमार यादव द्वारा मुकदमा में वांछित आकाश कन्नौजिया पुत्र गजानन्द कन्नौजिया निवासी कन्तालपुर को 100 शैय्या हास्पिटल के पास हाइवे से हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को सम्बंधित धाराओं में चालान कर पुलिस ने जेल भेज दिया।

उत्तर प्रदेश दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश की थीम पर होंगे कार्यक्रम

बैठक

एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत शिल्पकारों के उत्पादों की लगेगी प्रदर्शनी

जनसंदेश न्यूज

बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल।

आजमगढ़। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 24-26 जनवरी 2025 की अवधि में उत्तर प्रदेश दिवस-2025 को समारोह पूर्वक आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। उन्होने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के आयोजन की थीम ह्वविकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेशह्व है। उन्होने कहा कि समस्त विभागों द्वारा इसी थीम पर प्रदर्शनियों, संगोष्ठियों, सम्मेलनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं, रोड शो आदि का आयोजन सुनिश्चित किया जायेगा।

जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि 23 जनवरी को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती, 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस-2025, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस, मतदाता जागरूकता दिवस तथा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद में भव्यपूर्ण ढ़ंग से कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के अवसर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत जनपद के शिल्पकारों के उत्पादों (निजामाबाद की ब्लैक पाटरी एवं मुबारकपुर की साड़ी) की प्रदर्शनियों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इन प्रदर्शनियों के स्टाल्स में ओडीओपी के उत्पादों का विकल्प भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि उद्योग एवं अवस्थापना विभाग द्वारा स्टार्टअप व ईज आफ डूईंग बिजनेस पर आधारित प्रदर्शनी, इनवेस्ट 'उत्तर प्रदेश' द्वारा वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनामी पर आधारित प्रदर्शनी, सूचना विभाग द्वारा प्रगतिमान उत्तर प्रदेश एवं आपातकाल पर आधारित प्रदर्शनी, गृह विभाग द्वारा मिशन शक्ति पर आधारित प्रदर्शनी, संसदीय कार्य विभाग द्वारा संविधान गैलरी एवं संविधान का अमृत काल, नगर विकास द्वारा कुम्भ पर आधारित प्रदर्शनी, संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश की कला, संस्कृति व इतिहास पर आधारित प्रदर्शनी, काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन सुनिश्चित किया जाये। उन्होने कहा कि इसके अतिरिक्त उच्च शिक्षा विभाग द्वारा श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी शताब्दी वर्ष, समाज कल्याण विभाग द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयन्ती पर आधारित प्रदर्शनी, राष्ट्रीय एकीकरण विभाग द्वारा लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल पर आधारित प्रदर्शनी, पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश/जनपद के पर्यटन एवं पौराणिक स्थलों की प्रदर्शनी आदि का आयोजन किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, ज्वाइण्ट मजिस्ट्रेट सुनील कुमार धनवंता, मुख्य कोषाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग एसएस रावत, उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार, समस्त एसडीएम एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

विशिष्ट सफल प्रतिभाओं का होगा सम्मान : जिलाधिकारी

आजमगढ़। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा ऐसी विशिष्ट सफल प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाये, जो कि युवा पीढ़ी के लिए अनुकरणीय हो, पर्यटन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों को सम्मानित किया जाये, युवा पर्यटन क्लब के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाये, स्वयं सहायता समूहों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाये, संस्कृति एवं कला जगत से जुड़ी अन्य हस्तियों को राजभवन में दिनांक 26 जनवरी 2025 को सम्मानित किया जायेगा। खेल विभाग द्वारा दिये जाने वाले पुरस्कारों का भी वितरण किया जायेगा। उन्होने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, कृषि एवं विज्ञान विभाग, चिकित्सा विभाग तथा अन्य विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हस्तशिल्पियों किसानों, उद्यमियों, चिकित्सकों आदि का चयन करते हुए उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के अवसर पर सम्मानित किया जाये।

लिपिक को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

पवई (आजमगढ़)। विकासखंड पवई के बाल विकास परियोजना के वरिष्ठ लिपिक को मंगलवार दोपहर लगभग 3 बजे एंटी करप्शन की टीम ने कार्यालय में 5000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। यह रिश्वत आंगनबाड़ी कार्यकत्री को अगली प्रोत्साहन राशि की किस्त भेजने के लिए मांगी गई थी। लिपिक की गिरफ्तारी के बाद बाल विकास परियोजना कार्यालय में अफरा तफरी मची रही। पवई थाना क्षेत्र के नाटी गांव निवासी रामेश्वर ने एंटी करप्शन टीम को शिकायत करते हुए बताया था कि उनकी पत्नी सुषमा पवई ब्लाक स्थित आंगनबाड़ी केंद्र नाटी में कार्यकत्री हैं। रामेश्वर ने आरोप लगाया कि कार्यालय में तैनात लिपिक रामफेर पांडेय ने प्रोत्साहन राशि की अगली किस्त देने के एवज में रिश्वत मांगी थी। रामेश्वर ने लिपिक से लेनदेन की बात की जहां उन्होंने मंगलवार को दोपहर बाद कार्यालय में बुलाया और लेनदेन की बात शुरू की। रकम लेने के बाद उन्होंने जेब में रुपए रख लिए इसके बाद एंटी करप्शन टीम कार्यालय के अंदर दाखिल होकर रुपए बरामद कर लिए। टीम को देखकर लिपिक के होश उड़ गए। टीम लिपिक को पड़कर अपने साथ ले गई।

महर्षि दत्तात्रेय स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

बच्चों से हाथ मिलाकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते सूरज प्रकाश श्रीवास्तव।

निजामाबाद आजमगढ़। निजामाबाद तहसील स्थित, गौसपुर गांव के महर्षि दत्तात्रेय स्कूल में पांचवी 'पांच दिवसीय शीतकालीन खेलकूद प्रतियोगिताओं' का आरंभ मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला अध्यक्ष, भाजपा लालगंज सूरज प्रकाश श्रीवास्तव और मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक अरुण कुमार मिश्रा उर्फ लालू और विद्यालय के संरक्षक जयप्रकाश मिश्रा उपस्थित रहे, जिन्होंने मां सरस्वती के चित्रपट के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

खेलकूद प्रतियोगिता के उत्सव में बच्चों में अत्यंत उत्साह देखा गया। बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि- खेलकूद विद्यार्थी जीवन का एक अभिन्न हिस्सा होता है तथा जितना आवश्यक एक विद्यार्थी के लिए पढ़ाई होती है उतना ही खेलकूद और इस तरह के प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना होता है। खेलकूद से व्यक्ति के शरीर का विकास तो होता ही है साथ ही वह मानसिक रूप से भी सुदृढ़ होता है। बच्चों का उत्साह आवर्धन करते हुए उन्होंने बच्चों को कहा कि आप आगे चलकर जनपद में और प्रदेश में खेलकूद में अपना परचम लहराएं, यही भगवान से मेरी प्रार्थना है। तदोपरांत विद्यालय के प्रबंधक अरुण कुमार मिश्रा लालू ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद एक ऐसा माध्यम है जो बच्चों को सामाजिक रूप से विकसित होने में बहुत ही अहम साबित होता है। एक बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद, पढ़ाई के साथ-साथ बहुत अनिवार्य है। अतः हम चाहते हैं कि सभी बच्चे ज्यादा से ज्यादा खेलकूद के प्रति भी अपने आप को प्रेरित करें जिससे कि उनका शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर हो सके और देश के लिए एक मजबूत पीढ़ी का निर्माण हो सके। शीतकालीन खेलकूद प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, शतरंज, लेमन स्पून रेस, सैक रेस, थ्री लेग रेस, व्हीलबेरो रेस, 100 मीटर दौड़ और साथ ही साथ डांस की भी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है जिसमें सभी छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है।

यह प्रतियोगिता अगले 5 दिन तक जारी रहेंगी। इसके उपरांत गणतंत्र दिवस समारोह में इनके विजेताओं की घोषणा के साथ पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय की समस्त छात्र-छात्राएं, समस्त शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

आरोपी को दस माह की सजा व अर्थ दण्ड से किया दण्डित

आजमगढ़। ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत जनपदीय पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना, मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन द्वारा की गयी प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप 1 आरोपी अभियुक्तों को न्यायालय द्वारा अवैध असलहा रखने के आरोप में दोषी करार देते हुए 10 माह 23 दिवस कारावास की सजा एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। वादी मुकदमा उपनिरीक्षक जय प्रकाश पाण्डेय थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त राधे श्याम मौर्या पुत्र शिवकुमार मौर्या निवासी लोनियाडीह थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ को 1 अदद नाजायज तमन्चा व 315 बोर व 2 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 2 अदद चोरी का मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना बिलरियागंज पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। मुकदमा उपरोक्त में 5 गवाह परीक्षित हुए। मंगलवार को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश आजमगढ़ कोर्ट नं0-10 द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त राधे श्याम मौर्या पुत्र शिवकुमार मौर्या निवासी लोनियाडीह थाना फूलपुर को दोषसिद्ध पाते हुए अभियुक्त को 10 माह 23 दिन का कारावास एवं 2,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

एमबीबीएस एफएमजीई परीक्षा में दीपाजंलि ने हासिल किया 152 रैंक

जनसंदेश न्यूज

दीपाजंलि।

ठेकमा आजमगढ़। ठेकमा ब्लाक के भगवान पुर गांव निवासिनी महेन्द्र कुमार राय की पुत्री दीपाजंली राय ने एमबीबीएस एफएमजीई परीक्षा में 152 रैंक हासिल का परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। दीपाजंलि की इस उपलब्धि पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

दीपाजंलि की प्रारम्भिक शिक्षा गांव पर ही हुई। दीपाजंलि ने हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा एमके राय आर्दश इण्टर कालेज भगवानपुर ठेकमा से प्राप्त की। दीपाजंलि हाई स्कूल में 88 प्रतिशत तथा इण्टरमीडिएट में 80 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। दीपाजंलि के पिता महेन्द्र कुमार राय सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के सदस्य तथा एमके राय आदर्श एजुकेशन ग्रुप आफ काजेल के प्रबंधक भी हैं। दीपाजंलि की माता सुनीता राय एम के राय दीप आर्दश बालिका पीजी कालेज की प्रधानाचार्य है। दीपाजंलि की बड़ी बहन दीपशिखा राय एम डी फिजिशियन नार्थ ओमियन मेडिकल स्टेट यूनिवर्सिटी ब्लादिकावकाज रसिया में अध्ययनरत हैं।

यह सफलता ने केवल उनके कठोर परिश्रम और समर्पण का प्रतीक है बल्कि यह संदेश देता है कि सपने पूरे करने के लिए सच्ची लगन और मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। दीपाजंलि ने यह दिखा दिया कि सीमित संसाधनों में भी महान लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उनकी इस उपलब्धि से युवाओं को खासकर बालिकाओं को प्रेरण मिलेगी और वे भी अपने सपनों को साकार करने के लिए मेहनत करेंगी।

15वें वित्त आयोग के कार्यों के सत्यापन के लिए डीएम ने की समीक्षा बैठक

बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करतीं डीएम

मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 की बुनियादी अनुदान एवं निर्दिष्ट अनुदान की प्रथम व द्वितीय किश्त के रूप में प्राप्त धनराशियों व अन्य धनराशियों के सापेक्ष नगर पालिका परिषद, मीरजापुर व चुनार एवं अहरौरा तथा नगर पंचायत कछवां द्वारा निर्माण, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, भू-जल संरक्षण से सम्बन्धित कार्यो, मशीनरी, सामग्रियों के कय से सम्बन्धित कार्यों हेतु प्रस्तुत कार्ययोजनाओं के क्रम में निकायवार गठित तकनीकी, प्रशासनिक समिति की जांच आख्या पर विचार करते हुये वित्तीय, प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने हेतु बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वीकृत किए कार्यो पार्टवार अलग न करते हुए कार्य प्रारम्भ करने के उपरान्त जब तक पूर्ण न हो जाए कार्य को रोका न जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि जो कार्य पहले स्वीकृत है और उन पर कार्य चल रहा है उसकी अगले बैठक पी.पी.टी. के साथ बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि पम्प हाउसों में वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था नहीं है तो आवश्यकतानुसार प्रस्ताव बनाकर जनरेटर आदि की व्यवस्था करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, डिप्टी कलेक्टर शक्ति प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर गोवा लाल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका चुनार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कछंवा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

गेहूं खरीद हेतु कम पंजीकरण कराए जाने पर एडीएम वित्त ने व्यक्त की कड़ी नाराजगी

समीक्षा बैठक करते एडीएम वित्त

बैठक

अधिक से अधिक पंजीकरण कराने का दिया निर्देश

मीरजापुर। अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में अपर जिलाधिकारी कार्यालय में धान खरीद की समीक्षा बैठक सम्बन्धित अधिकारियों के साथ की गई। बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी संजीव सिंह और कोआपरेटिव विपिन कुमार सिंह, राम जी कुशवाहा आर.एम पी.सी.एफ., रामकेश सरोज डी.एस.पी.सी.यू., विजय सिंह डी.एस. यू.पी.एस.एस. उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि गेंहू खरीद के लिए पंजीकरण जहां पर धान की खरीद की जा रही है उन्ही केन्द्रों पर गेंहू खरीद हेतु एजेंसी अधिक से अधिक किसानों से सम्पर्क करते हुए उनका पंजीकरण कराएं। गेंहू खरीद पंजीकरण में पी.सी.एफ., पी.सी.यू. के द्वारा कम पंजीकरण कराए जाने पर अपर जिलाधिकारी कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि दो दिन के अन्दर सभी किसानों से वार्ता कर अधिकतम पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें ताकि 1 मार्च 2025 से गेंहू खरीद प्रारम्भ किया जा सके।

नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए दाखिल किया गया पर्चा

लालगंज। उपरौध अधिवक्ता समिति की नई कार्यकारिणी के निर्वाचन चुनाव में अध्यक्ष पद से दो, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद से दो, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद से एक सचिव पद से तीन सह सचिव से एक पुस्तकालय अध्यक्ष से तीन ऑडिटर से एक नामांकन पर्चा दाखिल किया गया। चुनाव निर्वाचन अधिकारी कैलाश पति त्रिपाठी ने बताया कि नई कार्यकारिणी चुनाव में अध्यक्ष पद से अशोक कुमार मिश्र एवं रविराज सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद से गोविंद यादव, आफताब आलम, कनिष्ठ उपाध्यक्ष से प्रवीण कुमार जायसवाल, सचिव पद से सुरेंद्र कुमार सिंह, उमाशंकर सिंह, गोविंद वर्मा, सह सचिव पद से विश्वनाथ तिवारी, पुस्तकालय अध्यक्ष पद से शेर बहादुर सिंह, धर्मेंद्र कुमार पाल, शशि भूषण प्रजापति, ऑडिटर पद से परशुराम मौर्य ने नामांकन दाखिल किया। कार्यकारिणी से शिवकुमार प्रजापति, अली हसन, अजय कुमार मिश्र, स्वयं प्रकाश त्रिपाठी, रोहित मिश्रा, सूर्य प्रकाश त्रिपाठी ने नामांकन पर्चा खरीदा गया। इस आशय की जानकारी चुनाव निर्वाचन अधिकारी कैलाशपति त्रिपाठी एवं सहायक चुनाव निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार शुक्ला व अनिल कुमार मौर्य ने दिया।

संक्षेप

असहाय लोगों में बांटा गया कंबल

गैपुरा। छानबे क्षेत्र के अरगी सरपती गांव के गरीब, असहाय लोगों को राजस्व विभाग के सहयोग से भारतीय जनता पार्टी के गैपुरा मण्डल अध्यक्ष संतोष पाठक द्वारा 70 निःशुल्क कम्बल वितरण किया गया। कम्बल वितरण से लोगों के चेहरे पर खुशी की मुस्कान दिखाई दिया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में जिला मंत्री भाजपा गौरव ऊमर, वरिष्ठ भाजपा नेता अमित श्रेनेत, मण्डल महामंत्री भाजपा महेश यादव, सूर्जबली यादव, बृजेश यादव आदि उपस्थित रहे।

अतिक्रमण व गंदगी होने से लोगों को हो रही परेशानी

अहरौरा। विकासखंड जमालपुर के ग्राम पंचायत जिगना के ग्राम सभा हुसैनपुर में सरकारी जमीन पर चौतरा बगल में डीह बाबा सायर देवी का मंदिर स्थित है। जहां पर लोग आस्था के लिए प्रतिदिन मत्था टेकते है। जहां पर अतिक्रमण द्वारा चौतरे के अगल-बगल चारों तरफ पशु बांधकर नाद खुटा गढ़कर गंदगी का अंबार लगाए हुए हैं जिससे पूजा पाठ करने वालों को कठिनाइयां होती है। ग्राम प्रधान राजकुमार ने बताया कि गांव समाज की जमीन है। जहां पर स्थित देवी देवता का मंदिर है पेड़ के पास बड़ा चौतरा बनाया गया है कि लोगों को बैठने के लिए पूजा पाठ करने के लिए कोई दिक्कत ना हो लेकिन गांव के यादव बस्ती के लोग अतिक्रमण किया हुआ है। जिससे लोगों को पूजा पाठ करना मुश्किल हो जा रहा है। इस सम्बंध में उच्चाधिकारियों से भी गुहार लगा चुके हैं लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुआ।

ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत, एक घायल

गैपुरा। जिगना थाना क्षेत्र के सुमतिया गांव के सामने मीरजापुर-प्रयागराज मार्ग पर सोमवार की रात ट्रक में टक्कर हो जाने से अपाचे बाइक चालक युवक की की मौत हो गई। जबकि सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना क्षेत्र के कुशहां गांव के मवैया मजरा निवासी 32 वर्षीय वीरेंद्र पुत्र छैलबिहारी सुमतिया गांव निवासी 34 वर्षीय भीम पुत्र ओमप्रकाश के साथ बाइक से प्रयागराज जिले के मांडा थाना क्षेत्र के नहवाई गांव से घर वापस लौट रहा था। पाली बार्डर के पास सड़क की दक्षिण पटरी पर खड़ी ट्रक से बाइक की भिड़ंत हो गई। पिकेट ड्यूटी पर तैनात पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर दोनों को पीएचसी सरौंई में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने वीरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। ?जबकि घायल भीम को मंडलीय जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिगना प्रभारी थानाध्यक्ष शैलेश राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मृतक तीन भाइयों में बड़ा था। दो बेटों व एक बेटी का पिता था।

सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

अहरौरा। स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्ति नगर रोड पर स्थित कुदारन चौराहा के पास मंगलवार को दोपहर में सड़क पार कर रहे बाइक सवार युवक को वाराणसी से सोनभद्र की तरफ जा रही तेज रफ्तार पिकप ने टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनो ने दोनों घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को वाराणसी रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय अजय पुत्र श्यामधारी निवासी लोहराजपुर जमालपुर 40 वर्षीय दीना बिंद पुत्र कांता प्रसाद बिंद निवासी जिगना अहरौरा बाइक पर सवार होकर जिगना धूरिया की तरफ से बसारी गांव की तरफ जा रहा था। जैसे ही वाराणसी शक्ति नगर रोड क्रास करना चाहे की वाराणसी से सोनभद्र की तरफ जा रही तेज रफ्तार क्रूजर जीप ने धक्का मार दिया जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन दोनों घायलों को निजी अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को वाराणसी रेफर कर दिया। वहीं क्रूजर वाहन मौके से भागने में सफल रही। प्रभारी निरीक्षक अजय सेठ ने बताया की दोनों घायलो को परिजन वाराणसी इलाज के लिए ले गए। वहीं वाहन को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

परीक्षा पास कराने के नाम की जा रही धन वसूली

मीरजापुर। परीक्षा पास कराने के नाम पर सुविधा शुल्क की मांग किया जा रहा है। ओ लेवल की परीक्षा पास कराने के लिए अभ्यर्थी से 5 हजार रुपए की डिमांड की जाती है। परीक्षा केंद्र के स्टाफ ने पैसे के एवज में साल्वर से परीक्षा दिलाने की बात कही। अभ्यर्थी ने इंस्टिट्यूट पर आरोप लगाते हुए कहा कि यहां नकल कराने का खेल चल रहा। परीक्षा पास कराने को लेकर सुविधा शुल्क लिया जा रहा है। पीड़ित ने आयुक्त को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। आये दिन अभ्यर्थी इनका शिकार हो रहे हैं। अभ्यर्थी विजय मौर्य ने आयुक्त को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की किया मांग। पैसे कमाने के चक्कर में अभ्यर्थियों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अभ्यर्थी ने आरोप लगाते हुए कहा कि परीक्षा पास कराने के नाम पर स्टाफ द्वारा धन अवैध वसूली किया जा रहा है। इंस्टिट्यूट में सॉल्वर गैंग सक्रिय है जो अभ्यर्थियों को निशाना बना रहे है। यह मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के किशुन प्रसाद की गली स्थित एक निजी इंटीट्यूट का है।

जिलाधिकारी ने अदवा बांध पर ड्रिप परियोजना का किया निरीक्षण

मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा मंगलवार को अदवा बांध पर ड्रिप परियोजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 2.35 किलोमीटर पर चल रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता को चल रहे कार्यों को समयांतर्गत पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता हो तो मैनपावर को बढ़ाते हुए कार्य को गुणवत्ता पूर्णढंग से समयांतर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, उप जिलाधिकारी लालगंज आशाराम वर्मा, सहायक अभियंता सिरसी बांध प्रखंड व अवर अभियंता मोहम्मद असलम खा, सिद्धार्थ यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुए 286 जोड़े

आयोजन

रीति रिवाज के साथ कराई गई शादी

जनसंदेश न्यूज

विवाहित जोड़े को आशीर्वाद देतीं डीएम

हलिया। क्षेत्र के भटवारी गांव स्थित जगधारी प्रसाद इंटर कॉलेज के सामने मैदान में मंगलवार को हलिया, लालगंज, छानबे, पटेहरा विकास खंड के आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में कुल 316 जोड़ो की शादी होने का सत्यापन के सापेक्ष 286 जोड़ी की शादी 80 मंडप में संपन्न हुई। सत्यापन के बाद भी 20 जोड़े कतिपय कारणों से उपस्थित नहीं हो सके। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 285 जोड़े हिंदू रीति रिति रिवाज से तथा एक जोड़ा मुस्लिम रीति रिवाज से शादी हुई। विधायक रिंकी कोल व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर वैवाहिक कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान आचार्य निरजानन्द शास्त्री, हरिमंगल शुक्ला, धर्मेंद्र कुमार दुबे, ओम जी त्रिपाठी, मनोरथ प्रसाद मिश्रा, कौशल तिवारी, सुरेश शुक्ला, राजेंद्र पांडेय, पवन मिश्रा दुबे आदि आचार्यों ने विधिविधान व मंत्रोच्चारण से शादी संपन्न कराया। हिंदू जोड़ों के अतिरिक्त एक जोड़ा पटेहरा ब्लाक से पारो पत्नी राजन निवासी कुसुम्हा के रूप में स्वीकार किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर वधू को समाज कल्याण विभाग द्वारा वस्त्र, चांदी का सिक्का, पायल, प्रेसर कुकर, ट्राली बैग, दीवार घड़ी, गैस चूल्हा आदि सामान दिया। शादी संपन्न होने के बाद विधायक एवं जिला अधिकारी ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद देकर मंगल कामना की। कार्यक्रम में मंचासीन विधायक रिंकी कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कन्नौजिया, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, उपजिलाधिकारी लालगंज आशाराम वर्मा, विपुल सिंह, दिनेश अग्रहरि, डा0 राजीव शर्मा, विजय शंकर त्रिपाठी, बबिता सिंह, रुपेश श्रीवास्तव सिंह, रणजीत, शशिकांत पटेल, जनार्दन कोल, शिव बाबू सेठ, अरूण मिश्र, विजेन्द्र पाण्डेय, रमेश मौर्य, राजेश मौर्य आदि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के तौर पर हलिया थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह के निर्देश में पुलिस तैनात रही। वहीं कार्यक्रम का संचालन लालजी मौर्य ने किया।

सीमांचल एक्सप्रेस के एसी बोगी के नीचे से निकला धुआं

जांच पड़ताल

ब्रेक ब्राइंडिंग को दुरुस्त कर ट्रेन को आगे किया गया रवाना

जनसंदेश न्यूज

जांच करते अधिकारी

मीरजापुर। सीमांचल एक्सप्रेस में ब्रेक बाइंडिंग होने की वजह से धुआं निकलने के चलते ट्रेन को बिरोही-विंध्याचल रेलवे स्टेशन के बीच रोकना पड़ा। ब्रेक ब्राइंडिंग को दुरुस्त कर ट्रेन को आगे रवाना किया गया। बोगी से धुआं निकलता देख यात्री गाड़ी से नीचे उतर रहे थे, जिन्हें समझा बुझाकर गाड़ी में बैठाया गया। फायर एक्सटिंग्विशर से व्हील को ठंडा किया गया। मंगलवार को ट्रेन नंबर 12487 सीमांचल एक्सप्रेस विंध्याचल से पूर्वांह्न 10:34 बजे थ्रू पास हुई। ट्रेन के पास होते समय एसी बी 2 कोच नंबर 091353/सी के नीचे ब्रेक बाइंडिंग होने की वजह से धुआं निकलता देखा गया। जिसकी सूचना आरपीएफ उप निरीक्षक एसके सिंह ने एसएस बिरोही स्टेशन को दिया। गाड़ी को चेक करने के लिए एसएस बीडीएल की सूचना पर ओएचई को बंद कराया गया। जिस कारण गाड़ी विंध्याचल बिरोही स्टेशन के मध्य किलोमीटर नंबर 746 / 29 पर खड़ी हो गई।

मौके पर उप निरीक्षक एस0के0 सिंह कांस्टेबल राजीव सिंह हमराह आरपीएसएफ स्टाफ एस0आई0 के0 हेमंत, आरपीएसएफ स्टाफ विंध्याचल, फूलचंद यादव हमराह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। रुकने पर धुआं निकलता देख यात्री गाड़ी से नीचे उतर रहे थे, जिन्हें समझा बुझा कर गाड़ी में बैठाया गया। मैन्युअल रिलीज कर गाड़ी को 11:17 बजे ठीक किया गया तथा फायर एक्सटिंग्विशर से व्हील को ठंडा कर गाड़ी को सकुशल गंतव्य को रवाना किया गया। घटना में किसी प्रकार का अपराधिक हस्तक्षेप का होना नहीं पाया गया। मौके पर थाना प्रभारी विंध्याचल जीआरपी चौकी प्रभारी भी उपस्थित थे।

जानलेवा हमले के आरोप में पिता-पुत्र समेत 3 गिरफ्तार

मीरजापुर। जमीनी विवाद को लेकर जानलेवा हमला करने की शिकायत पर थाना कोतवाली देहात पुलिस सक्रिय हुई। जान से मारने की नियत से हमला करने के आरोपी नाबालिक सहित 3 नफर आरोपियों को गिरफ्तार किया। कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया, जबकि नाबालिक को बाल सुधार गृह भेजा गया। थाना कोतवाली देहात पर अनन्तराम पट्टी गांव निवासिनी चन्दा देवी ने 20 जनवरी को नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी थी। जिन पर जमीनी विवाद को लेकर पति को जान से मारने के नियत से हमला करने की लिखित तहरीर दी गई थी। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ की। मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक रामफेर यादव ने पुलिस टीम के साथ मिलकर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिसमे पप्पू पुत्र मिठाई लाल व राहुल पुत्र पप्पू को गिरफ्तार किया। कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, दो गंभीर

हलिया। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में सोमवार की रात बाइक सवार तीन युवक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी लालगंज भेजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने तीनों घायलों को मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। मंगलवार सुबह गंभीर रूप से घायल बीस वर्षीय मोहित त्रिपाठी निवासी तेलिहा निमोर्ही सिंह थाना हनुमना, जिला मऊगंज मध्यप्रदेश की मौत हो गई। सोमवार देर शाम प्रयागराज से बाइक पर सवार होकर मध्य प्रदेश के मऊगंज जिला के भगदेवा गांव निवासी 22 वर्षीय राजू पटेल व 24 वर्षीय आदर्श पटवा अपने साथी मोहित त्रिपाठी के साथ घर लौट रहे थे। जैसे ही रात आठ बजे के करीब ड्रमंडगंज क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में पहुंचे तो बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर बाइक से गिरकर तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे एसआई काशी सिंह ने एंबुलेंस से उपचार हेतु अस्पताल भेजवाया। उपचार के दौरान मोहित त्रिपाठी की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल राजू पटेल और आदर्श पटवा को उनके परिजन देर रात उपचार के लिए रीवा लेकर चले गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घायल पुजारी की इलाज के दौरान मौत

लालगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत मुंशीपुर गांव के शिव मंदिर में बीते 11 जनवरी शनिवार की रात चार लोगों ने मंदिर के पुजारी को मार पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। ट्रामा सेंटर वाराणसी में गम्भीर रूप से घायल पुजारी की मंगलवार भोर मौत हो गई। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत मुंशीपुर गांव निवासी महेंद्र कुमार दुबे पुत्र सनद कुमार दुबे उम्र लगभग 35 वर्ष गांव स्थित शिव मंदिर पर पुजारी के रूप में रहते हुए मंदिर की देखभाल के साथ पूजा अर्चना करते थे। बीते शनिवार की रात चार की संख्या में पहुंचे लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे महेंद्र के सिर हाथ सीना व पैर में गंभीर चोट आई थी। परिजनों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर गए थे। मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया था। उपचार के दौरान मंगलवार की भोर पुजारी की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मामले को लेकर मृतक महेंद्र कुमार दुबे के चचेरे भाई देवेन्द्र कुमार दुबे ने रविवार को लहंगपुर चौकी कर तहरीर देकर दो अज्ञात दो नामजद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। लहंगपुर चौकी प्रभारी विजय कुमार राय को तहरीर मिलने पर जांच पड़ताल करते हुए मारपीट करने वाले लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजा गया था। मौत की जानकारी मिलते ही लहंगपुर चौकी प्रभारी विजय कुमार राय मय पुलिस टीम के साथ बीएचयू वाराणसी पहुंच कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

असम के राज्यपाल ने किया मां शीतला का दर्शन

सीखड़। असम के राज्यपाल डा0 लक्ष्मण आचार्य ने अदलपुरा शीतला माता धाम पहुंच कर मां का दर्शन पूजन किया। जानकारी के अनुसार सीखड़ क्षेत्र में स्थित अदलपुरा शीतला माता धाम में मंगलवार को असम के राज्यपाल डा0 लक्ष्मण आचार्य ने पहुंच कर विधि विधान पूर्वक मां का दर्शन पूजन किया। मंगलवार को वाराणसी से सड़क मार्ग से होकर धाम परिसर में पहुंचें। जिला प्रशासन द्वारा राज्यपाल के आगमन को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था। धाम परिसर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रही। अदलपुरा चौकी इंचार्ज सुरेश सिंह, चुनार थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव ड्यूटी पर मुस्तैद रहे। राज्यपाल डाक्टर लक्ष्मण आचार्य अदलपुरा शीतला माता धाम में दर्शन करने के पश्चात चुनार के विधायक अनुराग सिंह के आवास पर पहुंचे। जहां उन्हें गार्ड आफ आनर सलामी दी गई। विधायक के आवास पर उनके पिता पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना। पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह से उनकी मुलाकात लगभग डेढ़ घंटे चली।

ड्रग इंस्पेक्टर ने की छापेमारी

छापेमारी करते ड्रग इंस्पेक्टर

मीरजापुर। ड्रग इंस्पेक्टर ने मंगलवार को मेडिकल स्टोर पर छापेमारी किया। कई दुकानदार दुकान बंद कर मौके से फरार हो गए। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश ड्रग इंस्पेक्टर कुमार सौमित्र ने चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें नकली, नशीली अधोमानक दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने को लेकर यह अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र सहित कई निजी मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की है। 08 औषधियों के सैंपल लेकर प्रयोगशाला भेजा गया। ड्रग इंस्पेक्टर कुमार सौमित्र ने बताया कि लिए गए सैंपल की रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जाएगी।

पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्यों का निर्वहन करें अधिकारी : डीएम

मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल पहुंचकर प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ के दृष्टिगत आगामी 29 जनवरी मौनी अमावस्या स्नान पर्व को देखते हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। प्रयागराज महाकुम्भ में जाने वाले श्रद्धालु मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम में दर्शन पूजन करने आते है, सम्बन्धित अधिकारी जिनकी ड्यूटी मन्दिर परिसर में लगाई गई है वे पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्यों का निर्वहन करें ताकि श्रद्धालु पूरी सुगमता से दर्शन कर अपने गंतव्य को प्रस्थान कर सकें। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन परिसर, रेहड़ा चुंगी सड़क एवं विंध्य विधा पीठ कालेज परिसर में बने रेन बसेरा, पुरानी वीआईपी मार्ग, पक्का घाट मार्ग, नई वीआईपी मार्ग एवं परिक्रमा पथ प्रांगण का भ्रमण कर निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, रैन बसेरा, शौचालय, पेयजल एवं वाहन स्टैंड पर खड़ी हो तथा गाड़ियो को मेला क्षेत्र में प्रवेश न करे।

राज्य महिला आयोग की सदस्य ने महिला अस्पताल का किया निरीक्षण

अस्पताल का निरीक्षण करती नीलम प्रभात

मीरजापुर। राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात ने महिला अस्पताल, जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय देवरी कलां एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय देवरी कला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सदस्य ने महिला अस्पताल में बनाए गए लेबर रूम, फामेर्सी आदि विभिन्न वार्डो का भी निरीक्षण किया। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय के निरीक्षण के दौरान भूगोल की शिक्षिका दीपिका पाण्डेय बिना किसी पूर्व सूचना अनुपस्थित पाई गई। विद्यालय की प्रधानाचार्य ऋचा पांडेय ने बताया कि गंभीर बीमारी से ग्रसित होने के कारण अवकाश पर है। जिस पर महिला आयोग की सदस्य ने शिक्षिका के अवकाश जाने पर नाराजगी व्यक्त की। कहा कि उनके विषय को कौन पढ़ा रहा। बताया गया कि दूसरे विषय को पढ़ाने वाली शिक्षिका को जिम्मेवारी दी गई है। सदस्य ने विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं से छात्रावास में जाकर अलग से पठन पाठन समेत छात्राओं की समस्याओं से रूबरू हुई। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय देवरी कला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थिति पंजिका देखा तो लेखाकार संध्या सिंह अनुपस्थित पाई। छात्राओं की उपस्थिति के बारे में पूछा गया तो बताया गया की 100 छात्रों की अपेक्षा 28 छात्रों की उपस्थिति मिली। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, नायब तहसीलदार लालचंद खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार राय उपस्थित रहें।

चौथी बार एमडीआरटी क्लब के सदस्य बनने पर ऋषभ सम्मानित

ऋषभ सिंह को सम्मानित करते वारिष्ठ मंडल प्रबंधक

चुनार। भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा चुनार में कार्यरत अभिकर्ता ऋषभ सिंह ने लगातार चौथी बार एमडीआरटी (यूएसए) क्लब का मेंबरशिप प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। इसके लिए शनिवार को एक होटल में वारिष्ठ मंडल प्रबंधक राजेश कुमार चौधरी, विपणन प्रबंधक राकेश सिंह, प्रबंधक विक्रय डा0 आनंद प्रदीप, प्रबंधक विपणन शोभन भट्टाचार्य, प्रबंधक विक्रय संदीप चंद्रम, प्रोडक्ट मैनेजर अमित श्रीवास्तव एवं विकास अधिकारी राघवेंद्र कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। ऋषभ की सफलता पर शाखा चुनार के समस्त विकास अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपनी सफलता का श्रेय ऋषभ ने अपने माता पिता सहित सभी पॉलिसी धारकों को देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

आपस में टकराये कई वाहन, आधा दर्जन से अधिक जख्मी

हादसा

पिपरी थाना क्षेत्र के गाढ़ा बैरियर के पास हुई दुर्घटना

रीवा रांची राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा जाम

जनसंदेश न्यूज


दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहन

रेणुकूट। पिपरी थाना क्षेत्र के गाढ़ा बैरियर के पास सोमवार देर शाम रीवा रांची राष्ट्रीय राजमार्ग पर राखड़ लगे दो वाहनों के साथ ही एक के बाद एक कई वाहनों के टकराने से अफरातफरी मच गयी। वहीं दुर्घटना के बाद हाइवे पर जाम की स्थिति बनी रही। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन ट्रक चालकों सहित अन्य घायलों को उपचार के लिए हिण्डाल्को अस्पताल भेजा, जहां उपचार के बाद अधिकांश को छुट्टी दे दी गई। वहीं दो की हालत गंभीर देख उपचार के लिए भर्ती कर लिया गया।

बताया गया कि बिजली परियोजनाओं से निकलने वाली राख लेकर दो ट्रक अनपरा की तरफ से आ रहे थे। वहीं लोहे का एंगल लेकर एक ट्रक रेणुकूट से अनपरा की तरफ जा रहा था। जैसे ही तीनों ट्रक गाढ़ा बैरियर के पास पहुंचे उनकी आपस में टक्कर हो गई। इसी दौरान रेणुकूट की तरफ से सवारियों को लेकर शक्तिनगर जा रही रोडवेज बस पीछे से लोहे के एंगल लदे ट्रक में जा टकराई। इसके चलते जहां तीनों ट्रक के चालक घायल हो गए, वहीं बस में सवार आधा दर्जन से अधिक यात्री चोटिल हो गए। हादसे के चलते जहां अफरा तफरी की स्थिति बन गई, वही हाईवे पर लंबा जाम लग गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवा कर आवागमन बहाल करायी।

वहीं एंबुलेंस से घायलों को उपचार के लिए हिंडाल्को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सामान्य रूप से चोटिल लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। दो की हालत गंभीर देख उपचार के लिए भर्ती कर लिया गया। सीओ पिपरी अमित कुमार ने बताया कि पहले एक राखड़ लदे ट्रक और लोहे के एंगल लदे ट्रक में टक्कर हुई। बाद में पीछे से आ रहे अन्य वाहन टकराए। तीन ट्रक चालकों के साथ ही बस सवार दो महिलाओं सहित जो लोग चोटिल थे, उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। बस को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा, इसलिए बस घटना के कुछ देर बाद आगे के लिए रवाना हो गई। हादसे के कुछ देर बाद आवागमन भी सामान्य कर लिया गया।

ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आये बाइक सवार युवक की मौत

बभनी। स्थानीय थाना क्षेत्र के चौना संपर्क मार्ग पर कस्तूरबा विद्यालय के समीप सोमवार की देर रात ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी सीएचसी भेज दिया। बताया गया कि थाना क्षेत्र के सुकरौन टोला निवासी प्रीतम 23 पुत्र रामप्यारे शर्मा बाइक से बभनी बाजार से अपने घर वापस जा रहा था कि उसकी बाइक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गयी। इस हादसे में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गयी। एक वर्ष पूर्व ही युवक की शादी हुई थी। मौत की खबर लगते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर

म्योरपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के दी आदित्य टेक्नोलॉजी पार्क के समीप मंगलवार को मुख्य मार्ग पर दो बाइक की आपस में हुई भिड़ंत में विवेक कुमार 18 पुत्र अनिल कुमार यादव निवासी हरहोरी व राकेश गुप्ता 24 पुत्र राजकुमार गुप्ता निवासी सुपाचुआ गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों की मदद से सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद राकेश गुप्ता को डा. संजीव बिंद ने जिला आसप्ताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। वहीं घायल विवेक का सीएचसी में इलाज चल रहा है।

इजराइल के साथ जापान व जर्मनी में भी होंगे रोजगार के अवसर

सोनभद्र। जिला सेवायोजन अधिकारी प्रमोद तिवारी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए इजराइल के साथ अब जापान एवं जर्मनी में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये गये हैं। विदेशों में रोजगार के उपलब्ध अवसरों को देखते हुए सेवायोजन विभाग ने सूबे के पांच हजार से अधिक युवाओं को अलग-अलग क्षेत्रों में नौकरी दिलाने की तैयारी की है। युवाओं को सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा दी गई है। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि अभी तक विदेशों में नौकरी सिर्फ इजराइल तक ही सीमित थी। अब जापान एवं जर्मनी को भी जोड़ा गया है। बताया कि विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में इजराइल, जापान एवं जर्मनी में नर्सिंग व केयर गिवर देखभालकर्ता के लिए रिक्तियां निकली हैं। इसमें नर्सिंग डिप्लोमा योग्यताधारी पुरूष व महिला पात्र होंगे। उन्होंने बताया है कि इजराइल के लिए आयु सीमा 25 से 45 वर्ष रखी गई है। यहां 5000 पद हैं और वेतन एक लाख 31 हजार 818 रुपए प्रतिमाह मिलेगा। आवेदन की अन्तिम तिथि 31 जनवरी है। जापान में केयर गिवर के पद के लिए नर्सिंग डिप्लोमा वाले पुरुष व महिला अभ्यर्थी पात्र होंगे। 20 से 27 वर्ष के युवा आवेदन कर सकते हैं। यहां 50 पद हैं। 116976 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण की अंतिम तिथि 24 जनवरी है। उन्होंने बताया कि जर्मनी में सहायक नर्स की रिक्तियों हैं। इसमें नर्सिंग डिप्लोमा के साथ आयु सीमा 24 से 40 वर्ष निर्धारित है। पदों की संख्या 250 है। वेतन दो लाख 29 हजार 925 रुपए प्रतिमाह मिलेगा। इस पद के लिए 31 जनवरी तक पंजीयन कराना होगा।

संक्षेप

कलयुग के प्रधान देव हैं हनुमान

रामकथा सुनाते आचार्य

रामगढ़। चतरा ब्लॉक सेहुआं में चल रहे अभिषेकात्मक रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय राम कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस यज्ञ संचालनकर्ता आचार्य सौरभ भारद्वाज, रोहित सिंह, राघवेंद्र पांडे द्वारा रुद्राभिषेक नर्मदेश्वर शिवलिंग पर किया गया। वहीं ग्रामीणों ने यज्ञशाला की परिक्रमा की। कथा वाचक गोविंद शास्त्री ने महावीर हनुमान के चरित्र का वर्णन किया। कहा कि महावीर केवल हनुमान के लिए लिखा गया। कलयुग के प्रधान देवता हनुमान हैं। हनुमान के पूजन से सब कुछ प्राप्त हो जाता है। महावीर हनुमान का पूजन सबको करना चाहिए। इस मौके पर अमरेश चंद्र पांडेय, दिलीप चौबे, देवेश मिश्रा, लालता पाठक, रवि प्रकाश पांडे, विशेश्वर सेठ, ओमप्रकाश समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

विवाहिता की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

दुद्धी। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कटौन्धी गांव में एक विवाहिता के मौत के बाद मायके पक्ष की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बता दें कि बीते 11 जनवरी को एक विवाहिता की जहर खाने से सीएचसी में मौत हुई थी। उक्त घटना के बाद मृतका की माता उर्मिला देवी पत्नी रामसूरत निवासी बभनडीहा, म्योरपुर ने ससुराल वालों पर आरोप लगाया है कि छह वर्ष पूर्व पुत्री अंजू देवी का विवाह सावन पुत्र सोमनाथ निवासी कटौंधी के साथ की थी। शादी के बाद ही पुत्री अंजू देवी को दहेज के लिए पति व सास ससुर तथा जेठ, जेठानी मारते पीटते व प्रताड़ित करते थे। कई बार पुत्री के घर जाकर पतिके अलावा ससुर शोभनाथ, सास बसंती, राजेश व फुलकुंवर को समझाइ थी और दहेज देने से असमर्थता जता चुकी थी। बीते 10 जनवरी को पुत्री को सभी लोगों ने मिलकर मारपीट कर जबरदस्ती मुंह में जहर देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आये। जहां पुत्री से मिलने गयी तो उसकी मौत हो चुकी थी। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि दहेज हत्या का मामला कटौन्धी निवासी पांच लोगों के विरुद्ध दर्ज कर जांच की जा रही है।

अवैध तमंचे के साथ एक धराया

रेणुकूट। पिपरी पुलिस ने सोमवार को अवैध हथियार रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी पिपरी के निर्देशन में पिपरी पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के दौरान गुप्ता होटल के पास गली में एक व्यक्ति को पकड़ा। आरोपी की पहचान विश्वकर्मा पुत्र राजा मद्रासी निवासी वार्ड नंबर एक, मलिन बस्ती तुर्रा, पिपरी के रूप में हुई। अभियुक्त पहले भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। उसके खिलाफ पिपरी थाने में पहले से दो मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्त के पास 315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसका चालान कर दिया।

51 बकायेदारों के कटे कनेक्शन

घोरावल। स्थानीय कस्बे में विद्युत विभाग ने चेकिंग में 51 बकायेदारों के कनेक्शन काटे और 10.10 लाख रुपए की बकाया राशि वसूल की। अधिशासी अभियंता एके सिंह ने बताया कि बकायेदारों को कई बार बिल जमा करने का आग्रह किया गया था। लेकिन बिल जमा न करने पर उनके कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर बिल जमा करें, ताकि किसी तरह की परेशानी न हो। विशेष राहत के तौर पर विभाग ने 22 जनवरी तक वन टाइम सेटलमेंट योजना का दूसरा चरण चला रखा है। इस दौरान बकायेदार सरचार्ज में छूट का लाभ उठा सकते हैं। टीम में अधिशासी अभियंता के साथ अवर अभियंता राजेंद्र प्रसाद बिंद, ओमकार, राम विलास आदि शामिल रहे।

अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कुलभूषण पांडेय ने पर्चा लिया वापस

दुद्धी। बार एसोसिएशन के वर्ष 2025-26 के लिए होने वाले संगठनात्मक चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कुलभूषण पांडेय ने सीनियर प्रत्याशी प्रेमचन्द यादव के सम्मान में अपना नामांकन वापस ले लिया। जिससे अंध्यक्ष पद पर श्री यादव का भी निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ हो गया। इल्डर कमेटी के चेयरमैन अशोक कुमार ने बताया कि अध्यक्ष पद के दावेदार कुलभूषण पांडेय ने अपना पर्चा वापस ले लिया। जिसके बाद अध्यक्ष पद पर एक सिर्फ एक प्रत्याशी प्रेमचंद यादव हैं। सचिव पद पर दो प्रत्याशी राकेश कुमार व दिनेश कुमार के आमने-सामने होने के कारण सचिव पद के लिए 24 जनवरी को मतदान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद पर प्रेमचंद यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विपिन बिहारी, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर दो पद के लिए दुबेश प्रकाश व रामसागर, उपाध्यक्ष दो वर्ष से ऊपर दो पद के लिए कृष्णानंद तिवारी व प्रदीप कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर राजेश रंजन जौहरी, सहसचिव पुस्तकालय में बैजनाथ यादव, सहसचिव प्रशासन में पीयूष कुमार, सहसचिव प्रकाशन में एमजे अहमद एवं सदस्य गवर्निंग काउंसिल 15 वर्ष से ऊपर छह पदों के लिए शन्नो बानो व मनोज कुमार यादव का निर्विरोध निर्वाचन तय है, जिसकी औपचारिक घोषणा मतदान व मतगणना उपरांत की जाएगी। उन्होंने 24 जनवरी को सभी सदस्यों से बार काउंसिल द्वारा जारी सीओपी व ड्रेस कोड में समय से मतदान करने की अपील की है। मतगणना के उपरांत परिणाम की घोषणा उसी दिन की जाएगी।

जीएसटी ब्याज व अर्थदण्ड माफी योजना का उठायें लाभ

सोनभद्र। सहायक आयुक्त प्रशासन राज्य कर मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य कर विभाग द्वारा भारत सरकार की जीएसटी ब्याज एवं अर्थदण्ड माफ करने सम्बन्धी योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का लाभ सभी ब्यापारी एवं सेवा प्रदाताओं तथा लघु छोटे, मध्य एवं बड़े उद्योग उद्यमी उठा सकते हैं। यह योजना ब्यापारियों को राहत देने के लिए चलाई जा रही है। ब्यापारियों एवं सेवा प्रदाताओं को ब्याज में छूट देने सम्बन्धी प्राविधान के तहत वर्ष 2017-18, 2018-19 तथा 2019-20 के बकाया माल एवं सेवा कर को जमा करने पर ब्याज एवं अर्थदण्ड माफ किया जा रहा है। यह योजना 31 मार्च तक लागू है। सहायक आयुक्त द्वारा इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का अग्रह किया गया है। उक्त योजना की जानकारी के लिए करदाता राज्य कर विभाग के स्थानीय अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं। व्यापारियों एवं सेवा प्रदाताओं के हित के लिए राज्य कर कार्यालय मनीष श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त द्वारा जिले के समस्त कर दाताओं से अपील की जा रही है कि उक्त योजना सरकार द्वारा व्यापारियों को राहत प्रदान करने हेतु चलाई जा रही है, ब्यापारी अधिकाधिक उक्त योजना का लाभ उठायें।

सामूहिक दुष्कर्म के दोषी हीरालाल को उम्रकैद, 30 हजार जुर्माना

कार्रवाई

13 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म मामले में आया कोर्ट का फैसला

जनसंदेश न्यूज

सोनभद्र। डेढ़ वर्ष पूर्व शौच करने गई 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए सामुहिक दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी हीरालाल को उम्रकैद एवं 30 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि 30 हजार रुपये में से 25 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक ओबरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने 17 अगस्त 2023 को ओबरा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी 16 अगस्त 2023 को शाम 6 बजे शौच करने अपनी सहेली के साथ गई थी। जहां पर उसकी नाबालिग बेटी को पकड़ कर हीरालाल पुत्र बच्चालाल यादव व रवि उर्फ बड़क पुत्र लक्ष्मी प्रसाद गुर्जर निवासीगण बैरपुर टोला सागरदह , थाना ओबरा, जिला सोनभद्र पकड़ लिया और झाड़ी में ले जाकर दोनों ने सामुहिक बलात्कार किया। उसकी सहेली डरकर भाग गई। अभियुक्तगणों ने बेटी को थाने पर सूचना देने पर जान मारने की धमकी देकर चले गए। जब बेटी घर आई तो घटना की जानकारी दी। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर दोनों के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

दोषी रवि उर्फ बड़क को 20 वर्ष की कठोर कैद

सोनभद्र। अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी किशोर अपराधी रवि उर्फ बड़क को 20 वर्ष की कठोर कैद व 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 8 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगा।

मानवीय जागरूकता से सड़क दुर्घटनाओं पर लगेगा अंकुश

बोले धनवीर

अल्ट्राटेक के ट्रक यार्ड में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन दिलायी गयी शपथ

डाला। अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के डाला चढ़ाई स्थित ट्रक यार्ड में मंगलवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरुकता संदेश देकर शुभारंभ किया। कार्यकम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एआरटीओ प्रशासन धनवीर यादव ने अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षता सीमेंट फैक्ट्री के यूनिट हेड संदीप हिवारेकर ने किया। मुख्य अतिथि ने बताया कि अल्ट्राटेक एक मात्र कंपनी है, जो सड़क दुर्घटना को रोकने का सार्थक प्रयास करती है। सड़क दुर्घटना को मानवीय जागरुकता से समाप्त किया जा सकता है। दुर्घटनाओं को रोकने को सरकार कटिबद्ध है। सीट बेल्ट लगाएं, नींद आ रही है तो रुके, किसी चढाई को चढ़ते वक्त जिस वाहन को गेयर में चढ़े और ढाल तो उसी गेयर मे उतारें। टायर को गर्म न होने दें। कहा कि चालक देश के विकास में आर्थिक योगदान करते हैं। विशिष्ट अतिथि एआरटीओ प्रवर्तन राजेश्वर यादव ने कहा कि हमारा जीवन अभ्यास पर चलता है, जिसमें हम चेतना और प्रयास करके घटनाओं को रोक सकते हैं। परिवहन विभाग के मोटर वाहन निरीक्षक आलोक यादव व यातायात प्रभारी अविनाश चंद्र सिंह ने सयुंक्त रुप से बताया कि सोनभद्र में एक साल के भीतर 384 सड़क दुर्घटना में 272 लोगों की मौत हुई है। हैवी वैकिल्स को स्पीड लिमट के भीतर ही चलाएं, प्रेशर हार्न न लगाएं। उन्होंने परिवहन विभाग के सभी आनलाइन सुविधाओं की जानकारी दी। शासन के निर्देश के क्रम में सुरक्षा को देखते हुए 26 जनवरी से जनपद में नो हेलमेट नो फ्यूल की सूविधा लागू होगी। अध्यक्षता कर रहे यूनिट हेड ने सड़क सुरक्षा सप्ताह होने वाली सभी कार्यक्रमों की जानकारी दी। सड़क सुरक्षा की जागरूकता के लिए नाटक मंच और जागरूकता शपथ दिलायी गयी। सड़क सुरक्षा सप्ताह में बेहतर ट्रान्सपोर्टर, मालिक, मैनेजर समेत चालकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर टेक्निकल हेड दीपक जोशी, लॉजिस्टिक हेड प्रवीण सिंह, एडमिन हेड बी सिंह राठौड़, सेफ्टी हेड राजाराम चौधरी, दिनेश यादव, संतोष चौबे, मनोज पाठक, शिव कुमार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

पीडीडीयू नगर रेलवे को हरा चोपन टीम फाइनल में

क्रिकेट टूर्नामेंट

साहिल बने मैन ऑफ द मैच, 38वें अंतरराज्जीय क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला आज

जनसंदेश न्यूज

खिलाड़ी को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि

दुद्धी। 38वें अंतरराज्जीय क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मैच में चोपन की टीम पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर रेलवे की टीम को 50 रनों से हराकर फाइनल खेलने की हकदार हो गई। मैच रेफरी मोहम्मद शमीम अंसारी ने बताया कि टॉस चोपन के कप्तान प्रभात ने जीता व पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 216 रन बनाए। बल्लेबाज साहिल ने सर्वाधिक 62 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। अन्य बल्लेबाजों में निर्भय ने 32, सारांश ने 27 व यशस्वी ने 22 रन बनाए। पीडीडीयू नगर की टीम के गेंदबाजों में प्रतीक ने अपने निर्धारित चार ओवरों के कोटे में 28 रन देकर तीन विकेट हासिल किया। इसके अलावा विनोद व अजमत को दो-दो विकेट मिला।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरी पीडीडीयू नगर रेलवे की टीम 18.01 ओवर में 166 रन बनाते-बनाते ऑल आउट हो गई। बल्लेबाज सचिन ने मात्र 24 गेंदों पर 50 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इसके अलावा अभिषेक 22 और शुभम ने 21 रन बनाए। चोपन के गेंदबाजों में प्रवेश ने अपने निर्धारित चार ओवरों के कोटे में 33 रन देखकर तीन विकेट हासिल किया। इसके अलावा रोशन व कार्तिक ने दो-दो विकेट हासिल किया। इस प्रकार चोपन 50 रनों से पीडीडीयू नगर रेलवे को हराकर फाइनल खेलने की हकदार हो गई। मैच में सर्वाधिक रन बनाने वाले साहिल को मैन ऑफ द मैच घोषित कर सीएचसी अधीक्षक डा. शाह आलम अंसारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंपायर सुनील गुप्ता व रजत राज रहे। कमेंट्री सुनील जायसवाल व सलीम खान ने किया। स्कोरिंग राजू शर्मा तथा निशांत मोहन ने किया। फाइनल मैच बुधवार को मेजबान दुद्धी व चोपन के बीच खेला जाएगा।

ससमय करें राजस्व मुकदमों का निस्तारण, वसूली में लायें तेजी: डीएम

दिये निर्देश

ससमय करें राजस्व मुकदमों का निस्तारण वसूली में लायें तेजी-डीएम

अधिकारियों के साथ डीएम ने की कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को संबोधित करते डीएम

सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यक्रमों व कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने मानक के मुताबिक वसूली के लक्ष्य को पूरा करने, तहसील स्तरों पर बकायेदारों पर वसूली की कार्यवाही करने, आरसी का नियमित मिलान करने के साथ ही सरकारी जमीनों को सुरक्षित करते हुए जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये।

डीएम ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित महीने के अनुरूप लक्ष्य वसूली के कार्य में तेजी लायी जाये। इस कार्य में शिथिलता न बरती जाये। लक्ष्य पूरा न करने वालों की जिम्मेदारी तय की जाये। उन्होंने कहा कि तहसीलों का काम समयबद्ध और बेहतर तरीके से करने के लिए कड़ाई के साथ उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व राजस्व कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि राजस्व मुकदमों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाय, जमीनी विवादों का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाये।

किसी भी हाल में जनता के साथ अन्याय न होने पाये, इसका भी ध्यान दिया जाये। कहा कि स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत जिन विद्यालयों में स्मार्टफोन का वितरण किया जाना है, वे समय-सीमा के अन्दर वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में इस कार्य में शिथिलता बरतने वाले सम्बधितों के वेतन भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित कर दी जायेगी। शहरी आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देशित करते हुए जिला पूर्ति अधिकारी को आधार सीडिंग के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि बाजार में बिकने वाले खाद्य सामग्री की जांच कराते रहें, ताकि किसी प्रकार प्रकार की मिलावटी की स्थिति न आने पाये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर उत्कर्ष द्विवेदी, दुद्धी निखिल यादव, ओबरा विवेक कुमार, घोरावल राजेश सिंह, रामलाल यादव समेत अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

टैबलेट वितरण की डीएम ने की समीक्षा, दी नसीहत

सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने कलेक्ट्रेट के सुनवाई कक्ष में डिग्री कालेजों, इंजीनियरिंग, पालिटेक्निक व आईटीआई कालेज के प्रधानाचार्यों के साथ स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत विद्यालयों में उच्च शिक्षा हेतु शासन द्वारा उपलब्ध कराये गये टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरण के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। इस दौरान डीएम ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकता में से एक है, शासन स्तर से प्राप्त 21729 टैबलेट/स्मार्टफोन में से अब तक डिग्री कालेजों, इंजीनियरिंग, पालिटेक्निक व आईटीआई आई कालेजों द्वारा 16650 का वितरण किया जा चुका है। टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरण की स्थिति की समीक्षा में प्रकाश में आया कि टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण में विद्यालयों द्वारा शिथिलता बरती गयी है। जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि जिन विद्यालयों द्वारा वितरण नहीं किया गया है, वो एक सप्ताह के अन्दर पंजीकृत छात्र-छात्राओं को टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित समय सीमा में वितरण न होने पर जिस स्तर पर लापरवाही पायी जाती है, उनके वेतन भुगतान पर रोक लगायी जाये। बताया गया कि कुछ छात्र-छात्राओं का आधार सत्यापन सही नहीं पाया गया, कुछ छात्र-छात्रा बाहर चले गये, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि जिन छात्र-छात्राओं को टैबलेट/स्मार्टफोन देने हेतु सूची में नाम दर्ज है, उनके मोबाइल पर सम्पर्क कर उन्हें टैबलेट प्राप्त करने के लिए समय-सीमा निर्धारित करते हुए सूचित किया जाये। सूचित करने के बाद छात्र निर्धारित समय के अन्दर नहीं आते हैं, तो स्मार्टफोन शासन को वापस करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। ऐसे समस्त विद्यालय जिनको टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण किया जाना है, वो नामित नोडल अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशों का अनुपालन करते हुए उनके देख-रेख में एक सप्ताह के अन्दर शत-प्रतिशत वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर दिव्यतोष मिश्रा, राजकीय आईटीआई दुद्धी, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, पालिटेक्निक कालेज के प्राचार्य, महाविद्यालय ओबरा प्रधानाचार्य समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट गेट पर मरम्मत कार्य, पम्प हाउस का किया निरीक्षण

सोनभद्र। डीएम ने मंगलवार को मेन रोड कलेक्ट्रेट गेट का परियोजना निदेशक डूडा द्वारा कराये जा रहे मरम्मत कार्य का औचक निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य में तेजी लायी जाये। कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री बेहतर गुणवत्तायुक्त हो, जिससे इसकी मजबूती भविष्य में भी बनी रहे तथा बार-बार-खराब होने जैसी समस्या उत्पन्न न होने पाये, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। परियोजना निदेशक डूडा को निर्देशित करते हुए कहा कि गेट के आगे बनी दिवाल पर बेहतर तरीके से टाईल्स लगायी जाये। इस दौरान डीएम ने कलेक्ट्रेट व आवासीय परिसर में जलापूर्ति हेतु स्थापित पम्प हाउस का आकस्मिक निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। पम्प हाउस तथा पानी सप्लाई के बारे में उपस्थित कार्मिकों से जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पम्प हाउस में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये, सप्लाई होने वाले जलापूर्ति के पम्प हाउस व टैंको की सफाई समय से की जाये, इस कार्य में लापरवाही न बरती जाये।

सिक्स लेन समर्थकों की पुलिस से हुई नोकझोंक

नारेबाजी

गुरुद्वारा से सत्याग्रहियों ने हाथ में तिरंगा लेकर निकाला जुलूस

डीडीयू नगर में सिक्स लेन के समर्थन में जुलूस निकालते लोगों को रोकने का प्रयास करती पुलिस।

डीडीयू नगर में पीडब्ल्यूडी कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते लोग।

डीडीयू नगर। नगर को जीटी रोड को जाम से मुक्त कराने, पीडब्ल्यूडी की जमीन को अतिक्रमणकारियों से खाली कराने और नगर में जीटी रोड चौड़ीकरण को सिक्स लेन करने की मांग को लेकर चल सत्याग्रह धरने के साथ ही मंगलवार को सत्याग्रहियों ने तिरंगा हाथ में लेकर गुरुद्वारा से जुलूस निकाला। जो जीटी परमार कटरा से वापस आर्य समाज मंदिर के पास समाप्त हुआ।

इस मौके पर पहुंचे सीओ और एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित पत्रक दिया। जुलूस को रोकने के लिए पुलिस ने दो बार प्रयास किया, जिस कारण पुलिस व प्रदर्शनकारियों में झड़प भी हुई। बावजूद सत्याग्रहियों ने तिरंगा हाथ में लेकर आगे बढ़ते रहे। विदित हो कि पड़ाव से गोधना तक हो रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान मुगलसराय नगर में सड़क की चौड़ाई को लेकर घमासान मच गया है। एक गुट नगर स्थित जीटी रोड के व्यापारियों का है, जो शहर में फोर लेन सड़क ही बनवाने का समर्थन कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ दूसरा गुट नगर में भी सिक्स लेन बनाने की मांग पर अड़ा है। इसे लेकर आर्य समाज मंदिर परिसर के बाहर लोग धरना भी दे रहे है। मंगलवार को सिक्स लेन समर्थकों ने नगर में जुलूस निकाला। इस दौरान सिक्स लेन समर्थकों ने नगर के जीटी रोड स्थित गुरुद्वारे से परमार कटरा तक जुलूस निकाला। जुलूस परमार कटरा से होते हुए पीडब्ल्यूडी कार्यालय पहुंचा, जहां प्रदर्शन कर रहे लोगों ने जोरदार नारेबाजी की। इसके बाद पुनः आर्य समाज मंदिर पर आकर लोग धरने पर बैठ गये। इस मौके पर अधिवक्ता संतोष पाठक ने बताया कि नगर में जिस तरह से सड़क का निर्माण हो रहा है।उससे स्थिति और अधिक खराब हो जाएगी। कहा कि मुख्यमंत्री को संबोधित पत्रक एसडीएम आलोक कुमार, सीओ आशुतोष, कोतवाल विजय बहादुर सिंह को सौंपा गया है। जिसमें नगर में भी सड़क को सिक्स लेन बनाने की मांग की गई है। इसके साथ ही पत्र पर मुख्यमंत्री का निर्णय आने तक कार्य को रोके जाने की भी बात कही गई है। वहीं शहर के लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए ऑटो चालकों पर नंबरिंग करने, जीटी रोड पर जगह-जगह बने कट को बंद करने के अलावा ठेला खोमचा वालों के लिए भी व्यवस्था किये जाने की मांग की गई है। इस दौरान चन्द्र भूषण मिश्र कौशिक, आरती यादव, भारती सभासद, रामधनी यादव,सतनाम सिंह, इरशाद अहमद बबलू, सोनू सिंह, श्रवण यादव, अंशु चतुर्वेदी, अभिषेक गौतम,विजय गुप्ता,प्रवीण आदि हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोलः डॉ.सर्वेश

चंदौली। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी डा.सर्वेश गौतम ने बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा हेल्मेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में हानी वाली मृत्यु पर अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा नो हेल्मेट, नो फ्यूल की रणनीति को जनपद में लागू किया गया है। इसके तहत गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी से जनपद में इसका अनुपालन कड़ाई से कराने हेतु शासनादेश के अनुपालन में जिलाधिकारी चन्दौली द्वारा जनपद के समस्त पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देश दिये जारी किये गये हैं कि वे अपने प्रांगण में इस आशय के बड़े-बड़े होर्डिंग लगाएं कि 26 जनवरी से किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालकों पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जायेगा, जिसके चालक तथा सहयात्री ने हेल्मेट नहीं पहना हो। साथ ही पेट्रोल पम्प संचालन अपने प्रतिष्ठान के सीसीटीवी कैमरा सदैव सक्रिय रखेंगे, ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके।

विदित हो कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा-129 एवं उ०प्र० मोटरयान नियमावली-1998 के नियम-201 के अनुसार सभी मोटर साइकिल चालकों एवं सवारियों के लिये भारतीय मानक ब्यूरों (बीआईएस) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेड गियर (हेल्मेट) पहनना अनिवार्य है। इन प्रावधानों का उल्लंघन केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम-1988 की धारा-177 के तहत दंडनीय है, जिसमें जुर्माने का प्रावधान है।

संक्षेप

नेशनल हाइवे पर सवारियों से भरी आटो पलटी

चंदौली। सदर कोतवाली क्षेत्र के जसौली गांव के समीप मंगलवार को नेशनल हाईवे पर सवारियों से भरी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें सवारियों के बीच ऑफर तफरी मच गई। मौके पर जुटे आस पास के लोगों ने तत्काल घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहा उनका इलाज चल रहा है। बाबते है कि ऑटो चालक अपने वाहन में छमता से ज्यादा सवारी लेकर सैयदराजा से चंदौली की तरफ आ रहा था। जैसे ही वह जसौली गांव के समीप पहुंचा की उसकी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना में चैनपुर थाना क्षेत्र के मजुई गांव निवासी जाकिर अली 27 वर्ष, सलमा खातून 25 वर्ष, छोटू राम 20 वर्ष, धनावती 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कुछ लोगों को मामूली चोटें आई। घटना के बाद मौके पर जुटे आस पास के लोगों ने तत्काल सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस बाबत ईएमओ डॉ संजय ने बताया कि दुर्घटना में घायलों का इलाज किया गया है सभी घायलों की स्थिति सामान्य है।

स्वदेशी गौ-संवर्धनः लाभार्थी चयन के लिए आज होगी ई-लाटरी

चंदौली। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.महेशचन्द्र ने बताया कि नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के तहत जनपद में 24 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाना निर्धारित है, जिसमें 12 महिला एवं 12 पुरूष के सापेक्ष कुल 35 आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदित आवेदनों का सम्बन्धित उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी व पशुचिकित्साधिकारी के द्वारा स्थलीय सत्यापन कराये जाने उपरांत कुल 35 पात्र पाए गए, जिसमें 13 महिला एवं 22 पुरुष है। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक एनआईसी चन्दौली पर 22 जनवरी को समय 10.30 किया जाना सुनिश्चित किया गया है। उस दरम्यान सभी आवेदक एनआईसी चंदौली पर उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

आज सुने जाएंगे साइबर फ्राड से जुड़े मामले

चंदौली। पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देश पर साइबर फ्राड से सम्बन्धित फरियादियों की समस्याओं के दृष्टिगत उनकी भागदौड़ को कम करते हुए शिविर पुलिस लाइन के नवीन सभागार में 22 जनवरी बुधवार को साइबर फ्राड से सम्बन्धित मामलों का निस्तारण कराया जायेगा। इसमें साइबर विशेषज्ञ की टीम द्वारा प्राप्त प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण कराया जायेगा। जनपद में घटित साइबर फ्राड़ से पीडित फरियादी प्रत्येक बुधवार को शिविर पुलिस लाइन में फ्राड़ से सम्बन्धित पूर्ण विवरण व प्रार्थना पत्र के साथ उपस्थित होकर अपने समस्या का समाधान करा सकेगें।

बीडीओ ने पशु आश्रय केन्द्र चकचोइयां का किया निरीक्षण

नौगढ़। खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार ने मंगलवार को अस्थाई पशु आश्रय केंद्र चकचोइयां का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निराश्रित गोवंशों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही सरकार द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप पशुओं को समय से चारा दिए जाते रहने का सख्त निर्देश नियुक्त केयर टेकरों को दिया। उन्होंने कहा कि पानी की 24 घंटे उपलब्धता सुनिश्चित रखकर मौजूद हौदा भर कर जाना चाहिए। परिसर की नियमित साफ सफाई कर गोबर को निर्धारित स्थान पर ही रखे जाने को कहा। पशु चिकित्सक डा.कमलेश कुमार सिंह को बताया कि पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण प्रति दिवस करके आवश्यकता के अनुरूप दवा उपचार की तत्काल सुविधा मुहैया कराई जाय। खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पशु आश्रय केंद्र चकचोइयां में कुल 33 राशि गोवंश मौजूद पाए गए। ??चारा की समुचित उपलब्धता रही। पशुओं को ठंड से बचाने के लिए टीन शेड के चारों तरफ तीरपाल लगाने की सुविधा है। अस्थाई पशु आश्रय केंद्र चकचोईयां के बाउन्ड्रीवाल निर्माण का भी निरीक्षण किया गया। पशु चिकित्साधिकारी डा.कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि अ-अस्थाई पशु आश्रय केंद्र में रखे गए सभी पशु स्वस्थ हैं, जिनका समय समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करके आवश्यक दवा उपचार किया जाता है।

स्वास्थ्य शिविर में लाभांवित हुए 300 का हुआ परीक्षण

नौगढ़। पीएमश्री राजकीय इंटर कालेज में मंगलवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में करीब 300 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने आवश्यक दवा उपचार करके स्वस्थ रहने संबंधित सलाह दिया। स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करके उन्हें निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ पहुंचाना है। मेडिकल कैंप का उद्घाटन चिकित्सा अधीक्षक डा. अवधेश कुमार सिंह पटेल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर के किया। स्कूली बच्चों को सर्दी व शीतलहर से बचने के बारे में बताते हुए कहा कि सर्द से स्वास्थ्य पर काफी कुप्रभाव होता है, जिसके लिए गर्म कपड़ों को पहनना जरूरी है। ठंडी चीजों के सेवन करने से बचकर उबला हुआ पानी पीना जरूरी है। स्वास्थ्य टीम मे शामिल चिकित्सकों ने साफ सफाई से रहने व विभिन्न बीमारियों से बचाव करने के घरेलू उपचार के बारे में बताया। स्वास्थ्य शिविर में वजन लंबाई रक्तचाप (बीपी) एनीमिया स्क्रीन आंख आदि की जांच किया गया। नियमित व्यायाम योग करने और पौष्टिक आहार के लाभ के बारे में बताया गया। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार केशरी ने कहा कि युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए स्वस्थ रहना जरूरी है।व उनके बेहतर भविष्य के लिए जरूरी है। इस अवसर पर डा. गंगा राम भारती, डा.नीरज कुमार, महिला चिकित्सक डा.अनुराधा सिंह, नेत्र सहायक श्याम नंदन मौजूद रहे।

पुलिस फायरिंग में घायल हुआ बावरिया गिरोह का बदमाश

मुठभेड़

मुठभेड़ के बाद पुलिस ने बावरिया गिरोह के तीन बदमाशों को दबोचा

मथेला में हुए मुठभेड़ में घायल बदमाश को ले जाती पुलिस।

चहनियां। बलुआ थाना क्षेत्र के मथेला गांव में सिंचाई विभाग डाक बंगला के पास सोमवार की देर रात को बलुआ पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने बावरिया गिरोह के सदस्यों को उस वक्त घेर लिया जब वे चोरी के माल का बंटवारा करने के लिए जुटे थे। दौरान घेराबंदी पुलिस और बाबरिया गिरोह के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस कार्यवाही में दो अन्य और बदमाश भी पकड़े गए।

घायल बदमाश को पुलिस ने चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए बाबरिया गिरोह के सदस्य कई चोरी की बड़ी घटनाओं को अंजाम दे चुके है। बलुआ इंस्पेक्टर को मुखबीर से सूचना मिली कि मथेला में डाक बंगला के पास कुछ बदमाश चोरी के माल की बंटवारा के साथ चोरी की योजना की योजना बना रहे है। दो बजे रात्रि में सूचना पर मय फोर्स पहुंचे बलुआ इंस्पेक्टर, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी किया तो अपराधियो ने पुलिस पर अवैध तमंचे से फायर किया। जवाब में पुलिस की तरफ से फायर किया गया तो एक बदमाश 45 वर्षीय धारा सिंह को पैर में गोली लग गयी। वहीं भागते समय पुलिस ने दो अन्य बदमाशों को दौड़ाकर पकड़ लिया। उनके कब्जे से कुल 3.728 किलो, चोरी में प्रयुक्त उपकरण, दो 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा 315 बोर का कारतूस, एक खोखा बरामद किया।

अंधेरे का फायदा उठाते हुए चार बदमाश भागने में सफल रहे। बलुआ इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्रा ने बताया कि मुठभेड़ में घायल धारा सिंह पुत्र टिंकू राम, 22 वर्षीय सुनील पुत्र धारा सिंह बदायूं जनपद के थाना कादर चौक क्षेत्र के भोजपुर और भागिरथ पुत्र बाल किशुन निवासी औरैया के निवासी है। ये पहले घूमकर रेकी करते है फिर बड़ी बड़ी घटनाओं को अंजाम देते है। पुलिस टीम में बलुआ इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्रा, कैलावर चौकी इंचार्ज अनिल यादव, एसओजी प्रभारी आशीष मिश्रा, अरविंद भारद्वाज, एसआई जमिलुद्दीन खान, तरुण पाण्डेय, अमरनाथ साहनी शामिल रहे।

डीडीयू से चलेगी एकात्मता व गया आनंद विहार एक्सप्रेस

डीडीयू नगर। डीडीयू रेल मंडल के गया स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या चार और पांच पर ट्रेनों का आवागमन 45 दिनों तक बंद रहेगा। इसके कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। इसके तहत छह मार्च तक एकात्मता एक्सप्रेस और गया आनंद विहार एक्सप्रेस गया के बजाए डीडीयू स्टेशन से चलेगी। वहीं वाराणसी से राजगीर के बीच चलने वाली बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस गया के बजाए आरा-पटना के रास्ते जाएगी। हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि प्लेटफार्म पर ब्लाक लिए जाने के कारण पटना-गया, गया-डेहरी ऑन सोन, गया-जमालपुर, गया-किऊल, गया-झाझा, गया-पटना मेमू को छह मार्च तक नहीं चलेगी। इसी तरह अप और डाउन दिशा में पटना भभुआ इंटरसिटी एक्सप्रेस बदले हुए मार्ग पटना, आरा सासाराम के रास्ते चलेगी। इसी तरह पटना-सिकंदराबाद/हैदराबाद स्पेशल पटना-गया-गोमोह-राजाबेरा के बजाय पटना-झाझा-कुल्टी लिंक प्रधानखाटा धनबाद- कतरासगढ़-राजाबेरा मार्ग से चलेगी। 22409 गया-आनंद विहार साप्ताहिक एक्सप्रेस 26 जनवरी, 02, 09, 16, 23 फरवरी और दो मार्च को जबकि 22410 आनंद विहार-गया साप्ताहिक एक्सप्रेस 25 जनवरी, 01, 08, 15, 22 फरवरी और 01 मार्च को डीडीयू से चलेगी।

सड़क हादसे में बुलेट सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

चंदौली। प्रयागराज महाकुम्भ में संगम स्नान कर लौटे समय सदर कोतवाली के जसौली ग्राम के पास सोमवार की रात हुई सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में सचिन सार्थी की मौत हुई है। वही धीरज पासवान घायल है, जिसका इलाज वाराणसी ट्रामा सेंटर में चल रहा है। घटना के बाद पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने मृत युवक की शिनाख्त के साथ ही घायल की पहचान की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। साथ ही परिजनों को जानकारी दी थी। मंगलवार को शव जा पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। बताते हैं कि बिहार प्रान्त के गया चरखी थाना क्षेत्र के कोरबंधी गांव निवासी सचिन साथी व धीरज पासवान बुलेट से प्रयागराज में लगे महाकुम्भ में संगम स्नान करने गए थे। सोमवार को लौटते समय कोतवाली क्षेत्र के जसौली ग्राम के समीप रात में नेशनल हाइवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए थे। दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आसपास ग्रामीणों ने दोनों को घायलावस्था में 108 एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। साथ ही घटना की जानकारी पुलिस को दी। जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान सचिन सर्थी को मृत घोषित कर दिया था। वही धीरज पासवान की हालत चिंताजनक देख ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था। पुलिस ने मौके पर मिले मोबाइल नंबर के जरिए परिजनों को सूचना दिया था। परिजनों के आने का बाद दोनों युवकों की पहचान हुई। इस संबंध में कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बिहार के गया निवासी दोनों युवक प्रयागराज संगम से लौट रहे थे। जिसको किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई थी। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में परी को मिला रजत पदक

रजत पदक के साथ परी कुमारी।

डीडीयू नगर। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश एसोसिएशन द्वारा 7वीं ओपेन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 20 जनवरी तक राजाजीपुरम मिनी स्टेडियम लखनऊ में आयोजित किया गया था। जिसमें ताइक्वांडो एसोसिएशन चंदौली की ओर से परी कुमारी ने प्रतिभा कर कैडेट बालिका वर्ग के 33किलो वर्ग मे रजत पदक प्राप्त किया। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के द्वारा सभी प्रतिभाओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डा. सैयद रफत जुबेर रिजवी के द्वारा भी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह, सचिव राजकुमार ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव आरडी मंगेशकर मौजूद रहे। परी कुमारी का रजत पदक जीतने पर जिले में खुशी का माहौल रहा। साथ ही उनके माता-पिता परी के रजत पदक जीतने पर अपने बेटी गर्व महसूस कर रहे है। एस एकेडमी के सभी प्लेयर ने परी को बधाई दी। यह जानकारी ताइक्वांडो एसोसिएशन चंदौली के सचिव सतीश कुमार ने दी। संघ के पदाधिकारी डा.मृत्युंजय, विनय कुमार वर्मा, डा.साजु थॉमस और कोच आजाद हुसैन कृष्ण देव, नीरज पटेल धीरज यादव, प्रदीप गौतम ने बधाई दी।

दो एक्सप्रेस ट्रेन निरस्त होने से यात्रियों की बढी परेशानी

डीडीयू नगर। ठंड और कोहरे के कारण ट्रेनें लगातार विलंबित हो रही है। यही नहीं लगातार ट्रेनें कैंसिल होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मंगलवार को अप नई दिल्ली-मालदा एक्सप्रेस और हावड़ा-देहरादून उपासना एक्सप्रेस सहित दो ट्रेनें निरस्त रही। वहीं अप की ओर जाने वाली बालूरघाट-बठिंडा जंक्शन फरक्का एक्सप्रेस साढ़े आठ घंटे लेट रही। मंगलवार की शाम पांच बजे तक अप की ओर जाने वाली बरकाकाना वाराणसी मेमू ढाई घंटे, पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस डेढ़ घंटे लेट रही। इसी तरह धनबाद-जम्मूतवी स्पेशल फेयर गरीबरथ साढ़े पांच घंटे लेट रही। वहीं डाउन की ओर जाने वाली कामाख्या नई दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल एक घंटे, दानापुर सोगारिया स्पेशल फेयर गरीबरथ एक्सप्रेस स्पेशल दो घंटे, योगनगरी ऋषिकेश-हावड़ा दून एक्सप्रेस सवा घंटे, जोधपुर -हावड़ा एक्सप्रेस सवा घंटे, विभूति एक्सप्रेस एक घंटे, आनंद विहार कामाख्या नार्थईस्ट एक्सप्रेस डेढ़ घंटे लेट रही। इसी तरह महानंदा एक्सप्रेस सवा घंटे लेट रही।

सकलडीहा में सांसद व विधायक निधि से लगा हाईमास्ट बना शोपीस

अनदेखी

अंधेरे के कारण तिराहे और चौराहों पर टर्न करते समय होती है दुर्घटना

सकलडीहा में महीनों से बंद पड़ा हाईमास्ट।

सकलडीहा। सकलडीहा कस्बा में सांसद और विधायक निधि से लाखों रुपये खर्च करके लगाया गया हाईमास्ट शोपीस बना हुआ है। अंधेरा के कारण आये दिन चट्टी चौराहा और तिराहा पर दुर्घटना होती है। व्यापार मंडल की ओर से कई बार शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी से लेकर ठेकेदार अनजान बने हुए है। हाईमास्ट की मरम्मत नहीं होने पर व्यापारियों ने आन्दोलन की चेतावनी दिया है।

सकलडीहा कस्बा के डा.आम्बेडकर प्रतिमा के पास लगा हाईमास्ट महीनों से बंद पड़ा हुआ है। इसके अलावा अलीनगर तिराहा जहां शाम होते ही जाम लग जाता है। अंधेरा के कारण तिराहा पर मुगलसराय की ओर से आने वाली वाहन टर्न करते समय सधन तिराहा और चंदौली की ओर से आने वाली वाहनों से टकराकर चोटिल हो जाते है। इसके अलावा सघन तिराहा और ईटवा में ब्लॉक तिराहा पर लगा हाईमास्ट बीते 6 माह से खराब है। जिसके कारण सकलडीहा कमालपुर और चहनियां से आने वाले वाहन टर्न पर अक्सर दुर्घटना के शिकार होते है। कई बार टर्न लेते समय वाहन दुकानों में घुस जाता है। जिसकी शिकायत व्यापारियों की ओर से स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सहित अधिकारियों से करने के बाद भी अनजान बने हुए है। व्यापार मंडल अध्यक्ष केके सोनी, आनंद पांडेय, रितेश तिवारी, मुराहू विश्वकर्मा,बबलू राजभर, रतेन्द्र राजभर, मंटू मिश्रा, गोलू यादव ने जिला प्रशासन से बंद पड़ी हाईमास्ट को शुरू कराने की मांग किया है। चेताया कि समस्या का समाधान नहीं होने पर व्यापारी आन्दोलन के लिये मजबूर होंगे। इस बाबत एसडीएम अनुपम मिश्रा ने बताया कि व्यापारियों की शिकायत पर संबधित विभाग को सूचित कर शीध्र बनवाया जायेगा।

निर्माण परियोजनाओं को समय से पूर्ण करें कार्यदायी संस्थाए

विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम।

चंदौली। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक की लागत की परियोजनाओं एवं सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक सोमवार की देर शाम विकास भवन सभागार में हुई। इस दौरान जिला उद्यान अधिकारी को हाइटेक नर्सरी बनाने हेतु जमीन का चिन्हांकन अभी तक नहीं कराने तथा इंडो इजराइल एक्सिलेंस सेंटर की धीमी प्रगति मिलने एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) को अक्सर बैठकों में अनुपस्थित रहने तथा अपने दायित्वों का निर्वहन न करने पर कारण जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई एवं कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देश दिया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी निमार्णाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बाबा कीनाराम आश्रम रामगढ़ में चल रहे कार्यों, पशुपालन विभाग के अंतर्गत नौगढ़ के चकरघट्टा में निमार्णाधीन पशुचिकित्सालय के अद्यतन प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने शेष कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराते हुए हैंडओवर की कार्यवाही कराने के निर्देश दिया। उन्होंने आईटीआई भवन चकिया, अग्निशमन केंद्र की बाउंड्रीवाल सहित अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान निमार्णाधीन मत्स्य मंडी के कार्य को जल्द पूरा कराते हुए आगे की प्रक्रिया शुरू किए जाने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था सीएनडीएस द्वारा कराए जा रहे कार्य स्वास्थ्य विभाग के ट्रामा सेंटर, विद्यालय तथा सीएचसी सेंटर सहित जनपद में अन्य चल रहे कार्य तेजी से कराए जाने का निर्देश दिया। सेंटर उन्होंने सिंचाई विभाग (लघुडाल), नौगढ़ बांध का पुनरोद्धार, चंद्रप्रभा का पुनरोद्धार एवं सैयदराजा में निमार्णाधीन शहीद स्मारक आदि के कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं को समन्वय बनाकर तेजी से कार्य कराने के कड़े दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने विकास भवन में सीएम डैशबोर्ड की प्रदर्शित पैरामीटर्स पर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कुछ विभागों द्वारा विभिन्न पैरामीटर पर अच्छा कार्य न किए जाने पर कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को हाइटेक नर्सरी बनाने हेतु जमीन का चिन्हांकन ना कराने तथा इंडो इजराइल एक्सीलेंस सेंटर की धीमी प्रगति मिलने पर,जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) को अक्सर बैठकों में अनुपस्थित रहने तथा अपने दायित्वों का निर्वहन ना करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को अपने कार्यशैली में सुधार लाते हुए प्रगति में तेजी लाने की नसीहत दी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि दिनांक 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस के रूप में मनाया जाना है जिसके क्रम में आप सभी को जो जिम्मेदारियों मिली है आप सभी लोग अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ वाईके राय, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी आदि उपस्थित रहे।

सर्वर डाउन होने से फार्मर रजिस्ट्री में आ रही परेशानी

नौगढ़। पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ पाने के लिए किसान पंजीकरण कराने में सर्वर की समस्या से काफी परेशानी हो रही है। वहीं राजस्व विभाग से खतौनी की आनलाइन फीडिंग में किसानों के नाम में काफी त्रुटि कर दिए जाने से किसान पंजीकरण नहीं हो पा रहा है। किसानों का कहना है कि तहसील से मिलने वाले कंप्यूटर खतौनी में अनेकों संक्रमणीय भूमिधर किसानों का अशुद्ध नाम अपलोड किया गया है, जिससे आनलाइन किसान पंजीकरण नहीं हो पा रहा है। खतौनी में नाम का सुधार कराए जाने के लिए प्रावधानों के अनुरूप तहसील में मुकदमा दायर करना पड़ेगा, जिसमें समय व धन व्यय होगा। किसान पंजीकरण कराए जाने की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक होने से किसानों में पंजीकरण नहीं हो पाने पर किसान सम्मान निधि का लाभ पाने से वंचित हो जाने का भय बना हुआ है। एक वर्ष में रूपया 6 हजार की धनराशि पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत किसानों को 3 बार में मिलने से खेती बारी के काम में काफी सहूलियत मिल जाता है। एसडीएम कुंदन राज कपूर ने बताया कि खतौनी में नाम या अन्य त्रुटि से संबंधित सुधार कराए जाने के लिए किसान प्रार्थना पत्र के साथ प्रमाण संलग्न कर के तहसील में दे सकते हैं।

स्पोर्ट्स

अंडर-19 टी-20 विश्वकप

वैष्णवी की शानदार गेंदबाजी से भारत ने मलेशिया को हराया

वैष्णवी ने 5 रन देकर 5 विकेट लिए

10 विकेट से दूसरा मैच जीता 2.5 ओवर में चेज किया टारगेट, वैष्णवी की हैट्रिक प्वाइंटस टेबल में टॉप पर पहुंचा भारत

क्वालालंपुर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी अंडर 19 टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना लगातार दूसरा मैच जीता है। भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज के बाद मलेशिया को भी 10 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने सुपर सिक्स में जगह पककी कर ली। भारतीय टीम ने दूसरे मैच में घातक गेंदबाजी और शानदार बल्लेबाजी से मेजबान टीम को आसानी से हरा दिया। वैष्णवी शर्मा की हैट्रिक से भारतीय टीम ने मलेशिया को केवल 31 रन पर आउट कर दिया। वैष्णवी ने इस दौरान पांच विकेट लिए। इसके बाद भारतीय टीम ने बिना किसी नुकसान के 2.5 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। वैष्णवी ने डेब्यू मैच में 5 विकेट इतिहास रच दिया। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जो सही साबित हुआ।

वैष्णवी के सामने मेजबान बल्लेबाजी टिक नहीं पाये और पूरी टीम पेवेलियन लौट गयी। वैष्णवी ने 5 रन देकर 5 विकेट लिए। वहीं आयुषी शुक्ला ने 3 विकेट जबकि एक विके जोशिता ने लिया। मलेशिया की टीम 14.3 ओवर में 31 रन ही बना पाई। इसके बाद जीत के लिए भारतीय टीम को 32 रनों का आसान सा लक्ष्य मिला। ओपनर गोंगाडी त्रिशा ने 12 गेंद पर 5 चौका लगाकर नाबाद 27 रन बनाते हुए भारतीय टीम को जीत दिला दी।

वहीं लगातार दूसरा मैच जीतकर भारत ग्रुप-ए के पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर कायम है। श्रीलंका के भी भारत के बराबर 2 पॉइंट्स हैं, लेकिन बेहतर रन रेट के कारण इंडिया विमेंस टीम पहले नंबर पर है। टीम 23 जनवरी को श्रीलंका के खिलाफ तीसरा मैच कुआलालंपुर में खेलेगी। टूनार्मेंट में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। 4-4 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया। हर ग्रुप से 3-3 टॉप टीमें सुपर-6 राउंड में जाएंगी। यहां 6-6 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। फिर हर ग्रुप से 2-2 टॉप टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। 2 फरवरी को फाइनल खेला जाएगा।

14.3 ओवर में ही सिमटी मलेशिया महिला टीम

भारत की कप्तान निकी प्रसाद ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। मलेशिया ने दूसरे ही ओवर में पहला विकेट गंवा दिया। नुनी फरिनी बिना खाता खोले आउट हो गई, इस वक्त टीम का स्कोर 4 रन था। टीम से कोई भी खिलाड़ी दहाई को आंकड़ा नहीं छू सके। भारत के लिए वैष्णवी शर्मा ने सबसे ज्यादा 5 विकेट झटके। आयुषी शुक्ला ने 3 विकेट लिए। वीजे जोशीता को एख विकेट मिला। टीम 14.3 ओवर में 31 रन बनाकर ऑलआउट हुई। 14वें ओवर में वैष्णवी ने मलेशिया की नूर एन, नूर इस्मा डानिया और सिति नजवाह को लगातार तीन गेंदों पर आउट कर हैट्रिक पूरी की। 31 रन के टारगेट का पीछा करते हुई भारतीय टीम ने 2.5 ओवर में बिना कोई विकेट खोए टारगेट चेज कर लिया। भारत के लिए गोंगाडी त्रिशा ने 12 बॉल पर 27 और जी कमलिनी ने 5 बॉल पर 4 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलियन ओपन

नोवाक जोकोविच सेमीफाइनल में पहुंचे

कार्लोस अल्काराज को 4 सेट में हराया

मेलबर्न। अपनी धमाकेदार शुरूआत से 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टेनिस के ओलिंपिक चैंपियन जोकोविच ने मेंस सिंगल्स में तीसरी सीड स्पेन के कार्लोस अल्काराज को 4 सेट तक चले मुकाबले में पिछड़ने के बाद हराया। मेलबर्न के रोड लेवर एरिना में दूसरी ओर जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी अपना क्वार्टर फाइनल जीत लिया। 37 साल के जोकोविच ने पेरिस ओलिंपिक के गोल्ड मेडल मैच में भी अल्काराज को ही हराया था। जोकोविच के खिलाफ 21 साल के अल्काराज ने पहला सेट 6-4 से जीता। जोकोविच ने वापसी की और दूसरा सेट 6-4 के अंतर से ही अपने नाम कर लिया। जोकोविच ने अपना दबदबा कायम रखा और आखिरी 2 सेट 6-3, 6-4 से जीतकर

पहला सेट हारने के बाद जीते जोकोविच, ज्वेरेव ने दबदबा बनाते हुए जीत दर्ज की

मैच अपने नाम कर लिया। दूसरी सीड जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिका के टॉमी पॉल के खिलाफ क्वार्टर फाइनल जीता। ज्वेरेव को शुरूआती 2 सेट जीतने में मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन उन्होंने 7-6, 7-6 के अंतर से दोनों सेट जीत लिए। पॉल ने वापसी की और तीसरा सेट 6-2 से अपने नाम किया।ज्वेरेव ने फिर कमबैक किया और चौथा सेट 6-1 के अंतर से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

सूर्यकुमार की कप्तानी में आज इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में जीत से शुरूआत करने उतरेगी भारतीय टीम

कोलकाता। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 क्रिकेट सीरीज के पहले मुकाबले में जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य मैच में जीत के साथ शुरूआत करना रहेगा।

इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर भारतीय टीम के पास अगले माह होने वाली एकदिवसीय सीरीज और चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए लय हासिल करने का भी अच्छा अवसर रहेगा। दोनो ही टीमों में शानदार खिलाड़ी हैं, ऐसे में ये सीरीज रोमांचक होना तय है। इस मैच से अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी वापसी कर रहे हैं। ऐसे में उनके प्रदर्शन पर भी सभी की नजरें रहेंगी। शमी एकदिवसीय विश्व कप 2023 के बाद पहली बार इस मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। शमी को एकदिवीय विश्वकप में टखने में चोट लग गयी थी जिसके लिए उन्हें सर्जरी भी करानी पड़ी है। । शमी ने बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में वापसी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था। शमी ने टी20 करियर में 2014 में पदार्पण के बाद से केवल 23 मैच खेले हैं। उन्होंने अंतिम बार इंग्लैंड के खिलाफ 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल खेला था।

शाम 7 बजे से शुरू होंगे मैच

एक साल से भी अधिक समय बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे शमी

इस सीरीज में ऑलराउंडर अक्षर पटेल को भारतीय टीम का उप-कप्तान बनाया गया है, ऐसे में अक्षर का लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन कर अपने चयन को सही साबित करना रहेगा। अक्षर ने वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में शामिल नहीं किये गये विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन भी इस मैच में अच्छा प्रदर्शन कर चयकताओं को करारा जवाब देना चाहेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में लगातार दो टी20 शतक लगाने वाले सैमसन इस प्रारुप में काफी सफल रहे हैं। इस मैच में ऑलराउंडर नीतिश रेड्डी भी उसी प्रकार का आक्रामक प्रदर्शन करना चाहेंगे जैसा उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे में किया था। उनके रहने से हार्दिक पंड्या के साथ एक और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर टीम के पास रहेगा। वहीं दूसरी ओर जोस बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के मार्गदर्शन में जीत के साथ ही सत्र शुरू करना चाहेगी। मैकुलम अपनी आक्रामण रणनीति के लिए जाने जाते हैं जो वह इस सीरीज में भी अपनाएंगे।

इस मैच में इंग्लैंड को रीसे टॉपली, सैम कुरेन और विल जैक की कमी खलेगी हालांकि उसके पास युवा जैकब बेथेल जैस खिलाड़ी है जो अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा। जैकब ने अब तक सात टी20 मैचों में 167 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। इस मैच से इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी वापसी कर रहे हैं। आर्चर चोटिल होने के कारण काफी समय से टीम से बाहर थे।

दोनो ही टीमें इस प्रकार

भारत : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नीतिश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरूण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वॉशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल।

इंग्लैंड : जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, लियाम लिविंगस्टोन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गुस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जैमी ओवरटन, जैमी स्मिथ, आदिल रशीद, साकिब महमूद, मार्क वुड।

सड़क चौड़ीकरण: दो फाड़ में बंटे डीडीयू नगर के लोग

जनसंदेश न्यूज

डीडीयू नगर। पड़ाव से लेकर पचफेड़वा और गोधना तक बन रहे सड़क चौड़ीकरण को लेकर डीडीयू नगर और दुलहीपुर में चौड़ाई को लेकर विरोध और समर्थन का खेल चल रहा है। दुल्हीपुर में जहां व्यापारी सिक्स लेन की जगह फोर लेन चौड़ीकरण की मांग कर रहे हैं। वहीं नगर में सुभाष पार्क से लेकर सपा कार्यालय तक फोर लेन की जगह सिक्स लेन की मांग की जा रही है। अब नगर में ही सिक्स और फोर लेन सड़क की मांग को लेकर दो गुट आमने सामने आ गए।

सोमवार को व्यापारियों ने जुलूस निकाला और बन रहे फोर लेन चौड़ीकरण के समर्थन किया। मंगलवार को सिक्स लेन के समर्थकों ने जुलूस निकाल कर आवाज बुलंद की। जबकि दुल्हीपुर में सिक्स लेन की जगह फोर लेन की मांग को लेकर लंबे से आंदोलन हो रहा है। इस बीच अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक बात पहुंचाई जा रही है। मुगलसराय में व्यापारी भी सिक्स और फोर लेन के समर्थन और विरोध में आ चुके हैं। यहां तक कि व्यापारिक रिश्ते को भी तोड़ने तक बात चल निकली है। एक तरह से सड़क ने व्यापारियों के बीच डिवाइडर खड़ी कर दी। इन सब के बीच कार्य चल रहा है।

डीडीयू नगर में सड़क चौड़ीकरण को लेकर सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक अफवाहों का बाजार गर्म है। जब से पड़ाव से लेकर पचफेड़वा और गोधना तक सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव गया और पास होकर तब से अफवाह और चचाओं का बाजार गर्म रहा। नगर में कभी फोन लेन तो कभी सिक्स लेन होने का दावा किया जाता रहा। इस बीच ओवरब्रिज बनाने के लिए कई बार प्रस्ताव गया। लेकिन उस पर अमल नहीं हुआ।

पड़ाव से कार्य प्रारंभ होने के बाद संबंधित विभाग द्वारा नापी, निशान और नोटिस की कार्रवाई शुरू की गई। दुल्हीपुर में अभी भी व्यापारी और नागरिक सिक्स लेन की जगह फोर लेन करने की मांग पर अड़े हैं। मुगलसराय में सुभाष पार्क से कार्य आरंभ हुआ तो सिक्स लेन की मांग को लेकर पहले सोशल मीडिया पर चर्चा छिड़ी। उसके बाद आंदोलन शुरू हो गया। एक तबका सिक्स लेन की मांग को लेकर सत्याग्रह धरना दे रहा हैं। जबकि जीटी रोड के दुकानदारों ने फोर लेन की मांग कर रहे हैं। चचाओं की माने तो लोगों का कहना है कि नगर में चौड़ीकरण फोर लेन होता है। आने वाले कल में समस्या और गंभीर हो जायेगी। जीटी रोड पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ता जा रहा है। जाम की समस्या आए दिन हो रही है। इधर कार्य नगर में प्रवेश कर गया हैं। जीटी रोड को फोर लेन किया जा रहा है, जिससे लोग आक्रोशित होकर सड़क पर उतर गये।

डीडीयू नगर सिक्स लेन के समर्थन में जुलूस निकालते लोग।

तस्करों के ट्रैक्टर व पिकअप को वन विभाग ने किया सीज

चकिया। वन क्षेत्रों में प्रतिबंधित लैंटाना झाड़ी की कटाई कर उसका भूसा बनाकर बेचने वाले तस्करों के विरुद्ध वन विभाग ने मंगलवार को बड़ी कार्यवाही की है। चंद्रप्रभा रेंजर ने वन क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों से लैंटाना का भूसा लदी ट्रैक्टर और पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। चंद्रप्रभा रेंजर योगेश कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की दोपहर 12 बजे मुखबिर खास की सूचना मिली कि भैंसड़ा बीट शिकारगंज के कंपार्टमेंट नंबर 11 के जंगल में तस्करों द्वारा अवैध लैंटाना झाड़ी घास का मशीन से भूसा बनवाकर उसे ट्रैक्टर पर लोड किया जा रहा है।

तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर का पीछा कर उसे उसे सोनभद्र के सुकृत के चहलवा के पास से घेराबंदी कर कब्जे में लिया गया। कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। ट्रैक्टर पर 70 कुंतल प्रतिबंधित लैंटाना झाड़ी का भूसा लदा हुआ था। इसके अलावा चंद्रप्रभा वन्य जीव विहार के प्रवेश द्वार पर मंगलवार की ही दोपहर चेकिंग के दौरान पिकअप वाहन को कब्जे में लिया गया। जिस पर प्रतिबंध 30 कुंतल लैंटाना झाड़ी घास लदा हुआ था। कार्रवाई में वन दरोगा रामचरित्र, रिशु चौबे, वनरक्षक मनदीप गौड़, अरविंद कुमार रामप्रकाश, चुन्नू सहित कई वनकर्मी शामिल रहे।

वन विभाग द्वारा पकड़ी गई प्रतिबंधित लैंटाना झाड़ी लदी पिकअप।

जल निगम पाइप टूटी, सड़क पर बेकार बह रहा पेयजल

अनदेखी

शिकायत के बाद भी विभागीय ठेकेदार और कार्यदायी संस्था के अधिकारी बने अनजान

सकलडीहा। सकलडीहा में फोरलेन सड़क और नाला निर्माण के दौरान आये दिन जल निगम की पाइप टूट जाने से लोग परेशान है। शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी से लेकर ठेकेदार टालमटोल कर रहे है। सड़क पर बहकर पानी दुकानों में जाने से व्यापारियों में आक्रोश पनपने लगा है। व्यापारियों ने कार्यदायी संस्था के खिलाफ धरना प्रदर्शन की चेतावनी दिया है। शीघ्र टूटी पाइप की मरम्मत की मांग किया है। सकलडीहा कस्बा में टिमिलिपुर से लेकर तेन्दुई तक नाला निर्माण के दौरान कई बार जल निगम की पाइप टूटा। कई दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित होने पर व्यापारियों के विरोध प्रदर्शन के बाद कार्यदायी संस्था के ठेकेदार ने मरम्मत कराया। पुनरू बीते एक माह से सघन तिराहा पर जल निगम की पाइप टूटी हुई है। जिसके कारण व्यापारियों के घरों में दूषित पानी जा रहा है। कई जगह पानी पहुंच भी नहीं पा रहा है। शिकायत के बाद विभागीय अधिकारी और कार्यदायी संस्था के ठेकेदार अनजान बने हुए है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि टूटी पाइप का मरम्मत नहीं होने के कारण सड़कों पर सुबह शाम हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। सड़क से बहकर लोगों के दुकानों में घूस रहा है।

जल जीवन मिशन के तहत नहीं शुरू हुआ डोर टू डोर पेयजल

केन्द्र और प्रदेश सरकार की ओर से जल जीवन मिशन के तहत डोर टू डोर पेयजल आपूर्ति पहुंचाने की कवायद किया जा रहा है। गांव गांव में टंकी का निर्माण हो रहा है। निर्माण कार्य धीमी गति से होने के कारण लोग शुद्ध पेयजल की समस्या से जूझ रहे है। ईटवा सहित कई गांवों में निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। जिसके लिये उपभोक्ता परेशान है।

बॉलीवुड न्यूज

हर्षवर्धन नवाथे ने शो और अमिताभ बच्चन के प्रति आभार व्यक्त किया

मुंबई । सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का लोकप्रिय गेम शो कौन बनेगा करोड़पति एक अद्भुत उपलब्धि का जश्न मनाने जा रहा है—ज्ञान का प्रसार करने, सपनों को साकार करने और जीवन बदलने वाले पलों को रचने की अद्भुत यात्रा के 25 साल का उत्सव। यह भव्य उत्सव 20 जनवरी से ह्लज्ञान का रजत महोत्सवह्व के साथ शुरू होगा, जो ढेर सारे किस्सों, रोमांच और यादगार पलों का वादा करता है। इस मौके को और भी खास बनाने के लिए, इतिहास रचने वाले पहले करोड़पति, हर्षवर्धन नवाथे इस प्रतिष्ठित एपिसोड में शामिल हुए, उन्होंने अपने सफर को याद किया और अपने लाजवाब अनुभव को साझा किया। कौन बनेगा करोड़पति का बिल्कुल नया सेगमेंट, कहानी जीत की जीत और बदलाव की प्रेरक कहानियां पेश करता है। और इस सफर की शुरूआत पहले करोड़पति, हर्षवर्द्धन नवाथे से बेहतर कौन कर सकता है! जैसे ही वह एक बार फिर प्रतिष्ठित मंच पर कदम रखेंगे, उनका स्वागत एक विशेष वीडियो के साथ किया जाएगा जिसमें उस ऐतिहासिक पल को दिखाया जाएगा जब वह पहले करोड़पति बने थे, और उस जादू को फिर से याद करेंगे जिसने उनकी ज़िंदगी को हमेशा के लिए बदल दिया।

फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर, 26 जनवरी को

मुंबई। तैयार हो जाइए एक ऐसी फिल्म के लिए, जिसमें एक्शन, ड्रामा और इमोशन का जबर्दस्त मिश्रण मिलेगा, वो भी पूरे सिनेमा-स्टाइल में। इस गणतंत्र दिवस पर, 26 जनवरी को दोपहर 12 बजे और रात 8 बजे, जी सिनेमा पर फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' का मजा लीजिए, जो एक परफेक्ट रिपब्लिक डे स्पेशल साबित होगी। फिल्म में हैं दमदार एक्टर थलापति विजय और मस्तमौला प्रभु देवा, जिनके साथ ये कहानी आपके वीकेंड को और मसालेदार बना देगी। इसमें कई रोमांचक ट्विस्ट्स, यादगार सीन्स और देश को बचाने का जज्बा है। यह फिल्म सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि एक बेमिसाल अनुभव है। इसमें आपसी मुकाबले और महानता का शानदार सफर है, जहां परिवारिक जज्बातों, देशभक्ति का जज्बा, एक्शन, कॉमेडी और विजय के खास अंदाज का बेहतरीन संगम है! फिल्म में चौंकाने वाले मोड़ और निर्देशक वेंकट प्रभु के खास स्टाइल से हर पल दिलचस्प हो जाता है। विजय ने जबर्दस्त परफॉर्मेंस दी है, जो उन्हें एक असली हीरो बना देती है, और प्रभु देवा ने अपनी छाप छोड़ते हुए हर सीन को खास बना दिया है। प्रभु देवा ने कहा, "इस फिल्म का हिस्सा बनकर मुझे जबर्दस्त जोश का एहसास हुआ। ये एक ऐसी मूवी है जो हर हद पार करती है। इसमें धमाकेदार एक्शन है, लेकिन कुछ ऐसे पल भी हैं जो आपको सोचने पर मजबूर कर देंगे। मुझे उस पल का बेसब्री से इंतजार है, जब दर्शक इसे जी सिनेमा पर देखेंगे।

फरमान हैदर यानी दिग्विजय ने शेयर किए कुछ अहम राज

मुंबई। स्टार प्लस ने एक बार फिर अपनी परंपरा को बरकरार रखते हुए भावनात्मक रूप से दमदार और दिल को छू लेने वाले कंटेंट के साथ नया शो पॉकेट में आसमान पेश किया है। दर्शकों को गहराई से जोड़ने वाली कहानियों के लिए मशहूर स्टार प्लस इस बार एक प्रेरणादायक कहानी लेकर आया है। यह शो रुद्राणी उर्फ रानी की यात्रा को दर्शाएगा, जिसे अभिका मलाकर निभा रही हैं। रानी एक गर्भवती महिला हैं, जो अपने जीवन में सब कुछ पाना चाहती हैं, जैसे प्यार, करियर और मां बनने का सुख। रानी की जिंदगी में बड़ा मोड़ तब आता है, जब उसके पति दिग्विजय (फरमान हैदर द्वारा निभाया गया किरदार) उसे एक मुश्किल फैसला लेने को कहते हैं—करियर को चुनना या मां बनना। लेकिन रानी हार मानने वाली नहीं है। वह ठान लेती है कि न तो वह अपने सपनों को छोड़ेगी और न ही अपने परिवार को। अपने हौसले और भरोसे के साथ रानी इस चुनौती को स्वीकार करती है और ऐसा रास्ता ढूंढती है, जहां वह अपने करियर और मां बनने के सपने दोनों को पूरा कर सके। पॉकेट में आसमान में रानी की यह हिम्मत हर महिला को ताकत देगी, खासकर उन्हें जो घर और काम के बीच तालमेल बिठाने की कोशिश करती हैं। फरमान हैदर, जिन्होंने इससे पहले सावी की सवारी में अपनी पहचान बनाई थी।

गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

चकिया। कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की सुबह नगर से सटे मोहम्मद स्टैंड के पास से पशु तस्करी के वांछित और गैंगस्टर के आरोपी घुरहूपुर गांव निवासी सुदामा राजभर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

चौकियां माई के शृंगार महोत्सव की तैयारी को लेकर आयोजन समिति के लोगों ने जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र से मिलकर उन्हें आमंत्रित किया। समस्त कार्यक्रम का आयोजन श्री शीतला जी मंदिर समिति ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा।

जौनपुर मंडल

नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में 30 करोड़ का बजट पारित

बैठक

जल निकासी, सीसीटीवी तालाब का सुंदरीकरण और प्रकाश की व्यवस्था में खर्च होगी धनराशि

जनसंदेश न्यूज

मछलीशहर। नगर पंचायत कार्यालय में सोमवार की शाम को प्रशासक/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बोर्ड की बैठक में नगर में विकास कार्य के लिए 30 करोड़ रुपयों का बजट पारित किया गया है। बजट में पारित धनराशि का उपयोग जल निकासी, सीसीटीवी, तालाब के सुंदरीकरण और प्रकाश की व्यवस्था में खर्च किया जाएगा।

बोर्ड की बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 30 करोड़ का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया है। नगर के सभी प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। सभी वार्डो में प्रकाश की व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए 25, 25 लाइट व पोल लगाए जायेगें। नाली बनाई जाएगी। रात तक चली बोर्ड की बैठक में अधिशासी अधिकारी विजय कुमार सिंह, सभासद डॉ. हस्सान, सुरेश जायसवाल, गीतांजलि, मोनिका, गीता, सुशीला, सुजीत, गुलाब, वीरेंद्र, फराज, जुबैर, शरीफ, जिया मोहम्मद, ऑन मोहम्मद के साथ ही लिपिक प्रवेश कुमार सिंह, मनोज कुमार चौरसिया उपस्थित रहे। सभी वार्डो में सड़क की मरम्मत एवं नाली का निर्माण कार्य किया जाएगा। अस्पताल के बगल स्थित तालाब का सुंदरीकरण कार्य किया जायेगा। नगर के मध्य जल निकासी के लिए जाएगी। रात तक चली

विभिन्न मामलों में वांछित चार का पुलिस ने भेजा चालान

बरसठी। थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित चार गांव से चार लोगों को सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेजा। न्यायालय से जारी विभिन्न मामलों में वारंट के बावजूद न्यायालय में हाजिर नहीं होने के कारण वांछित चार आरोपियों को थानाध्यक्ष राजेश यादव के निर्देशन में मुखबिर की सूचना पर सोमवार की सुबह हमराह पुलिस कर्मियों ने दबिश देकर भोले शंकर पुत्र पातीराम गौतम निवासी सिंगारपुर थाना बरसठी, अशोक कुमार मिश्रा उर्फ खंझाठी मिश्रा पुत्र तूफानी मिश्रा निवासी निगोह थाना बरसठी, संतोष शुक्ला पुत्र त्रिभुवन शुक्ला निवासी थाना बरसठी, राकेश सिंह उर्फ ने पोलो पुत्र गंगा प्रसाद सिंह निवासी कानपुर थाना बरसठी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया है।

पुलिस और बदमाशों के बीच दिनदहाड़े हुई मुठभेड़

बदलापुर। जनपद के सिंगरामऊ थाना क्षेत्र इलाके में मंगलवार को दिन दहाड़े पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गए। बताते चले कि सिंगरामऊ थाना और जौनपुर एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के मिश्रौली बछुआर फोरलेन स्थित पूर्वांचल ढाब़ा के समीप बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। वहीं मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों के पर में गोली लगने से वह घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें सीएचसी लाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद डाक्टर द्वारा दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पुलिस की माने तो घायल बदमाशों की पहचान एक शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के कोहड़ा निवासी बालक दास 18 वर्ष पुत्र रामजग यादव और दूसरा सरपतहां थाना क्षेत्र के सुइथाकलां स्थित सारी गाँव निवासी पंकज यादव 25 वर्ष पुत्र लुल्लर यादव जनपद जौनपुर के रूप में किया गया।

योग शारीरिक मानसिक व आत्मिक शुद्धि का माध्यम : प्रो. ओपी सिंह

जौनपुर। तिलकधारी महाविद्यालय के बीएड विभाग के तत्वाधान में पंचदिवसीय-योग शिविर का शुभारंभ मंगलवार से शिक्षा भवन में प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में मुख्य प्रशिक्षक योग गुरु जितेंद्र सिंह ने योग के सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक पक्षों पर विधिवत प्रकाश डालते हुए कहाकि योग वैश्विक परिदृश्य में हर व्यक्ति के लिए अनिवार्य है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह ने कहाकि योग हमारे जीवन में अनुशासन और आंतरिक शक्ति के विकास का सशक्त माध्यम है। जिससे शरीर, मन, एवं आत्मा की शुद्धिकरण संभव हो पता है। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुधांशु सिन्हा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि योग व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का एक सबसे प्रभावशाली माध्यम है। इस अवसर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर अजय कुमार दुबे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन उसी तरह से आवश्यक है जिस प्रकार से जीवित रहने के लिए सांस लेना आवश्यक है। योग व्यक्ति को जीवन में अनुशासित एवं स्वस्थ रहने के लिए अनिवार्य है। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षा विभाग से प्रो. रीता सिंह, प्रो. श्रद्धा सिंह, डॉ. गीता सिंह, डॉ. अरविंद सिंह एवं डॉ. वैभव सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रशांत कुमार पाण्डेय ने किया। इस प्रशिक्षण शिविर में बीएड एवं एएड के समक्ष छात्राएं उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस पर बंद रहेंगी आबकारी दुकानें

जौनपुर। जिला आबकारी अधिकारी विष्णु प्रताप सिंह ने समस्त थोक एव फुटकर बिक्री अनुज्ञापी, देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भॉग, ताड़ी एवं सीएल2, एफएल2 / 2बी, माडलशाप, समिश्रबार को अवगत कराया है कि संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 में दिए गये प्राविधानों के क्रम में अनुज्ञापन की शर्तों में उल्लिखित है कि 26 जनवरी (गणतन्त्र दिवस) के अवसर पर समस्त आबकारी अनुज्ञापनों को बन्द रखा जाए। उक्त के अनुपालन में समस्त अनुज्ञापियों को निर्देशित किया जाता है कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी 26 जनवरी (गणतन्त्र दिवस) के पावन अवसर पर समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भाँग, ताड़ी की दुकानों एवं सीएल2, एफएल2/2बी, माडलशाप तथा समिश्र बार के अनुज्ञापन बन्द रहेगें। उक्त बन्दी हेतु कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

केराकत रेलवे संघर्ष समिति ने प्रदर्शन कर मांग पत्र सौंपा

जनसंदेश न्यूज

केराकत। औड़िहार-जौनपुर रेलखण्ड के मध्य स्थित केराकत (केटीसी) स्टेशन पर मुख्य ट्रेनों के ठहराव न होने से नाराज केराकत रेलवे संघर्ष समिति के अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने मंगलवार को प्रदर्शन कर रेलवे महाप्रबंधक के नाम स्टेशन मास्टर को अपने मांग पत्र को सौंपा।

अध्यक्ष मनोज कमलापुरी ने बताया कि लोकसभा मछलीशहर एवं केराकत विधानसभा भी है और इस औड़िहार-जौनपुर के बीच केराकत मुख्य रेलवे स्टेशन स्थित है। इस खण्ड पर केराकत तहसील मुख्यालय, मुसंफ कोर्ट के साथ-साथ कोतवाली एवं ब्लाक मुख्यालय जो कि स्टेशन से सटा हुआ है। प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र एवं तमाम इण्टर कालेज, डिग्री कालेज एवं व्यवसायिक संस्थान होने के नाते लोगों को केस के तमाम अन्य प्रदेशों में आना-जाना लगा रहता है। चूँकि आबादी होने के कारण यहां के लोगों का बम्बई, दिल्ली एवं बाहर जाने की काफी संख्या होती है। अपने व्यापार एवं नौकरी के कारण कुछ ट्रेनों जो कि इस स्टेशन से होकर जाती है लेकिन ठहराव न होने के कारण उन्हें दूर-दराज के स्टेशनों पर जाना होता है जिसकी समय एवं पैसा दोनों की क्षति होती है। आय के संदर्भ यह बताना चाहता हूँ कि केराकत स्टेशन की आय अगस्त 2023 से जनवरी तक आरटीआई रिपोर्ट द्वारा प्राप्त आय 34 लाख 63 हजार 196 रूपया जिससे यह नितान्त आवश्यक महसूस होता है कि अगर इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों का ठहराव कर दिया जाय तो आय में और वृद्धि हो सकती है। गाजीपुर सिटी से बान्द्रा टर्मिनल तक चलने वाली ट्रेन सप्ताह में दो दिन चलती है उसे प्रतिदिन किया जाय। जो कि इस क्षेत्र की तमाम जनता मुम्बई में जीविकोपार्जन को जाती रहती है।

गांवों की बच्चियों व महिलाओं में प्रतिभा की कमी नहीं : प्रिंशु

आयोजन

30 दिवसीय निःशुल्क सौंदर्य प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ समापन

जौनपुर। सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में अग्रणी संस्था अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा महिलाओं और बच्चियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 30 दिवसीय सौंदर्य प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 15 दिसंबर 2024 से 15 जनवरी 2025 तक एक ब्यूटी पार्लर खुज्झी मोड़ हिसामपुर रोड डोभी प्रशिक्षण केंद्र में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिंशु और विशिष्ट अतिथि पद्मिनी सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के स्वागत में ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्वशी सिंह ने ट्रस्ट द्वारा निरंतर किए जा रहे कार्यो का पूरा संक्षिप्त परिचय दिया। मुख्य अतिथि बृजेश सिंह प्रिंसू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों और महिलाओं को प्रमुखता से प्रशिक्षित करने का कार्य अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य है, जिस तरह से ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों और महिलाओं को जागरुक करना और उनके अधिकारों के लिए आगे आकर कार्य करना बहुत ही पुनीत कार्य है। ट्रस्ट द्वारा निरंतर महिलाओं और बच्चियों को आत्मनिर्भर बनाने के कड़ी में इस तरह के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत हर ब्लाक और हर तहसील में इस तरह के कार्य किए जा रहे हैं। विशिष्ट अतिथि पद्मिनी सिंह ने कहा कि ट्रस्ट परिवार के द्वारा सदैव बेहतर कार्य किए जा रहे हैं जिसको देखते हुए हम सभी इस मुहिम का हिस्सा बनेंगे और बच्चियों और महिलाओ के लिए जो जरूरत होगी उपलब्ध कराने के साथ हम सभी ट्रस्ट परिवार के साथ खड़े रहेंगे। मुख्य अतिथि बृजेश सिंह प्रिंशु, विशिष्ठ अतिथि पद्मिनी सिंह, विशिष्ट अतिथि बिट्टू किन्नर के साथ कार्यक्रम की प्रशिक्षिका सरोज गुप्ता द्वारा सभी बच्चियों एवं महिलाओं को किए गए बेहतर प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला के ट्रेनर के मुख्य रूप में सरोज गुप्ता, खुशी बरनवाल, डिम्पल गुप्ता, ज्योति खरवार, रेखा मौर्या, अनुराधा श्रीवास्तव रही। प्रशिक्षण शिविर के अन्तर्गत कुल 5 श्रेणी में प्रतियोगिता रखा गया था जिसमें बेस्ट मेकअप के लिए रितिका सिंह, बेस्ट हेयर कट में बिट्टन सिंह, हेयर डू में शैल शाहू, बेस्ट स्किन में श्रेया सिंह, केमिकल वर्क में शिवानी सिंह रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष नागेंद्रनाथ सिंह, महासचिव राधिका सिंह, धरमू गुप्ता, शहजादी गुप्ता, दिनेश, उपेन्द्र, डिम्पल, रवि पिंटू गिरी और अन्य लोग उपस्थित रहे।

चौकियां माई के शृंगार महोत्सव की तैयारी शुरू

जौनपुर। देश की प्रसिद्ध मंदिरों में एक सिद्धपीठ माता शीतला मंदिर चौकियां धाम जी का ऋंगार महोत्सव 23, 24, 25 जनवरी को होगा जिसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। पूरे मंदिर परिसर को सुन्दर भव्य रूप से सजाया जा रहा है। कोलकाता के कारीगरों द्वारा माता शीतला ऋंगार सजावट फूलों द्वारा किया जा रहा है। आयोजन समिति के लोगों ने जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र से मिलकर आमंत्रित किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने का आदेश दिया। चौकियां धाम का निरीक्षण सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अन्य अधिकारी ने निरीक्षण किया और उचित आदेश दिया। ऋंगार में लाखों भक्त दर्शन करने आते है। प्रातः 5 बजे मंदिर खुलने से रात्रि 9 बजे तक दर्शन पूजन श्रद्धालु कर सकेंगें। समस्त कार्यक्रम का आयोजन श्री शीतला जी मंदिर समिति ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। चौकियां मंदिर के मंहत विवेकानंद विवेक गुरुजी ने बताया कि ऋंगार महोत्सव का सारा खर्च श्री शीतला जी मंदिर समिति ट्रस्ट द्वारा किया जाता है ट्रस्ट के अध्यक्ष विकास पंडा, प्रबंधक अजय पंडा, पुजारी लल्लन पंडा, राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट, महंत विवेकानंद पंडा मंदिर अध्यक्ष विकास पंडा, प्रबंधक अजय पंडा, पुजारी लल्लन पंडा व चंद्रदेव पंडा, दिनेश पंडा, जय नारायण पंडा, भरत श्याम पंडा, प्रवीण पंडा एवं ट्रस्ट के लोग तैयारी पूर्ण करने में लगे हुए हैं।

शिया कॉलेज में गाइडेंस मेला का हुआ आयोजन

जौनपुर। समग्र शिक्षा माध्यमिक जनपद द्वारा कैरियर गाइडेन्स मेला रजा डीएम (शिया) इण्टर कालेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने कैरियर के बहुआयामी तत्वों पर प्रकाश डाला, स्वास्थ्य को सर्वोपरि बताते हुए वर्तमान के विभिन्न कैरियर्स हेतु प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल पुष्पेन्द्र सिंह, कीर्ति चक्र ने सरकार द्वारा सुरक्षा सेवा में चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के साथ ही अग्निवीर योजना पर भी विस्तृत मार्ग दर्शन दिया। डॉ. जयेश सिंह ने बच्चों को चिकित्सा सेवा के बारे में विस्तार से बताया। जिला रोजगार अधिकारी जेपी पासवान ने सेवायोजन के बारे में प्रकाश डाला। जिला प्रोबेशन अधिकारी बृजेश पाण्डेय ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं पर विशेष बल दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने व्यसन से दूर रहकर नियमित अध्ययन को ही सफलता की कुंजी बताया। सह जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार सिंह एवं राजेश यादव ने अतिथियों का शाल एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन राहुल राज मिश्र ने किया। आगन्तुक अतिथियों ने जिला समन्वयक डॉ. राजन सिंह द्वारा आहूत समस्त माध्यमिक विद्यालयों के स्टाल का अवलोकन किया। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने सभी आगन्तुक अतिथियों व सभी विद्यालयों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, नोडल शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बच्चों के विवाद में दबंगों ने एक को पीटकर किया लहूलुहान

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत उसरहटा गांव में बच्चों के विवाद में दबंगों ने लाठी डंडे से पीटकर एक युवक को लहूलुहान कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के उसरहटा गांव निवासी 42 वर्षीय दानू पुत्र शफीक को मंगलवार की दोपहर में बच्चों के मामूली कहासुनी के दौरान हुई मारपीट में दबंगों ने लाठी डंडे से पीटकर लहूलुहान कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त घायल की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

वेंकटेश हुंडई ने लांच की नयी हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक कार

जौनपुर। विशेषरपुर पंचहटिया में स्थित हुंडई की 35 फैसिलिटी से युक्त वेंकटेश हुंडई के शोरूम में आल न्यू क्रेटा इलेक्ट्रिक कार लॉन्चिंग हुई एसयूवी क्रेटा अब इलेक्ट्रिक भी हो गई है। ये भारतीय ग्राहकों की तकनीकी के मामले में एडवांस प्रोवाइड कराने की हुंडई की प्रतिबद्धतता को दिखाता है। क्रेटा इलेक्ट्रिक कार लगभग 18 लाख की शुरूआती कीमत पर लांच की गई है। क्रेटा इलेक्ट्रिक में 2 बैटरी पैक ऑप्शन उपलब्ध है। 51.4 डहल्ल और 42 डल्लह के साथ 473 किमी और 390 किमी को शानदार ड्राइविंग एक्सपीरयंस मिलती है। क्रेटा इलेक्ट्रिक के सभी वैरिएंट में 52 स्टैंडर्ड सेफ्टी फीचर के साथ 75 से ज्यादा एडवांस सेफ्टी फीचर दिए गए है। क्रेटा इलेक्ट्रिक कार की लांचिंग आईसीआईसीआई बैंक के बिजनेस हेड दिग्विजय सिंह ने फीता काट कर उद्घघाटन किया। लांचिंग के समय वेंकटेश हुंडई के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज कुमार एवं उनके पुत्र लक्ष्य गुप्ता राजा भी मौजूद थे।

साथ में वेंकटेश हुंडई के जनरल मैनेजर एसपी शुक्ला एवं विजय मिश्रा भी मौजूद थे। लक्ष्य गुप्ता ने बताया कि क्रेटा ब्रांड की सफलता एवं विरासत पर तैयार नयी हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक अत्यधिक नई तकनीकी से भरपूर है। वेंकटेश हुंडई के जनरल मैनेजर विजय मिश्रा ने बताया कि क्रेटा इलेक्ट्रिक शानदार एक्सीलेरेसन प्रदान करती है जो मात्र 8 सेकंड में 0-100 किमी प्रति घंटा एक्सीलेरेसन के साथ हर यात्री को रोमांचित अनुभव मिलता है। इस मौके पर एसपी शुक्ला ने बताया कि हमें भरोसा है कि क्रेटा इलेक्ट्रिक, क्रेटा ब्रांड के विरासत को कायम रखेगी, बल्कि और इसे ऊपर ले जाएगी। क्रेटा इलेक्ट्रिक लॉन्चिंग के समय वेंकटेश हुंडई के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। क्रेटा इलेक्ट्रिक के लांचिंग के समय 11 गाड़ियों कि बुकिंग प्राप्त हुई।

संक्षेप

दो गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

पवांरा। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम, अपराधियों की धरपकड़ व गैरजमानती वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत गैरजमानती वारंटी संदीप तिवारी पुत्र अनिल तिवारी निवासी कुंवरपुर थाना पवांरा जो न्यायालय द्वारा वारंट जारी होने के बावजूद हाजिर नहीं हो रहे थे। इसलिए न्यायालय ने इनके खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया। मंगलवार की सुबह उपनिरीक्षक विनोद कुमार अंचल ने हेड कान्सटेबल आशीष यादव व कान्सटेबल पीयूष यादव के साथ उसके घर से गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया। वहीं मछलीशहर थाने के उपनिरीक्षक शिवकुमार सिंह ने हेड कान्सटेबल सुरेन्द्र यादव, महिला हेड कान्सटेबल नीलम यादव के साथ गैरजमानती वारंटी महेन्द्र गौतम पुत्र पृथ्वीपाल गौतम निवासी-सराययुसुफ थाना मछलीशहर को मंगलवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया।

सरकारी भूमि पर कब्जे के मामले में हाईकोर्ट ने जारी की अवमानना नोटिस

जफराबाद। स्थानीय थाना क्षेत्र के समोपुर कलां गांव में सरकारी भूमि को अभी तक कब्जाधारियों से कब्जा मुक्त न कराये जाने पर हाईकोर्ट प्रयागराज ने जौनपुर के तहसीलदार सदर को अवमानना नोटिस जारी करते हुए आगामी 3 मार्च को उपस्थित होकर जवाब देने का कहा है। धर्मापुर विकास खण्ड एवं थाना क्षेत्र के समोपुर कला गाव निवासी राम सूरत यादव पुत्र रामरूप का आरोप है कि गांव के ग्राम प्रधान एवं हल्का लेखपाल की मिली भगत से लगभग एक बीघा सरकारी भूमि, जिसमें मटखन्ना, चकमार्ग, खलिहान, नाला, भीटा आदि शामिल है, पर कब्जाधारियों ने मकान, मड़हा आदि डालकर कब्जा कर रखा है। उक्त सरकारी भूमि को कब्जाधारियों से मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन को कई बार प्रार्थना पत्र दिये जाने के बावजूद कोई कार्यवाही न होने पर हाईकोर्ट प्रयागराज का दरवाजा खटखटाया गया। हाईकोर्ट द्वारा सरकारी भूमि को कब्जाधारियों से मुक्त कराने का आदेश दिया गया, परन्तु तहसीलदार द्वारा कब्जा हटवाने के संदर्भ में कोई कार्यवाही नही की गई। हाईकोर्ट ने इसे अवमानना मानते हुए आगामी 3 मार्च को न्यायालय में उपस्थित होकर अभी तक कब्जा न हटवाये जाने के बाबत जवाब देने का फरमान जारी किया है।

ट्रांसफॉर्मर जलने से दो सप्ताह से अंधेरे में उपभोक्ता

खेतासराय। बादशाही विद्युत उपकेंद्र के मानीकला पश्चिम दुर्गा पोखरे के पास स्थापित 25 केवीए का ट्रांसफार्मर दो सप्ताह से जल गया है। इसके बावजूद जला ट्रांसफार्मर अभी तक बदला नहीं गया है। इससे जुड़े दो दर्जन से अधिक उपभोक्ता अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ट्रांसफार्मर न बदले जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। इस ट्रांसफॉर्मर से जुड़े मानीकला निवासी उपभोक्ता राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि दो सप्ताह पहले 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया। जिससे 27 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बाधित है। इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से की गई। दो सप्ताह बीतने के बाद भी ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया। मोबाइल चार्ज कराने के लिए बाजार में जाना पड़ता है। उपभोक्ताओं से चंदा इकट्ठा करके अब दूसरा ट्रांसफार्मर लाने की व्यवस्था की जा रही है। जेई संजय कुमार से बात करने की कोशिश की गई तो उनका सीयूजी नंबर नहीं उठा। एसडीओ सौरभ मिश्रा से बात करने पर बताया कि अभी जल्द ही उन्होंने चार्ज लिया है। पता कराकर जल्द ही जला ट्रांसफार्मर बदलकर दूसरा स्थापित करा दिया जाएगा।

गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

सुइथाकला। सोमवार को क्षेत्र भ्रमण में आपराधिक क्रियाकलापों की रोकथाम में लगे थाना पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई। क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक युवक बोरे में इक्कीस किलो तीन सौ ग्राम गांजे के साथ पुलिस के हाथ लग गया। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बतौर पुलिस सोमवार को उपनिरीक्षक हरेराम यादव मय हमराह क्षेत्र भ्रमण पर थे। उसी दौरान क्षेत्र के डीह असरफाबाद में क्षेत्र का बाल्मीकपुर गांव निवासी जितेन्द्र वर्मा 32 पुत्र ओमकार वर्मा बोरी में रखे हुए 11 बण्डल नाजायज गांजे के साथ पुलिस के हाथ लग गया। बोरे में 21 किलो 300 ग्राम गांजे का वजन बताया जा रहा है। बहरहाल पुलिस गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गांजे की बोरी के अलावा युवक के पास से यूपी 62ए एक्स 0312 संख्या की हीरो सुपर स्पेलेंडर बाइक और एक अदद वीवो कम्पनी का एंड्रॉयड स्मार्टफोन भी बरामद किया गया। गिरफ्तारी के दौरान उपनिरीक्षक के अलावा हेड कांस्टेबल द्वय संजीव सिंह व आफताब अहमद तथा कान्स्टेबल आनन्द निषाद टीम में शामिल रहे।

मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार

खेतासराय। पुलिस टीम ने आजमगढ़ सीमा पर लगे बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 1.4 किलो ग्राम गांजा बरामद होने का दावा कर रही है। गिरफ्तार युवक के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार राय मयहमराह अनिल कुमार यादव व विनोद कुमार प्रजापति ऑपरेशन प्रवेश के तहत क्षेत्र के आजमगढ़ बॉर्डर सोंगर के समीप चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक झोले में कुछ रखकर ले जा रहा था, शक होने पर पुलिस ने रोक लिया। पूछताछ किया तो उसने अपना नाम अरबाज पुत्र इरशाद (19 वर्ष) निवासी मोहल्ला चौहट्टा खेतासराय बताया। तलाशी के दौरान इसके पास से झोले में रखा लगभग 1 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ जिसके आधार पर विधिक कार्यवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया गया।

चोरी के जेवर के साथ एक गिरफ्तार

गौराबादशाहपुर। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी के जेवर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष फूलचंद पांडे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर असवारा पुलिया के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम राहुल उर्फ अनूप कुमार पुत्र रामसूरत निवासी बगथरी थाना गौराबादशाहपुर उम्र 25 वर्ष बताया। उसके पास से एक चांदी की चोरी की गई करधन, दो नाक की सोने की कील व 320 रुपए बरामद हुए। गिरफ्तार करने वाली टीम में फूलचंद पांडे थानाध्यक्ष, उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल देवेंद्र यादव तथा कांस्टेबल अंकित सिंह मौजूद रहे।

11 वारंटी गिरफ्तार

गौराबादशाहपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के क्रम में एक गांव से 10 तथा दूसरे गांव से एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष फूलचंद पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के तियरी गांव निवासी रामदुलार, गोरख, कल्पनाथ, गीता, ममता, शनी कुमार, शुभम, संदीप, सत्येंद्र कुमार, प्रेमलता जो विभिन्न मुकदमों में वांछित थे तथा बसेवरा गांव निवासी विमला देवी को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक रामलाल, कांस्टेबल उषा राय, राहुल सिंह और हरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मियों ने की विरोध सभा

जनसंदेश न्यूज

भदोही। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन उत्तर प्रदेश के केन्द्रीय कार्यकारणी के आह्वान पर पूर्वांचल विद्युत वितरण व दक्षिणांचल विद्युत वितरण के निजीकरण के विरोध मे मंगलवार को पांचवें दिन जनपद मुख्यालय व कार्यालय अधीक्षण अभियंता पर शाम पांच बजे से छः बजे तक विद्युत कर्मियों ने एक घण्टे का विरोध प्रदर्शन किया।

सभा में उपस्थित क्षेत्रिय सचिव इंजीनियर अभिषेक प्रजापति ने बताया कि जिन शहरो व राज्यों में निजीकरण के प्रयोग किए गए वे उपभोक्ताओं के सेवा हेतु न केवल पूर्णतः विफल रहा वरन बिजली की महँगी दरों का दंश भी आम जनमानस को झेलना पड़ रहा है। निजीकरण किसी के हित मे नही है, चाहे व कर्मचारी हो या उपभोक्ता। इसी क्रम में इंजीनियर ज्योति प्रकाश ने बताया कि निजीकरण किसी भी हाल मे स्वीकार नही किया जायेगा। जनपद अध्यक्ष इंजीनियर विनोद प्रजापति ने बताया कि निजीकरण के विरोध मे जनपद भदोही का एक-एक सदस्य पूरे तन-मन से तैयार है तथा प्रबन्धन की गलत नीतियों का पुरजोर विरोध किया जायेगा। विरोध सभा के इस कम मे इंजीनियर ईश्वर सरन सिंह, मनोज कुमार यादव, ब्रम्हदत्त पटेल, प्रमोद चौहान, पच्चम राम, शैलेन्द्र मौर्या, ज्योति प्रकाश, मनोज कुमार, सुजीत कुमार पटेल, इत्यादि जनपद के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

गोपीगंज कोतवाली का एसपी ने किया औचक निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

गोपीगंज। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सोमवार की देर रात गोपीगंज कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना कार्यालय के विभिन्न रजिस्टरों, अभिलेखों के रख-रखाव, माल-खाना, शस्त्रागार व महिला हेल्प-डेस्क आदि का अवलोकन करते हुए थाना परिसर का भ्रमण कर परिसर, बैरक, मेस व शौचालय आदि की साफ-सफाई का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना परिसर में खड़े वाहनों के नियमानुसार निस्तारण कराने तथा विवेचकों को लम्बित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस कर्मियों को अच्छा टर्न आउट व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया।

संक्षेप

साधन सहकारी समिति का वजूद खतरे में

सुइथाकला। स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत मिशन हर जगह भले ही अपने चरम पर है, पर क्षेत्र के सराय मोहिउद्दीनपुर बाजार में इन दिनों उक्त मिशन फेल नजर आ रहा है। बाजार में लखनऊ बलिया राजमार्ग के किनारे काफी अरसे से बना बहुउद्देशीय प्राथमिक साधन सहकारी समिति का वजूद इन दिनों खतरे में दिखाई पड़ रहा है। मूत्रालय के अभाव में लोग उक्त समिति के मुख्य द्वार को ही मूत्रालय का अड्डा बना लिया है जिससे लोगों में संक्रमण का भय बना हुआ है। बता दें कि सराय मोहिउद्दीनपुर बाजार प्रमुख बाजारों में से एक है, जहां राहगीरों, व्यापारियों और ग्राहकों का देर रात तक जमावड़ा लगा रहता है। लेकिन मूत्रालय के अभाव में लोग दर दर भटकने को मजबूर हैं। क्षेत्रीय किसानों की सुविधा के लिए बना उक्त समिति का वजूद इन दिनों खतरे में दिखाई पड़ रहा है। समिति के मुख्य द्वार को ही लोगों ने मूत्रालय का अड्डा बना लिया है। जबकि उसी द्वार से हमेशा लोगों का आना जाना लगा रहता है। आस पास के लोग भी संक्रमण के खतरे से भयजदा हैं। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि यदि यही रवैया रहा तो केन्द्र सरकार की स्वस्थ भारत का सपना कैसे साकार होगा। इस दिशा में ग्राम पंचायत अधिकारी रबीश मौर्य ने बताया कि गांव में सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था है, पर बाजार में इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं है।

लंबित मुकदमों के सम्बन्ध में जोरई व नथईपुर का जिला मजिस्ट्रेट ने किया स्थलीय निरीक्षण

भदोही। न्यायालय आपके द्वार अभियान के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट विशाल सिंह ने तहसील ज्ञानपुर के जोरई व नथईपुर में कुछ गाटों व आवंटित पट्टा भूमि पर अतिक्रमण से संबंधित कुल 11 मुकदमों का डिप्टी कलेक्टर विकास यादव, तहसीलदार अजय सिंह, राजस्व टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अपने न्यायालय डायस पर सुनवाई के दौरान विद्वान अधिवक्ताओं एवं प्रभावित पक्षकारों के अनुरोध पर शुचिता पूर्ण निस्तारण हेतु स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिससे कि विवादित प्रकरण के संबंध में राजस्व टीम व दोनों पक्षकार, ग्राम प्रधान व अन्य की मौजूदगी में सभी बिंदुओं पर सम्यक सुनवाई व विचारोंपरांत त्वरित निस्तारण किया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि संबंधित न्यायालय में लंबित व विवादित प्रकरणों के संबंध में न्यायालय आपके द्वार के क्रम में स्थलीय निरीक्षण व सुनवाई करते हुए त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। स्थलीय निरीक्षण में चीफ रीडर बृजनाथ सहित संबंधित कानूनगो, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

भदोही पुलिस ने हत्या के आरोपी को दबोचा

भदोही। शहर कोतवाली पुलिस ने मारपीट के दौरान लोहे के नुकीले छड़ से प्राणघातक हमला कर एक व्यक्ति की हत्या के आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पिछले वर्ष 13 नवम्बर को सायं थाना भदोही क्षेत्र अंतर्गत नई बस्ती मर्यादपट्टी में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के दौरान आरोपियों आकिब, साजिद व छोटू पुत्रगण अब्बास निवासीगण मर्यादपट्टी थाना व जनपद भदोही द्वारा अपने पड़ोसी नुरुलेन आलम को लोहे के नुकीले छड़ से हमला कर घायल कर दिया गया। घायल मजरुब को तत्काल ईलाज हेतु अस्पताल भेजा गया। ट्रामा सेंटर वाराणसी में ईलाज के दौरान मजरुब की मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में मजरुब के पुत्र तबरेज आलम से प्राप्त तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए एक आरोपी छोटू पुत्र अब्बास निवासी नई बस्ती मर्यादपट्टी थाना व जनपद भदोही उम्र करीब 32 वर्ष को गिरफ्तार कर हमले में प्रयुक्त आला जुर्म लोहे का नुकीला छड़ बरामद किया गया। शेष वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास सहित अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। एसपी अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर मंगलवार को भदोही पुलिस टीम द्वारा पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त आकिब अंसारी पुत्र मोहम्मद अब्बास अंसारी निवासी नई बस्ती मर्याद पट्टी थाना व जनपद भदोही उम्र करीब 23 वर्ष को एकमा तिराहे के पास से गिरफ्तार करते हुए विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान सम्बंधित न्यायालय किया गया।

ईओ ने कराई नाले की सफाई, दुकानदारों को मिली राहत

गोपीगंज। राष्ट्रीय राजमार्ग उत्तरी लेन के नाले की सफाई का कार्य प्रभारी अधिशासी अधिकारी डॉक्टर अनुपम सिंह ने पालिका के सफाईकर्मियों संग नाले पर खड़े होकर 12 चेंबरो को खुलवाकर अपनी देख रेख में साफ कराकर दुकानदारों को राहत दी। हफ्तों से चले आ रहे गंदगी से राहत मिलने के बाद दुकानदारों ने कहा कि इस जाम नाले को लेकर हम लोगों ने सभासद से कई बार शिकायत किया। पालिका के सफाई प्रभारी से कई बार शिकायत की। वही विकास चौरसिया ने बताया कि परेशान होकर चेयरमैन से शिकायत करने पर प्रभारी अधिशासी अधिकारी डॉक्टर अनुपम सिंह ने मौके का मुआयना कर त्वरित कार्यवाही करते हुए सफाईकर्मियों सहित मौके पर पहुंच कर नालों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर लगवाकर मंगलवार तक 12 चेंबरों की सफाई कराकर दुकानदारों को राहत पहुंचाने का कार्य किया।

श्रम विभाग को पत्र देकर मजदूर ने लगाई न्याय की गुहार

गोपीगंज। थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 सोनिया तालाब निवासी मुस्ताक अहमद अंसारी पुत्र जुबई नामक मजदूर ने श्रम विभाग भदोही को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। श्रमिक ने बताया कि वह भारतीय स्टेट बैंक शाखा गोपीगंज में साफ सफाई झाड़ू पोछा का काम करते थे, और 5 साल काम करते हो गया। वह किसी दूसरे व्यक्ति शाहिद का काम करते थे, शाहिद उन्हें 1500 रुपए प्रतिमाह मजदूरी देते थे। कोराना काल में बैंक ने मुस्ताक अहमद को रख लिया और 6000 रुपए प्रतिमाह देने लगे और बैंक कोराना काल में आने जाने के लिए मेरा पास भी बनाया गया था। इस तरह से काम करते-करते लगभग 10 साल हो गया है, जो कि 31 दिसम्बर 2024 को उन्हें बिना किसी सूचना के काम करने से हटा दिया गया। मुस्ताक अहमद ने श्रम विभाग को पत्रक देकर न्याय की गुहार लगाई है।

बैंक के सामने खड़ी बाइक चोरी, तीन महीने बाद एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

गोपीगंज। थाना गोपीगंज क्षेत्र के राजमार्ग स्थित एक बैंक के सामने से सुपर स्प्लेंडर बाईक गायब हो गई।पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर गोपीगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई। बताया जाता है कि रमेश दूबे पुत्र रामभुलेश्वर दूबे गाँव दानीप?ट्टी बैरीबीसा थाना गोपीगंज, दिनांक नौ अक्टूबर को समय करीब 2:30 बजे दोपहर स्टेट बैंक व बैंक आफ बड़ौदा के बीच में सुपर स्पेलेन्डर मोटरसाइकिल खड़ी करके बैंक के अन्दर चले गये, और आधा घंटा बाद वापस आये, बाईक नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद घटना की सूचना थाना गोपीगंज में दिए। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक दरबार मे गुहार लगायी, एसपी के निर्देश पर तीन माह बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मिर्जापुर ने आजाद स्पोर्ट्स व मोढ़ ने लखनऊ को हराया

भदोही। तेजधर ब्रह्मबाबा खेल सुमित द्वारा आयोजित महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी में महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन मंगलवार को दो मैच खेले गए। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला मोढ़ व लखनऊ के बीच व दूसरा मैच आजाद स्पोर्ट्स क्लब व मिजार्पुर के बीच खेला गया, जिसमे मोढ़ ने लखनऊ व मिजार्पुर ने आजाद स्पोर्ट्स क्लब जूनियर को हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया।मिजार्पुर टीम के कैप्टन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मिजार्पुर की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट की कीमत पर 114 रन बनाए। जिसमें विक्की ने सबसे ज्यादा 40 रनो का योगदान दिया, रहमान ने 22 व नीरज ने 18 को रन बनाए। 115 रनों का लक्ष्य को लेकर बल्लेबाजी करने उतरी आजाद स्पोर्ट्स क्लब की जूनियर टीम 15 वें ओवर में 98 रनों पर सिमट गई। प्रतियोगिता के दूसरे मैच में मोढ़ की टीम ने लखनऊ को आठ रनों से हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। मैच के दौरान पूरा स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रहा है चौके, छक्के व विकेट पर दर्शकों ने तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। बुधवार को प्रतियोगिता का पहला मैच बलिया बनाम भदोही स्टेडियम व दूसरा मैच जंघई बनाम आजाद स्पोर्ट्स क्लब सीनियर के बीच खेला जाएगा।

ससजपा की बैठक आज

गोपीगंज। सर्व समाज जनहित पार्टी की बैठक 22 जनवरी बुधवार को नारायणी कटरा गोपीगंज मे होगी। यह जानकारी देते हुए धनेश पंडा ने बताया कि दिन मे तीन बजे से आयोजित बैठक मे संगठन की मजबूती, दिल्ली में कार्यालय खोलने के साथ प्रयागराज मे आयोजित महाकुंभ को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक मे राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह शामिल होगे। पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता समय से उपस्थिति सुनिश्चित करें।

समीक्षा बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग की डीएम ने की तारीफ

भदोही। बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी विशाल सिंह व मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक का आरंभ करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने बेसिक शिक्षा विभाग में चल रहे कार्यों के बारे में अवगत कराया और पिछले माह किए गए कार्यों का विवरण जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि पिछले वर्ष संपन्न नेट 2024 परीक्षा में छात्र उपस्थिति के क्षेत्र में जनपद प्रथम स्थान पर रहा। इसकी जिलाधिकारी ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि दिसंबर माह में डायट प्रशिक्षुओं के आकलन में विद्यालयों द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन किया गया है। तथा उम्मीद जताई कि दिसंबर माह के आकलन में हमारे 90 फीसदी से अधिक विद्यालय निपुण विद्यालय बनकर उभरेंगे। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने कायाकल्प योजना के अंतर्गत हो रहे कार्यों की समीक्षा की तथा खंड विकास अधिकारियों को यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित भी किया। एसआरजी टीम के सदस्यों द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि जनपद के बेहतरीन प्रदर्शन के बदौलत शिक्षा मंत्री द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पुरस्कृत किया गया है।

आज सात घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

भदोही। विद्युत विभाग द्वारा बुधवार को कार्पेट सिटी उपकेंद्र के मोहल्ला दारोपुर में स्थित दोनो 400 केवीए के ट्रांसफॉर्मर, रामसहायपुर में व मोहल्ला बाजार सलावत खान में छितनी तालाब के पास स्थित दोनो ट्रांसफॉर्मर 630 केवीए व 400 केवीए के ट्रांसफार्मर पर एबीसी कंडक्टर खींचने का काम बुधवार 22 मार्च को चलेगा। जानकारी देते हुए कार्पेट सिटी उपकेंद्र के अवर अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि उक्त कार्य के अंतर्गत आने वाले मोहल्ला दारोपुर, रामसहायपुर व मोहल्ला बाजार सलावत खान स्थित छितनी तालाब की विद्युत सप्लाई सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक बाधित रहेगी। कार्पेट सिटी उपकेंद्र के अवर अभियंता ने उक्त मोहल्लों के उपभोगताओं से आह्वाहन करते हुए कहा कि सुबह दस बजे से पहले ही विद्युत से सम्बंधित कार्य पूरा कर लें।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक से स्कूल जा रही दो छात्राएं गंभीर रूप से घायल

जनसंदेश न्यूज

भदोही। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष वरिष्ठ सपा नेता आरिफ सिद्दीकी के छोटे भाई निसार चुन्ना सिद्दीकी के दो बच्चों का सेंट मैरी स्कूल जाते हुए शहर के मेन रोड मर्यादपट्टी में अनियंत्रित ट्रैक्टर के चपेट में बाईक को आजाने से दोनों बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिसमे एक बच्चे का भदोही के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है, जबकि दूसरे बच्ची की गम्भीर चोट होने की वजह से वाराणसी रेफर कर दिया गया।

जहां वाराणसी के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। समाज वादी पार्टी के प्रदेश सचिव आरिफ सिद्दीकी ने कहा कि स्कूल के टाईम में अन्धाधुंध भदोही में खुलेआम चल रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर से आये दिन दुर्घटनायें होती है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग किया कि प्रशासन स्कूल के छुट्टी व जाने के वक्त अनियंत्रित ट्रैक्टरों का आवागमन नो इंट्री के व्यस्त मार्गों पर बंद होना चाहिए। अवैध रूप से मिट्टी, गिट्टी, बालू और ईंटें लादे ओवर लोड ट्रैक्टरों के संचालन पर रोक लगने से स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों की जान बच सकती है।

पूर्व सपा जिलाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी ने ज़िला प्रशासन से मांग किया है कि स्कूल के टाइम पर ट्रैक्टर का संचालन पूरी तरह से बन्द कराया जाये।

संस्कृति उत्सव 2024-25 का डीएम ने किया शुभारंभ

आयोजन

कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। शासन के निर्देश के क्रम में जिला प्रशासन द्वारा संस्कृति उत्सव 2024-25 का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित सामुदायिक भवन में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, सदस्य संस्कृति उत्सव-2025 जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल, टीडी कॉलेज के संगीत विभाग के नरेंद्र देव पाठक सहित अन्य के द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में मुख्यमंत्री की प्रेरणा से हर वर्ष संस्कृति उत्सव का आयोजन किया जाता है जिसके अन्तर्गत जनपद में कलाकारों की प्रतिभा को निखारने के लिए मंच प्रदान किया जाता है, जिसके क्रम में आज जनपद में इस वर्ष भी संस्कृति उत्सव-2024-25 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें गाँव, ब्लाक, तहसील एवं जनपद स्तर के कलाकारों को प्रस्तुति करने का मौका प्रदान किया गया है। चयनित कलाकारों को 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस पर प्रतिभाग करने का मौका दिया जायेगा और प्रमाण-पत्र देकर सम्मनित किया जायेगा। इसके उपरान्त मण्डल स्तर पर प्रतिभाग करने और प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग करने का मौका प्रदान किया जायेगा। जिलाधिकारी ने उपस्थित प्रतिभागी कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी प्रतिभागी कलाकारों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। प्रतियोगिता के दौरान जिलाधिकारी द्वारा राहुल पाठक को अंगवस्त्रम तथा विनोद कुमार शुक्ला को बुके प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गूगल गर्ल वैष्णवी श्रीवास्तव द्वारा 2 मिनट में विभिन्न देशों एवं प्रदेशों का नाम और उसकी राजधानी बताकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया गया। राहुल पाठक ने अपनी देवीगीत प्रस्तुत कर संस्कृति उत्सव को भक्तिमय बना दिया। प्रतिभाग करने वाले कलाकार राहुल पाठक, गुलाब यादव, विजय बहादुर यादव, बिहास यादव, अर्पित सिंह, प्रमिला, राम अभिलाख यादव, विजय बहादुर यादव, गुलाब राही, सरिता निषाद, अब्दुल रशीद सहित विभिन्न प्रतिभावान कलाकारों द्वारा मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम में जजमेन्ट टीडी कालेज संगीत विभाग नरेन्द्र देव पाठक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल, अपर जिला सूचना अधिकारी शशि सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रमेश चंद्र यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अपर जिला सूचना अधिकारी शशि सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना विभाग के अवनीश यादव, सुमित सिंह, अतुल शुक्ला, बबलू कुमार ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न ब्लाको, तहसीलो के कलाकारो और इलेक्ट्रॉनिक और प्रिन्ट मीडिया के पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक ने किया गौराबादशाहपुर थाने का आकस्मिक निरीक्षण, दिया दिशा निर्देश

मुफ्तीगंज। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने स्थानीय थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत मुख्य मार्गों, तिराहों/चौराहों एवं मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया तथा त्योहार रजिस्टर आदि अभिलेखों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क की गहनता से जांच की जिसमें आवेदिका/आने वाली पीड़िता का नाम, पता आदि एवं समस्या का स्पष्ट उल्लेख तथा समस्या निराकरण हेतु की गयी कार्यवाही एवं समस्या के निदान का विवरण उल्लेखित के संबंध में जानकारी की गयी। तदोपरान्त कार्यालय का निरीक्षण किया तथा अपराध रजिस्टर का निरीक्षण किया गया तथा थाना परिसर में माल मुकदमाती एवं लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। एसपी द्वारा थाने के मेस का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं भोजन की गुणवता को परखा गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा त्योहार रजिस्टर, टॉप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अपराधियों पर और अधिक प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। उनके द्वारा शराब, खनन, पशु, वन भूमाफिया आदि माफियाओं के बारे मे जानकारी कर इस प्रकार के अपराधो मे संलिप्त अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत की गई कार्यवाही तथा उनके विरुद्ध पंजीकृत किये गए गैंगस्टर अधि0 के अभियोगो मे वांछित अभियुक्तों की स्थिति की समीक्षा की गई। हिस्ट्रीशीटर्स की समय-समय पर चेकिंग करने एवं फ्लाई सीट में चेकिंग की प्रविष्टियां पूर्ण कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के पश्चात थाना प्रभारी व अन्य अधिकारीगण से वार्ता कर कुशलक्षेम लिया गया तथा महिला सम्बन्धित शिकायतों/अपराधों को प्राथमिकता पर लेते हुये गुण-दोष के आधार पर निष्पक्ष, त्वरित, प्रभावी कार्यवाही करने हेतु बताया गया। मिशन शक्ति 5.0 के विशेष अभियान के तहत अधिक से अधिक कार्यक्रम आयोजित कराकर महिलाओं को जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया। महिला सशक्तिकरण, जनमानस की समस्याओं के निस्तारण व अपराध नियंत्रण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। छोटी से छोटी घटना का संज्ञान लेकर त्वरित कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। आम जनता के लिये स्वच्छ वातावरण स्थापित करते हुये जन सामान्य के बैठने एवं स्वच्छ पेय जल व प्रसाधन आदि की व्यवस्था करने तथा थाने को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए स्वच्छता अभियान के साथ वृक्षारोपण आदि करने हेतु क्षेत्राधिकारी केराकत अजीत कुमार रजक व एसओ फूलचंद पांडे को निर्देशित किया गया।

छात्रों ने कोतवाली भदोही में रह कर देखी पुलिस की कार्य प्रणाली

भदोही। राष्ट्रीय सेवा योजना लखनऊ द्वारा संयुक्त रूप से संचालित छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वितीय चरण का शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक छात्रों ने मंगलवार को भदोही कोतवाली में आयोजित किया गया।

प्राचार्य प्रोफेसर शाहिद परवेज ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए बताया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से जीवन में आने वाली वास्तविक कठिनाइयों, अवसरों से परिचय होने के साथ-साथ समस्याओं के निराकरण हेतु अंतर्दृष्टि का निर्माण होता है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ने भदोही अश्वनी त्रिपाठी, श्वेतांशु, शहर निरीक्षक अपराध, सरफराज अहमद, वरिष्ठ उप निरीक्षक भदोही, पारसनाथ यादव मुख्य आरक्षी तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रुस्तम अली एवं डॉ अंकिता तिवारी के निर्देशन में प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी त्रिपाठी ने अगले एक महीने 120 घंटे की ट्रेनिंग में संबंधित थाने पर उपस्थित होकर पुलिस की कार्य प्रणाली, लोक का व्यवहार एवं संज्ञानात्मक कौशल को सीखने की बात कही. स्वयंसेवकों ने कोतवाली कार्यालय, जन सुनवाई कक्ष, गोपनीय कक्ष, आइजीआरएस पोर्टल्स आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की और प्रशिक्षुओं ने थाने का भ्रमण किया।

प्रयागराज ने मीरजापुर व वाराणसी ने आजमगढ़ को किया पराजित

खेलकूद

मुलायम सिंह यादव राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता

जनसंदेश न्यूज

केराकत। केराकत स्पोर्ट्स एकेडमी फेडरेशन के तत्वावधान में नार्मल स्कूल के मैदान पर चल रही मुलायम सिंह यादव राज्य स्तरीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता में मंगलवार को दो मैच खेले गए। पहला मुकाबला डीएफए प्रयागराज और डीएफए मिर्जापुर के बीच हुआ जिसमें प्रयागराज की टीम ने डीएफए मिर्जापुर को 5-0 गोल के अंतर से धोकर अगले चक्र में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया।

खेल की शुरूआत मुख्य अतिथि सपा के वरिष्ठ नेता डॉ. अरमान खान ने ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। खेल शुरू होने के दूसरे मिनट में ही विजेता टीम की खिलाड़ी अनामिका ने एक गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दिया। फिर उसके बाद तो गोल करने का सिलसिला ही शुरू हो गया। 24वें मिनट में श्रेया यादव और 30वें मिनट में हिमांशी ने एक गोल और करके गोलांतर 3-0 कर दिया जो प्रथम हाफ में बरकरार रहा। खेल के दूसरे हाफ में भी गोल करने का जारी रहा और प्रयागराज की जेसिका ने एकल प्रयास से 38वें मिनट में और फिर खेल की समाप्ति से चंद मिनट पहले अनामिका ने पुनः एक गोल कर दिया और गोल का अंतर 5-0 कर दिया जो आखिर तक बरकरार रहा। डीएफए मिर्जापुर की टीम भी कमजोर नहीं थी लेकिन आज मुकद्दर ने उसका साथ नहीं दिया। मिर्जापुर की खिलाड़ियों ने दूसरे हाफ में अपना जी जान लगाकर बहुत ही खूबसूरत खेल का प्रदर्शन करते हुए कई बार प्रयागराज पर भरपूर आक्रमण किए किंतु कभी निशाना चूका तो कभी ऑफ साइड हो गए। दूसरा मैच डीएफए वाराणसी और डीएफए आजमगढ़ के बीच खेला गया जिसमें वाराणसी की टीम ने आजमगढ़ को एक शून्य गोल से पराजित कर दिया और उसका स्थान भी अगले चक्र में सुरक्षित हो गया। वाराणसी की नैनसी ने खेल के 4वें मिनट में ही एक गोल कर दिया और यही गोल निर्णायक सिद्ध हुआ। आजमगढ़ की खिलाड़ियों ने खेल के प्रथम हाफ में ही अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए कई बार खूबसूरत प्रयास किया लेकिन उनका प्रयास गोल में तब्दील नहीं हो पाया। दूसरे हाफ के शुरू में आजमगढ़ की खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास किया और प्रदर्शन में दर्शकों की भरपूर तालियां भी बटोरीं लेकिन कोई गोल नहीं कर सकीं। खेल के मुख्य निर्णायक धीरज पटेल और सहयोगी निर्णायक विशाल कुमार, कविता पटेल और शालिनी यादव रहीं। तीसरी आंख के रूप में असेसर निर्णायक अजय कुमार यादव रहे। इस अवसर पर संस्थापक लालजी यादव, सदस्य जिला पंचायत हरीशचंद्र यादव बबलू, मनीष निषाद और रूपेश शर्मा, राजेश यादव और रुपेश शर्मा, मनोज यादव, अरविन्द यादव आदि मौजूद रहे। संचालन योगेश और सुदर्शन यादव ने किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

प्रधान सम्पादक - सुभाष राय

स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

सीपी ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों का लिया जायजा

दिये दिशा निर्देश

गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर सीपी ने परेड ग्राउण्ड का किया निरीक्षण

मोहित अग्रवाल सीपी गणतंत्र दिवस की तैयारियों का जायजा लेते हुए

वाराणसी । पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन का भ्रमण कर गणतंत्र दिवस की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड ग्राउंड, निमार्णाधीन भवनों, गेस्ट हाउस और अन्य संरचनाओं की प्रगति का मूल्यांकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त ने परेड ग्राउंड का जायजा लेते हुए उसकी हरियाली और साज-सज्जा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने परेड में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने की हिदायत दी, ताकि परेड की प्रस्तुति प्रभावी हो सके। गणतंत्र दिवस समारोह को व्यापक और प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त ने स्थानीय स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संगठनों को समारोह में शामिल करने पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि नागरिकों की भागीदारी को सुनिश्चित किया जाए, जिससे उत्सव को और अधिक आकर्षक बनाया जा सके। इसके साथ ही पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने गणतंत्र दिवस की भावना के अनुरूप साज-सज्जा पर जोर दिया। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था एस. चन्नप्पा, अपर पुलिस उपायुक्त लाइन श्रीमती श्रुति श्रीवास्तव, सहायक पुलिस आयुक्त लाइन्स ईशान सोनी, प्रतिसार निरीक्षक और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। पुलिस आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय, भव्य और प्रभावशाली तरीके से आयोजित हो।

गैगस्टर ऐक्ट में फरार चल रहे अभियुक्त के यहां कुर्की के लिए नोटिस चस्पा

वाराणसी। गैगेस्टर एक्ट में फरार चल रहे अभियुक्त गाजीपुर निवासी के खिलाफ पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कुर्की की कार्यवाही के तहत धारा 84के तहत नोटिस चस्पा की। कैण्ट थाना के अभियुक्त सूरज यादव निवासी हथियाराम बुढ़ानपुर थाना भुड़कुरा,गाजीपुर के विरूद्ध मा0 न्यायालय द्वारा जारी आदेश कुर्की की उद्घोषणा की कार्यवाही थाना लालपुर पाण्डेयपुर के उ0नि0 विद्यासागर तथा हे0कां0 सुनील कुमार पाण्डेय द्वारा की गयी । अभियुक्त पिछले वर्ष थाना कैण्ट वाराणसी से मोटरसाइकिल चोरी में गिरफ्तार हुआ था जिसके विरूद्ध थाना कैण्ट द्वारा अगस्त 2024 में गैंगेस्टर की कार्यवाही की गयी थी। अभियुक्त की पुलिस काफी समय से तलाश कर रही तभी से वह फरार चल रहा है।

तीर्थयात्री ने किया बीएचयू आई बैंक को नेत्रदान

नेक कार्य

ओडिशा से आए परिवार की महिला के निधन के बाद परिवार ने नेत्रदान की जताई थी इच्छा

वाराणसी। भुवनेश्वर से आए तीर्थयात्री परिवार ने मरणोपरांत क्षेत्रीय नेत्र संस्थान बीएचयू आई बैंक को नेत्रदान कर महापुण्य का कार्य किया। क्षेत्रीय नेत्र संस्थान के विभागाध्यक्ष एवं बीएचयू आईबैंक के चेयरमैन प्रो. आरपी मौर्या ने बताया कि वैष्णव बिहार, बुमिखल,भुवनेश्वर, उड़िसा की निर्मला सिंह अपने परिवार के साथ अयोध्या, चित्रकूट, प्रयागराज व वाराणसी तीर्थयात्रा पर आए थे। अचानक निर्मला सिंह की स्वास्थ्य खराब होने पर पर उन्हें सरसुन्दर लाल अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यू हो गई। मृत्युपरांत उनके पति महेन्द्र सिंह ने उनका नेत्रदान कराने की इच्छा जाहिर की और इसके लिए बीएचयू आईबैंक के चेयरमैन से संपर्क किया।

प्रो. मौर्या ने तत्काल अपनी टीम (डा. स्नेहा गुप्ता, प्रतीक सिंह व आशुतोष त्रिपाठी) को इमरजेंसी भेज कर निर्मला सिंह की नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान प्रो.आरपी मौर्या, प्रो. वीपी सिंह, प्रो. एसएन संखवार तथा चिकित्साधीक्षक प्रो. केके गुप्ता ने नेत्रदाता परिवार के प्रति आभार प्रकट किया तथा नेत्र दान कराने वाली टीम को बधाई दी।

बैंक में दम्पति को झांसा देकर 70 हजार उड़ाए

जनसंदेश न्यूज

पिंडरा। सिंधोरा स्थित एसबीआई बैंक से 70 हजार रुपए लेकर यूबीआई बैंक जा रहे दम्पति को झांसा देकर उचक्के धन को ले उड़े। घटना मंगलवार की दोपहर 2 बजे की बताई जाती है। पुलिस घटना के बाद जांच पड़ताल में जुट गई। बताते हैं कि सिंधोरा थाना क्षेत्र के भगवतीपुर निवासी निसार अहमद अपनी पत्नी आसरा के बाद साथ एसबीआई बैंक से संयुक्त खाते से 70 हजार रुपये निकालने के बाद निसार अपनी माँ के खाते में डालने सिंधोरा स्थित यूनियन बैंक की शाखा में जा रहा था। तभी एसबीआई बैंक में दो युवक मिले और उन्हें अपने भरोसे में लेकर कागजी की गड्डी पकड़ाकर उनसे बातों में उलझा कर उनसे 70 हजार रुपये यूनियन बैंक के पास से लेकर निकल गए। निसार अहमद ने बताया कि दो युवक मिले और अपने बिहार का निवासी बताते हुए कोई पहचान न होने के कारण खाता खोलने में आ रही परेशानी को झांसा करते हुए कहाकि यह दो गड्डी में रुपये है। इन्हें जरूरी भेजना है आपके अपने खाते में जमा कर दे, बाद में ट्रांसफर करा लेंगे। उसने बातों बातों में दो गड्डी पकड़ाकर मेरे 70 हजार ले लिया और पत्नी को लाने के लिए कहा। जब मैं पत्नी को लेकर यूनियन बैंक पहुचा तो वह रफूचक्कर हो चुके थे। वही जब उनके नोट के गड्डी को देखा तो केवल अंदर कागज निकला। सूचना पर थानाध्यक्ष निकिता सिंह मौके पर पहुची और बैंकों के सीसीटीवी फुटेज से उचक्कों के बारे में जानकारी जुटाई। इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया कि उचक्का दम्पत्ति के साथ हुई है। जांच पड़ताल कर उचक्कों को गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेंगे।

श्रद्धालुओं की कार दुर्घटनाग्रस्त एक गंभीर रूप से घायल

रोहनिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के अखरी चौकी अंतर्गत लठियां राष्ट्रीय राजमार्ग द्वितीय पर प्रयागराज महाकुंभ स्नान करके लौट रहे कार सवार खड़ी ट्रक में घुस गई। सूचना पर पहुंची रोहनिया पुलिस ने घायलों को कार से बाहर निकाल नजदीक के अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया। जहां घायलों का उपचार चल रहा है। घायलों में विशाखापट्टनम आंध्र प्रदेश निवासी गोपीचंद 47 वर्ष सुरेश 46 वर्ष चालक नवीन कुमार 34 वर्ष सुनीता 30 वर्ष पदम 30 वर्ष सत्यवादी 26 वर्ष मौली 18 वर्ष निशिता 16 वर्ष मास्टर जीवांश 9 वर्ष व एक वर्ष का मासूम भी था जिसमें मास्टर जीवांश 9 वर्ष व महिला पदम 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं रोहनिया थाना प्रभारी विवेक कुमार शुक्ला ने बताया कि ट्रक चालक ट्रक सहित फरार है। दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया गया है और घायलों का उपचार हाईवे पर स्थित अस्पताल में चल रहा है।

मेहमान खिलाड़ियों का खूब किया उत्सावर्धन

खेलकूद

बरेका खेल मैदान पर राष्ट्रीय अंडर-17 एलिट यूथ फुटबॉल लीग मैच में बराबरी पर छूटा मुकाबला

वाराणसी। बनारस डीजल रेल इंजन कारखाना के इंटर कॉलेज के फुटबॉल मैदान में पहली बार राष्ट्रीय अंडर-17 एलिट यूथ फुटबाल लीग में उत्तर प्रदेश की प्रोफेशनल फुटबाल क्लब इंटर काशी की टीम और भारतीय फुटबाल महासंघ की अण्डर-17 फुटबाल टीम के बीच कांटे का मुकाबला देखने को मिला, जो गोल रहित बराबरी पर छूटा ।

मैच की शुरूआत से ही दोनों टीमों की ओर से आक्रामक रणनीति अपनायी गयी और मेजबान इंटर काशी के खिलाड़ियों को गोल करने के कई अवसर मिले, लेकिन मेहमान टीम की रक्षापंक्ति के खिलाड़ियों ने हर मोर्चे पर नाकाम कर दिया। भारतीय फुटबाल महासंघ के युवा खिलाड़ियों को देखने के लिए बरेका इंटर कॉलेज के मैदान पर काफी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे और खेल का भरपूर आनंद लिया। बीच-बीच में दर्शकों ने मेहमान खिलाड़ियों का खूब उत्सावर्धन किया। उत्तर प्रदेश में ऐसा आयोजन पहली बार किया गया, जिसका आनंद दर्शकों ने भरपूर उठाया । पसंदीदा खिलाड़ियों को देखने के लिए स्थानीय खिलाड़ी एवं दर्शक लालायित रहे और दूसरी ओर मेजबान टीम की ओर से निर्धारित समय तक कोई गोल ना करने पर स्थानीय खिलाड़ी मेजबान खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। लंबी सिटी बजने तक मैच जीरो-जीरो की बराबरी पर छूटा। मुख्य अतिथि आरपीएफ के सहायक कमांडर जयप्रकाश मौर्य ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर इंटर काशी के कोच दिनेश नेगी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फुटबाल नर्सरी के संस्थापक एवं अंतर्राष्ट्रीय कोच भैरव दत्त ने की। अंतर्राष्ट्रीय फुटबालर मुस्ताक अली व शमशी रजा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एलिट यूथ फुटबाल लीग का अगला मैच 24 जनवरी को दोपहर दो बजे से यूनाइटेड स्पोर्ट्स कोलकाता और इंटर काशी के बीच बरेका इंटर कालेज के मैदान पर खेला जाएगा।

वाहन चोरी कर बेचने के मामले में कोर्ट से राहत

वाराणसी। वाहन चोरी कर उसे बेचने के मामले में आरोपित को कोर्ट से राहत मिल गई। अपर जिला जज (प्रथम) अनिल कुमार पंचम की अदालत ने कमौली, चौबेपुर निवासी आरोपित संदीप यादव को 50-50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, नरेश यादव व कृष्णा यादव ईलू ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा विकान्त कुमार ने कैंट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि 13 सितंबर 2024 को उसके घर के सामने खड़ी उसकी स्पलेण्डर प्लस बाइक (यूपी 65 डीआर 7461) चोरी हो गयी है। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना में आरोपित सोनू राजभर व संदीप यादव का नाम प्रकाश में आने पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। बाद में उसके निशानदेही पर पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर चोरी के कई वाहन बरामद किए थे। वाहनों का जखीरा बरामद होने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था।

सरकारी धन गबन करने के मामले में आरोपी को पांच साल की सजा

वाराणसी। विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण) अवधेश कुमार की कोर्ट ने 40 वर्ष पुराने बलिया रसड़ा में विकास कार्य के संबंध में अभिलेखों में दर्शाकर सरकारी धन को गबन करने के मामले में आरोपी तत्कालीन एन आर ई पी लेखा लिपिक हीरा लाल को दोषी पाते हुए दोषी पाते हुए पांच साल की सजा सुनाई है । कोर्ट ने आरोपी पर तीस हजार रुपया जुर्मा ना भी लगाया है। जबकि सात आरोपी राम किशन , नमो नारायण सिंह, दया राम, अवतार सिंह, रमाशंकर सिंह, भगत सिंह, सुभाष चंद्र को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। इसमें सभी सरकारी अधिकारी व कर्मचारी ही है। इस मामले 11 आरोपी की मृत्यु हो चुकी है। जबकि अन्य आरोपी की पत्रावली अलग सुनवाई के लिए लंबित है।

अभियोजन पक्ष से पैरवी विशेष लोक अभियोजक आलोक कुमार श्रीवास्तव ने किया।प्रकरण के अनुसार वर्ष 1985-86 में जनपद बलिया के विकास खंड-रसड़ा में कराये गये विभिन्न विकास कार्यों जैसे पुलिया का निर्माण, सड़क व खड़ंजो का निर्माण आदि में अभियुक्तगण लोक सेवक के पद पर रहते हुए, अपनें पद का दुरुपयोग करते हुए जानबूझकर छल के प्रयोजन से फर्जी अभिलेख तैयार कर उसे सही के रुप में प्रयोग किए और सरकारी धन का गबन किया। इस में जांच में पाया गया कि कई ह्यूम पाईप और कॉलर अन्य सामान की खरीद में अनियमिता पाई गई थी। इसके बाद रसड़ा थाने में बीडीओ समेत 23 अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले में विवेचना के बाद कोर्ट में चार्ज सीट दाखिल की गई।

दौरान मुकदमा आरोपी राम लखन, राम दास, दास राम, नंदू राम, बलभद्र राय, सर्वदेव प्रसाद उर्फ चुन्नु, मुनेश्वर, सहदेव सिंह, लालचंद, मुन्ना राय, पारसनाथ एवं ओमप्रकाश राय की मृत्यु हो गयी। जबकि हीरालाल तत्कालिक खण्ड विकास अधिकारी को हाई कोर्ट से मुकदमा निरस्त कर दिया गया था । शशिकांत सिंह राजनाथ सिंह की पत्रावली जबकी विनोद कुमार श्रीवास्तव की पत्रावली अलग है।

महाकुंभ में आग लगने को लेकर वाराणसी के युवक से पूछताछ

सतर्कता

एटीएस समेत अन्य सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय, संदिग्धों पर नजर

वाराणसी। महाकुंभ में आग लगने की घटना के मामले में वाराणसी के एक युवक से पूछताछ की गयी है। एटीएस ने युवक से पूछताछ की। अगलगी की घटना को लेकर एटीएस समेत अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं। पिछले कुछ दिनों में महाकुंभ आने वाले गैर हिंदू लोगों के साथ ही संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है।

रविवार को महाकुंभ में लगी आग में गीता प्रेस का पूरा शिविर तबाह हो गया था। प्रशासन ने भले ही इस घटना को सिलिंडर से रिसाव का कारण बताया था। लेकिन गीता प्रेस के ट्रस्टी ने प्रशासन के दावे को गलत बताते हुए कहा था कि आग उनके शिविर की बाउड्री के पीछे से आई थी। महाकुंभ में आग लगने की घटना के बाबत एटीएस ने वाराणसी के जैतपुरा निवासी अमानतुल्लाह नामक युवक से पूछताछ की है। उसे अपने दफ्तर बुलाकर उसके मोबाइल फोन को भी कब्जे में लेकर

जांच की है। एनएसयूआई के पदाधिकारी अमानतुल्लाह से बुधवार को प्रयागराज की टीम भी इस युवक से पूछताछ करेगी। इसके लिए उसे एटीएस वाराणसी के अशोक विहार कॉलोनी (पहड़िया) स्थित कार्यालय में बुलाया गया है। इससे पहले उसे सोमवार शाम कार्यालय बुलाया गया था। देर रात तक पूछताछ के बाद उसका मोबाइल जब्त करके छोड़ दिया गया। मंगलवार को दोबारा कार्यालय बुलाकर उससे पूछताछ हुई और उसका मोबाइल लौटा दिया गया। सुरक्षा एजेंसियों के इस कदम से अब आग के पीछे भी किसी साजिश की चर्चा होने लगी है। बताया जाता है कि अगलगी की घटना के 10 दिन पहले महाकुंभ जाने वाले गैर हिंदू लोगों के साथ संदिग्धों की मॉनीटरिंग की जा रही है। वहां जाने के कारण, वहां पर मिलने वाले लोगों के बारे में विस्तृत जानकारी ली जा रही है। संबंधित लोगों के मोबाइल का विवरण लिया जा रहा है। जैतपुरा निवासी एनएसयूआई पदाधिकारी भी 12 जनवरी के पहले महाकुम्भ परिक्षेत्र में कुछ लोगों के साथ गया था। इसके बाद उसने मकर संक्रांति स्नान भी किया था। स्नान संबंधित फोटो भी उसने फेसबुक पर पोस्ट की है। इसके साथ ही वहां से दो बार फेसबुक पर लाइव भी हुआ था।

खालिस्तानी संगठन का दावा महाकुंभ में कराया ब्लास्ट मीडिया संस्थानों को भेजा ईमेल

प्रयागराज। महाकुंभ मेले के दौरान 2 सिलेंडर ब्लास्ट की घटना की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने ली है। संगठन ने इसे लेकर कुछ मीडिया संस्थानों को ई-मेल भेजी है, जिसमें कहा गया है कि यह पीलीभीत फेक एनकाउंटर का बदला है। इस ई-मेल की सत्यता की पुष्टि मीडिया संस्थानों द्वारा नहीं की गई है। आतंकी संगठन की ओर से कनाडा और पंजाब के पत्रकारों को भेजे गए ई-मेल में कहा- ह्यखालिस्तान जिंदाबाद फोर्स कुंभ मेले के दौरान हुए दोहरे विस्फोट की जिम्मेदारी लेता है। इसका मुख्य उद्देश्य किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं था। यह सिर्फ जोगी (वढ के उट योगी आदित्यनाथ) और उनके कुत्ते के लिए एक चेतावनी थी। खालसा पीलीभीत फर्जी मुठभेड़ में हमारे 3 भाइयों की हत्या का बदला लेने के लिए आपके बहुत करीब है। यह अभी शुरूआत है। ई-मेल में फतेह सिंह बागी का नाम लिखा है।

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में बीते साल 23 दिसंबर को पुलिस ने 3 खालिस्तानी आतंकियों को एनकाउंटर में मार गिराया गया था।

कोर्ट में पक्षकार बनाने संबंधित अर्जी पर अब सुनवाई

वाराणसी। सिविल जज सीनियर डिवीजन (फास्ट ट्रैक कोर्ट) युगल शंभू की अदालत में मंगलवार को ज्ञानवापी के मूलवाद में सुनवाई हुई। इस मामले में हरिहर पांडे के बेटी की ओर से कोर्ट में पक्षकार बनाने सबंधित अर्जी पर अब सुनवाई थी। वादमित्र विजय शंकर रस्तोगी की ओर से रेनू पाण्डेय की ओर से दाखिल अर्जी पर आपत्ति दाखिल की। अन्य दोनों बहनों के अर्जी पर वाद मित्र की ओर से अभी आपत्ति दाखिल करनी है। इस मामले में अगली सुनवाई 27 जनवरी को होगी।

बता दें कि हरिहर पांडेय के देहांत के बाद बेटियों ने खुद को पक्षकार बनाने की मांग की है। पिछले तिथि पर उक्त मुकदमे के वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी ने पक्षकार बनने सबंधित अर्जी पर आपत्ति दाखिल थी । मूल वाद के पक्षकार हरिहर पांडेय की तीन पुत्रियों मणिकुंतला तिवारी, नीलिमा मिश्र, रेनू पांडेय की ओर से अर्जी दाखिल कर पक्षकार बनाने सबंधित अर्जी दी गई है। हरिहर पांडेय की मृत्यु के बाद इस मुकदमे को संचालित करने के लिए पक्षकार बनाने की गुहार लगाई गई है। पहले इस अर्जी को हरिहर पाण्डेय की बेटियों की ओर से बल नहीं दिया। बलहीन के वजह से खारिज हो गया था। फिर तीनों बेटियों की ओर से उक्त अर्जी को रिकॉल करने की गुहार लगाई गई है। रिकॉल संबंधित अर्जी पर सुनवाई के लिए वाद लंबित है। पिछले तिथि पर कोर्ट ने वादी रहे मृतक सोमनाथ व्यास के भतीजा योगेन्द्र नाथ व्यास की ओर से पक्षकार बनने संबधित अर्जी खारिज कर दी थी।

निगरानी अर्जी पर सुनवाई टली

वाराणसी। अपर जिला जज चौदहवां देवकांत शुक्ला की कोर्ट में मंगलवार को ज्ञानवापी प्रकरण में मुख्तार अंसारी ने पक्षकार बनाने के लिए निगरानी अर्जी पर सुनवाई टल गई। लोअर कोर्ट से अभी मूल पत्रावली नहीं आने के वजह से सुनवाई नहीं हो पाई। अब इस मामले में अगली सुनवाई दस फरवरी को होगी। बता दें कि पक्षकार बनाने सबंधित मुख्तार अंसारी की अर्जी पिछले साल दो मई को सिविल जज सीनियर डिविजन फास्ट ट्रैक की अदालत ने खारिज कर दी थी। इस आदेश के खिलाफ मुख्तार अंसारी ने जिला जज की कोर्ट में निगरानी अर्जी दाखिल की गई है। निगरानी अर्जी में कहा गया की लोअर कोर्ट ने सरसरी तौर से और क्षेत्राधिकारी के बाहर विधिक अनुरूप नहीं सुनने हुए निगरानीकर्ता की अर्जी खारिज कर दिया। अतिप्राचीन ज्योतिर्लिंग आदिविश्वेश्वर के मूलवाद में मुख्तार अहमद अंसारी की ओर से पक्षकार बनने की अर्जी खारिज कर दी इस मामले लोहता निवासी मुख्तार अंसारी ने एक साल पहले इस मामले पक्षकार बनाने के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी।

मुख्य पंडाल में लंगर परिसर से होकर पहुंचेगी संगत

वाराणसी। संत रविदास जयंती 12 फरवरी को मनाया जाएगा। जयंती को लेकर पंडाल निर्माण लंगर परिसर का निर्माण निर्माण कार्य चल रहा है। संत निरंजन दास के द्वारा जून 2023 में यात्री निवास का आधार शिला रखा गया था। यात्री निवास का काम भी अंतिम चरण में चल रहा है। इस साल मुख्य पंडाल में जाने के लिए रास्ता लंगर परिसर में होकर बना है। इसके पहले जयंती में शामिल होने के लिए आने वाले संगत को मुख्य पंडाल में जाने के लिए बगल से रास्ता होता था। उस रास्ते पर दुकान लगाने के बाद रास्ता सकरा हो जाता था। पंडाल निर्माण के साथ ही रविदास कारीडोर में चल रहा निर्माण कार्य मजदूर प्रयागराज महाकुंभ में काम करने के लिए चले गए है। जिसके कारण काम की गति अभी धीमी गति से चल रही है। महाकुंभ से मजदूर सहित अन्य काम करने वाले महीने के आखिरी तक तक रविदास मंदिर की तैयारियों में काम करने के लिए पहुंचेंगे। जिसके बाद निर्माण काम जयंती के पहले पूरा कर लिया जाएगा। पंजाब जालंधर से सेवादारों का पहला जत्था एक फरवरी को मंदिर पहुंचेगा। संत निरंजन दास 9 फरवरी को जालंधर से स्पेशल ट्रेन से अनुयायियों के साथ चलकर 10 फरवरी को सिरगोवर्धनपुर पहुंचेंगे।11 फरवरी को पंडाल क्षेत्र का भ्रमण कर तैयारियों को संत निरंजन दास देखेंगे। साथ ही जयंती में आने वाले संगत को दर्शन पंडाल क्षेत्र में संत निरंजन दास देंगे। जयंती की पूर्व संध्या पर 11 फरवरी को नगवा रविदास पार्क में दीपोत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। मंदिर से लेकर मेला क्षेत्र में सीवर लाइन पेयजल लाइन की मरम्मत बिजली तारों का मरम्मत भी होने लगी है। जयंती में शामिल होने के लिए एनआरआई सहित अन्य होटल और गेस्ट हाउस ऑनलाइन बुक करा रहे है। सिरगोवर्धनपुर मेला क्षेत्र में दुकान लगाने के लिए किराए पर कमरों की बुकिंग भी होने लगी है।

पांच आरोपितों की जमानत अर्जी खारिज

वाराणसी। अपर जिला जज चौदहवां अभय कृष्ण तिवारी की कोर्ट ने डिजीटल अरेस्ट कर साइबर क्राइम कर भारतीय जल सेना के रिटायर्ड आनरी सब लेफ्टीनेंट अनुज यादव से 98 लाख रुपया हड़पने के मामले में पांच आरोपितों विकास सिंह , नितिन सिंह,संजय यादव,राजेश चौधरी व दिनेश कुमार की जमानत अर्जी सुनवाई के बाद खारिज कर दिया। कोर्ट में अभियोजन की ओर से विद्यासागर पाण्डेय ने पैरवी की। इस मामले में पहले ही तीन आरोपितों की जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है। अभियोजन अनुसार सारनाथ निवासी वादी मुकदमा भारतीय जल सेना में आनरी सब लेफ्टीनेंट के पद से रिटायर्ड अनुज कुमार यादव ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। आरोप लगाया कि 11 नवंबर 2024 को उसके मोबाइल पर अज्ञात से फोन आया, जिसने अपने आपको टेलीकाम रेगुलेटरी अथारिटी ऑफ इण्डिया का अधिकारी बताया। उसने कहा कि आपके नाम पर एक सिम जारी हुआ है, जिससे गैर कानूनी गतिविधियों की जा रही हैं।

शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

समारोह

जिला जज ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कराया शपथ ग्रहण

रोहनिया। दी तहसील बार एसोसिएशन द्वारा राजातालाब तहसील पर मंगलवार को दोपहर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला जज संजीव पांडेय ने तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चन्द्रशेखर उपाध्याय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अमित प्रताप सिंह, महामंत्री अमृत सिंह पटेल, कोषाध्यक्ष अमित वर्मा, सहायक सचिव प्रशासन राजकुमार यादव, आय-व्यय निरीक्षक रितेश सिंह, संयुक्त सचिव प्रकाशन कौशल मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारी को शपथ ग्रहण कराया। मुख्य अतिथि जिला जज ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहां की राजातालाब तहसील में ग्राम न्यायालय स्थापना के हेतु पूरा प्रयास करूंगा।शपथ ग्रहण समारोह का अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष मुखराज तथा संचालन पूर्व अध्यक्ष छेदीलाल यादव तथा पूर्व महामंत्री नागेश उपाध्याय ने की। इस दौरान मुख्य रूप से सीजीएम प्रथम,उप जिलाधिकारी साई आश्रित शाखमुरी,राधेमोहन त्रिपाठी ,हरिशंकर सिंह, मंगलेश दूबे, सतीश तिवारी, शशांक विनोद पांडेय, रुद्र पाठक, सर्वजीत भारद्वाज, दिनेश शर्मा, सुनील सिंह,प्रदीप सिंह, नन्दकिशोर पटेल सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन मां मारुका देवी की गांव परिक्रमा

वाराणसी। चांदपुर चौराहे पर स्थित वर्षो पुराण माँ मारुका माई का मंदिर रविवार की देर रात सड़क चौड़ीकरण के दौरान कार्यदाई संस्था द्वारा हटा दिया गया। प्राण प्रतिष्ठा के पहले दिन सोमवार को चौराहे के दूसरे तरफ बने मन्दिर परिसर में देव आह्वान पूजन व अरणी मंथन द्वारा अग्नि भगवान का प्राकट्य कर्म कुटी व जलाधिवास किया गया। उसी क्रम में मंगलवार को दोपहर 12 बजे से आवाहित देवताओं का विधिवत हवन पूजन के उपरांत 1000 किलो गेहू व चावल से माँ मारुका माई की मूर्ति सहित देवी देवताओं की मूर्ति को ढककर अन्नाधीवास के बाद विभिन्न प्रकार के लेप लगाकर महास्नान कराया गया। फिर गाजे बाजे के साथ ग्राम प्रदक्षिणा पर सैकड़ों महिला पुरुष के साथ निकली।वापस मन्दिर के पास शैयाधिवास का प्रकरण सम्पन्न हुआ। बुधवार को आवाहित देवताओं के पूजन के बाद मंदिर में माँ मारुका माई के साथ,शंकर जी व शीतला माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। माँ मारुका सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश पटेल व पूर्व ग्राम प्रधान आरडी यादव ने बताया कि गुरुवार प्रसाद के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। पुरोहित डॉ शीतला प्रसाद पांडेय ने जजमान की भूमिका में राजेश जायसवाल व उनकी पत्नि निर्मला जायसवाल से पूजन कराया।

दो सगे भाइयों समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश

वाराणसी। स्पेशल सीजीएम अश्वनी कुमार की कोर्ट ने भूत-प्रेत करने की शंका को लेकर गर्भवती महिला पर हमला कर पेट में पल रहे बच्चे की खराब करने मामले में दो सगे भाइयों समेत चार लोगों के खिलाफ भेलूपुर थाना में मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिया है। कोर्ट ने थाना प्रभारी के निर्देशित किया है प्रार्थना पत्र के परिपेक्ष में रिपोर्टें दर्ज कर विवेचना करे। पीड़िता पूनम कुमारी ने अपने अधिवक्ता विकास सिंह के जरिए अदालत में बीएनएसएस की धारा 175(3) के तहत कोर्ट में आवेदन दिया था। आरोप था कि 02 सितंबर 2024 को रात्रि 10:30 बजे प्राथीर्नी अपने घर में बच्चों को सुला रही थी, तभी घर के बाहर गालीगलौज व कुछ जोर से टूटने की आवाज सुनाई पड़ी। जब प्रार्थिनी दरवाजा खोलकर बाहर आयी तो देखा कि विपक्षी गौतम बिंद, उसका भाई सरोज बिंद के साथ हरि बिंद व उसका पुत्र राजा उसके पति का ई-रिक्शा के शीशे को तोड़ रहे थे। इस पर जब उसने विरोध किया तो वे लोग गलियां देते हुए कहने लगे कि तुम व तुम्हारी सास भूतही हो, तुम लोग हमारे परिवार के ऊपर भूत कर दी हो। जिससे हम लोग परेशान है। अब हम लोग तुम लोगों को परेशान करेंगे। इसी दौरान विपक्षी गौतम बिन्द छत पर चढ़कर ईंट से प्राथीर्नी के पेट पर उसके गर्भ में पल रहे बच्चे को नुकसान पहुंचाया।